प्रशंसा पत्र—सिक्किम के चीफ एक्जीक्यूटिव एव पुलिस कमिश्नर ने 5 बटालियन के कार्य की सराहना की है। स्पीकर नागालैंड ने 14 बटालियन की और कृषि मंत्री नागालैंड ने 46 बटालियन के प्रशंसनीय कार्य-कलापों की सराहना की है। पान्दू बाजार (Pandu Market) में धधकती हुई अग्नि से 21 बटालियन के जवानों ने मनुष्यों की जान बचाई और अपार संपत्ति की रक्षा की। वहां की जनता एवं स्थानीय प्रेस ने जवानों की प्रशंसा की। 36 बटालियन द्वारा छिपे नागाओं को ढूंढ निकालने में पुलिस महानिरीक्षक नागालैण्ड ने जवानों के कार्यों की सराहना की। त्रिपुरा में 49 बटालियन के अपनी कार्यक्षमता से जनता एवं सरकार की प्रशंसा का पात्र रही है।

जुलाई—इस मास में नागालैण्ड, मणिपुर एवं मिजोराम में देशद्रोहियों की हिंसक क्रियाएं सक्रिय रहीं। उन्होंने 34, 36 एवं 60 बटालियनों के वाहनों पर घात लगाई। दुर्भाग्य की बात थी कि 27 जुलाई को इम्फाल और तामन्गलोंग की सड़क पर 10 बटालियन के एक हवलदार और दो सिपाहियों को घात में प्राणों की बलि देनी पड़ी। लेकिन उनकी इन घातक क्रियाओं से दल के जवान हतोत्साहित नहीं हुए; बल्कि उनकी दमनकारी क्रियाओं को दबाने के लिए जूझ पड़े।

अग्नि एवं बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में जवानों का सहयोग—24 जुलाई को जम्मू एवं कश्मीर के एक गांव संग्राम में अग्नि प्रकोप छाया हुआ था। 50 बटालियन के जवानों ने तुरन्त घटनास्थल पहुंचकर वहां की जान माल की रक्षा की। इस अग्नि ज्वाला में जिन मनुष्यों का सर्वस्व भस्म हो गया था उनको जवानों ने प्रसन्नता और सद्भावना के साथ राशन दान दिया।

49 बटालियन के जवानों ने त्रिपुरा में बाढ़ग्रस्त आदमियों की जिन्दगी और संपत्ति को नष्ट होने से बचाया। जवानों की इन क्रियाओं ने वहां की जनता के मध्य सम्मान और आदर प्राप्त किया।

प्रशंसा पत्र—47 बटालियन ने तिनसुकिया मे एक उद्दण्ड डाकू को पकड़वाने में स्थानीय पुलिस की सहायता करके प्रशंसा प्राप्त की। 33 बटालियन के जमादार रामसिंह ने छिपकर भागते हुए एक युद्ध बन्दी को पकड़ कर वीरता का कार्य करके दिखाया। 4,5, 14, 25, 26, 32 बटालियनों एवं रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र प्रथम के जवानों ने अपने कार्य कलापों के दिग्दर्शन से उच्च अधिकारियों से प्रशंसा पत्र प्राप्त किये और दल का मनोवल ऊंचा किया।

अगस्त—देश के अन्दर वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होने से जनता में असन्तोष छाया हुआ था। असंतोष की सीमा बढ़कर आन्दोलन, बाजार बन्द, झगड़े एवं लूटपाट के रूप में देश के सामने आयी। आन्दोलनकारियों ने सार्वजनिक संपत्ति की तोड़फोड़ आदि शुरू कर दी। दल के जवानों को विभिन्न भड़कते स्थानों पर भेजा गया। जवानों ने कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आतंकवादियों पर धावा

बोल दिया। और उनको नियंत्रण में लाकर शांति स्थापित की।

बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में दल का सहयोग—जम्मू एवं कश्मीर के ग्रामों में बाढ़ का प्रकोप छाया हुआ था। दल के जवानों ने अपने प्राणों की भी परवाह न करके पानी के अन्दर से बहते मनुष्यों को निकाला और उनकी जान बचाई। करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति को नष्ट होने से बचाया। इतना ही नहीं, जनता को अपनी भोजन सामग्री में से बचत करके बाढ़ पीड़ितों को आहार दिया। इस प्रकार जवानों ने प्रादेशिक सरकार और जनता का विश्वास प्राप्त किया। नीमच के आसपास के क्षेत्रों में भी जवानों ने बाढ़ग्रस्त जनता की सेवा की।

पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र—आंध्र प्रदेश में मुल्की नियम विद्रोह के समय 53(बी) बटालियन के जवानों ने जिस अदम्य साहस और कार्यनिष्ठा से प्रदेश के अन्दर कानुन एवं व्यवस्था को बनाये रखा एवं शांति स्थापित की उसके उपलक्ष में कलक्टर कुमूल आंध्रप्रदेश ने 1000 रुपये की धनराशि प्रदान की। श्री एन० एल० ओदियू, पूर्ति (supply) मन्त्री नागालैंड ने 28 अगस्त को 40(बी) बटालियन का निरीक्षण किया और जवानों को 500 रुपये पुरस्कार रूप में देकर उनको उत्साहित किया। 28, 35 एवं 57 बटालियनों ने भी पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र प्राप्त किये।

सितम्बर—इस मास में देश के कुछ प्रदेशों में हड़ताल, बन्द एवं आन्दोलन हुए। इनका मुख्य कारण था मूल्यों में वृद्धि, भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी आदि। इन आन्दोलनों में मुख्य करके छात्र, राजनीतिज्ञों एवं भारतीय जनता का हाथ था। 7 सितम्बर को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में आन्दोलन किया। 15 सितम्बर को 1000 जनसंघ के कार्यकर्ताओं ने आन्दोलन किया। इस अवसर पर दल के जवानों ने लखनऊ के अन्दर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस को पूर्ण सहयोग दिया। और किसी भी अप्रिय घटना को नहीं होने दिया। लखनऊ में शांति स्थापित करने के लिए सरकार ने भी 2 मास के लिए धारा 144 सी० आर० पी० सी० लागू कर दी। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों पर आंदोलन होते रहे; परन्तु दल के जवानों को जहां भी तैनात किया गया वहां पर कानून एवं व्यवस्था को कोई चोट नहीं आने दी।

2 सितम्बर को संसद भवन के पास बोट क्लब पर 25,000 से भी अधिक हरयाणा स्कूल अध्यापकों ने प्रदर्शन (रैली) किया। इस अवसर पर दल के जवानों ने स्थानीय पुलिस को पूर्ण सहयोग दिया और कोई अशुभ घटना को प्रोत्साहन नहीं मिला। शहर के अन्दर भी विभिन्न स्थानों पर छात्रों ने आन्दोलन किया। लेकिन दल के जवान इतने सतर्क थे कि कानून एवं व्यवस्था को कोई ठेस नहीं पहुंची। इसके अतिरिक्त दल के जवानों ने विभिन्न स्थानों पर जन सेवा से जनता का विश्वास ग्रहण किया और सर्वत्र शांति का वातावरण पैदा किया।

पुरस्कार—नागालैंड के स्वास्थ्य मन्त्री ने 15-9-73 को 14 बटालियन के जवानों को 50 रुपये भेंट किये और उनके कार्यों की सराहना की। 3 बटालियन के गृह कल्याण केन्द्र के लिए नागालैण्ड सरकार ने एक सिलाई की मशीन भी भेंट की।

प्रशंसा पत्र—1-9-73 को राजानेवास पर विरोधी दलों ने "ग्रेट मार्च" मनाया। इस अवसर पर 17 बटालियन ने जो प्रशंसनीय कार्य किया उसकी राज्यपाल, महानिरीक्षक एवं पुलिस कमिश्नर त्रिवेन्द्रम ने सराहना की। 23 बटालियन ने 11-9-73 को जेमाबौक में कुछ मजदूरों को मिट्टी में से निकालकर उनकी जान बचाई। उनके उस कार्य के लिए स्थानीय जनता में उनकी बहुत प्रशंसा की। 2, 5, 15, 20, 26, 33, 35, 38, 38, 44, 42, 39,40, 46, 54, 59, 60 वटालियनों एवं केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज प्रथम के जवानों ने अतुलनीय जन सेवा करके पदाधिकारियों से प्रशंसा पत्र प्राप्त किये।

जवानों द्वारा भोजन दान—इसमें संदेह नहीं कि दल के जबानों ने भारत देश की तन मन एवं धन आदि सर्वस्व न्यौछावर करके देश की सेवा की है। इसका ज्वलंत उदाहरण है कि देश के अन्दर खाद्य सामग्री की कमी होने के कारण "ओनम' त्यौहार पर 42 बटालियन के जवानों ने अपने स्वयं के आहार में से बचत करके खाद्य सामग्री की निम्नलिखित मात्रा गरीब जनता में वितरित की:

चावल—399 किलोग्राम आटा—13 किलोग्राम, चीनी—12 किलोग्राम

दक्षिण के एक स्थानीय समाचार पत्र "मलयाला मनोरमा" ने जवानों की इस जन प्रिय भावना की भूरि-भूरि प्रशंमा की।

अक्तूबर—यह मास दल के लिए बड़े गौरव और हर्षोल्लास का मास है, क्योंकि प्रतिवर्ष 31 अक्तूबर को दल की वर्षगांठ मनाई जाती है। इस वर्ष वार्षिकोत्सव ग्रुप केन्द्र झरोदा कलां नई दिल्ली में मनाया गया। ग्रुप केन्द्र में सभी आवश्यक सामग्री का नव निर्माण किया गया। नवीन सुन्दर एल्थेटिक स्टेडियम, परेड ग्राउन्ड, शहीद स्मारक, कान्फ्रेंस हाल, भोज-कक्ष एवं टेनिस और बैडमिन्टन कोर्ट सब कुछ इसी वर्ष अल्प समय में तैयार किये गये। श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना, आई० पी० महानिरीक्षक सैक्टर-3 की अध्यक्षता में संलग्न दल के अधिकारी और जवानों के अथक परिश्रम से वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह, धूमधाम और उमंगों के साथ मनाया गया। समारोह की सफलता पर दर्शक गणों ने दल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और जवानों के कार्य की सराहना की। समारोह के मध्य 7वीं अन्तर रेन्ज एल्थेटिक्स प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमें नीमच रेन्ज ने चैम्पियनशिप जीती। इस अवसर पर श्रीमती मुखर्जी ने अपने करकमलों से उच्चतर स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किये।

इस समारोह में श्रीराम निवास मिर्धा केन्द्रीय गृह राज्य मन्त्री मुख्य अतिथि थे। उन्होंने समारोह परेड में सलामी ली एवं जवानों की कार्यकुशलता, देश-भक्ति और स्फूर्ति की प्रशंसा की। उन्होंने गुणोत्कृष्ट सेवा के पुलिस पदक दल के जवानों को वितरित किये। उन्होंने इस अवसर पर सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को के० रि० पु० का वरदान दिया है। उन्होंने दल की उन दिवंगत आत्मानों की भाव-भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश की सेवा में प्राणों की

आहुति दी थी।

प्रशंसा पत्र—सिक्किम में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के अतिरिक्त बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में 5 बटालियन के जवानों ने जो जन सेवा करके दिखाई उनके लिए महामहिम चोग्याल एवं चीफ एक्जीक्यूटिव (मुख्य प्रशासक) ने बहुत प्रशंसा की। अक्तूबर मास में विभिन्न दिनों पर महानिरीक्षक पुलिस कमिश्नर एवं स्पीकर नागालैंड ने 14 बटालियन का निरीक्षण किया। उन्होंने जवानों के प्रदर्शन अनुशासन एवं पुलिस कार्यों की दक्षता की सराहना की। जोर्डन के राजदूत 59 (ए) बटालियन के जवानों के महान कार्यों अनुशासन, प्रदर्शन एवं व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि "मैं सत्य कहता हूं कि के० रि० पु० दल नौजवानों का समूह को और कोई भी देश बड़े गौरव के साथ उनको अपनी पुलिस दल के लिए लेने में संकोच नहीं करेगा।" 17, 31 एवं 42 बटालियों ने भी प्रशंसा पत्र अर्जित किये।

नवम्बर—इस मास में छात्रों के हिंसात्मक आन्दोलन चरम सीमा पर पहुंचे हुये थे। छात्र आन्दोलनों के कारण श्रीनगर, जम्मू, ऊधमपुर, बारामुला, सोपोर, कर्नाटक, बंगलौर, बेलगांव, तामिलनाडु, ग्वालियर, मन्दसौर, शहादरा (दिल्ली) गोरखपुर, लखनऊ, इलाहाबाद एवं बिहार, राजस्थान, पांडीचेरी प्रादेशों के विभिन्न शहरों की कानून एवं व्यवस्था को खतरा बना हुआ था। इन दंगों को दबाने के लिये केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के जवान छात्रों के साथ दिन-रात जूझते रहे और जनता के जान-माल एवं सार्वजनिक संपत्ति को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिये प्राणों की भी बाजी लगाने को तैयार रहे। जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं सराहनीय जनसेवा से शहरों के मध्य कानून एवं व्यवस्था को कोई चोट नहीं पहुंची और देश के अन्दर शांति का वातावरण पैदा हुआ।

बन्द एवं प्रदर्शन—इस मास में दिल्ली एवं बंगला बंद मनाया गया एवं कलकत्ता में उग्र प्रदर्शन भी हुआ। दल के जवानों ने इन शहरों की स्थानीय पुलिस का पूर्ण सहयोग दिया और आतंकवादियों को गिरफ्तार भी किया गया।

सिक्किम—जवानों ने अपनी कार्य कुशलता के वल पर सिक्किम में भी दल का नाम ऊंचा किया है। 4 नवम्बर को सिक्किम कांग्रेस ने एक सामूहिक सभा में दल के जवानों के अदम्य साहस, कर्त्तव्यपरायणता एवं वहां की कानून एवं व्यवस्था को बनाने में जो सहयोग दिया है उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

अग्नि एवं बाढ़ का प्रकोप—बिहार के कुछ गांवों में बाढ़ का प्रकोप छाया हुआ था। 21 बटालियन के जवानों ने बाढ़ से पीड़ित जनता की जान-माल की रक्षा की। सिपाही करेश्वर देका और नर्सिंग आर्डरली दर्शन सिंह ने तो ऐसा पराक्रम दिखाया कि उन्होंने स्वयं को जान को खतरे में डालकर बाढ़ से उमड़ती हुई नदी में कूद कर चार आदमियों के परिवार को पुनः प्राण दिये।

किशनगढ़ (राजस्थान) में अचानक अग्नि विस्फोट हो गया। ग्रुप केन्द्र किशनगढ़ के जवानों ने अग्नि को नियंत्रण में लाने के लिये अतुलनीय सहयोग दिया और वहां पर

जान-माल को क्षतिग्रस्त होने से बचाया। इतना ही नहीं जम्मू एवं कश्मीर मे सोपोर बनतलाव के इलाके में 50 बटालियन के जवानों ने प्रलयाग्नि को नियंत्रण में लाकर लाखों रुपयों की सम्पत्ति को क्षतिग्रस्त होने से बचाया।

क्रीड़ा-क्षेत्र—क्रीड़ा क्षेत्र में भी दल के खिलाड़ियों ने अद्वितीय स्थान प्राप्त किया है। नवम्बर में नई दिल्ली में हई राष्ट्रीय मल्ल युद्ध प्रतियोगिता मे दल के मल्लों ने चैम्पियनशिप पाई। डी० एस० पी० सुखवन्त सिंह एवं नायक जीतन यादव ने मल्लों को पछाड़कर स्वर्णपदक प्राप्त किये। इसके अतिरिक्त कटक में हुई अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में रिवाल्वर राइफल, वायरलेस, मोटर वाहन एवं क्रिप्टो टीम ने अपने पराक्रम से अनेक पुरस्कार प्राप्त किये। इस अवसर पर दल ने कल्याण प्रदर्शनी में भी भाग लिया और आठ पुरस्कार प्राप्त किये। इतना ही नहीं, दल की स्टाल की दर्शकों ने प्रशंसा की और उसको सर्वोत्तम ठहराया गया। दो दिन की अवधि में 2,700 रूपये की बिक्री हुई।

इस वर्ष पश्चिमी क्षेत्र प्रतियोगिता नीमच में हुई। इस प्रतियोगिता में के० रि० पु० दल की हाकी, बास्केट बाल, वालीबाल और जिमनास्टिक टीम अन्य प्रदेशों की टीमों को पराजित करके अखिल भारतीय पुलिस खेल कूद प्रतियोगिता के लिए चुनी गई। इतना ही नहीं, दस भारों में से 9 भारों के लिए दल के ग्यारह मल्लों का भी चुनाव गया।

दिसम्बर—देश के अन्दर आर्थिक कठिनाइयों और मूल्यों में वृद्धि होने के कारण जन साधारण के मध्य हाहाकार फैल गया। इतना ही नहीं, देश के विभिन्न प्रदेशों में हड़तालें, बंद, आंदोलन एवं तालेबंदियों ने भयंकर रूप में देश की कानून एवं व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने के लिए चारों तरफ हलचल कर दी। चारों तरफ से सार्वजनिक की संपत्ति की तोड़-फोड़, कत्ल, लूट-पाट के समाचार आने लगे। कानून एवं व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए सरकार ने तुरन्त के० रि० पु० दल के जवानों को दौड़ाया। जहां-जहां भी जवानों को तैनात किय गया वहां वहां हिंसक दंगों को भी उसी प्रकार दबा दिया जिस प्रकार उबलते हुए दूध को पानी की बूंदें दबा देती है।

साम्प्रदायिक दंगे—1973 मेरठ के लिए बहुत अशुभ रहा। सितम्बर मास में मेरठ की एक छात्रा का अपहरण हुआ। शहर में दंगों का प्रकोप तब तक छाया रहा जब तक कि छात्रा मेरठ वापिस न लौट आई। इसके उपरान्त दिसम्बर में साम्प्रदायिक दंगों ने स्थान लिया। दंगे हिंसक रूप में प्रस्फुटित हुए और काफी मनुष्य बेमौत मारे गये। इन हिंसक क्रियाओं को दबाने के लिए दिल्ली, अलीगढ़ एवं आगरा से दल के जवानों को मेरठ के लिए दौड़ाया। दल के जवान अपनी जान को हथेली पर रखकर हिंसाग्नि में कूद पड़े और वहां की कानून एवं व्यवस्था को बनाये रखने में अतुलनीय सहयोग दिया।

सीमा उपद्रव—महाराष्ट्र एवं कर्नाटक के मध्य सीमा विवाद पर दोनों प्रांतों में

लूट-पाट आगजनी आदि घटनाओं का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ने लगा। दल के तैनात जवानों ने अदम्य साहस के साथ आतंकवादियों का सामना किया और वहां की कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने में प्रशंसनीय सहयोग दिया।

उत्तर प्रदेश की सशस्त्र पुलिस का संक्षिप्त रूप केरल की सशस्त्र पुलिस ने भी लिया। 19 दिसम्बर को केरल के सशस्त्र पुलिस जवानों के सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर रहने पर भी प्रदेश की कानून एवं व्यवस्था को कोई ठेस नहीं पहुंची और महानिरीक्षक पुलिस ने दल के जवानों के सहयोग से भड़कती हुई स्थिति पर काबू पाया। 30 दिसम्बर को बम्बई में कपड़ा मिल के मजदूरों ने हड़ताल को और 2 जनवरी, 1974 को महाराष्ट्र बंद मनाया गया। वहां पर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए और किसी अप्रिय घटना से जनता को पृथक रखने के लिए सरकार ने 45/32 बटालियन एवं ग्रुप केन्द्र नागपुर की कुछ कम्पनियां बम्बई को दौड़ाईं। महाराष्ट्र में सेवा-रत दल के जवानों ने जनता के मध्य शांति का वातावरण स्थापित किया और जान-माल की रक्षा करते हुए कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखा।

पुरस्कार—इलाहाबाद के सीनियर सुपरिन्टेंडेण्ट आफ पुलिस ने प्रथम बटालियन के जवानों को 200 रुपये का पारितोषिक भेंट किया और जवानों के कार्यों की प्रशंसा की। 46 बटालियन ने भी उच्च अधिकारियों से 200 रुपए का पुरस्कार अर्जित किया।

प्रशंसा पत्र—प्रधानमंत्री के नागालैण्ड के दौरे पर किए गए जवानों द्वारा सुरक्षा कार्यों की नागालैंड के मुख्यमन्त्री श्री हो० कि० शे० सेमा ने सराहना की। लखनऊ विश्वविद्यालय में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में 18 बटालियन के जवानों ने जो अतुलनीय भूमिका निभाई थी उसकी उत्तर प्रदेश सरकार के गृह सचिव ने प्रशंसा की। लेह में 22 बटालियन भी प्रशंसा का पात्र बनी।

जन सम्पर्क—दल के जवानों ने अपने कार्य, धर्म और आचरण से देश की जनता के साथ अच्छे संबंध स्थापित किये हैं। काफी स्थानों पर तो यहां तक देखने में आया है कि जवान जनता के इतने प्रिय हो गये हैं कि वे साथ ही साथ खाली समय में खेल कूद, बात-चीत, खानपान आदि करते हैं। नीमच में के० रि० पु० दल ने 17 मध्यप्रदेश स्टेट स्कूल खेलों की व्यवस्था 15 से 18 दिसम्बर तक की। इन खेलों में करीब 700 लड़कों और लड़कियों ने भाग लिया। इन खेलों को मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी देखा। वहां पर किए गए प्रबन्धों की उन्होंने प्रशंसा एवं सराहना की।

मनुष्य भक्षी चीते से मुठभेड़—दल के जवान देश-द्रोही एवं आतंकवादियों से नहीं बल्कि हिंसक जानवर जैसे चीते को पछाड़ने में भी सफल हुए हैं। 30 दिसम्बर को मनुष्य भक्षी चीते ने नीमच के अन्दर भयंकर स्थिति पैदा कर दी। चीते ने एक मनुष्य और एक बच्चे का भक्षण करके बहुत आदमियों को घायल कर दिया और चारों तरफ बिचरने लगा। ग्रुप केन्द्र नीमच के जवानों ने तुरन्त उसका सामना किया और उसे बंदूक की नोक पर बिठा कर यमपुरी भेज दिया।

विध्वंसक हथियारों की प्राप्ति—देश भक्त दल के जवान अपने प्राणों की भी

परवाह न करते हुए देश के हर क्षेत्र में घातक हांथेयारों से युक्त देशद्रोहियों, आतंकवादियों, गुंडों एवं डाकुओं आदि का निःसंकोच सामना करते रहे। ऐसे उद्दंड मनुष्यों को जवानों ने तो अपनी गोली का निशाना बनाया या उनको पकड़कर भयभीत जनता के मध्य शांति और खुशियां उत्पन्न की हैं। इतना ही नहीं, जवानों ने इन देश द्रोहियों से विध्वंसक हथियार भी प्राप्त किये ताकि उनका मनोबल समाप्त हो जाये और निर्दोष जनता को इनके दुष्कर्मों से छुटकारा मिल सके। सन 1973 में दल के जवानों ने देश के पूर्वी भाग नागालैण्ड, मणिपुर मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम एवं असम आदि के जंगलों में, शहरों में, गाँवों में एवं विभिन्न छिपे स्थानों में दिन रात गश्त लगाई और छापे मारे और इन क्षेत्रों से करीब 274 अत्याचारी देशद्रोहियों को पकड़कर उनसे अनेक विध्वंसक हथियार प्राप्त किये जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है :—

303 राइफल-18, स्टेनगन-2, पिस्तौल-6, एस०बी०बी०एल०-26, लाइट मशीनगन-5, बेनट एवं स्केबर्ड-9, पाइपगन-1, बम-5, .22 राइफल-12, हैंड ग्रेनेड—28, ब्रेन पिस्टल आदि की मैगजीन-3, राइफल बट एवं मैगजीन-4, (इनमें से तीन चीन के बने राइफल हैं), राइफल बैरल-5, स्टेन फ्लिर-1, डिटोनेटर-317, डाइनोमाइट-56, .303 राइफल की गोलियां-931 इनमें 110 गोलियां चीन की बनी एवं 164 गोलियाँ विदेशों की बनी हैं) .38 गोलियां-58.12 बोर गोलियां-56, 7.62 गोलियाँ-29, 9 एम० एम० गोलियां-326 एवं 88 अन्य विभिन्न प्रकार की गोलियां प्राप्त की।

तस्कर व्यापार—तस्कर व्यापारी भी किसी देश में वही स्थान रखते हैं जो देशद्रोही रखते हैं। ऐसे व्यापारी सरकार को धोखा देकर भोली-भाली जनता का खून चूसते हैं। दल के जवानों से तस्कर व्यापार भी अछूता नहीं रहा है। 25 बटालियन के जवानों ने तस्कर व्यापारियों को पकड़कर 16,090 रुपये का माल पकड़ा और करीब 1,805.60 रुपये का बैंक ड्राफ्ट भी प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 1,597 रुपये की बंगलादेश की मुद्रा भी प्राप्त की।

दल के मध्य मितव्ययता-1973 में के० रि० पु० दल ने सरकार की अर्थव्यवस्था का सन्तुलन बनाये रखने में सराहनीय भूमिका निभाई है। दल के जिन खर्चों पर नियन्त्रण करके कटौती की है। उनका संक्षिप्त दिग्दर्शन निम्नलिखित है :—

पेट्रोल, मोबिल आयल, डीजल एवं मिट्टी के तेल पर नियन्त्रण :—1973 के अंत में देश के अन्दर पेट्रोल, मिट्टी का तेल आदि की काफी कमी हो गई थी। इस कमी का सामना करने के लिए एक ही रास्ता था पैट्रोल आदि के खर्चे में कमी की जाये। अतः दल के उच्च अधिकारियों ने भी सरकारी या स्वयं की गाड़ियों का कम से कम प्रयोग शुरू कर दिया और छोटी-छोटी दूरी को पैदल ही तय करने लगे। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में जो दल ने प्रयत्न किये हैं उनका प्रमाण निम्नलिखित आंकड़ों से स्पष्ट है :—

	जुलाई, अगस्त, सितम्बर, 1973 में खर्च लीटरों में	अक्तूबर, नवम्बर, दिसम्बर, 1973 में खर्च लीटरों में	खर्च में कटौती	अक्तूबर, नवम्बर, दिसम्बर, 1972 में खर्च	कालम नं० 2 एवं 4 के अनुसार खर्च में कटौती
	1	2	3	4	5
पैट्रोल	10,68,613	7,97,569	2,17,044	10,63,312	2,65,743
मोबिल आयल	34,043	26,648	7,395	30,922	4,274

उपर्युक्त आंकड़ों से स्पष्ट है कि अक्तूबर से दिसम्बर 1973 के मध्य पैट्रोल और मोबिल आयल के खर्च में बहुत कटौती की गई है।

भर्ती पर पाबन्दी—1973 में भर्ती के ऊपर पूर्ण नियन्त्रण रखा गया। जो भी कर्मचारी दल के पास उपलब्ध थे उन्होंने दिन रात कार्यरत रह कर देश सेवा की। दल के मध्य कार्य बढ़ने पर भी कोई नवीन पद की भी स्थापना नहीं की गई। कर्मचारी बिना किसी भत्ते के मुग्ध हृदय से कार्य में व्यस्त रहे।

इसके अतिरिक्त दल ने आवागमन, बिजली, टेलीफोन, एवं अन्य वस्तुओं की खरीद आदि पर पूर्ण नियन्त्रण रख कर काफी मात्रा में मितव्ययता को स्थान दिया है।

उपर्युक्त वर्णन से पाठक स्वयं निर्णय कर सकेंगे कि 1973 देश के लिए किस रूप में आया और के० रि० पु० दल ने देश और जनता की किस प्रकार सेवा की। इस प्रकार कठिन समय में के० रि० पु० दल जैसे देश भक्त और जन सेवक दल ही देश के अन्दर कानून एवं व्यवस्था और जान माल एवं जनता के आत्म-सम्मान को रक्षा कर सकते है।



सितम्बर 1973 में जिला पश्चिमी दीनाजपुर के वोलाडा ग्राम के नक्सलवादियों से अपहृत शस्त्र पुनः प्राप्त करने वाली 60 वटालियन की 'ए' कम्पनी के जवानों की एक टुकड़ी

<u>गौरव-गाथा</u>

(क) शौर्य-पदक

मणिपुर के तामेंगलोंग क्षेत्र में ग्राम सोना-पुरम के समीप घने वन में कुछ विरोधियों के ठहरने की सूचना पाते ही, 29 सितम्बर, 1972 को सूबेदार दुर्गासिंह रावत के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की 10वी बटा-लियन की एक गश्ती टुकड़ी विरोधियों को पकड़ने के लिए नियुक्त की गई। ग्राम पहुंचने पर उन्होंने लगभग 200 गज की दूरी पर एक झोंपड़ी के सामने कुछ प्रकाश देखा। श्री -दुर्गासिंह रावत ने गश्ती टुकड़ी के सदस्यों को झोंपड़ी के समीप विभिन्न स्थानों पर बैनात किया और स्वयं कान्स्टेबिल साही राम के साथ झोंपड़ी की ओर आगे बढ़े। जब वह झोंपड़ी से लगभग 30 गज की दूरी पर थे तो विरोधियों ने उन पर गोली चलाई। श्री दुर्गासिंह रावत ने एक व्यक्ति को झोंपड़ी से दूर भागते हुए देख श्री साही राम को उस व्यक्ति को पकड़ने का आदेश दिया। विरोधी ने पीछे मुड़कर श्री साही राम पर अपनी रायफल का कुंदा दे मारा। फिर भी श्री साही राम ने विरोधी को पकड़ लिया तथा साहाय्य पहुंचने तक विरोधी के बचकर भाग निकलने के सभी प्रयत्न विफल कर दिये। इस बीच श्री दुर्गासिंह रावत

झोंपड़ी के द्वार की ओर तेजी से बड़े; पर उन्होंने देखा कि एक विरोधी अत्यंत निकट से उन पर अपनी स्टेनगन से लक्ष्य साध रहा है। किन्तु वह अविचिलित भाव से विद्रोही पर झपटे और साहाय्य पहुंचने तक उसे जमीन पर दबाये रक्खे रहे।

कान्स्टेबिल माला राम ने जो झोंपड़ी के दूसरी ओर तैनात थे जैतूनी हरी वर्दी में एक व्यक्ति को झोंपड़ी से निकल कर भागते हुए देखा। उनका पीछा करने पर विरोधी ने गोली चलाई; किन्तु गोली श्री माला राम को नहीं लगी। अविचलित भाव से उनको पीछा करते देख विरोधी ने अपनी रायफल फेंक दी और शान्त लक्ष्यबाह्य स्थल में छलांग लगाने की चेष्टा की। किन्तु श्री माला राम उसे पकड़ने में सफल हो गये।

पर्याप्त मात्रा में हथियार तथा गोला बारूद प्राप्ति के अतिरिक्त चार विरोधियों को बन्दी बनाने में उत्कृष्ट शौर्य प्रदर्शन के उपलक्ष में सर्व श्री दुर्गा सिंह रावत, माला राम तथा साहीराम तीनों पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति के पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक प्रदान किये गये।

31 अक्तूबर, 1972 को जब 45 बटालियन के सूबेदार ओ० पी० शर्मा अपने तीन कांस्टेबलों के साथ दौरे से आंध्र प्रदेश के खम्माम जिले में अपनी कम्पनी के मुख्यालय को लौट रहे थे, तो उन्होंने वन मार्ग से 6 व्यक्तियों को जाते देखा। उनमें से एक व्यक्ति को तौलिये में ढकी छड़ी जैसी कोई वस्तु लिये देख संदेह होने पर श्री शर्मा ने संदिग्ध व्यक्तियों को अपना परिचय देने के लिये ललकारा। संदिग्ध व्यक्ति ने, जो तौलिये से ढकी दुनाली बंदूक लिये हुआ था, गोली चला दी तथा आतताइयों ने घने जंगल में बचकर भाग निकलने का प्रयत्न किया। अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुये श्री शर्मा ने बंदूक लिये आततायी का पीछा किया। प्राततायी के साथ संघर्ष में श्री शर्मा को बंदूक के कुन्दे से गंभीर चोट लगी; किन्तु वे अविचलित रहे और अन्ततः उन्होंने सशस्त्र आततायी को काबू में कर लिया। दुनाली बंदूक के अतिरिक्त एक छुरा और कुछ अन्य वस्तुएं भी उक्त अपराधी के पास से प्राप्त हुई।

उत्कृष्ट साहस और उच्च कर्तव्य परायणता का परिचय देने के कारण सूबेदार प्रो० पी० शर्मा को राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक प्रदान किया गया।

मणिपुर के तामेंगलौंग क्षेत्र में गांव सोनापुरम के समीप घने जंगल में कुछ विरोधियों के रहने की सूचना मिलते ही 29 सितम्बर, 1972 को श्री दुर्गासिंह रावत के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की 10वी बटालियन की एक गश्ती टुकड़ी उन्हें पकड़ने को गांव के आस पास स्थित कुछ झोंपड़ियों की तलाशी लेनी शुरू की। पुलिस दल ने लगभग 200 गज की दूरी पर एक झोंपड़ी के सामने प्रकाश की चमक देखी। श्री दुर्गासिंह रावत झोंपड़ी की ओर बढ़े और अपनी गश्ती टुकड़ी के सदस्यों से विरोधियों पर आक्रमक करने का आदेश दिया। कांस्टेबिल दशरथ पाटिल ने एक विरोधी को झोंपड़ी से निकल कर भागते देख कर ललकारा; किन्तु कुछ दूर दौड़ने के बाद विरोधी ने शांत लक्ष्यवाह - स्थल में छलांग लगाने का प्रयत्न किया। श्री दशरथ

पाटेल ने विरोधी पर गोली चला दी। तथा उसके भूमि पर गिरते ही घर दबोचा और उसे झोंपड़ी में ले पाया।

विरोधियों के साथ हुई मुठभेड़ में अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उत्कृष्ट वीरता और साहस का परिचय देने के निमित्त श्री दशरथ पाटिल ने पुलिस शौर्य पदक प्राप्त किया।

10 बटालियन की जौंटे पब्रम चौकी के चौकी कमांडर जमादार सोंधी राम ने 2 नवम्बर, 1972 को निशारम्भ में मणिपुर के तामेंगलांग क्षेत्र में कुछ असाधारण गति-विधि की सूचना पाते ही एक गश्ती दल साथ लिया। गांव के समीप पहुंचकर विरोधियों

द्वारा ग्रामीणों से कर एकत्र करने के संबंध में विरोधियों व ग्रामीणों के बीच एक बैठक होने का पता लगा। विरोधियों पर भाक्रमण करने के लिए जवानों की अपर्याप्त संख्या देख उन्होंने निष्कासित मार्ग पर घात लगायी। कुछ समय बाद श्री सौंधी राम ने दो विरोधियों को एक मकान से दूसरे मकान में जाते देख विरोधियों को प्रात्मसर्पण करने के लिए ललकारा; किन्तु उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की टुकड़ी पर गोली चला दी तथा अंधेरे की आड़ में निकट के जंगल में बचकर भागने का भी प्रयत्न किया। श्री सौंधी राम ने विरोधियों का पीछा किया और उनमें से एक को पकर लिया जिसके पास 303 की एक राईफल और गोलियों के कुछ राउण्ड थे।

विरोधियों के साथ हुई मुठभेड़ में उत्कृष्ट वीरता का परिचय देने के उपलक्ष्य में जमादार सौंधी राम को पुलिस शौर्य पदक प्रदान किया गया।

महाभारत

लेखक-श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना

रामायण के बाद दूसरा प्रसिद्ध महाकाव्य महाभारत है। यह बहुत से पहलुओं से एक अद्वितीय ग्रंथ है।

(प्रथम) यह विश्व में सबसे अधिक लम्बा महाकाव्य है। इसमें लगभग एक लाख श्लोक हैं। कुछ विद्वानों का यह अनुमान है कि महाभारत का पूर्व आकार (स्वरूप) इसके वर्तमान प्राकार से 1/4 आंश ही था, इसमें पहले 25,000 श्लोक थे। लगभग 75,000 श्लोक बाद में जोड़े गये।

(द्वितीय) इसी महाकाव्य में कौरव तथा पांडवों की कथा के साथ-साथ अन्य कथाएं भी जोड़ी गई है। अतः यह वास्तव में एक कथा न होकर अनेक कथाओं का मिश्रण है।

(तृतीय) इस महाकाव्य में, भगवान कृष्ण द्वारा वर्णित वेदान्त दर्शन का जो कि भगवत्-गीता के रूप में हैं, समावेश है। भगवत्-गीता चिरस्मरणीय ग्रंथ है। और 3000 वर्षों से यह तिलक तथा गांधी जी सरीखे भारत वर्ष के अनेक महान पुरुषों को प्रेरित

करता रहा है। भगवत् गीता जो कि महाभारत का ही अंश है, महाभारत महाकाव्य से भी महत्त्वपूर्ण है।

यह ग्रंथ इस प्रकार की अनेक कथा कहानियों से भरपूर है जो उस समय के जन जीवन और संस्कृति के हर पहलू पर प्रकाश डालती हैं। आज भी यह मानव समाज के लिए अत्यन्त शिक्षाप्रद है।

(महाभारत की कथा से सब परिचित हैं अतः उसको दोहराने की आवश्यकता नहीं है।) कुछ शिक्षायें जो कि हमें इस महाकाव्य से मिलती है निम्नलिखित हैं:

(प्रथम) यह महाकाव्य हमें यह सिखाता है कि आपसी और आंतरिक झगड़े व फूट से ही भारतवर्ष का विनाश हुआ। अगर हमारा राष्ट्र एकता कायम रक्खे तो हमारा भविष्य उज्ज्वल होगा। श्री मैफिलीशरण गुप्त ने अपनी पुस्तक 'जयद्रथ-वध' में लिखा है :

इस तत्व पर ही कौरवों, से पांडवों का रण हुआ।
जो भव्य भारतवर्ष के, कल्पान्त का कारण हुआ॥
सब लोग हिलमिल कर चलो, पारस्परिक ईर्ष्या तजो।
भारत न दुर्दिन देखता, मचता महाभारत न जो॥
हो स्वप्न तुल्य सदैव को, सब शौर्य साहस खो गया।
हा ! हा ! इसी समराग्नि, मे सर्वस्व स्वाहा हो गया॥
दुर्योधनदुर्वृन्त न जो, शठता सहित हठ ठानता।
हो प्रेमपूर्वक पांडवों की, मान्यता को मानता॥
तो डूबता भारत न यों, रण-रक्त पारावार में।
ले डूबता है एक पापी, नाव को मंझधार में॥
हा ! बन्धुओं के ही करों से, बन्धुगण मारे गये।
हा ! तात से सुत, शिष्य से, गुरु सहज संहारे गये॥

(द्वितीय) हमें अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध लड़ना चाहिए। यही गीता का संदेश है। यही बात बराबर हमारे राष्ट्रपिता एवं प्रधान मंत्री ने जबकि चीनियों ने हमारे देश पर आक्रमण किया, दोहरायी। यह वही संदेश है जो महाराणा प्रताप और शिवाजी ने हमको दिया। ऐसे अवसरों पर हमारे देश की स्त्रियों का कर्तव्य श्री मैथिली शरण गुप्त ने अपनी पुस्तक 'जयद्रथ-वध' में इस प्रकार लिखा है :

क्षणाणियों के अर्थ भी,

सबसे बड़ा : गौरव यही,।

सज्जित करें पति पुत्र को,

रण के लिए जो आप ही।

जो वीर पति के कीर्ति-पथ,

में विघ्न बाधा डालतीं,

होकर सती भी वह कहां,

कर्तव्य अपना पालती ?

(तृतीय) ज्ञान की प्राप्ति में यह अनिवार्य है कि अपना पूरा ध्यान अनुशासन और सीखों के लिए उत्साहित होना चाहिए। अर्जुन महाभारत के प्रमुख नायक हैं उन्होंने बहुत वीरतापूर्ण कार्य किये। यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि उन्होंने कई वर्षों तक अभ्यास और परिश्रम किया।

(चतुर्थ) जुआ बुराइयों की सबसे बड़ी जड़ है। पांडवों को जो मुसीबतें उठानी पड़ीं उनका मुख्य कारण राजा युधिष्ठिर का जुआ खेलने का शौक था। उन्होंने इसी जुए के शौक के कारण अपना सब कुछ खो दिया।

(पांचवां) बुराई के अंत में हार निश्चित ही है चाहे उसमें समय अधिक लगे। यह इस बात से स्पष्ट है कि कौरवों को काफी शक्तिशाली सेना व अपनी चालबाजियों का प्रयोग करते हुए भी अंत में हारना ही पड़ा।

रामायण और महाभारत पर एक तुलनात्मक दृष्टि


रामायण और महाभारत दोनों भारत वर्ष के प्राचीन पौराणिक ग्रंथ हैं। रामायण का कलेवर महाभारत की अपेक्षा बहुत छोटा है उसके काण्ड तथा कथावस्तु भली प्रकार सम्बद्ध हैं। रामायण जहां एक व्यक्ति की रचना है वहां महाभारत में अनेक कर्ताओं की छाप है। इस कारण रामायण में जहां रचना, शैली, भाव और भाषा की एकता दीख पड़ती है वहां महाभारत के भिन्न-भिन्न भागों में भाषा और रचना शैली का भेद स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है।

रामायण में लौकिक छन्दों का प्रयोग है जबकि महाभारत में वैदिक छंद भी मिलते है। रामायण के पात्र आदर्श हैं। उनमें नायक का चरित्र निर्दोष तथा प्रति नायक का सदोष दिखाया गया है किन्तु महाभारत में कौरव और पाडव दोनों में अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के पात्र हैं।

रामायण और महाभारत में मुख्य अंतर संस्कृति का है। रामायण की संस्कृति का प्राण 'धर्म' था जबकि महाभारत का युग 'कर्म' प्रधान था। रामायण में करुणा, भावुकता, सरलता और संयम का साम्राज्य है, जबकि महाभारत में दर्प, उग्रता और

तेज का प्राधान्य है। रामायण पढ़ते समय हम शांत रस में डूबने लगते हैं। पर महाभारत पढ़ते समय पाठक एक जादू भरे वीरत्व के भरण्य में प्रवेश करता है तथा प्रत्येक पग पर विपत्ति है। यदि महाभारत में राम जैसे मयादा पुरुषोत्तम, भरत जैसे भाई, हनुमान जैसे भक्त, और सीता जैसी पतिव्रता नारी नहीं हैं, तो रामायण में भी भीष्म जैसे तेजस्वी और ज्ञानी, बलराम जैसा कक्कड़, कुंती और द्रौपदी जैसी तेजयुक्ता नारियां और श्री कृष्ण जैसे गम्भीर तत्त्वदर्शी पात्र दुर्लभ है।

गर्वीला क्षण




10,000 मीटर दौड़

1. हे० कां० हरी चन्द
2. ला० ना० पी० संथानम
3. पी० सी० नारा सिंहम




200 मीटर दौड़

1. स० इन्सपेक्टर अजायब सिंह
2. स० इन्सपेक्टर के. जी. जोजेफ
3. हवलदार एम० वी० चन्द




मैराथान

1. नायक एम० डी० फजल
2. स० इन्सपेक्टर राजदेव सिंह
3. ना० कुन्दन सिंह




हैमर थ्रो (फेक)

1. इन्सपेक्टर अजमेर सिंह,
2. सबइन्सपेक्टर रघुवीर सिंह
3. हे० कां० रमाशंकर राई




50,000 मीटर दौड़

1. ला० ना० पी० संथानम
2. पी० सी० नारा सिंहम
3. हे० कां० हरीचन्द




डिस्कस (चक्का) फेय

1. सब इन्सपेक्टर रघुवीर सिंह
2. पी० सी० गुरुदीप सिंह
3. इन्सपेक्टर गुरुदीप सिंह




शाटपुट

1. इन्सपेक्टर गुरुदीप सिंह
2. स० इन्सपेक्टर बलवीर सिंह
3. स० इन्सपेक्टर परमजीत सिंह



400 मीटर दौड़

1. हे० कां० दीदार सिंह
2. इन्सपेक्टर भंवर सिंह
3. ह० के० सी० मिश्र



हाप, स्टेप तथा कूद

1. आर० एस० आई० दक्षिण मूर्ति
2. जे० एस० डाबसन डीवाई एस० पी०
3. ना० के० सुधाकरन



100 मीटर दौड़

1. स० इन्सपेक्टर अजायब सिंह
2. स. इन्सपेक्टर के. जी. जोजेफ

रामायण के समय में भारत पर वैदेशिक प्रभाव नहीं पड़ा था क्योंकि उसमें विदेशियों का उल्लेख कहीं भी नहीं मिलता है पर महाभारत के समय देश में विदेशियों का प्रसार हो चुका है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि महाभारत में वणित सभ्यता अव्यवस्थित एवं अशान्तिमय है जबकि रामायण की सभ्यता अधिक शिष्ट, सुसंस्कृत और आदर्श है।

सूक्ति सुधा

जो सच्चाई खोता है उस पर खोने को और रह ही क्या जाता है ?

(लिली)

आदर का स्त्रीलिंग पवित्रता है और पुल्लिग सत्य है।

(जे० सी० हेयर)

वही बुद्धिमान है जो दूसरे के आतंकों से बुद्धिमान् बनता है।

(प्लाट्स)

बिना प्राणपण चेष्टा के कुछ भी नहीं प्राप्त होता है।

(सर पी० सिडनी)

जो अनेकों कलामों की चुस्की लेता है वह एक को भी नहीं पी पाता है।

(फुलर)

पयर्टन का एक अनुभव

लेखक-श्रीरघुनाथ सिंह

राजस्थान के उत्तर पश्चिमी प्रदेश में प्रख्यात थार की मरुभूमि है। इस क्षेत्र में जैसलमेर तथा बाढ़मेर जैसे जिले दूर दूर तक फैले हुये हैं तथा पर्यटन कठिन समय लेने वाला तथा थकाने वाला होता है। सेवा अवधि के प्रारंभ में इन्हीं क्षेत्रों में मेरी नियुक्तियां रहीं-कदाचित् इस कारण भी कि मैं वहां का ही निवासी हूं।

जैसा कि मैंने देखा मेरे पास केवल दो विकल्प थे। एक तो था यह कि बिना प्रतिकूल टिप्पणी के कम से कम पर्यटन किया जाए। यह मेरे स्वाभिमान को ठेस थी। दूसरा था कि पर्यटन को कुछ आनंददायक बनाया जाय; किन्तु मरुस्थल की दूरियों को पार करने वाले लम्बे उबा देने वाले समय में यह कार्य कोई सरल नहीं था। इन भूखण्डों में मैंने आश्चर्य पूर्वक पक्षी-जीवन का अवलोकन किया। चकोर, स्थानीय ककर, बड़ा ककर, रूसी सारंग, बड़ा भारतीय सारंग तथा कुर्ज की विपुल संख्या थी। इन विलक्षण स्थानों पर बत्तक और हंस भी मिल जाते थे।

इनसे खरगोश तथा हरिणों को भी जोड़ा जा सकता है यद्यपि अविवेक आखेट के कारण हरिण लुप्त प्राय होते जा रहे हैं प्रत्येक मांसाहारी जानता है कि उसका मांस कितना स्वादिष्ट भोजन होता है।

व्यावसायिक दृष्टिकोण से इसके द्वारा मेरे लक्ष्य वेधन में सुधार तथा भूतल ज्ञान में अभिवृद्धि हुई।

इस प्रकार के छोटे खेल से इन पर्यटनों को आकर्षक एवं मनोहर बनाने की एक युक्ति मिल गई। अब अगला तर्क संगत पग यह था कि मैं इस ध्येय के लिये स्वयं को भली-भांति योग्य बनाऊं। पूर्व इसके कि मैं अपना शस्त्रागार बनाऊं, मैंने बुद्धिमत्तापूर्वक यह निर्णय किया कि मैं इस नयी कला में अपनी प्रतिभा तो देखूं। एक 12 बोर वाली बन्दूक तथा कुछ कारतूसों का मेरा उधार लेना शीतकाल के समय से मेल खा गया। तब तक सब देशान्तर गामी पक्षी अपने नये नीड़ों में बस चुके थे तथा बेज धूप का आनन्द ले रहे थे जो भारतीय शीतकाल को इतने मनोरम अनुभव में परिवर्तित कर देता है। इन प्यारे प्यारे जीवों को क्या विदित था कि एक नया उच्चाकांक्षी हिंसकों की श्रेणी में आ गया है? संयोगवश वह निर्णय का वर्ष चुनाव का

भी वर्ष था। मुझे स्वप्न में भी यह ध्यान नहीं था कि इन दोनों बातों का भी कोई संबंध हो भी सकता है। अस्तु, आगामी चुनावों में अत्यधिक पर्यटन करना पड़ा और इस भार को हल्का करने के लिये मुझे नये मनोविनोद का ही सहारा लेना पड़ा।

सर्व प्रथम अवसर जनवरी के अंतिम दिनों की एक अपराह्न को मिला जब हंसों का झुण्ड एक सबडिवीजनल (उपसंभागीय) के मुख्यालय से कुछ मील दृग्गत हुआ। गारद के हैडकांस्टेबिल, वाहन चालक (ड्राइवर) तथा रीडर (प्रस्तुतकार) की मुफ्त तथा बारम्बार मंत्रणामों से भरपूर एवं उत्तेजना और घबड़ाहट के साथ मैंने पहली गोली चलाई। मेरी आत्मसन्तुस्टि को (प्रत्युत् आश्चर्य कहिये) उनमें से एक बेचारा पक्षी गोली की लपेट में आ ही गया और कष्टप्रद परिणामों से ग्रस्त हो गया। वह गिरा और वेदना से पंख फड़फड़ाने लगा जबकि अन्य विहगों ने भाग निकलना उचित समझा। यद्यपि वे मेरी वीरता की क्षीण भावना को चुनौती देते उड़ गये, किन्तु मेरे सहगामियों ने कुछ अन्य ही सोचा। वे पक्षियों की हिंसा के लिये शोर कर रहे थे तथा कर रहे थे मेरी शूरवीरता की प्रशंसा। जबकि तर्क-वितर्क सरगर्मी पर था, मैंने जड़वत् क्या देखा कि पक्षी ने अपना संतुलन संभाला, कुछ दूर लंगड़ाया और फिर उड़ गया। यह सब कुछ एक क्षण में हुआ और मेरे पृष्ठ-पोषक स्वयं को धोखे की बलि पाकर सहसा अवाक रह गये। पक्षियो का प्रतिरोध हमारे कानों में विजय-ध्वनि की भांति गोचर हो रहा था। आहत होने के कारण यह विशिष्ट पक्षी बहुत दूर नहीं जा सका और लगभग आधी मील पर एक ग्रामीण ताल में चकना चूर होकर गिर पड़ा। उसकी दुर्दशा ने हममें पुनः उमंग भर दी और हम अपने लक्ष्य की ओर बढ़े।

हमारे आगमन का उस पक्षी की अनाहूत (बिना बुलाई) चिन्ता ने स्वागत किया जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक मारा मारा फिरता था किन्तु उससे उड़ान जाता था। ग्रामीण बच्चे तथा कुछ वृद्ध भी उस 'तमाशे' को देखने इकत्रित हो गये। सब परिस्थितियों को अनुकूल पाकर मैंने स्थिति का सावधानी से अध्ययन किया। ताल के पूर्व दक्षिण कोने पर भीड़ होने पर मैंने उससे बचाया। साथ ही पक्षी उत्तर पश्चिम की ओर था। उत्तर को मुख करके पूर्ण निश्चय के साथ मैने पक्षी पर गोली चलाई। इस बार लक्ष्य ठीक बैठा और पक्षी ठौर हो गया।

बड़े हो अविश्वास के साथ मेरी सफलता पर भीड़ को ओर से हल्ला-गुल्ला हुआ। मेरी पहली प्रतिक्रिया यह हुई कि बेचारे पक्षी के प्रति सहानुभूति के कारण भोड़ मेरे आचरण की भर्त्सना कर रही है। क्योंकि मैं तो यह सोच रहा था कि वे ग्रामीण पक्षी को उठा लायेंगे; पर बात यह क्यों नहीं हुई। स्वयं सुनिश्चित होने के लिए मैंने रीडर को तुरन्त सब भेद जानने को भेजा। प्रथम विजय से उमंगित होकर मेरा ध्यान पुनः पक्षी की ओर, फिर उसकी सम्भवनीय मृत्यु की ओर गया। कुछ समय पश्चात् जब रीडर लौटा तब उससे समाचार सुनकर मैं विमूढ़ रह गया। तीन बच्चे आहत हो गये थे और इसी कारण ग्रामीणों में रोष छा रहा था। मेरी बुद्धि में नहीं आ रहा था कि बिल्कुल ही भिन्न दिशा में चलाई जाने पर गोली ने कैसे क्षति पहुंचायी। मुझे घटना के समझने में कुछ समय लगा; परन्तु स्थिति विस्फोटक थी। गोली के घबड़ा देने वाले रहस्य से

सुलझ लेने पर मैं चोटों की प्रकृति तथा उनसे उत्पन्न प्रतिक्रिया जानने हेतु दूसरे कोने की ओर बढ़ा।

जैसे ही मैं भीढ़ की ओर अग्रसर हुआ मुझे अनुभव हुआ कि उन बालकों में से कोई भी भूमि पर नहीं गिरा है और हल्ला-गुल्ला भी बंद हो गया है। मैंने सोचा कि कदाचित् चोट गंभीर नहीं लगी है; किन्तु इसने मेरी चिन्ता और घबड़ाहट को कम नहीं किया। तब तक जनगण आघात से उभर चुके थे और शांत चित्त हो गये थे। चोटों के परीक्षण ने बताया कि वे बड़ी साधारण थीं क्योंकि बहने के स्थान पर केवल रक्त छिनक रहा था। ऐसा प्रतीत होता था कि दूरी के कारण गोलियां त्वचा के पहले स्तर को छेदने में केवल सफलीभूत हुई थीं।

अस्तु, उन गोलियों में से एक बालक के वाम नेत्र के एक इंच नीचे लगी थी और वह वास्तव में बाल-बाल सौभाग्यवश बच गया था। दूसरे बालक के कान के पास गाल की हड्डी पर चोट आई थी। और आयु में बड़े सबसे बड़े तीसरे बालक के बाम स्कंध में चोट आई थी। यथार्थतः तो उसे अपनी चोट का अनुभव ही कुछ काल पश्चात् हुआ जब उसने कंधे में कुछ चुभने वाली वेदना अनुभव की और यह पाया कि वह भी आहतों में से एक है।

चोटों की नगण्य प्रकृति से कुछ सुनिश्चित पा कर मैंने उनको निकट के अस्पताल में लेजाने तथा उनका उचित देख रेख को वहां छोड़ने का निर्णय किया। सुतरां मैंने इकत्रित ग्रामीणों को बताया कि चोटें गंभीर नहीं हैं; किन्तु फिर भी सोचा कि ग्रामीण कठ वैद्य की अपेक्षा किसी अच्छे गुणी से चिकित्सा की जानी उत्तम रहेगी। सौभाग्य से उपमण्डल (सवडिवीजन) अस्पताल सात - मील से कम दूरी पर था और दोनों ओर से आने जाने में आध घंटे से कम समय लगता था। यद्यपि उपस्थित जनों को यह मत स्वीकार्य था किन्तु वे उन बालकों के पिताओं की ओर से निर्णय लेने के लिये तत्पर नहीं थे। अतः बालकों के अभिभावकों को बुलाया गया। बीच का समय वालकों की भावना के परीक्षण तथा ग्रामीणों की उद्विग्नता शान्त करने में व्यतीत हुआ। अतः मैंने फिर वेदना के विषय में पूछा तो उनको उसकी ओर उदासीन पाया। प्रत्युत् वे जीप में सैर करने में अधिक इच्छुक थे जो कि ऐसी सैर कभी नहीं पाने के कारण स्वाभाविक ही था। वे शिकार अभियान से अति प्रसन्न थे क्योंकि वह भी उनका प्रथम अनुभव था; परन्तु ग्रामीण वृद्धों की पक्षी के प्रति उतनी ही संवेदना थी तथा हिन्दुओं की परम्परागत अहिंसात्मक जीवन पद्धति तथा विचारधारा के कारण मेरे इस व्यवहार के प्रति उनके पास आलोचना के अतिरिक्त कुछ नहीं था।

इसी बीच में बालकों के संरक्षक भी आ गये। उनको समस्त वृत्तांत से अवगत कराया गया तथा बालकों को अस्पताल ले जाने की योजना को भी बताया गया। सबसे बड़े बालक तथा उसके संबंधी ने चोट नगण्य पाकर अस्पताल जाने मे अपत्ति की तथा स्थानीय चिकित्सा पर बल दिया। अन्य दो बालकों को मनाने में कोई प्रयास नहीं करना पड़ा तथा उन दो एवं उनमें से एक के पिता को साथ लेकर हम अस्पताल पहुंचे। उस समय शीतकाल का अपराह्न था तथा बालक कम वस्त्र धारण किये थे।

फिर जीप में पवन के झोंकों से कोइ परित्राण नहीं होता है। इसके विपरीत वाहन की गति से पवन वेग बढ़ता है। अत: बालकों का मोटर-वाहन में बैठने का नया चाव किंचित्काल में ही कुंठित हो गया। उनका प्रसन्न वार्तालाप तुरन्त दाँतों के किटकिटाने वाला हो गया। संयोग से दूरी अधिक नहीं थी और पंद्रह मिनट के भीतर ही वे अस्पताल जा पहुंचे। बालकों की अस्पताल में भी पहली यात्रा थी और वहां पहुंचते ही वे ढ़ाढस खो बैठे। चोटें खाने के समय की अपेक्षा कहीं अधिक उन्हें अब भय एवं प्राकुलता सता रही थी। उनको साहस बंधाने के मेरे सारे प्रयत्न व्यर्थ थे। साथ में गये ग्रामीण की चेष्टायें तो और कम कारगर हो रही थीं क्योंकि उनके निजी संदेहों के कारण वे अनमनी तथा विश्वासहीन थीं। तद्यपि हम अस्पताल में घुसे और डाक्टर को खोजा। हमें केवल कम्पाउंडर मिला जिसने बताया कि डाक्टर अभी चले गये हैं। रीडर को तत्काल उसे खोजने तथा यथाशीघ्र ले आने के लिये भेजा। कम्पाउंडर ने डाक्टर की प्रतीक्षा करने को उचित नहीं समझा और चोटों का परीक्षण किया। ग्राम से अनेकों रोगियों की चिकित्सा करने के कारण उसने बालकों का विश्वास सत्वर पा लिया और उन्हें विश्वास दिलाया कि उपचार कष्टप्रद नहीं होगा और ना ही उसमें छुरे आदि का प्रयोग होगा। यह जान कर कि उनके कैसे चोटें आई हैं उसके परीक्षण ने उसे विश्वास दिलाया कि वे साधारण हैं और वह विश्वास के साथ ठीक कर सकता है तथा डाक्टरों के बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है। उसने वस्तुतः थोड़े ही समय में सन्दन्शिका (फोर सेप) से दोनों बालकों से एक एक गोली निकाल फेंकी। कुछ एन्टीसेप्टिक (जीवाणु रोधक) लोशन लगाने के उपरान्त उसने रूई के फाये, गाज तथा टेप से चिपका दिये और कह दिया कि यथावत् कार्य पूरा हो गया। हम तब भी डाक्टर की बाट जोह रहे थे जो कुछ कालोपरान्त आया। डाक्टर ने भी यह आश्वासन दिया कि पूर्ण चिकित्सा हो गई है और जब तक पीड़ा न बढ़े अस्पताल में पुनः आने की कोई आवश्यकता नहीं है।

क्योंकि कंपाउंडर ने बिना कष्ट की चिकित्सा के वचन को निभाया था बालक स्वस्थ-चित्त थे। अब क्योंकि चोटें नगण्य निश्चित हो गई थीं मुझें भी अत्यंत संतोष मिला था। सूर्य अस्त होने वाला था और बालक अंधकार होने से पूर्व अपने ग्राम लौटने के इच्छुक प्रतीत होते थे। तभी मैंने अपने रीडर को आदेश दिया कि ग्राम लौटने से पूर्व उन बच्चों का भर पेट मिठाइयां खिलाई जायें। उन दिनों मिठाइयां ग्राम्य क्षेत्रों में वस्तुतः अत्यधिक सस्ती थीं। 3 या 4 रुपये सेर से अधिक नहीं। चुनाव इतने निकट होने के कारण कोई भी बेईमान व्यक्ति अपने निर्वाचन क्षेत्र में अपने हित की आशा से तथ्यों को तोड़ मरोड़ सकता था। साथ ही किम्बदंतियों में तिल का ताड़ करने की विचित्र प्रवृत्ति होती है। कुछ दिनों तक मैं स्थिति को चिंता पूर्वक देखता रहा; किन्तु जब एकाध पक्ष में कोई विकृत प्रतिक्रिया नहीं हुई तब मेरी व्यग्रता मनोरंजन में परिवर्तित हो गई।

एक बार जब चिन्ता दूर हो गई, तब मैने दूसरे रहस्य पर चिन्तन प्रारम्भ किया कि किस प्रकार गोली एक निपट भिन्न दिशा में जा सकी और इतनी दूरी पर। पक्षी पर

उसके प्रभाव ने पूर्ण रूपेण सिद्ध कर दिया था कि मेरा लक्ष्य ठीक था। फिर बालक जो पक्षी से 90 अंश के कोण पर लगभग थे कैसे आहत हो गये? मेरे एक शिकारी मित्र ने उस समस्या को सुलझा दिया। उसने बताया कि गोली हल्की होने के कारण जल सतह पर सरलता से उचटी। अतएव दुर्घटना यों हुई कि उन में से तो बहुत सी गोलियां तो पक्षी के लगीं; किन्तु कुछ को सतह अत्यंत फिसलने वाली लगी तथा हट कर असावधान बालकों के जा लगीं।

उनकी इस हटने का वास्तविक बलि तो कोई अन्य ही था। इस नये खेल के रहस्यों के विषय में आश्वस्त नहीं होने के कारण मैंने उस प्रथम अनुभव कोही अंतिम बनाने का निश्चय कर लिया।

स्वास्थ्य संदेश—

संक्रामक रोग तथा उनसे बचाव

लेखक—श्री जे० एस० शर्म्मा

संक्रामक रोग जीवाणु (बैक्टीरिया) द्वारा उत्पन्न होते हैं। ये जीवाणु एक आदमी से दूसरे आदमी पर सीधे या छुपे मेल से बड़ी मात्रा में तथा बड़ी शीघ्रता से पहुंचते हैं और कभी-कभी महामारी का रूप धारण करते हैं। भारत में तो ऐसे रोगों के कारण 80 प्रतिशत मृत्यु होती हैं।

संक्रामक रोगों के जीवाणु वनस्पति से उत्पन्न होते हैं। इन्हें अंधेरे, गन्दे तथा गीले स्थानों से अथवा मनुष्यों और पशुओं की त्वचा एव आंतों से प्रेम होता है। ये दो प्रकार से शरीर में प्रवेश करते हैं—(I) स्थानीय संक्रमण से; तथा (II) सामान्य संक्रमण से। स्थानीय संक्रमण में केवल अपने प्रविष्ट स्थान को ही रोग ग्रस्त करते है जैसे फुन्सी फोड़े। सामान्य संक्रमण में एक प्रकार का जीव-विष (Toxin) उत्पन्न होकर सारे शरीर में व्याप्त हो जाता है जैसे जल-संत्रास (Hydro phobia) धनुष टंकार (Tetenus)। कुछ ऐसे रोग भी हैं जिनमें जीवाणु स्थानीय तथा सामान्य दोनों प्रकार के संक्रमण करते हैं उदाहरणार्थ डिपथीरिया।

जीवाणु मुख्यतः चार प्रकार से शरीर मे प्रविष्ट होते है—

(1) वायु द्वारा—कुछ जीवाणु श्वास द्वारा शरीर में प्रवेश कर रोग उत्पन्न करते हैं जैसे कुकर खासी, यक्ष्मा (तपेदिक) इत्यादि।

(2) जल तथा भोज्य पदार्थों द्वारा—हैजा, मोती-झरा, पेचिश आदि जीवाणु संक्रामित जल तथा भाजन पदार्थों के प्रयोग से उत्पन्न होते हैं।

(3) कीड़ों द्वारा—मलेरिया, प्लेग, पीला बुखार विशिष्ट प्रकार के कीड़ों के काटने

से फैलते हैं।

(4) सम्पर्क द्वारा—आंखों का दुखना दाद, खुजली आदि शरीर अथवा वस्त्रों के सम्पर्क द्वारा फैलते हैं।

संक्रामक रोगो में निम्नलिखित सामान्य लक्षण पाये जाते हैं :—

(i) प्रत्येक रोग का विशेष प्रकार का जीवाणु होता है। विभिन्न जीवाणुओं का विष भिन्न प्रकार का होता है।

(ii) बिना माध्य के संक्रामक रोग नहीं होते।

(iii) संक्रामक रोग को अपनी अवधियां होता है जिनके उपरान्त वे स्वतः समाप्त हो जाते हैं।

(iv) साधारणतया संक्रामक रोग एक बार प्रत्येक व्यक्ति को ग्रस्त कर उसके अन्दर रोग निरोधक शक्ति उत्पन्न कर देता है। किन्तु इंफ्लुयंजा तथा डिपथीरिया ऐसे नहीं है जो कई बार हो जाते हैं।

(v) संक्रामक रोग की रोकथाम टीके लगाने से हो सकती है।

(vi) इन रोगों का विष ताप-उत्पत्ति तथा ताप-व्यय की व्यवस्था बिगाड़ कर तापक्रम बढ़ाता है।

(vii) रोगी का शरीर ठण्ड से कांपने लगता है।

(viii) रोगी की त्वचा पर लाल लाल दानेदार चकत्ते पड़ जाते हैं।

(ix) बालकों में सिरदर्द, गले के दोष आदि संक्रामक रोग का सन्देह उत्पन्न करते है।

संक्रामक रोगों से बचने के लिए उनके व्यापक रूप से फैलने से पूर्व ही रोकथाम के प्रयत्न करने चाहिए। नगर पालिकाओं तथा निगमों के चिकित्सकों को तुरन्त सूचना देना चाहिए जिससे जन साधारण सजग हो जाएं। संक्रामक रोग ग्रस्त व्यक्तियों को उनके परिवार तथा पड़ोसियों से पृथक कर देना चाहिए। रोग से संक्रामित होने के सन्दिग्ध व्यक्तियों को उन स्थानों पर नहीं जाने देना चाहिए, जहां वह रोग नहीं पहुंचा हो। वस्तुतः ध्येय यह होना चाहिए कि इन रोगों का निसंक्रमण रहे। निसक्रमण के तीन प्रकार हैं :—

(क) प्राकृतिक (ख) भौतिक तथा (ग) रासायनिक।

(क) प्राकृतिक निसंक्रमण—में शुद्ध वायु तथा सूर्य का प्रकाश आता है। जबकि वायु मन्दगति से निसंक्रमण कर पाती हैं, धूप कीटाणुनों को तीव्रता से नष्ट कर देती है। आधे घंटे की धूप कई भयंकर रोग के जीवाणुओं को मारने को पर्याप्त होती है। धूप की अल्ट्रावायलेट किरणें तो इन जीवाणुओं की जानी दुश्मन होती हैं। अतः रोगी को हवादार कमरे में और सबसे ऊपर के कमरे में रखना चाहिए। तथा कमरे में

पर्याप्त धूप आने को व्यवस्था होनी चाहिए। फालतू वस्तुओं को उसमें से हटा देना चाहिए। द्वार, खिड़कियों को शुद्ध वायु के लिए खुला रखना चाहिए, परन्तु यह ध्यान रहे कि वायु का झोंका सीधा रोगी को नहीं लगे। कमरे के फर्नीचर आदि को भी धूप में रखना चाहिए।

(ख) भौतिक निसंक्रमण—में अग्नि जलाना, उबालना, गर्म शुष्क वायु, भाप आदि आते हैं। अग्नि जलाने से जीवाणु पूर्णतः नष्ट हो जाते हैं। रोगी के सस्ते वस्त्रों को जला देना चाहिए तथा धातु की वस्तुओं को अग्नि में डालकर शुद्ध करना चाहिए। रोगी के बिस्तर-बर्तन आदि को 100 अंश सेंटीग्रेड पर उबलते पानी मे आधे घंटे धोना जिसमे सोडियम कार्बोनेट भी मिला देना चाहिए। जिन वस्तुओं को उबालने से नष्ट होने का भय हो उन्हें धूप या शुष्क गर्म वायु से निसंक्रमित करना चाहिए। भाप गर्म जल से भी अधिक निसक्रामक होती है और बड़े अस्पतालों में उसी का प्रयोग होता है।

(ग) रासायनिक निसंक्रमण—में ठोस, द्रव्य तथा गैस के रूप में अनेक रासायनिक पदार्थ घातक जीवाणुओं को शीघ्रता तथा तीब्रता से नष्ट करते हैं एवं मानव शरीर के तन्तुओं पर विनाशकारी प्रभाव भी नही डालते हैं। साधारणतः नीचे लिखे रासायनिक निसंक्रामक प्रयोग में आते हैं :

(i) चूना—सबसे सस्ता तथा प्रभावशाली रासायनिक निंक्रामक है। इससे पोतकर दीवारों के चिपके कीटाणु नष्ट होते हैं। कुएं में डालकर जल शुद्ध किया जाता है। इससे नाली, फर्श, शौचालय में डालकर कीटाणु नष्ट किये जाते हैं। जलसंग्रहालयों में चूना डालकर नगर पालिकायें जल शुद्ध करती हैं।

(ii) पोटेशियम परमेगनेट—इससे फल सब्जियां निसंक्रमित की जाती हैं। कुएं में डालकर हैजे के कीटाणुओं को नष्ट किया जाता है। रोगी का थर्मामीटर इसके घोल से निसंक्रमित किया जाता है।

(iii) फिनाइल—यह भी नालियां, शौचालयों आदि को निसंक्रमित करने में प्रयुक्त होता है।

(iv) कार्बोलिक एसिड—यह टाइफाइड, हैजा, पेचिश आदि के रोगी के मल-मूत्र के निसंक्रमण के काम में आता है।

(v) क्रियोसोल—यह पानी में मिला कर नालियां, गन्दे वस्त्रों आदि को निसंक्रमित करता है। यह सस्ता तथा कार्बोलिक एसिड से तिगुना प्रबल होता है।

(vi) रस कपूर—इसका घोल अत्यंत विषैला होता है और वस्त्र बिस्तर आदि को निसंक्रिमत करने में प्रभावशाली होता है।

(vii) डी० डी० टी०—से जुएं, चीटियां मच्छर मक्खियां तथा अन्य कीट-जीवाणु नष्ट होते हैं।

(viii) **क्लोरीन**—गैस से कमरे की वायु शुद्ध होती है।

(ix) सल्फर डाइ आक्साइड—गैस से भी कमरे आदि शुद्ध किये जाते हैं। गन्धक की धूनि भी ऐसा ही काम करती है।

इनके अतिरिक्त स्वास्थ्य-नियमों का पालन करना परमावश्यक है। प्रतिदिन स्नान, शुद्ध तथा स्वच्छ वायु का सेवन, नियमित रूप से व्यायाम, दन्त धावन तथा केशों में कंघा करना चाहिए। संतुलित तथा सुरूचिपूर्ण भोजन करना चाहिए, और उसे खुला नहीं रखना चाहिए। मादक द्रव्यों से बचना चाहिए। घर तथा पड़ौस का साफ व सुथरा होना आवश्यक है। मकानों तथा नालियों में फ्लिट आदि छिड़कना चाहिए। रोगी के थूकने के लिए जीवाणु नाशक औषधि से युक्त बर्तन होना जरूरी है। उसे भूमि पर नहीं थूकना देना चाहिए। रोगी के खाने-पीने के बर्तन अलग हों जिन्हें नित्य गर्म जल से साफ करना चाहिए। रोगी के बिस्तर-वस्त्र आदि अलग होना चाहिए तथा उसके मुख से लग कर बात नहीं करना चाहिए। रोगी के कमरे से बाहर आने पर अपने वस्त्र बदल लेना तथा जीवाणु-नाशक औषधि घोल से हाथ साफ करना चाहिए।

कहने की आवश्यकता नहीं कि यदि उपर्युक्त सावधानियां बरती जाएं तो संक्रामक रोग समाप्त हो सकते हैं। योरुप, अमेरिका इत्यादि देशों के अनुभवों तथा वैज्ञानिक परीक्षणों ने इन उपायों द्वारा संक्रामक रोगों से मरने वालों की संख्या कम करते-करते शून्य पर ला दी है। इन्हीं आधारों पर अब संक्रामक रोग निवार्य रोग (Preventable disease) माने जाते हैं जबकि कुछ समय पूर्व इन्हें असाध्य रोग समझा जाता था ; अपितु इनमें से कुछेक रोगों के फैलने पर बस्तियां की बस्तियां उजड़ जाती थीं।

जयपुर के एथ्लेटिक्स (खेलों) में हमारी भव्य विजय

दिनांक 3 फरवरी 1974 को जयपुर में समाप्त हुए अखिल भारतीय पुलिस खेलों में के०रि०पु० दल पुनः एथ्लेटिक्स में सर्वोच्च उभर कर आया है। के० रि० पु० दल की टुकड़ी ने 295 अंको (पाइन्टो) के उत्कृष्ट रिकार्ड के साथ चैम्पियनशिप जीती। (द्वितीय स्थान पाने वाले) रनर अप सीमा सुरक्षा दल 126 (अंको) पाइंटों पर बहुत पीछे रह गया। विगत वर्ष की तुलना में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने दुगनी से अधिक जीत पाई। जीत की इस सीमा को बनाये रखना कोई सरल कार्य नहीं होती है।


जयपुर में एथ्लेटिक्स के घटना स्थल सबाई मानसिंह स्टेडियम में धूल भरी चलती पवनों में नये कीर्तिमान (रिकार्ड) बनाना संभव नहीं था। तथापि कुछ रिकार्ड स्थापित किये गये क्योंकि विभिन्न घटनाओं के समय अत्यंत अनुकूल थे।

के० रि० पु० दल के एथ्लीटों (खिलाड़ियों) ने अपना जौहर दिखाया तथा दर्शकों को अपने कार्यों से गुदगुदाया। सीमा सुरक्षा दल के दीदार सिंह के 1969 वाले 10,000 मीटर दौड़ के रिकार्ड को हरीचन्द ने तोड़कर महान प्रयास दर्शाया। 31 मिनट 6.2 सेकेण्ड के पुराने रिकार्ड की अपेक्षा हरीचन्द ने 30 मिनट 41 सेकेण्ड में उस दौड़ को

पूर्ण किया।

यह 23वीं एथ्लेटिक्स प्रतियोगिता (मीट) का सर्वप्रथम रिकार्ड था। संयोग से हरीचन्द 5000 मीटर दौड़ में भी तृतीय रहा। के० रि० पु० दल का पी० सन्थानम जिसने एक दिवस पूर्व 5000 मी० दौड़ जीती थी 10,000 दौड़ में 31 मिनट 12.9 सेकेण्ड समय लेने के कारण द्वितीय रहा।

(के० रि० पु० दल के दोनों) नायक एम० डी० फजल तथा सबइन्सपेक्टर राजदेव सिंह ने प्रथम तथा द्वितीय स्थान अत्युत्तम ढंग से मैराथान दौड़ में प्राप्त किये। उन्होंने 2 घंटे 31 मिनट तथा 50 सेकेण्ड और 2 घंटे 33 मिनट तथा 52 सैकेण्ड क्रमशः का समय लिया। ऐसी आशा हो रही थी कि वे रिकार्ड तोड़ देंगे; किन्तु उन्हें झंझावात धोखा दे गई।



जयपुर में अखिल भारतीय पुलिस खेलों में वास्केट बाल के फाइनल में के० रि० पु० दल तथा सी० सु० दल के मध्य एक उत्तेजित क्षण

बड़ी ही उत्तेजनात्मक और प्रतियोगितापूर्ण अंतिम मैचों में के० रि० पु० दल, सीमा सुरक्षा दल से वास्केट बाल में 75-78 से हारा। और हाकी में पंजाब पुलिस से अतिरिक्त समय के एक गोल से पराजित हुआ। बालीवाल में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

अनेकों खेलों के परिणाम इस प्रकार रहे :—

5000 मीटर दौड़—लांस नायक पी० संथानम, (के० रि० पु० दल) प्रथम, पी० सी०

नारासिंहम् (कनाटक) द्वितीय और हेड कां० हरीचन्द (के० रि० पु० दल) तृतीय। संथानम का समय 15 मिनट 9 सेकेण्ड रहा।

शाट पुट—इन्सपेक्टर गुरदीप सिंह (सीमा सुरक्षा दल) प्रथम, सब इन्सपेक्टर बलबीर सिंह (सी० सु० दल) द्वितीय, और सब इन्सपेक्टर परमजीत सिंह (के० रि० पु० दल) तृतीय। गुरदीप सिंह की फेंक 16.07 मीटर थी।

चौड़ी कूद (ब्राड जम्प)—हेड कां० मोहन दास (के० रि० पु० दल) प्रथम, सब इन्सपेक्टर वेरानन (तमिलनाडू) द्वितीय, और हेड कां० दलबीर सिंह, (पंजाब) तृतीय। हेड कां० मोहन दास की दौड़ 6.75 मीटर रही।



जयपुर में के० रि० पु० दल के मल्ल (बायीं और से) ईश्वर सिंह, दादाकांसे, खान चन्द, वैजनाथ तथा रघुवीर सिंह

ऊंची (हाई) कूद—सब इन्सपेक्टर नसीब सिंह (के० रि० पु० दल) प्रथम (1.50 मीटर), सब इन्सपेक्टर छगन सिंह (के. रि० पु० दल) द्वितीय, सब इन्सपेक्टर पृथ्वी चंद (सी० सु० दल) तृतीय।

पोलवाल्ट—सब इन्सपेक्टर आर० एल० पाण्डे (उत्तर प्रदेश) प्रथम (4.20 मीटर), इन्सपेक्टर लखबीर सिंह, (सीमा सुरक्षा दल) द्वितीय, और सब इन्सपेक्टर महेन्द्रसिंह, (हरियाणा) तृतीय।

हाप स्टेप जम्प—आर० एस० आई० दक्षिणमूर्ति, (तामिलनाडू) प्रथम (15.29 मीटर), डी० वाई० एस० पी० जे० एस० डाउसन (के० रि० पु० दल) द्वितीय, नायक

के० सुधाकरन (के० रि० पु० दल) तृतीय।

1500 मीटर दौड़—कांस्टेबिल भीम सिंह (हरियाणा) प्रथम (4 मिनट 7.1 सेकेण्ड), सब इन्सपेक्टर ओ० के० सिवन, (के० रि० पु० दल) द्वितीय, सब इन्सपेक्टर काश्मीरा सिंह (सी० सु० दल) तृतीय।

नेजा (जैवलिन) फेंक—इन्सपेक्टर नरेन्द्र सिंह (सी० सु० दल) प्रथम (67.02 मीटर), हेड कां० प्रीतम सिंह (सी० सु० दल) द्वितीय, सब इन्सपेक्ट आर० के० द्विवेदी (उ० प्र०) तृतीय।

चक्का (डिस्कस) फेंक—सब इन्सपेक्टर रघुबीर सिंह (के० रि० पु० दल) प्रथम, (43.44 मीटर), पी० सी० गुरदीप सिंह (राजस्थान) द्वितीय, इन्सपेक्टर गुरदीप सिंह (सी० सु० दल) तृतीय।

हैमर थ्रो—इन्सपेक्टर अजमेर सिंह, (पंजाब) प्रथम (50.64मी०), सब इन्सपेक्टर रघुबीर सिंह (के० रि० पु० दल) द्वितीय तथा हेड कां रमाशंकर राई (के० रि० पु० दल) तृतीय।

400 मीटर हर्डिल—हेड कां० दीदार सिंह (के० रि० पु० दल) प्रथम (55.1 से०), सब इन्सपेक्टर भंवर सिंह (के० रि० पु० दल) द्वितीय, हवलदार के० सी० मिश्र (उड़ीसा) तृतीय।

200 मीटर दौड़—सब इन्सपेक्टर अजायब सिंह (सी० सु० दल) प्रथम (22.3 से०), सब इन्सपेक्टर के० सी० जोजेफ (के० रि० पु० दल) द्वितीय, हवलदार एम० बी० चन्द (केरल) तृतीय।

डेकाथलेन—सब इन्सपेक्ट आर० एल० पाण्डे (उत्तर प्रदेश) प्रथम (5910 अंक), ए० सी० ए० एस० रणधावा (सी० सु० दल) द्वितीय तथा लां० नायक राधाकृष्णन (के० रि० पु० दल) तृतीय।

3000 मीटर स्टीपिल चेज—सब इन्सपेक्टर ओ० के० सिवन (के० रि० पु० दल) प्रथम (समय 9 मि० 43 से०) तथा सब इन्सपेक्टर डी० मुजावर (के० रि० पु० दल) द्वितीय।

कुश्तियां—अनेकों कुश्तियों में हमारी टीम ने चार स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक एक कांस्य पदक प्राप्त किये। के० रि० पु० दल के विभिन्न स्थान इस प्रकार रहे :—

फ्लाई-वेट (भार) (52 किग्रा०)—

लां० नायक दादा कांसे-2

फेदर वेट (भार) (62 किग्रा०)—

नायक धरमदेव यादव-3

लाइट वेट (भार) (68 किग्रा०)—

है० कां० बैजनाथ-1

मिडिल वेट (भार) (82 किग्रा०)—

है० कां० रघुबीर सिंह-1

लाइट हैवी वेट (भार) (90 किग्रा०)—

सब इन्सपेक्टर ईश्वरसिंह-1

हैवी वेट (100 किग्रा०)—गिरराज सिंह-2

सुपर हैवी वेट (100 किग्रा० से ऊपर)

—डी० वाई० एस० पी० सुखवंत सिंह-1

जिमनास्टिक्स (व्यायाम)-जिमनास्टिक्स (व्यायाम) में के० रि० पु० दल ने द्वितीय स्थान पाया जबकि सी० सु० दल प्रथम रहा।

वॉल्टिंग हार्स—नायक पीताम्बर सिंह-1, लां० नायक देवप्रकाश-2, सब इन्सपेक्टर एल० एम० खन्ना-3 ।

होराइजेण्टल बार—सब इन्सपेक्टर एल० एम० खन्ना तथा सब इन्सपेक्टर बलबीर सिंह-2 ।

रोमन रिंम—सब इन्सपेक्टर शंकर लाल-1

फ्लोर एक्सरसाइज—लांस नायक देवप्रकाश-3

4x400 रिले (क्रमिक) दौड़—के० रि० पु० दल (3 मि० 24.8 से०) प्रथम, सी० सु० दल, द्वितीय तथा उत्तर प्रदेश, तृतीय।

110 मीटर हर्डिल—है० कां० ग्यानचंद (सी० सु० दल) प्रथम (44.9 सै०), कां० के० सी० शंकर (कर्नाटक) द्वितीय, तथा ए० सी० रामधावर (सी० सु० दल)तृतीय।

800 मीटर दौड़—का० भीम सिंह (हरियाणा) प्रथम (1 मिनट 57.7 सै०), बी० सी० पन्नागन (केरल) द्वितीय तथा सब इन्सपेक्टर काश्मीरा सिंह (सी० सु० दल) तृतीय।

व्यक्तिगत (इन्डीबीक्यूएल) चैम्पियन-

शिप-सब इन्सपेक्टर अजायब सिंह, (सी. सु० दल) प्रथम (36 अंक), सब इन्सपेक्टर आर० एल० पाण्डे (उ० प्र०) तथा कां० भीम सिंह (हरियाणा) द्वितीय (24 अंक), लां० नायक पी० संथानम (के० रि० पु० दल) और सब इंसपेक्टर रघुबीर सिंह (के० रि० पु० दल) तृतीय (20 अंक) ।

4x100 मीटर रिले (क्रॉमेक) दौड़— के० रि० पु० दल, प्रथम, उत्तर प्रदेश द्वितीय तथा केरल तृतीय।

हमारे जिम्नास्टों की श्रेष्ठता

7 से 10 फरवरी 1974 में अगरत्तला पर प्रायोजित 16वीं राष्ट्रीय जिम्नास्टिक चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश की ओर से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के 12 जिम्नास्ट (खिलाड़ियों) ने प्रतिनिधित्व किया। मध्य प्रदेश की टीम ने 186.75 अंकों से चैम्पियनशिप जीती । केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज के सब इन्सपेक्टर एल० एम० खुर्राना ने ब्यक्तिगत चैम्पियनशिप जीती। दल के अन्य जिम्नास्टों (खिलाड़ियों) ने 4 स्वर्ण, 2 रजत तथा 6 कॉस्यपदक प्राप्त किये।

26 से 10 फरवरी 1974 में जयपुर पर आयोजित राष्ट्रीय एथ्लेटिक मीट में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के एथ्लीटों (खिलाड़ियों) ने राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व किया। सिगनल बटालियन नं० 1 के सब इन्सपेक्टर ओ० के० सिबन ने 3000 मीटर की स्टीपिल चेज में स्वर्णपदक जीता तथा तीन अन्य खिलाड़ियों को रजत पदक प्राप्त हुए।

अंतर रेञ्ज मंत्रालयिक कर्मचारियों के खेल

ग्रुप केन्द्र किशनगढ़ तथा 1 और II अजमेर एवं उपमहानिरीक्षक अजमेर के कार्यालयों में मंत्रालयिक कर्मचारियों की कुल संख्या 240 के लगभग है। यह देखकर कि इन कर्मचारियों के लिए कोई मनोविनोद का साधन नहीं है, अजमेर रेन्ज ने वालीबाल, कबड्डी, बैडमिन्टन तथा टेबिल टेनिस का टूर्नामेण्ट आयोजित किया। इसका आयोजन ग्रुपकेन्द्र-1 ने किया। अनकों कर्मचारियों ने इसमें भाग लिया। इस टूर्नामेण्ट के निम्नलिखित परिणाम रहें:—

बालीबाल विजेता—ग्रुप केन्द्र-II तथा द्वितीय ग्रुप केन्द्र-I

कबड्डी-विजेता—ग्रुप केन्द्र-I तथा द्वितीय-ग्रुप केन्द्र-II

बैडमिन्टन-विजेता डबल (दुकेले) ग्रुप केन्द्र-I (अशोक मेहरा तथा टी० ओ० जार्ज) तथा द्वितीय-ग्रुप केन्द्र (किशनगढ़) (शशिधरन तथा के० पी० उमेशन)

बैडमिन्टन सिंगल (अकेले) विजेता— ग्रुप केन्द्र-II (अशोक मेहरा) तथा द्वितीय ग्रुप केन्द्र-किशनगढ़ (शशि धरन) ।

टेबिल टेनिस सिंगल (अकेले) विजेता— ग्रुप केन्द्र-II (अजीत सिंह) तथा द्वितीय ग्रुप केन्द्र-II (अशोक कुमार)

गणतंत्र दिवस पर विजयी तथा द्वितीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को यूटिलिटी (उपयोगिता) पारितोषिक प्रदान किये गये।

-: चुटकले :—

प्रस्तुतकर्त्ता-श्री के०ए० अग्रवाल

1. पुत्र उत्सुकता से अपने पिता से—"पिता जी। आज तो स्कूल में मैंने कमाल ही कर दिया"।

'कैसे ?'

"मैं इतनी तेज दौड़ा कि सारे रेकार्ड तोड़ डाले"। पिता नाक चढ़ाकर "अबे और तू क्या प्रासमान से तारे तोड़ेगा, घर में खिड़कियों के शीशे तोड़ता है तो स्कूल में रिकार्ड"।

2. यात्री (स्टेशन मास्टर से)-श्रीमान् जी, जब गाड़ियां समय पर नहीं पाती जाती तो इन समय-सारणियों का क्या होगा ?

स्टेशन मास्टर—भाई साहब । यदि गाड़ियां समय पर आने जाने लग जायें तो इतनी लागत से बने प्रतिक्षालयों का क्या होगा ?

3. एक नेता भाषण दे रहे थे। उन्हें एक लिफाफा मिला। खोलकर देखा तो उसमें एक कागज पर केवल एक ही शब्द लिखा था, "गधा"।

नेता बोले—"अभी-अभी मेरे पास एक सज्जन का पत्र आया था। उन सज्जन ने अपना नाम तो लिख दिया है लेकिन अपना प्रश्न लिखना भूल गए हैं।"

—: उत्तम नेता के गुण :—

लेखक—श्री एस० सी० निर्वाल

जीवन एक अविरत परीक्षा है। यह एक ऐसी परीक्षा है जिसे इच्छापूर्वक या अनिच्छा पूर्वक देना पड़ती है। अतएव क्यों नहीं इससे साहसपूर्वक तथा तत्परता से लोहा लिया जाए और इस प्रकार जीवन यापन किया जाए कि दूसरों को आदर्श बनें। किसी ने अत्यन्त उपयुक्त लिखा है :—

Act, if desire renown,

Spectator not, better a

clown,

Be not dumb driven cattle,

Be a hero in the strife.

यदि इच्छा है कुछ कर दिखलाओ।

दर्शक नहीं विदूषक बन जाओ।

बनो मूक चालित पशु नहिं कभी।

बनो वीर पुंङ्गव तुम रण मही ।

नेतृत्व का सब से महान परीक्षण तो समस्या के संकट बनने से पूर्व उसको पहचानने की योग्यता में है । नेता से यही अपेक्षित है कि वह अग्रणी हो; ना कि दूर से देखने वाला कोई दर्शक । वास्तव में उसमें उन मुणों का समावेश होना चाहिए जो दूसरों को नेतृत्व दे सके । किन्तु वांछनीय नेतृत्व प्रदान करना कोई सहज काम नहीं है । जिसे नेतृत्व करना है उसे स्वयं भी एक उच्च उदाहरण बनना होगा।

एक उत्तम नेता की विशिष्टता इसमें है कि स्थिति को समझने के लिये उसमें पूर्व विचार एवं कल्पना हो तथा वह किसी विशेष कार्य को उपयुक्त समय पर करे। सम्बद्ध तथ्यों तथा मंत्रणा पर आधारित यदि उसे शीघ्र निर्णय लेने की क्षमता एवं रुचि है तब तो स्वर्ण में सुगन्ध है। सहायता एवं मंत्रणा की सरल उपलब्धि पर उन्हें मांग लेना कोई दुर्बलता का चिह्न नहीं है।

नेता को अपने अधीनस्थों के विचारों को समझना तथा उनसे अधिकतम काम लेने की योग्यता होनी चाहिए। इस विषय में दो मत नहीं हो सकते कि "पदस्थिति आदर नहीं कराती है परन्तु मनुष्य की योग्यता कराती है जो पदस्थिति पाये होती हैं।"

नेता को अन्य व्यक्तियों के कल्याण को सर्वोपरि ध्यान रखना चाहिए तथा अपने हित में ही निहित नहीं रहे तथा दूसरे के लिये भी कुछ सोचे। जब कोई आदेश अथवा निर्णय को क्रियान्वित करना हो तब नेता को निज अधीनस्थों में ऐसा बोध उत्पन्न करना चाहिए कि वे अनुभव करें कि वे सब एक ही ध्येय के लिये देश-सेवा कर रहे हैं।

नेता का निश्चयकारी होना अपेक्षित है; परन्तु किसी कारणवश यदि उसे ज्ञात हो जाए कि उसका निर्णय सही नहीं है तब उसे तुरन्त परिवर्तित करने में निर्भीक होना चाहिए। दुर्बल व्यक्ति निज कार्यों में साधारणतः हठी पाये जाते हैं जबकि एक सबल व्यक्ति निज त्रुटि को समझने पर सदैव अपने मन्तव्य को परिवर्तन करने में तत्पर रहता है।

यदि अन्यों से समय-पालन कराना है तब नेता स्वयं भी ठीक समय पर कार्य करे। संयोग से यदि वह समय पर नहीं पहुंच सके तब उसे प्रतीक्षा करते हुए श्रोतागणों से 'क्षमा' नाम का ढाई अक्षर कहना नहीं भूलना चाहिए।

उसे अपने अध्यवसायों में कृतसंकल्प तथा दत्तचित्त होना चाहिए। निस्संदेह कृतसंकल्पता सदैव फल-दायिनी होती है, जबकि अस्थिर मति निराशा की जननी होती है। सर्वप्रथम नेता को अपना उद्देश्य निश्चित करना चाहिए एवं एक बार उचित सोच विचार के उपरान्त जब ध्येय बना लिया जब उससे हटना नहीं चाहिए । बांछनीय फलों की प्राप्ति के हेतु संकेन्द्रित प्रयत्न की ही आवश्यकता होती है । नेता का मस्तिष्क चलायमान नहीं होना चाहिए और ना ही कोई विकट समय से उसे विचलित

होना चाहिए। उसका स्नायुमण्डल लोहे का होना चाहिए तथा मांते को स्थिर रखते हुए एक 'आलोक स्तम्भ' होना चाहिए।

उसे ऐसे कार्य करने के लिए कटिबद्ध होना चाहिए जिसे अन्य करने से जी चुराते हों। जो भी व्यक्ति कालपथ पर चरण चिन्ह छोड़ गये हैं उन्होंने सिद्ध किया है कि व्यवहार सच्चाई, (क्या शारीरिक और क्या मानसिक) साहस, मानव शक्ति तथा प्रशक्ति के ज्ञान, आदेशों तथा निर्णयों में स्पष्टता एवं सर्वोपरि उत्तरदायित्व की भावना में उनका व्यक्तिगत उदाहरण ही नेतृत्व का पर्याय है।

जैसा कि अतीत में कहा जाता रहा है कि विनोद के बिना नमक मिले मांस के तुल्य है किन्तु विनोद शब्द को उपालम्भ तथा व्यंग के अर्थ में नहीं लेना चाहिए। व्यंग कसने से पूर्व नेता को श्रोतागण का स्तर निर्धारित करना चाहिए क्योंकि किन्हीं विषयों में वह श्रोताओं के हृदय पर व्याघात पहुंचा सकता है और पहुंचाता है और खूब पहुंचाता है मुख्यकर जब वे उत्तर देने में असमर्थ होते हैं।

उत्तम नेता सदैव अपने अनुयायियों को विश्वास दिलाता है कि उनका हित उसके हाथों में सुरक्षित है। जो भी व्यक्ति उसके अधीन है उनके मस्तिष्क के सब संभ्रम उसे हटाने चाहिए और अपने उद्देश्य तथा ध्येय उनको स्पष्ट कराने चाहिए। उसमें ऐसी प्रतिभा तथा उत्तमता होनी चाहिए कि वह निज अनुयायियों की सराहना करे तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके सुधारने का साहस करे। जैसे नेता आशा करता है वैसे ही अनुयायी भी और सम्यक् प्रकार से यह आशा करते हैं कि वह उन्हें आवश्यक निर्देशन, साहाय्य, मदद, प्रोत्साहन, मान्यता, निष्पक्षता, विश्वासनीयता और सबसे बढ़कर सत्यनिष्टा दर्शाये। नेता को क्या अनुयायी तथा क्या वरिष्ट पुरुषों के प्रति सत्यनिष्ठ होना चाहिए। अनुचित निष्ठा कभी-कभी लाभ के स्थान पर हानि कर बैठती है। यह माना जायेगा कि कर्त्तव्य-पालन से आदर उद्भूत होता है ना कि आतंक से। नेता को सुदृढ़ किन्तु सब अधीनस्थों के प्रति दयालु एवं सच्चा होना चाहिए। उसका मनोवल दृढ़ होना चाहिए; किन्तु विविध स्थितियों तथा परिस्थितियों के अनुरूप सदैव नियंत्रित हो। साथ ही उसका विनम्र स्वभाव होना अपेक्षित है क्योंकि अभद्र स्वभाव कभी भी औचित्य का विकल्प नहीं है।

उत्तम नेता कभी ऐसे प्रतिज्ञायें नहीं करता जो वह पूर्ण नहीं कर सके। मिथ्याप्रण उस विश्वास तथा श्रद्धा को नष्ट कर देते हैं जो उसमें अपेक्षित है। यह बताना असंगत नहीं होगा कि भ्रांतियों तथा बोध भ्रमों के कभी-कभी उत्पन्न होने पर विचार विनमय द्वारा दूर किया जाना तथा संदेहों को मिटाना उत्तम तथा फलप्रद रहता है।

नेता का चरित्र उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना सूर्यालोक प्रत्येक प्रकार के जीवन को। उसे 'पुरुष' बनना चाहिए । दिवंगत राष्ट्रीय कवि मैथिलीशरण गुप्त ने कहा है —'पुरुष हो पुरुषार्थ करो, उठो'

Whose armour is his honest thought.

And simple truth his mighest skill.

जिसका कवच सदा रहता है केवल उसका सत्य विचार।

सीधा सत्य सदा जिसका है सर्वोत्तम कौशल व्यवहार ॥

अंतिम किन्तु अनल्पतम नहीं बात यह है कि नेता को देखना होता है कि किन परिस्थितियों में क्या सच्चाई व्यवहृत करनी चाहिए। जयाजय का ध्यान नहीं करते हुये कर्त्तव्य का पालन सच्चाई से, निष्ठा से तथा सद्भावना से अवश्य करना चाहिए।

Honour and shame from no occasion arise,

Act, act well thy part and there all the honour lies.

यश अपयश अवसर करे कभी नहीं उद्भूत।

कीर्ति अमिट उसकी रहे कार्य करे जो पूत।

> सहकारिता शक्ति की प्रगति की अपेक्षा सभ्यता की प्रगति का अन्य कोई सच्चा मापदण्ड नहीं है।
>
> (जे० एस० मिल)

गौरव-गाथा

(ख) गणतंत्र दिवस पर गुणोत्कृष्ट सेवा-पदक

गणतंत्र दिवस के अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के निम्नलिखित कर्मचारियों को गुणोत्कृष्ट सेवा के पुलिस पदक प्राप्त हुये—

1. श्री एस० बी० नारायण राव, कमांडेंट 35वीं बटालियन।
2. सूबेदार साधूसिंह, 18वीं बटालियन।
3. जमादार राजेन्द्र सिंह, पहली बटालियन।
4. जमादार शेरखान, 53वीं बटालियन।
5. जमादार दर्शन सिंह, 36वीं बटालियन।
6. हैड कॉंस्टेबिल नदिया चन्द पटनायक, संकेत ग्रुप केन्द्र।
7. हैड कांस्टेबिल फौजा सिंह, केन्द्रीय प्रशिक्षण केन्द्र नं० 1.
8. हैड कांस्टेबिल दर्शन सिंह, 57वीं बटालियन।

(ग) के० रि० पु० दल की टुकड़ी

गणतंत्र दिवस पर इस वर्ष में के० रि० पु० दल की टुकड़ी का नेतृत्व डी० वाई० एस० पी० नगेन्द्र सिंह ने किया । डी० वाई० एस० पी० टी० एस० ढिल्लों उनके सहायक थे।

इस टुकड़ी में 108 जवान तथा दो अधिकारी थे। इनमें सूबेदार गुरदयाल सिंह के नेतृत्व में 89 जवान पाईप और ब्रास बैंड बजाने वाले भी थे।

के० रि० पु० दल की गणतंत्र दिवस की टुकड़ी में अपना नाम पा लेना कठिन कार्य है। जवानों का चुनाव कंपनी, बटालियन, रेन्ज तथा अन्तररेन्ज स्तर पर होता है। एक जवान तब ही अन्तिम रूप से के० रि० पु० दल की टुकड़ी में लिया जाता है जब उसकी क्षमता अन्तररेन्ज स्तर पर आंकी जाती है।

सदा की भांति, इस वर्ष की टुकड़ी राष्ट्र की एक प्रतिमूर्ति थी। इसके अन्दर देश के सभी सम्प्रदायों के सदस्यों का समाहार था। इस धर्मनिरपेक्ष रूप में ही इस दल की शक्ति एवं निष्पक्षता की भावना सम्मिलित है जिसके लिए के० रि० पु० दल का मान है।

गणतंत्र दिवस पर राजधानी में इस टुकड़ी के सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन ने बारम्बार सराहना प्राप्त की।

क्या आप जानते हैं ? अवकाश प्राप्त मनुष्यों को अपनी पेंशन नियमित रूप से लेना चाहिए

सरकार के सम्मुख ऐसे अनेकों दृष्टांत आये हैं जिसमें सेवा प्राप्त सशस्त्र दलों के सदस्यों ने अपनी पेंशन एक या उससे अधिक वर्ष में नहीं ली है। वे अपनी पेंशन को इस धारणा से एकत्रित करते रहते हैं कि वह उनको बचत होगी।

प्रचलित नियमावली के अनुसार यदि कोई अधिकारी या उसका परिवार 12 मास तक पेंशन नहीं लेता है तो उसका नाम पेंशन प्रतिष्ठान से काट दिया जाता है । जवान और उनके परिवार का नाम तीन -वर्ष तक पेंशन न लेने के उपरांत पेंशन प्रतिष्ठान से काट दिया जाता है।

उनका पेंशन प्रतिष्ठान में पुनः नाम आना केवल पेंशन स्वीकार करने वाले प्राधिकारी की इच्छा पर निर्भर है। इससे बिलम्ब हो जाता है और पेंशन की बकाया राशि की हानि होती है । सुतराम् पेंशन पानेवालों को यह मंत्रणा दी जाती है कि वे अपनी पेंशन नियमिन रूप से लेते रहें।

रिपोर्ताज—मुखरित मौन

—श्री वेरू

शीत काल के ठिठुरते प्रभात में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के एक सहायक कमांडेंट ने मेरठ के नियंत्रण-कक्ष में प्रवेश किया तथा दिसम्बर के साम्प्रदायिक दंगों से उत्पन्न कानून एवं व्यवस्था की समस्याओं से जूझते हुए परिक्लांत अधिकारियों से वह मिले। उनसे व्यग्रतापूर्वक यही प्रश्न पूछा गया कि वह कितना दल अपने साथ लाये हैं और वह कब मेरठ पहुंचेगा। जब उन्होंने उत्तर दिया कि तीन कम्पनियां आ ही चुकी हैं और शीघ्र ही सेवा-भार उठाने को कटिबद्ध हैं तब उन अधिकारियों को साहस की भावना एवं चैन की सांस मिली। छोटी मोटी प्रारम्भिकताएं निश्चित करके दल अपना सारा बिस्तर बोरिया पटक 9 बजे पूर्वाह्न तक नगर में सेवा-रत हो गया।

दिनांक 12 दिसम्बर 1973 की मध्यरात्रि को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की टुकड़ी को मेरठ जाने के आदेश मिले और वह 7 बजे से पूर्व मेरठ में आ पहुंची । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की परम्पराओं के अनुसार जवानों ने विलक्षण सत्वरता दर्शायी।

मेरठ नगर के संघर्षों का अपना इतिहास है। यह वही नगर है जहां 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का श्रीगणेश हुआ था । नगर में लगभग 60 प्रतिशत हिन्दू तथा 40 प्रतिशत मुस्लिम वाली 3.5 लाख की मिली-जुली जनसंख्या है। उपद्रव ग्रस्त क्षेत्र साधारणतया थे—गूदड़ बाजार, वीरकुंआ, दिल्ली गेट, कोतवाली तथा रेलवे मार्ग थाने के क्षेत्र । इनमें संकीर्ण गलियाँ तथा छोटी किन्तु सामान भरी दुकानों वाले बाजार है।

नगर में पहुंचते ही दल का अधिकांश व्यक्तियों ने स्वागत किया क्योंकि उसकी उपस्थिति ने अवांछनीयों में आतंक छा दिया तथा शांति प्रिय जनता-जनार्दन में विश्वास ला दिया। कर्फ्यू लगाया जा रहा था। खिड़कियों से झांक-झांक कर मनुष्य बन्दूकें तथा लाठियां लिये, शरीर-वस्त्रों से सज्जित तथा ढालें लिये जवानों को देख रहे थे। इसने अभीष्ट प्रभाव दिखलाया।

इस दल की टुकड़ी के अधिकारी लगभग सभी पुलिस थानों में गये तथा स्थानीय इन्सपेक्टरों (निरीक्षकों) एवं अन्य अधिकारियों से मिले जिन्होंने अब स्थिति को सुलझने में और अधिक विश्वास दिखाया।

देश के सभी भागों तथा धर्मों के जवानों से निर्मित इस दल की धर्मनिरपेक्षता ने जनता पर अपना ही प्रभाव डाला। 13 दिसम्बर 1973 की संख्या को एक मुठभेड़ में जब एक गश्ती दल पर एक जाति के सदस्यों ने पथराव किया तब एक सबइन्सपेक्टर उच्च स्वर से बोला "कांस्टेबिल गुलाम मुहम्मद दीवार के पास जाओ और फाइर करो।" इतने में स्काउट को बढ़ने में पर्याप्त समय मिल गया। इस विशिष्ट घटना में कुछ जवानों के चोटें आ गई किन्तु स्थानीय जनता वस्तुतः दुःखी हुई कि के० रि० पु० दल दुर्भाग्यवश घटना ग्रस्त हुआ।

के०रि० पु० दल की टुकड़ी के पहुंचते ही सेना बुलाने की आवश्यकता समाप्त हो

गई। 14 दिसम्बर के प्रातःकाल तक प्राधिकारी-गण कर्फ्यू में ढील देने योग्य हो गये तथा उन्होंने अत्यन्त उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों तक में ढील देने की सोची। के० रि० पु० दल के कमांडेंट जो निरीक्षण को आये थे अपने जवानों द्वारा गश्त लगाते हुए प्रत्येक क्षेत्र में गये। उसी दिन जब 3 बजे अपराह्न को जब कर्फ्यू में ढील दी तब मेरठ के उजड़े हुए भागों में चहल-पहल हो गई। कमांडेंट ने एक रिक्शावाले को यह शिकायत करते सुना "कब यह (बेकार का) संकट दूर होगा ? सब पूंजी खर्च हो चुकी है।"

इस विकट शीत काल में के० रि० पु० दल को टुकड़ियों ने राशन की दुकानों पर पहरा दिया जहां राशन देने का व्यापार तीव्र गति से चला। नगर प्रदाय प्राधिकारियों के अनुसार सरकारी दुकानों ने सभी आवश्यकता ग्रस्त व्यक्तियों को राशन दिया। बाहर आये व्यक्तियों की सुरक्षा तथा अवांछनीय तत्वों को दूर भगाने के लिए उन्हें प्राणपण से पहरा देना पड़ा। साथ ही 'रक्षकों' को (जैसा कि अब के० रि० पु० दल के जवान पुकारे जाने लगे थे) यातायाती व्यवधानों को (जो इन कारणों से हो ही जाने थे) नियंत्रणहेतु सहायता देनी पड़ी। 18 दिसम्बर 1973 तक सामान्य स्थिति लगभग लौट आई।

शरीर-त्राण पहनें, बंदूकें तथा ढालें पकड़े तथा अश्रुगैस संयंत्र को लिये इन जवानों को बहुत घंटों काम करना पड़ा। यह जान कर विनोद होगा कि जवान लगभग 9 बजे पूर्वाह्न सेवा भार उठाने चले जाते थे और रात्रि को 10 बजे अपनी बैरिकों को लौटते थे। दुखदायी शीत लहर के आने पर भी (जो दुर्भाग्यवश उन दिनों मेरठ में चल रही थी) जवानों ने कर्त्तव्य परायणता तथा देश भक्ति दर्शायी। रात्रि प्रहरी समस्त रात्रि पहरा लगाते थे जिससे अन्य मनुष्य सुरक्षित सो सकें।


के० रि० पु० दल की टुकड़ियों ने पुलिस स्थानीय प्रशासन, राजनैतिक नेताओं तथा जन साधारण सभी से धन्यवाद प्राप्त किया। जो आराम तथा शांति आज मेरठ में विराजमान है के० रि० पु० दल की उस प्रशंसनीय भूमिका की गुणावलि गा रही है जो उसने उपद्रव काल में निभाई थी।

शाकों के बढ़ते मूल्यों में कभी इन्हें भी बनाये :—


1. केले के छिलके में हरी मिर्च, हल्दी, हींग, नमक, सिरका डालकर इन्हें धीमी आंच पर भूनिये और लाल होने पर केले के छिलके के कतले डालकर उचित मात्रा में नमक तथा पानी भी डालिये और चलाते रहिये। फिर केले के छिलकों का शाक तैयार है।

2. तोरई के छिलकों के भी टुकड़े कर लीजिए। फिर हल्दी, हींग, नमक तथा थोड़ा पानी डालकर कढ़ाई में पकाइये। दस मिनट बाद स्वादिष्ट भोजन तैयार हो जायेगा।

4. खरबूजे के छिलके के टुकड़े कर लो। फिर कढ़ाई में हींग, हल्दी, नमक, जीरे का छौंक लगानो और उसमें टुकड़े डाल दो। थोड़ा सा पानी तथा चीनी डाल कर कुछ मिनट पकायो। अच्छा भोजन बन जायेगा।


उपद्रव ग्रस्त मेरठ में
सेवा-रत पुलिस

॥ 1974 क गणतंत्र दिवस पर जवानों



रजिस्टर नं० 23788/72



कैपलर

के० रि० पु० दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका

द्वैमासिक

खण्ड 3] [संख्या 1

30 अप्रैल 1974] [10 वैशाख 1896



उपद्रव-ग्रस्त पटना नगर में परित्राण हेतु के० रि० पु० दल के जवान

क्रैपलर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका

[हिन्दी संस्करण द्वैमासिक]

28 फरवरी 1974 के—**हिन्दी क्रैपलर**—में प्रकाशित निम्नलिखित कृतियां पुरस्कृत/प्रशंसित हुईं :—

1. **लेख**:—'1973 में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल'—लेखक **श्री सत्य प्रकाश भारद्वाज स्टेनो,** कार्यालय महानिरीक्षक सैक्टर-3—(रु. 40/-)
2. **'चुटकले'** प्रस्तुतकर्ता—**श्री के०ए० अग्रवाल,** अनुभाग अधिकारी (**लेखा**) (प्रशंसित)
3. **लेख**:—'संक्रामक रोग और उनसे बचाव'—लेखक **जे० एस० शर्म्मा**, प्रशासन अधिकारी (प्रशंसित)

खण्ड 3

संख्या 1

30 अप्रैल, 1974

10 बैशाख, 1896

मुख्य सम्पादक :

एच० एस० सेठी

हिन्दी सम्पादक :

जे० एस० शर्म्मा

सम्पादकीय कार्यालय :

द्वारा महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, वेस्ट-ब्लाक-8, रामकृष्णपुरम नई दिल्ली-110022

मुद्रक तथा प्रकाशक :

मुद्रक—दि कैक्स्टन प्रेस प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली-110055

महानिदेशक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की ओर से **श्री एच० एस० सेठी** द्वारा प्रकाशित

मुख्य पृष्ठ



भुवनेश्वर ग्रुप केन्द्र का उद्घाटन

इस अंक में :

1. पटना में पत्रकार सम्मेलन—लेखक **श्री एच० एस० सेठी** जन सम्पर्क अधिकारी
2. लेख
(क) भुवनेश्वर का ग्रुप केन्द्र
(ख) राज्य निर्वाचनों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का योगदान
3. क्रीड़ा क्षेत्रे
(क) मल्ल-योद्धा श्री सुखवन्तसिंह
(ख) 24वीं राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियन शिप में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस-दल
4. एकांकी
मौत का घाट—लेखक श्री जे. एस. शर्म्मा, प्रशासन अधिकारी
5. कहानी
'अमर सुहाग' - लेखक श्री कंवल भान यादव, कांस्टेबिल, 59 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल
6. गौरव गाथा
(क) देश सेवा में—लेखक—श्री एच०एस० सेठी, जन सम्पर्क अधिकारी
(ख) शौर्य-पदक
7. स्वास्थ्य संदेश
'ग्रीष्म ऋतु तथा पेय पदार्थ'—लेखक श्री जे. एस. शर्म्मा, प्रशासन अधिकारी
8. विज्ञान के चढ़ते चरण
9. विविध
(क) क्या आप जानते हैं ?
(ख) फूल खोजिये
(ग) सूक्ति सुधा
(घ) यह भी खूब रही
(ङ) पहेलियां



पटना के पत्रकार सम्मेलन में के० रि० पु० दल के महानिदेशक श्री बी० बी० मिश्र

<u>पटना में पत्रकार सम्मेलन</u>

एक अभूतपूर्व सम्मुखन

लेखक : श्री एच० एस० सेठी

दिनांक 26 मार्च 1974 को श्री बी० बी० मिश्र महानिदेशक के० रि० पु० दल ने उपद्रवग्रस्त पटना नगर में पत्रकारों से भेंट की। पत्रकार भारी संख्या में थे।

वह एक ऐसा "सम्मेलन" था जो उस प्रमुख नगर के पत्रकार स्मरण रखेंगे। व्यापक हिंसा तथा नग्न मृत्यु के ताण्डव के तुरन्त उपरान्त ही वे महानिदेशक महोदय से कुछ 'गर्मा गरम' तथ्य जानने के इच्छुक थे कि उसका दोष कैसे अविभाजित किया जाय, उस संघर्षमय स्थिति की अवधि को कैसे निर्धारित किया जाय, अन्य पुलिस दलों की क्षमता क्या रही, सेना को बुलाना कहां तक बुद्धिमत्ता थी तथा इस दल को कौन से पग उठाने चाहिए इत्यादि, इत्यादि। अस्तु, श्री मिश्र का इन प्रश्नों से कोई सम्बन्ध नहीं था। सर्वप्रथम उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेशों पर ही के० रि० पु० दल वहां स्थित है, कानून एवं व्यवस्था स्थापित करने के लिए यह राज्य सरकार के ठीक अधीन कार्य कर रहा है तथा सरकार के बांछित समय से अधिक एक दिन भी वहां यह ठहरना नहीं चाहेगा।

महानिदेशक महोदय ने स्वयं अपना इस प्रकार परिचय देते हुए सम्मेलन का सुन्दर प्रारंभ किया "मेरा नाम ब्रज बिहारी मिश्र है और इसका सर्वोत्तम भाग है "बिहारी"।

महानिदेशक ने अपने तुरतोत्तरों से प्रत्येक को प्रभावित किया। यह पूछे जाने पर कि क्या के रि० पु० दल पर अपनी कोई intelligence service 'प्रज्ञा-सेवा' है उन्होंने उत्तर दिया कि हम पर प्रज्ञा सेवा नहीं होकर अपनी प्रज्ञा (intelligence) है"।

फिर उनसे यह पूछे जाने पर कि के. रि० पु० दल की गोली से कितने मनुष्यों के प्राण पखेरू उड़ गये उन्होंने कहा कि "यह नहीं बताया जा सकता क्योंकि दुर्भाग्यवश

"के० रि० पु० दल" शब्दावाले किसी गोली पर नहीं आंकेत है तथा के० रि० पु० नाम की कोई विशिष्ट गोली ऐसी कोई वस्तु नहीं है।"

महानिदेशक महोदय ने पत्रकारों को युद्ध एवं शांतिकाल में के० रि० पु० दल की भूमिका के विषय में अवगत कराया यहां तक कि हाट स्प्रिंग पर चीनी आक्रमण के समय, कच्छ के रन के संघर्ष में तथा अंतिम पाक युद्ध में चिकेन नेक पर इस दल के प्रशंसनीय कार्यकलापों का उल्लेख किया। निखिल देश के सब भागों में कानून तथा व्यवस्था को बनाये रखने में इस दल के कठिन कर्त्तव्यों के विषय में उन्होंने पत्रकारों को बताया। उन्होंने दल के मानवीय कृत्यों पर भी बल दिया।


दल में ग्रुप केन्द्र की अवधारणा के विषय में पत्रकारों ने अत्यन्त उत्सुकता दर्शायी। इससे पूर्व महानिदेशक ने उन्हें बताया था कि देश के विविध भागों में 62 करोड़ रु. की लागत पर 17 ग्रुप केन्द्र निर्मित होंगे तथा उनमे से 14 ऐसे केन्द्र स्थापित भी हो चुके हैं।

महानिदेशक महोदय ने कहा कि उन्हें सन्तुष्टि है कि उनके जवान कर्त्तव्य परायण हैं।

पत्रकार सम्मेलन में अन्य व्यक्तियों के अतिरिक्त श्री एस० ए० अब्बास, महानिरीक्षक सैक्टर II, श्री एस० पी० मिश्र, उपनिदेशक दुर्गापुर तथा 35 और 44 बटालियनों के (समादेष्टा) कमाडेण्ट उपस्थित थे।

सरदार पटेल का भावभीना संदर्भ देते हुए श्री बी० बी० मिश्र ने कहा कि के० रि० पु० दल वस्तुतः एक राष्ट्रीय दल है जिसमें सभी राज्यों के सभी भाषा वाले व्यक्ति हैं जो सभी सभ्यताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसी बात ने इस दल को एक अद्वितीय निष्पक्षता के साथ कर्त्तव्य निभाने की क्षमता प्रदान की है।

सम्वाददाता सम्मेलन एक सरल एवं शांत वातावरण में सम्पन्न हुआ।



पटना-उपद्रवों में जन-प्रकोप का प्रतीक— एक भस्मीभूत पेट्रोल पम्प

कहानी

अमर सुहाग

लेखक-श्री कवलभान यादव, ५६ बटालियन

लगभग तीन वर्षों के बाद हेमन्त कुमार दो महीने के अवकाश हेतु मेजर शर्मा के सामने खड़ा था । अवकाश की स्वीकृति मिलने के बाद चुस्त वर्दी में खड़ा हेमन्त अपने अफसर को फौजी अभिवादन करके कार्यालय से बाहर चला गया तथा घर जाने की तैयारियां करने लगा।

गाड़ी के सबसे आखिरी मिलिटरी डिब्बे में बैठा हेमन्तकुमार सबसे बेखबर एवं शांत था। परन्तु उसके अंतःस्थल में उतरते चढ़ते भाव उसके चेहरे से स्पष्टतया पढ़े जा सकते थे । फौज में भर्ती होने के बाद प्रथम बार घर जाते हुए हेमन्त के दिल में परिवार से मिलने की उत्कंठा थी।

लगभग चौबीस घंटे के पश्चात् वह अपने परिवार के बीच पहुंच चुका था। सभी से मिलकर अपने वर्षों के अकेलेपन को दूर कर रहा था। हेमन्त के आने का मूलभूत कारण थी उसकी शादी। शादी की घड़ी भी आ पहुंची एवं अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेने के बाद हेमन्त एवं ऊषा एक दूसरे के पवित्र बंधन में बंध गये। दूसरे दिन हेमन्त साथ में एक सुशिक्षित, सुन्दर एवं परिवार से अजनवी दुल्हन लेकर आया

था तथा माता-पिता के चरण स्पर्श करके आशीर्वाद प्राप्त कर रहा था। परन्तु कभी-कभी मधर एवं पवित्र मिलन या तो प्रकृति से नहीं देखा जाता अथवा उस आक्रामक पाकिस्तान से न देखा गया जिसने शांतिप्रिय भारत भूमि पर अपने नापाक कदम रखने के लिए हमला कर दिया था। शाम को आकाश वाणी ने आपत् स्थिति की घोषणा की एवं सभी जवानों को वापिस अपनी यूनिटों में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया । समाचार सुनकर सारा परिवार उदास था। परन्तु हेमन्त कर्त्तव्य एवं प्यार के बीच उलझा था। एक ओर मशीनगनों, तोपों, गोले एवं गोलियों की गड़गड़ाहट और दूसरी तरफ उसकी अर्धाङ्गिनी ऊषा थी। चुनाव हेमन्त को करना था। सफलता कर्त्तव्य को मिली एवं हेमन्त तुरन्त ही अपनी यूनिट में पहुंचने को अधीर होने लगा। वीर पुरुष का रक्त भारत मां पर संकट देख कर उबल गया था। परन्तु एक बार ऊषा के साक्षात्कार की उत्कंठा को न रोक सका और ऊषा के कमरे की ओर चल पड़ा जहां आज की ही आई ऊषा सारी लज्जा छोड़कर अपने सुहाग के दर्शन को खड़ी थी। अपने पति को सामने देखकर ऊषा के होंठों से शब्द नहीं निकल पा रहे थे; हां, अवश्य ही पवित्र आंसू आंखों से निकलकर कपोलों को गीला कर रहे थे । ऊषा के आंसू हेमन्त की दृढ़ प्रतिज्ञा को चुनौती दे रहे थे । समय कम था । हेमन्त उसे समझाने लगा, "भारत मां के सच्चे प्रहरी का अनिष्ट कभी नहीं होता, यदि तुममें सत्यता है तो तुम्हारा सुहाग अमर रहेगा, यदि तुम्हें मुझ से सच्चा जीवन का संबंध एवं पवित्र प्यार है तो मुझे आंसुओं से नहीं बल्कि मुस्कराहटों के बीच से जाने दो ताकि अपने कर्त्तव्य का पालन अच्छी तरह कर सकूं।" एक सैनिक की अर्धाङ्गिनी होने के नाते ऊषा के आंसू रुक चुके थे और वास्तव में हेमन्त अपनी जीवन संगिनी की मुस्कराहटों के साथ अपनी मंजिल की ओर चल पड़ा।

हेमन्त अपनी युनिट में पहुंच चुका था एवं वहां से रणभूमि में मेजर शर्मा की कंपनी अपने डिफेंस में थी एवं हेमन्त भी मेजर साहब के बाये मोर्चे में खड़ा अपनी मशीनगन साधे किसी भी क्षण धुआंधार गोलाबारी करने को सन्नद्ध था। शत्रु के फौजी दस्ते के उसी रास्ते से आने की खबर मिल चुकी थी। धीरे-धीरे समय नजदीक आता जा रहा था और सभी अपने हथियार सम्हाले मेजर शर्मा के संकेत का इंतजार कर रहे थे। निर्धारित समय पर दुश्मनों की एक भारी टुकड़ी निर्भयतापूर्वक आगे बढ़ती आ रही थी। उन्हें अपने सिर पर नाचती मृत्यु का आभास तक नहीं था । एक साथ ही मेजर शर्मा की बहादुर कंपनी की गनें गरज उठीं एवं शत्रु सेना को विस्मित कर दिया। जवाबी फायरिंग भी शुरू हो चुकी थी परन्तु विजय श्री इस टुकड़ी को ही मिली और साथ ही भारी संख्या में विदेशी हथियार भी। शुभ सूचना हेड क्वार्टर को पहुचा दी गई और फिर बहादुरों की इस टुकड़ी को दूसरा निर्देश मिला।

मेजर शर्मा की टुकड़ी शत्रु सीमा में प्रवेश कर रही थी परन्तु सतर्क दृष्टि से । लड़ाई फिर भी लड़ाई ही होती है । रास्ते में पाक सेना की कई टुकड़ियां मोर्चेबन्दी किये हुए थीं । अकस्मात् इस कंपनी पर गोले एवं गोलियां गरज उठीं । परन्तु क्या था, फायर के जबाव में फायर होने लगे। किन्तु शत्रु-सेना बहुत ही ज्यादा संख्या में थी,

अतः विजय पाना असंभव दिखाई देने लगा। स्थिति को देखते हुए कंपनी को पुनःसंगठन के लिए वापसी और पीछे आकर मोर्चेबंदी करके मुकाबला करने की योजना के निर्देश प्राप्त हुए । मेजर शर्मा शत्रु सेना के फायर का जबाब स्वंय देने लगे एवं पूरी टुकड़ी को वापस जाने का आदेश भी। सभी चले गये परन्तु हेमन्त अभी भी अपने कमांडर के बगल में अपनी मशीनगन से गोलियां दाग रहा था। हेमन्त मेजर साहब से कह रहा था "सर, आप वापस चले जाइये, ज्योंही ये शत्रु आगे बढ़ेंगे आपको पाकर यह कंपनी पुनः संहार कर देगी। मै अकेले मोर्चे को सम्हाल लूंगा एवं मेरी गोलियों के समाप्त होने से पहले आप सुरक्षित हो जायेंगे।"

हेमन्त ने मेजर शर्मा को वापिस जाने को वर वश कर दियाएवं अकेले ही हेमन्त की गोलियां शत्रु सेना को व्याकुल करती रहीं। गोलियां समाप्त होने वाली थी एवं हेमन्त खुली जगह में आकर शत्रु सेना का अधिकाधिक विध्वंस करना चाहता था। परन्तु ऐसा करते ही इस वीर की स्थिति स्पष्ट हो गई एवं कई गोलियां एक ही साथ हेमन्त को लगी तथा वह होश खो बैठा । जब शत्रु सेना आगे आई थी तब केवल एक ही शत्रु को पाकर चकित रह गई । शत्रुओं ने अपनी उदारता का परिचय दिया एवं हेमन्त को अस्पताल भेज दिया ।

युद्ध थमा; परन्तु हेमन्त का पता चल ही नहीं सका। उसे मेजर साहब न ऐसी परिस्थिति में जूझते हुये देखा था कि उसे शहीद करार देना ही पड़ा। सरकार ने बहादुरी के लिए मरणोपरांत उसे वीर-चक्र प्रदान किया। अधिकारी गण परिवार को सान्त्वना दे रहे थे। परिवार का चिराग बुझ चुका था। माता-पिता के सपने बिखर गये थे। ऊषा का सिंदूर मिट चुका था। परन्तु हेमन्त के कहे आखिरी वाक्य अभी भी उसे आशा की किरण मालूम पड़ रहे थे ।

हेमन्त को शहीद हुए चार महीने व्यतीत हो गये थे एवं लोग उसे भूलते जा रहे थे। ऊषा के पिता उसे अपने घर ले जाना चाहते थे। परन्तु ऊषा जो कल सुहागन बनकर आई थी आज अभागन बनकर नहीं जाना चाहती थी। ऊषा के परिवार के लिए जब हेमन्त ही न रहा तो ऊषा के रहने का कोई औचित्य ही नहीं था। काश! समाज ऊषा के उच्च विचार एवं शिक्षा के महत्व को समझ सकता । परिवार की दृष्टि में ऊषा कलंकिनी थी जिसके आते ही उनका दीपक बुझ गया। ऊषा स्वाभिमानी थी; अतः अपनी आत्मा का हनन न कर सकी एवं एक रात को परिवार के नाम पत्र लिखकर लखनऊ चल दी जहां उसने शिक्षा ग्रहण की थी। अपनी प्रधानाचार्या श्रीमती निर्मला देवी के कारण उसे विद्यालय में अध्यापिका नियुक्त कर दिया गया । दिवस बीतते रहे और ऊषा माता तुल्य प्रधानाचार्या के साथ रहने लगी। इधर जब संधि हुई तब हेमन्त पूर्ण स्वस्थ होकर स्वदेश वापस आ गया। उसे पदोन्नत किया गया तब अवकाश लेकर हेमन्त घर पहुंचा। अपने कुल-दीपक को पाकर सभी कुल जन प्रफुल्लित थे परन्तु ऊषा का कहीं पता न था। और ऊषा के बारे में हेमन्त ने जो कुछ भी सुना उस पर विश्वास करना पड़ा क्यों कि संदेह को कोई स्थान नहीं था। उसके सपने बिखर गये और जीने की उत्कंठा भी समाप्त होने लगी।

आज सरोजनी कन्या विद्यालय के प्रांगण में सेनाओं के खेलकूदों का प्रयोजन था एवं हेमन्त को भी आमंत्रित किया गया था। हेमन्त निर्धारित समय पर लखनऊ पहुंचा एवं एक होटल में ठहरने का इंतजाम करके मैच देखने चला गया। सभी के बीच होते हुए भी हेमन्त अकेला था। मैंच शुरू हो गया एवं प्रधानाचार्या महोदया उपस्थित व्यक्तियों को धन्यवाद दे रही थीं तभी हेमन्त की दष्टि निर्मला देवी के बगल में बैठी महिला पर पड़ी एवं वह छटपटा पड़ा। आग पुनः धधक उठी एवं एक क्षण भी रुकना असह्य हो गया। मैच अधूरा छोड़कर हेमन्त चल पड़ा, ऊषा से भी न रहा गया और पीछे-पीछे चली गई।

वह होटल पहुंच चुका था तथा उसके पैरों से लिपटी ऊषा अपनी सत्यता बता रही थी परन्तु आज ऊषा के आंसू उसकी सत्यता के प्रमाण न दे सके। ऊषा को हेमन्त ने बाहर निकाल दिया और अब उसे अपने वर्षों की तपस्या निरर्थक मालूम पड़ने लगीं।

ऊषा सीधे ही प्रधानाचार्या महोदया के पास गई एवं सारा पता बताकर अपने निवास चली गई। कार्यक्रम की समाप्ति होते ही निर्मला देवी अपने कमरे में गई एवं ऊषा को गहरी चिंता तथा वेदना के बीच सोया हुआ पाया। उसके गाल आंसुओं से भीगे पड़े थे। सीने पर पड़ी तस्वीर एवं डायरी प्रधानाचार्या ने उठा ली तथा देखने लगीं। तुरन्त ही वह हेमन्त से मिलने चल दीं।

होटल में निर्मला देवी ऊषा की सच्चाई को प्रमाणित करने की पूरी कोशिश कर रही थीं; परन्तु हेमन्त कुछ भी सुनने को तैयार नहीं था। एक महान उपदेशक के वाक्य भी हेमन्त के दिल में समाज द्वारा भरी घृणा को न बदल न सके और उन्होंने आखिरी प्रयत्न उषा की डायरी हेमन्त को देकर किया।

हेमन्त डायरी को पढ़ता गया एवं आखिरी पृष्ठों तक पहुंचते-पहुंचते आंखों में आंसू छलक पड़े। वह तुरन्त ही ऊषा से क्षमा याचना हेतु चल पड़ा। प्रधानाचार्या के साथ ज्यों ही वह उनके कमरे में गया, ऊषा ने देखा एवं अपने सुहाग को सामने देखकर उसके पैरों पर झुकने लगी; परन्तु बीच में ही हेमन्त ने उसे अपनी भुजाओं का सहारा देकर सीने से लगा लिया। ऊषा को न समझ सकने के कारण वह क्षमायाचना कर रहा था। प्रधानाचार्या पवित्र मिलन को देखकर अत्यन्त ही प्रसन्न थीं एवं खुशी के आंसू उनकी आंखों में आ गये थे।

हेमन्त को उसकी ऊषा एवं ऊषा को उसका अमर सुहाग वापस मिल गया था और वे श्रीमती निर्मला देवी के चरण स्पर्श करके आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। दुःख के बादल समाप्त हो चुके थे एवं सुख की घड़ियां उस दम्पति के मधुर एवं पवित्र मिलन के स्वागत की तैयारी कर रहीं थीं।

विज्ञान के चढ़ते चरण

—1—

पैट्रोल में उत्पादित वस्तुओं के बढ़ते मूल्यों को देखकर न्यूयार्क के पाईंट के ओर

टयूब कारपोरेशन ने आंलमो नामक सांलेष्ट तेल उत्पादित किया है। इसके प्रयोग से हार्से पावर 20 प्रतिशत बढ़ जाती है, ईंधन की एक तिहाई कमी होती है और आलमो को 50,000 मीलों के उपरान्त बदलना पड़ता है। यह भारी वाहनों को तो विशेषकर उपयोगी है और उनके रखने तथा मरम्मत में काफी बचत करता है।

—2—

न्यूयार्क की काल्समैन कार्पोरेशन ने एक संगणित अंगुली चिन्हों को पहचानने वाली आधे सैकेन्ड में 'फाइन्डर' नामक पद्धति निकाली है । इससे झूठे हस्ताक्षर भी पहचाने जा सकेंगे।

—3—

मोमबत्ती के प्रकाश में भी तुरन्त चित्र लेने वाला एक थैले के बराबर टेलीविजन कैमरे का न्यूयार्क की जनरल इलैक्ट्रिक रिसर्च एण्ड डेवेलेपमेण्ट सेन्टर ने निर्माण किया है। इसका भार एक पौण्ड से भी कम है।

—4—

भारत ने 18 मई 1974 को राजस्थान के पोकरण क्षेत्र में गत दो दशकों से सक्रिय रहने के पश्चात् परमाणु शक्ति के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए सर्वप्रथम भूमिगत विस्फोट किया जिसके द्वारा कम व्यय में गैस तथा तेल निकालने में सहायता मिलेगी।

गौरव-गाथा

देश-सेवा में

"के० रि० पु० दल के विपुल स्कन्ध हैं"

—जनरल बेवूर

कर्त्तव्यनिष्ठा की भावना से ओत-प्रोत हमारे जवान निखिल देश में सेवा-रत रहे। विज्ञापन की उन्हें मनोकांक्षा नहीं है और ना ही वे मान्यता-प्राप्ति के इच्छुक हैं। ऐसा करना उनके प्रशिक्षण तथा परम्परा के प्रतिकूल है । निष्काम कर्म की भावना में किया कर्त्तव्य ही स्वयं पारितोषिक है। तदपि अनेकों प्राधिकारी तथा जनता के प्रतिनिधि के. रि० पु० दल के प्रति अपनी प्रशस्तियां भेजते रहे हैं।

दिनांक 11 नवम्बर 1973 को जनरल बेवूर स्थल दलाधिकरणिक (चीफ आफ आर्मी स्टाफ) ने सिक्किम में पर्यटन किया तथा हमारे अधिकारियों में से एक का इस प्रकार उनसे परिचय कराते समय कहा गया कि हम वे "व्यक्ति हैं जिन्हें सर्व प्रकार का कर्कश कार्य करना पड़ता है ।" उन्होंने भी वही उत्तर दिया "निश्चय ही। मैं जानता

हूं । के० रि० पु० दल के **विपुल स्कन्ध** हैं।" क्या ही उत्तम ? सेनाध्यक्ष हमारे जवानों के विषय मे जानते हैं और उन्होंने एक संक्षिप्त किन्तु सार्थक अभ्युक्ति में सब कुछ कह डाला। यह अभ्युक्ति हमारे जवानों को उद्दण्ड नहीं बना सकती, वे तो परम्पराओं तथा परिपक्वता के पालने में पले हैं।

गुजरात-अभियान

गुजरात में जब कानून तथा व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने लगी, तो हमारे दो वरिष्ठ अधिकारी उस राज्य को तुरन्त इस लिए भेजे गये कि वह स्थिति का अध्ययन करें कि के. रि० पु० दल की कितनी टुकड़ियां पुनर्वलन को भेजी जायें। 32 बटालियन की तीन कम्पनियां जो कपड़े कर्मचारी हड़ताल के लिए तथा जनवरी 1974 के प्रथम सप्ताह में हुए महाराष्ट्र बंद हेतु बम्बई में कठिनता से अपने कर्त्तव्य पूरे कर पायी थीं शीघ्र ही अहमदाबाद में स्थानीय प्राधिकारियों की सहायता के निमित्त दौड़ा दी गई । के० रि० पु० दल के संसाधन पूर्व ही इति पर पहुंच चुके थे। 41 बटालियन की दो कम्पनियां भी जो अभी-अभी अजमेर में सात वर्ष की अरुणाचल प्रदेश में सेवावधि के उपरान्त पहुंची ही थीं गुजरात में दौड़ा दी गईं। अन्य पुलिस तथा सैन्य तुल्य दलों से भी जवान पुनर्वलन हेतु स्थिति को निपटने के लिए भेज दिये गये। छैः ग्रुप केन्द्रों के अन्य कामों की प्रशासी क्षमता को तिलांजलि देकर वहां के जवानों की तदर्थ कम्पनियां बनाई गई। राष्ट्रपति शासन के अधीन वहां के स्थानीय प्रशासन को सहायता पहुंचाने के लिए ये सब दल अब भी सामान्य स्थिति लाने को यहां कटिबद्ध है।

भव्य विदा

लगभग एक वर्ष आंध्रप्रदेश में सेवा करने के पश्चात् 37 तथा 53 बटालियन की दो कम्पनियों को वहां की राज्य सरकार ने जनवरी 1974 में मुक्त किया। 1973 के विभाजन-उपद्रवों के समय उत्तम सेवा निर्वाहन के उपलक्ष्य में प्रशासन के जिला कलक्टर ने 37 बटालियन को एक सहस्त्र रुपये कृतज्ञता तथा सद्भावना के रूप में प्रदान किये । इसी भांति पश्चिमी गोदावरी के जिला कलक्टर ने एक सहस्त्र रुपये का पुरस्कार तथा एक रजत वर्म (Shield) 53 बटालियन को उस जिले में उत्तम सेवा करने के निमित्त प्रदान किया। 39 बटालियन की एजाल (मिजोराम) से निवृत्ति पर मिजोराम के पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि 'यह बटालियन मिजोराम में उस समय भेजी गई थी, जब उच्च स्तर के अनुशासन, भक्ति, तथा व्यावसायिक कुशलता से परिपूर्ण एक सहस्त्र दल की आवश्यकता थी। मुझे सहर्ष कहना पड़ता है कि इस चुनौती को 39 बटालियन ने प्रशंसनीय ढंग से स्वीकार किया। यह एक अत्यन्त संतोष का विषय है कि विरोधीगण इस बटालियन से मुठभेड़ करते नितांत कतराते रहे।"

अग्नि शमन तथा निस्तारण अभियान

21-1-74 की पोर्ट ब्लेअर (अण्डमान द्वीपमाला) के अवरदीन बाजार में एक भयंकर अग्नि प्रज्वलित हो गई जिसमें लग

भग दो करोड़ रुपये की हानि हुई। स्थानीय प्राधिकारियों के सीमित साधन उस विकराल जाज्वल्यमान अग्नि से निपटने को सर्वथा असमर्थ थे। उसको शमन करने के लिए 43 वटालियन के जवानों ने स्थानीय प्राधिकारियों की प्राण पण से सहायता की। चार घण्टे के अथक परिश्रम के उपरान्त यह अग्नि कहीं काबू में आई। वहां के मुख्या-युक्त (चीफ कमिश्नर) ने हमारे जवानों की विशेष रूप से सराहना की।

इसी प्रकार दिनांक 27 दिसम्बर 1973 को 60 बटालियन के जवानों ने किशनगंज (पश्चिमी बंगाल) में प्रज्वलित एक विध्वंस कारी अग्नि के शमन में बड़ी सहायता की। 20 सहस्र रुपये की सम्पत्ति स्वाहः हो गई, परन्तु हमारे जवानों की सहायता नहीं प्राप्त होने पर तो कहीं अधिक की क्षति होती। कितने ही जवान इस शमन कार्य में दग्ध हो गये। स्थानीय समाचार पत्रों ने के० रि० पु० दल की सामयिक सहायता की उन्मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की।

दो दिन पश्चात 12 बटालियन के जवानों ने भी विशाखापटनम में निज शिविर के निकट प्रज्वलित एक अग्नि के शमन करने में सहयोग दिया तथा मूल्यवान सम्पत्ति को नष्ट होने से बचाया।



महाराष्ट्र राज्यपाल श्री अली यावर जंग द्वारा के० रि० पु० दल के उपमहानिदेशक श्री जे० पी० रिवीरो पुलिस पदक से विभूषित

<u>स्वास्थ्य सन्देश—</u>

। ग्रीष्म-ऋतु तथा पेय पदार्थ ।

लेखक श्री जे० एस० शम्मी

भारतीय पुराणों के अनुसार सृष्टि का आदि तथा अंत जल में ही है। इसी कारण जल को जीवन कहकर पुकारा जाता है। वस्तुतः बात भी ऐसी ही है। आप बिना भोजन के 40 दिन तक जीवित रह सकते हैं किन्तु जल के बिना तो एक सप्ताह भी आप जीवित नहीं रह सकते । स्वयं मनुष्य का शरीर ही जल से निर्मित हुआ है। इसके विभिन्न अंगों में जल का अंश निम्नलिखित मात्रा में उपस्थित है :—

(1) गुर्दे—83% (2) रक्त— 80% (3) मस्तिष्क—79% (4) मांसपेशियां-75% (5) जिगर—70% (6) हड्डी—30 प्रतिशत।

यही नहीं, प्रत्येक भोज्य पदार्थ में कुछ न कुछ जल का अंश विद्यमान रहता है, उदाहरणार्थ—

(1) शाक-90 प्रतिशत (2) दूध-87 प्रतिशत (3) मछलियां-80 प्रतिशत (4) मांस-75 प्रतिशत (5) अण्डे-65 प्रतिशत (6) रोटी-40 प्रतिशत ।

ग्रीष्म ऋतु में तापक्रम बढ़ने से जल की आवश्यकता बहुत बढ़ जाती है क्योंकि जल ही वह पदार्थ है जो अन्य गुणों के अतिरिक्त शरीर का तापक्रम समान रखता है। शरीर में उत्पन्न होने वाले रसों को तरलता प्रदान करता है; रक्त को विषैला होने से बचाता है तथा पाचन क्रिया में सहायता करता है।

किन्तु अकेला जल अधिक पान करने से लाभ के स्थान पर हानि होने की आशंका रहती है। इससे रस पतला पड़ जाता है जो पाचन में बाधा डालता है।

अतः जल के साथ जल के अन्य पदार्थ भी दैनिक जीवन में प्रयुक्त होते हैं। इनमें से हैं मुख्यकर (1) शर्बत (2) लस्सी (3) फलों का रस (4) ऐईरेटेड वाटर (गैसीय जल) (5) चाय (6) काफी (7) कोको तथा (8) मद्यार्कयुक्त पेय।

(1) शर्बत-गर्मियों में यह उत्तम पेय है। फलों के रस को चीनी की चासनी में मिलाकर शर्बत बना लिया जाता है और प्यास लगने पर पिया जाता है। आजकल बाजार में अनेकों प्रकार के शर्बत बिकते हैं, किन्तु उनमें केवल फलों का ऐसेन्स होता है और चीनी के स्थान पर सैकेरीन । ये शर्बत गुणहीन होते हैं। फलों के रस से बने शबंत शीतल, पोषक एवं स्वादिष्ट होते हैं। चीनी घोलकर पानी में नीबू निचोड़ कर जो शर्बत बनता है उसे शिकंजी कहते हैं । यह अत्यन्त - स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक होता है ।

(2) **लस्सी**—लस्सी तीन प्रकार की होती है—(1) दूघ की (2) दही की तथा (3) मट्ठे की।

दूध में चीनी तथा बर्फ डालकर जो लस्सी बनती है वह पोषक तथा स्वादिष्ट होती है। अब अधिकतर प्रचार दही की लस्सी का हो गया है जिसमें दही में पानी चीनी तथा

बर्फ डालकर रई से बिलोया जाता है। कहीं-कहीं तो इसी प्रकार मट्ठे की भी लस्सी बनायी जाती है। ये सब लस्सियां स्वास्थ्य को अत्यन्त उपयोगी होती हैं।

(3) फलों का (जूस) रस—बड़े नगरों में फलों के रस का अत्यधिक प्रचलन है। गन्ने का रस स्थान-स्थान पर मिलता है। अन्नास, आम, सेब, मौसमी, संतरे आदि के भी (जूस) रस तुरन्त तैयार करके विक्रीत होते हैं। ये बड़ी स्फूर्ति, तरावट लाते हैं तथा स्वास्थ्य वर्द्धक भी हैं।

(4) ऐईरेटेड वाटर (गैसीय जल)— ये सोडा वाटर, लेमोनेड, कोको कोला, फैंटा, गोल्डस्पाट, रिमझिम आदि नाना नाम से बिकते हैं। इनको बनाने के लिए जल में कार्बन-डाई-आक्साइड गैस को प्रविष्ट करते हैं, तदुपरान्त इनमें चीनी या सैकेरीन मिला देते हैं और साथ ही फलों के ऐसेन्स। ये पेय पाचन में अत्यधिक सहायता करते हैं। वाय का प्रकोप इनके पान करने से दब जाता है।

(5) चाय—चाय का चलन तो अब इतना हो गया है कि इसको प्रत्येक ऋतु तथा प्रत्येक समय में पिया जाता है। दूध के आकाश से छूते मूल्यों के कारण यह अब ग्रामों में भी प्रचलित हो गई है। इसमें 1 से 6 प्रतिशत तक कैफीन, बहुत थोड़ी सी थेयोफाइलिन, .6 प्रतिशत वोलेटाइल आइल (तेल युक्त पदार्थ), .5 प्रतिशत क्षार लवण तथा 5 प्रतिशत नाइट्रोजन पदार्थ होते हैं। कैफीन शारीरिक तथा मानसिक थकान दूर करती है। चाय के प्रयोग से हृदय की धड़कन तथा रक्त प्रवाह की गति तीव्र होती है। पसीना लाने के कारण यह शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकालने में सहायता करती है। किन्तु इसके अधिक पान से कब्ज आदि हो जाता है।

(6) काफी—"केफिया अरेविका" नामक वृक्ष के बीजों का चूर्ण होती है। यह चाय की ही भांति बनाई तथा पी जाती है। यह श्वास के साथ कार्बोलिक एसिड गैस की मात्रा अधिक निकालती है तथा मूत्र साफ लाती है। इसके अधिक पान से हृदय की धड़कनें बढ़ जाती है, नींद कम आती है तथा नाड़ी-मण्डल विकृत हो जाता है।

(7) कोको-"थियोक्रोमाकोकोआ" नाम वृक्ष के बीजों को पीस कर कोको बनाया जाता है। चाकलेट इसके बीजों से ही तैयार किया जाता है। यह पीने में स्वादिष्ट होता है। इसमें पोषक तथा उत्तेजक दोनों ही गुण विद्यमान हैं।

(8) मद्यार्कयुक्त पेय—किसी भी भोज्य पदार्थ के श्वेत सार को खमीर उठाने पर मद्यार्क में परिवर्तित किया जा सकता है। मद्यार्क पांच-पांच प्रकार के होते हैं—

(क) वीयर (ख) साइडर और पैरी (ग) वाइन (घ) स्प्रिट तथा (ङ) देशी शराब।

(क) **वीयर**—यह जौ से बनाई जाती है, परन्तु अब तो जौ के स्थान पर शर्करा का प्रयोग भी होता है। ग्रीष्म ऋतु का यह लोक त्रिय पेय है।

(ख) साइडर और पेरी—साइडर सेब के रस से तथा परी नाशपाती के रस की शर्करा से बनाई जाती है।

(ग) वाइन—मुख्यकर अंगर के रस का खमीर उठाकर बनाई जाती है। घर के

अन्य फलों तथा सांब्जेयों से भी वाइन तैयार की जा सकती है। शराब के कारण इससे उत्तेजकता तथा शर्करा के कारण पोषकता प्राप्त होती है।


(घ) स्प्रिट—अन्य शराबों को उर्ध्व-पातित करके स्प्रिट बनाई जाती है। इसमें मादक अंश सर्वाधिक होता है। आप नित्यप्रति समाचार पत्रों में पढ़ते ही रहते हैं कि स्प्रिट के पान से कितने मनुष्य अकाल काल से कवलित होते हैं। ब्रांडी, रम, जिन, ह्विस्की विभिन्न प्रकार की स्प्रिटों के नाम हैं । ब्रांडी अंगूर से बनी वाइन से उर्ध्व पातित करके तैयार होती है जबकि रम राब या गन्ने के रस से उसी भांति बनाई जाती है। जिन जो गेहूं के प्रकार के अनाज से बनी शराब को ऊर्ध्वपातित करके बनाते हैं जबकि ह्विस्की तृण वाले धान्यों से उसी प्रकार बनाते हैं। इन सबमें मद्यार्क का अंश 47 से 60 अंश तक विद्यमान रहता है।

(5) देशज शराब—यह नारियल, खजर, ताड़ आदि के तनों को छीलकर उनमें से रस निकाल खमीर उठा कर बनाई जाती है।

मद्यार्कों से शीघ्र अंग में उत्तेजना पाती है। यद्यपि थोड़ी मात्रा में पान करने से थकावट तथा सुस्ती मिटती है तद्यपि अधिक पान से विचार शक्ति, इच्छा शक्ति तथा मन की एकाग्रता क्षीण हो जाती है; हृदय की धड़कन में वृद्धि हो जाती है तथा गति में आती है अनियमितता। रक्त वाहिनियों का आवरण मोटा बन जाता है तथा वे शिथिल पड़ जाती है । मनुष्य प्रायः सुध बुध खो बैठता है तथा अनेकों दंगे उत्पात किम्बहुना रक्तपात तक इसके कारण हो जाते हैं। सच्च पूछिए तो मद्यार्क पान समाज के लिए अभिशाप के अतिरिक्त कुछ नहीं है। यही कारण था कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने भारत का वह मधुर स्वप्न देखा था जिसमें स्वतंत्रता के उपरान्त मद्यपान का नामो निशां भी नहीं रहेगा तथा एतदर्थ ही देश के संविधान में यह प्रावधान रखा गया कि सरकार इस बात की चेष्टा करेगी कि चिकित्सात्मक प्रयोग के अतिरिक्त ऐसे मद्यार्कयुक्त पेयों तथा भेषजों के प्रयोग का जो स्वास्थ्य को हानिप्रद है नितान्त निषेध करे।

क्रीडा क्षेत्रे

मल्ल योद्धा श्री सुखवन्त सिंह



कुश्ती के क्षेत्र में के० रि० पु० दल के नाम पर चार चांद लगाने वाले यदि कोई नरपुंगव हैं तो डी० वाई० एस० पी० सुखवन्त सिंह । वह चार बार 'रुस्तमे हिन्द' तथा एक बार 'हिन्द केशरी' (1971 में कानपुर में) रह चुके हैं । निरन्तर पिछले तीन वर्षों से वह अखिल भारतीय पुलिस खेलों में कुश्ती चैम्पियनशिप जीतते रहे हैं। गत वर्ष खुले नेशनल्स में भी उन्होंने कुश्ती में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह के० रि० पु० दल के कुश्ती क्षेत्र के कप्तान हैं।

पंजाब में फगवाड़ा के निकट पट्टी जग्गी ग्राम में उत्पन्न यह पर्वत से मनुष्य एक कृषक परिवार के कुल दीपक हैं। शैशव काल से ही इन्हें खेलों तथा कुश्ती लड़ने का चाव था। इनकी अभिलाषाओं ने विजय-किरीट सन् 1966 में धारण किया जब प्रथम बार इन्होंने पटियाला में हल्के भारी बोझ (फ्लाइट हेवी व्हेट) में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीती । आगामी वर्ष यह ईराक से प्रतियोगिताओं के लिए चुने गये। उनमें खेल अनिर्णीत रहे। उस समय भारत ने विराट फारसवासियों से दो कुश्तियां जीती। 1967 में लुधियाना के स्पोर्ट स कालेज से स्नातक होने के समय इनकी आंकाक्षाएं सफलीभूत हुईं।

1969 में सुखवन्त ने दिल्ली में भारत केशरी प्रतियोगिता में भाग लिया। एक दो कुश्तियों में इन्होंने के० रि० पु० के सर्वोत्कृष्ट मल्लों को सरलता से पराजित किया, उससे प्रभावित होकर श्री ई० जे० मुकन्द के० रि० पु० दल के तत्कालीन उपनिदेशक ने इनको सीधा निरीक्षक (इन्सपेक्टर) नियुक्त करने का निश्चय किया। इन्होंने इस

अवसर को हाथ, से नहीं जाने दिया और इस पद को सहर्ष स्वीकार कर लिया।

इनका आहार अत्यधिक नहीं है । उसमें दो या तीन लिटर दूध, और कम से कम चार आधे उबले हुये अण्डे, 200 बादाम तथा चपातियां हैं जिनकी संख्या बताने में इन्हें संकुचाहट हुई।

इनका एक सुझाव था। कुश्ती में प्रशिक्षण के समय के० रि० पु० के जवानों को भूतल पर अभ्यास करना पड़ता है जब कि प्रतियोगिताओं में कुश्ती-चटाई (रेसलिंग मैट) आवश्यक होती है। के० रि० पु० दल | में आजकल की चटाइयां उत्तम प्रकार की नहीं हैं। फलस्वरूप हमारे जवान समुचित प्रकार का अभ्यास नहीं कर पाते हैं । इस ओर ध्यान देना परमावश्यक है।

इनका अभिमत था कि कुश्ती क्षेत्र में नव-जीवन डालना चाहिए तथा इस मनोज्ञ खेल में पुराने मल्ल योद्धाओं के स्थान नये जवान आने चाहिए।

क्या आप जानते हैं ?

1. 58,59 तथा 60 बटालियनों की बेतार व्यवस्था के लिए सरकार ने एक अतिरिक्त बेतार कंपनी स्वीकृत की है।

2. ग्रुप केन्द्र जम्मू में शीघ्र ही एक केन्द्रीय स्कूल खुलेगा।

3. शीघ्र ही के० रि० पु० दल के कार्यपालक सदस्यों को 30 दिनों के अजित अवकाश के स्थान पर 45 दिनों का मिला करेगा।

4. खाद्य मंत्रालय ने भारतीय खाद्य विकास के प्रादेशिक मैनेजरों को आदेश दिये हैं कि के० रि० पु० दल को 10 कि० ग्रा० गेहं तथा 5 कि० ग्रा० चावल प्रति व्यक्ति प्रति मास के भाव से दिये जायें। परन्तु अरुणाचल प्रदेश तथा जम्मू और काश्मीर में पूर्ववत् प्रबन्ध रहेंगे।

भुवनेश्वर ग्रुप केन्द्र

लेखक श्री एच० एस० सेठी

दिनांक 8 सितम्बर 1971 को भुवनेश्वर स्थित 43 बटालियन के अफसर मेस की 'आगन्तुक-पुस्तिका' में श्री बी० बी० मिश्र महानिदेशक, के० रि० पु० दल ने यह लिखा था "सन्तान उत्पन्न होने के उपरान्त यह मेरा सर्वप्रथम आगमन है। जिसके लिए मैने दाई का काम किया था। सर्व सौभाग्य की कामना" उन्होंने यह भुवनेश्वर के ग्रुपकेन्द्र की उत्पत्ति के विषय में लिखा था।

वास्तव में श्री मिश्र 24 मार्च 1974 को अत्यन्त प्रसन्न थे जब उन्होंने भुवनेश्वर में ग्रुप-केन्द्र का विधिवत् उद्घाटन किया। केन्द्र की दन्तोद्गम कठिनाइयां दूर हो गई थीं और

वह एक सुन्दर वयस्क के रूप में बढ़ रहा था।

यह श्री मिश्र ही थे जिन्होंने उड़ीसा के महानिरीक्षक के रूप में राज्य सरकार से विचार-विमर्श किया था और अप्रैल 1970 को 180 एकड़ भूमि प्राप्त कराई थी। राज्य सरकार ने एक रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष का नाममात्र का किराया लिया तथा राजभवन एवं उत्कल विश्वविद्यालय से कठिनता से 2 किलो मीटर दूरी पर कलकत्ता-मद्रास, राष्ट्रीय उच्च पथ के अत्युत्तम स्थान पर वह भूमि दिलायी। सुतराम् उनके द्वारा ही इस ग्रुप केन्द्र का उद्घाटन उपयुक्त रहा।

2.47 करोड़ रुपये की प्रायोजना में 3000 मनुष्यों के लिए आवास तथा अन्य सुविधाओं की व्यवस्था है। अपना गृह हेतु इस स्थान को के० रि० पु० दल के चुनने से कठिनता से 4 वर्ष पूर्व यहां वन्य पशुओं तथा सरीसृपो से परिपूर्ण एक जंगल था। सर्पों का मारना तो समाप्त ही नहीं होता था तथा यदा कदा अजगर भी बन्दूक के लक्ष्य बनते थे। केवल द्राविण-अध्यवसाय से ही जवान इसको एक सुन्दर परिसर में परिवर्तित कर पाये हैं। के० रि० पु० दल देश के सर्वाधिक चलते-फिरते सशस्त्र दलों में से एक है और देश की कानून एवं व्यवस्था की जो कुछ भी स्थिति है उसमें इस दल की मांगें अत्यधिक हैं। अतएव के० रि० पु० दल को एक दुष्कर जीवन व्यतीत करना पड़ता है। उसके थके हुए जवानों को विश्राम एवं मनोरंजन तथा नवीकरण प्रशिक्षण के लिए ग्रुप केन्द्रों का होना आवश्यक है। 1968 से पूर्व नीमच, रामपुर तथा मुकामे-घाट आदि कुछ नगरों को छोड़कर के० रि० पु० दल के पास क्या आवासीय तथा क्या अनावासीय कोई स्थान नहीं था।



इस आवश्यकता से ही ग्रुप-केन्द्र की संकल्पना का जन्म हुआ। उसके प्रमुख निर्माता थे तत्कालीन महानिदेशक श्री वी० जी० कनेतकर तथा श्री बी० बी० मिश्र सम्प्रति महानिदेशक तथा तत्कालीन महा निरीक्षक। उनके ही प्रयत्नों के फलस्वरूप ही सरकार ने के० रि० पु० दल के 17 ग्रुप केन्द्रों तथा अन्य प्रतिष्ठानों के निर्माण वाला कार्यक्रम स्वीकृत किया जिसका अनुमानित व्यय 62 करोड़ रुपये है।

फलतः एक ग्रुप केन्द्र का निर्माण एक कल्याणकारी संकल्पना को मूर्तरूप देने के समान है। अतः के ० रि० पु० दल को यह देखना है कि इन स्थानों पर सर्व प्रकार की

सुविधाएं प्राप्त हों।

भुवनेश्वर का ग्रुप केन्द्र कोई अपवाद नहीं है । इस ग्रुप-केन्द्र के आवासीय सम्मिश्रण में जवानों को चौमंजिले बारिके हैं तथा सर्व वर्गों के अधिकारियों एवं जवानों के लिए 226 पारिवारिक क्वार्टर हैं तथा साथ ही, चार वारिकें। जवानों को 3 तथा अनुभाग अधिकारियों को एक एवं 145 पारिवारिक क्वार्टर तैयार हो चुके हैं। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों तथा अनुचरों के लिए वर्ग के क्वार्टर में दो कमरे, स्नानागार तथा रसोईघर के साथ निर्मित हैं। यहां यह बता देना समुचित है कि दल का कान्स्टेबिल तृतीय श्रेणी का कर्मचारी है। वारिकें भी इस ढंग से निर्मित हुई हैं कि प्रत्येक जवान को एक अलमारी तथा एक प्रकाशबत्ती मिल सके जब कि छत का पंखा दो जवानों के लिए एक है। केन्द्र के परिसर में एक परिवार कल्याण केन्द्र भी है जहां जवान एवं उनकी पत्नियों को व्यवसाय सिखाये जाते हैं जिससे उनकी प्राय में बढ़ोत्तरी होती है। अन्य ग्रप केन्द्रों का अनुभव बताता है कि एक परिवार इन कल्याण केन्द्रों द्वारा औसत में रु० 100 प्रतिमास अधिक अर्जित कर लेता है। भुवनेश्वर कल्याण केन्द्र से इस क्षेत्र में और भी अधिक आशा है क्योंकि उसमें अभी से 15 सीने की मशीनें तथा अन्य साधन प्राप्त हैं।

जब इस योजना का श्री गणेश हुआ तब जल की विकट समस्या थी। किन्तु 43 एवं 53 दोनों बटालियन के जवानों ने सत्वर ऐच्छिक श्रमदान द्वारा एक कुआं खोद लिया। वह अब जल की उत्तम पूर्ति की आत्म श्लाघा कर सकता है। लगभग 5 कि० मी० की दूरी से जल लाया जाता है और इस समय 50000 गैलन जल प्रतिदिन प्राप्य है। इस आश्वस्त जलपूर्ति से जवान शाक उगा रहे हैं तथा उनसे अपने मेसों की मांग की पूर्ति कर रहे हैं।

मनुष्यों की क्रीड़ा के लिये विस्तृत क्रीड़ा क्षेत्र बनाये गये हैं तथा सम्मेलन एवं मनो विनोद के हेतु जवानों के क्लब एवं कैंटीन हैं। एक ऊपर से खुला सिनेमा भी वहां है ।

प्रारंभ में एक प्राथमिक स्कूल भी खुला है। समय व्यतीत होने पर प्रशिक्षण सुविधायें और भी बढ़ायी जायेंगी।

परिसर को सुन्दर रूप देने के लिये, स्थल दृश्य निर्माण की ओर भी ध्यान दिया गया है। मनोरम घास के मैदान बनाये गये हैं । उद्यान-विद्या-विदों की मंत्रणा से विविध प्रकार के पेड़-पौधे उगाये जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त अनावासीय भवन उदाहरणार्थ ग्रुपकेन्द्र कार्यालय, शस्त्रागार, क्वार्टर गारद भी बन चुके हैं। मार्ग बनाये जा चुके हैं तथा स्थान विकास पर कार्य पूरा हो चुका है । इस योजना का विशेष लक्षण है मल शोधन के लिये एक आधुनिक आक्सीजन ताल । पूर्ण रूप से निर्मित होने पर मल व्यवस्था पाइपों द्वारा समग्र परिसर में वितरित होगी तथा खाद के लिये काम में आयेगी। उसकी एक बिन्दु भी व्यर्थ नष्ट नहीं होगी। एक मन्दिर भी बन चुका है। जवानों तथा अफसरों के मेस निर्माण के अन्तिम चरण में हैं।

इस उद्घाटन ने ग्रुप केन्द्र के निर्माण कार्यक्रम के प्रथम चरण की समाप्ति उद्घोषित कर दी है। दूसरे चरण में जो 1976 तक पूर्ण होगा निवास की सुविधाएं इतनी बढ़ाई जायेंगीं कि आज की दो बटालियनों की अपेक्षा तीन बटालियनों की 4000 जनसंख्या की मांग पूरी कर सके । इस ग्रुप केन्द्र में एक समुचित स्टेडियम क्रीडा क्षेत्र और एक संतरण ताल होगा जिसका परिमाप ओलम्पिक वाले के बराबर होगा । बैडमिन्टन, स्कैश कोर्ट, मेस तथा पणन केन्द्र आदि की अतिरिक्त सुविधायें होंगी। संयोग से यहां स्टेडियम निर्मित होने पर भुवनेश्वर राजधानी तक की चिरागत आवश्यकता की पूर्ति होगी।

दोनों 43 तथा 52 बटालियनें, जो इस ग्रुप केन्द्र में रहेंगी, बहुमुखी हैं तथा अनेक राज्यों में व्यवस्था स्थापित करने में जय-पत्र प्राप्त कर चुकी हैं। 43 बटालियन ने जो लगभग चार वर्ष पूर्व के० रि० पु० दल में विलय हुई थी बिहार के मध्यावधि चुनाव में चण्डीगढ़ आन्दोलन में, पश्चिमी बंगाल शांति में, पोरबन्दर (गुजरात) के साम्प्रदायिक दंगों में प्रशंसनीय काम किया है तथा आज कल पश्चिमी बंगाल एवं अण्डमान तथा निकोबार द्वीपमाला में कानून एवं व्यवस्था हेतु सेवारत हैं। 52 बटालियन ने जो 1969 में के० रि० पु० दल में विलीन हुई थी चण्डीगढ़ आन्दोलन तथा पश्चिमी बंगाल क्रान्ति में सराहनीय कार्य किये हैं।


इस अवसर पर श्री मिश्र ने के० रि० पु० दल के सम्प्रति संघर्षों में शान्ति सुनिश्चित करने तथा असैनिक जनता के हेतु मानवीय कृत्यों के विषय में मुख्य रूप से उल्लेख किया। उन्होंने जवानों के कल्याण पर बल दिया जिस दिशा में एक ग्रुप केन्द्र का निर्माण एक शुभ पग है।

महानिदेशक ने उड़ीसा सरकार को ग्रुप केन्द्र के निर्माण में सहायता के निमित्त धन्यवाद दिया तथा परिसर को मनोहर बनाने में जवानों को उनके अथक परिश्रम के लिए बधाई दी।

इससे पूर्व श्री एस० ए० अब्बास महानिरीक्षक सैक्टर-II ने श्री मिश्र का अभिवादन किया और कर्नल पी० के० जैन, उपनिदेशक (निर्माण) ने धन्यवाद दिया।

उड़ीसा की अगणित जनसंख्या तथा वरिष्ठ सरकारी अधिकारीगणों को पी० टी० (शारीरिक प्रशिक्षण) मलखम्ब , जूडो तथा पाइप और वास वाद्यों ने अत्यधिक प्रसन्न किया।


इस अवसर पर प्रायोजित प्रदर्शनी में देश के विभिन्न परिवार कल्याण केन्द्रों के फोटो तथा भुवनेश्वर परिवार कल्याण केन्द्र की हस्त कलाओं का प्रदर्शन किया गया ।



जूडो टीम के साथ सर्वश्री मिश्र, अव्वास तथा चिटनिस

भुवनेश्वर ग्रुप केन्द्र का उद्घाटन

[दिनांक 24 मार्च, सन् 1974 ईस्वी]



मलखम्ब टीम द्वारा मानव सोपान




भुवनेश्वर ग्रुप केन्द्र का आवास-सम्मिश्रण



भुवनेश्वर में परिवार-कल्याण-केन्द्र का अभ्यान्तर




भुवनेश्वर पारिवार कल्याण केन्द्र में महिलाओं को सीवन-प्रशिक्षण



भुवनेश्वर ग्रुप केन्द्र के उद्घाटन समारोह पर के० रि० पु० दल के वाद्य का भव्य-प्रदर्शन

गौरव गाथा

I राष्ट्रपति पुलिस तथा अग्निशमन सेवा का शौर्य पदक —श्री मंगल सिंह



27 जुलाई 1973 को प्रातः 9 बजे 10 बटालियन के पांच वाहनों की एक कानवाए तामेंगलौंग से चौकी एस० एस० 49 के लिए चली। श्री मंगल सिंह कानवाए के सबसे आगे के वाहन के ड्राइवर थे। कानवाए के सबसे आगे के वाहन पर, जिसे श्री मंगल सिंह चला रहे थे, कुछ विरोधियों द्वारा भारी गोलाबारी की गई। श्री मंगल सिंह ने धैर्य से काम लिया। उन्होंने वाहन रोका और उससे कूदकर बाहर आ गये। फिर उन्होंने एक उपयुक्त स्थान पर मोर्चा लगाया और अपनी स्टेनगन से जवाब में गोलियां चलाईं। श्री मंगलसिंह के इस साहसिक कार्य तथा समय पर जवाबी गोलाबारी के कारण विरोधी दूर ही रहे। यद्यपि इस घटना में वाहन में बैठे सात व्यक्ति घायल हो गये परन्तु श्री मंगलसिंह द्वारा शेष कर्मचारियों, हथियार तथा गोलाबारूद को बचा लिया गया।

अपनी उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस तथा उच्चतम कर्त्तव्य परायणता प्रदर्शन के निमित्त श्री मंगलसिंह को राष्ट्रपति तथा अग्निशमन सेवा का शौर्य पदक प्रदान किया गया।

II पुलिस शौर्य पदक

21 जुलाई, 1973 को के० रि० पु० दल के 35 बटालियन के श्री ठाकुर सिंह और श्री मोहिन्दर सिंह एजाल के बड़ा बाजार में गश्ती ड्यूटी पर थे। रात्रि के लगभग 9 बजे बाजार क्षेत्र में एक विस्फोट हुआ जिसमें श्री रवीन्द्र वैश्य नामक एक व्यक्ति की जीप के टुकड़े-टुकड़े हो गये। इसके तुरन्त बाद श्री ठाकुर सिंह ने तीन व्यक्तियों को उक्त क्षेत्र में संदिग्ध रूप में घूमते हुए देखा। श्री ठाकुर सिंह द्वारा चुनौती दिये जाने पर संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस दल पर गोली चला दी। पुलिस दल ने भी जवाब में गोली

चलाई, जिससे विरोधी घबरा गये और उन्होंने बचकर भाग निकलने का प्रयत्न किया। निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री ठाकुर सिंह और श्री मोहिन्दर सिंह दोनों, विरोधियों पर झपटे और उनमें से दो को काबू कर लिया। तीसरा अंधेरे की आड़ में बचकर भाग निकला।

इन दोनों पुलिस अधिकारियों को उपर्युक्त उत्कृष्ट वीरता और कर्तव्य परायणता का परिचय देने के कारण पुलिस के शौर्य पदक प्रदान किये गये।

श्री एन० पी० कुमार



10 बटालियन के पुलिस उप अधीक्षक श्री एन० पी० श्रीकुमार को तोमेन्गलोंग में ग्राम स्वयं सेवी दल के सम्पर्क अधिकारी के रूप में यह सूचना मिली कि विरोधियों का एक सशस्त्र गिरोह दाइलांग गांव के क्षेत्र में कार्यरत सुरक्षा दल पर घात लगाकर आक्रमण करने के लिए घूम रहा है। श्री श्रीकुमार ने वेश बदलकर अपने जीवन को भारी जोखिम में डालते हुए 22/23 जून, 1973 की रात्रि में विरोधियों के छिपने के संदिग्ध स्थानों की छान-बीन की। 23 जून, 1973 को बहुत सबेरे एक झोपड़ी में कुछ प्रकाश दिखाई देने पर श्री श्रीकुमार ने रेंगकर उस झोपड़ी पर आक्रमण कर दिया। इस अचानक तथा निर्भीक आक्रमण से विरोधी बिलकुल हताश हो गये और उन्होंने भागने की चेष्टा की। श्री श्रीकुमार भागते हुए एक सशस्त्र विरोधी पर झपटे और उसे पकड़ लिया। बाद में ली गई तलाशी से कुछ हथियार और गोला बारूद प्राप्त हुआ।

अपनी जान को भारी खतरे में डालकर विरोधियों के साथ हुई मुठ-भेड़ में उत्कृष्ट वीरता का परिचय देने तथा एक विरोधी को पकड़ने के उपलक्ष्य में श्री एन० पी०

श्रीकुमार ने पुलिस का शौर्य पदक प्राप्त किया।

॥ फूल खोजिए ॥

1. रे रे कुन्द दिमाग बालक ! मल मत दुखती आंख को।
2. साहब ! जू हीतल पर हाथ रखकर कहो कि यह माल तीसरे का है।
3. क्या पंचमेली हार बन पाया है ?
4. अबे ला इधर को मेरा कोट आके ; बड़ा लाट साहब बना फिरता है।
5. देख लो अपने आप ! लाश तो लटक खाट के कने रही है।

उत्तर

1. कुन्द, कमल 2. जूही, मालती 3. चमेली 4. बेला, केवड़ा 5. कनेर पलाश।

एकांकी

पात्र परिचय

॥ मौत का घाट ॥

लेखक : श्री जे० एस० शर्म्मा

(नदिया में 3 मई 1972 को घटना का काल्पनिक रूपक)

एस० सी० कुण्डू—पश्चिमी बंगाल का सहायक निरीक्षक

के० नृसिंह राव—केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का जमादार

फरीदुल हक —केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का सिपाही

दिलीपकुमार सिंह—केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का सिपाही

स्थान :—शान्तिपुर

समय :—अपराह्न

(दो जवान वार्तालाप कर रहे हैं)

प्रथम— छि: ! नाम है यहां का शान्तिपुर, पर है क्या ? अशान्ति ही अशान्ति की एक नगरी। (दीर्घ श्वास लेता है) फरीदुलहक (दूसरे को झकझोरता हुआ) तुम मेरी बात पर ध्यान नहीं देते।

फरीदुलहक— मैं ध्यान देना छोड़ सोचता हूं; समझता हूं; बल्कि आंखों से खुद देखता भी हूं। पर-पर, यह कोई नई बात नहीं है। दिलीप ! ऐसा अक्सर पाया जाता है। रवायत है कि नाम लक्ष्मी बीने कण्डे (मुस्काता है)

दिलीप— हन्त ! तुम्हें हंसी छूटती है, यहां प्राण शूली पर चढ़े रहते हैं। (हक को पुनः झकझोरता है)

फरीदुलहक— (सान्त्वना देता हुआ)। बेशक हर वक्त जान खतरे में रहती है। मगर-मगर उसमें जगह की क्या गलती; बल्कि इसको नाम रखने वाले का क्या जुर्म ? (ठण्डी सांस लेता है) देखो दिलीप ! हम को ही ले लो। हम पुलिस जवान हैं। हमसे मामूली दुनियां छोड़ खूंखार डाकू और खतरनाक नक्सलवादी भी खौफ खाते हैं। हमें अपने से ज्यादा जालिम व कातिल समझते हैं। मगर क्या हम में दिल नहीं है ? क्या हम अमन-चैन नहीं चाहते हैं ?

दिलीप— सो तो सत्य है। परन्तु तुम्हारे इस लम्बे चौड़े भाषण का तात्पर्य मैं नहीं समझ सका।

फरीदुलहक—छि ! इसमें मैंने कौन सी पहेली बुझाई है। बात साफ है कि इन्सान की तो बात क्या उसको कच्चा चबाने वाला शैतान हैवान शेर-बबर तक शिकार को चीर-फाड़ कर खाने के बाद चैन से सोता है। उसे भी चैन की जरूरत है। कुछ देर को वह भी अमन चाहता है। फिर आदमी तो मशरुफुलकात है; दुनिया का सरताज है। वह कितना भी खूंखार क्यों नहीं हो; खौफनाक क्यों नहीं हो, वह आखिरकार खुदा का बन्दा है। अमन का फरिश्ता है। जहां पर जन्नत उतार लाना चाहता है।

दिलीप— देख तो रहे हो खूनी कारनामे अमन के फरिश्तों के। दिन रात हत्याएं करते हैं, दिन-दहाड़े मनुष्यों को लूटते हैं, प्रतिपल जनता की सुख-शान्ति अपहृत करते हैं ! उफ। शान्तिपुर के नाम पर अनान्तर अशान्ति फैलाते हैं; अमिट कलंक लगाते हैं।

फरीदुलहक— फिर शान्तिपुर पर अलफाजी चोट। भाई। जिसने भी इसे बसाया होगा उसने यहाँ शान्ति की सल्तनत कायम करना चाही होगी। हर शाहजहां अपने रहने की जगह को 'फिरदोसे ज़मीन' बनाना चाहता है। मगर बाद में यहां उसकी ही नाकलव औलाद जहन्नुम का नजारा पैदा कर दे तो इसमें इसकी क्या खता?

दिलीप— (मुस्करा कर) नहीं ! नहीं ! इसमें किसी की हमारे अतिरिक्त खता नहीं क्योंकि हम उन आंतकवादियों से, देशद्रोहियों से लोहा लेते हैं। हम शान्तिपुर में शान्ति स्थापित कर उसका नाम सार्थक करना चाहते है।

फरीदुलहक— ऐसी बात नहीं है मेरे दोस्त। हम पुलिस जवान तो जलीलुलकद्र हैं। शुरू-शुरू में गलतफहमी में कुछ भी कोई कह बैठे—कुछ भी कोई कर गुजार बैठे, मगर आखिर में सबको जानना पड़ता है, मानना पड़ता है कि हम उनके कितने खैर ख्वाह है।

दिलीप— किन्तु ऐसे जानने-मानने से हमें क्या लाभ ! हमारा कार्य तो इतना ही दुरूह है जितना प्रारम्भ में। एक कान्हू, सन्याल पकड़ा जाता है तो दूसरा अजय भट्टाचार्य जी उठ खड़ा होता है (हंसता है) रामायण में पढ़ा था कि रावण की जितनी भी ग्रीवा कटती थीं दूसरी उससे कई गुणा उत्पन्न हो जाती थीं। वैसी ही

कुछ गाते नक्सलवाद की हैं।

फरीदुलहक— दुरुस्त फर्माते हो दोस्त। जैसे रावण को शंकर का वरदान मिला; सुना जाता है, वैसे ही नक्सलवाद को पड़ौस के कम्यूनिस्ट देवता चीन का वरदान —माओ का फरमान मिला है।

दिलीप— मियां बात तो पते की कहते हो। (मुस्कराता है)

फरिदुलहक— मेरा नाम हक है। मैं हकीकत ही इजहार करता हूं। जानते हो यह मशरिक की स्थिति में कौन मुल्क है ?

दिलीप— हमारा मित्र बंगला देश। पर उसे क्या हुआ ?

फरीदुलहक— छि ! उससे ही तो यह सब कहर ढह रहा है। कयामत वर्पा हो रही है जिसे आज तुम 'मित्र देश' कहते हो वह ही पांच माह पेश्तर क्या था एक जानी दुश्मन। एक जालिम गनीम पूर्वी पाकिस्तान। वही था गोलाबारूद का जखीरा जहां से ये नक्सलवादी मन चाहा असलाह ले आते थे।

दिलीप— हां बात तो कुछ ऐसी सुनी थी। वहीं आतंकवादियों की वेदमाता लाल किताब-माओ साहित्य का आदि स्रोत था। उग्रपंथियों का प्रशिक्षण केन्द्र था। और उसी की उपज है यह अजय भट्टाचार्यजी ; जिसने अनेकों व्यक्तियों में भयंकर क्रान्ति उत्पन्न कर दी है। जनता में प्रलयंकर उत्क्रान्ति मचा दी हैं। तथा शासन में निरन्तर परिक्लान्ति व्याप्त कर रखी है। (रुककर) पर अब तो उस स्रोत के सूखने पर इस पौद को मुरझाना चाहिए था; सो आश्चर्य है कि यह और बल पकड़ रही है।

फरीदुलहक— क्यों नहीं जोर पकड़े मियां ! बंगला देश को बने ही कितने रोज हुए हैं। जुम्मा जुम्मा सात दिन। पांच माह में तसल्लुत जमाना-अमनो आमान कायम करना मुश्किल ही नहीं गैर मुमकिन है। फिर पाक के नापाक रव्वाव को मिटते देख ये नक्सलपंथी चोरी हुए गोलेबारूद यहां मगरिव बंगाल से ले आये हैं। बकौल शख्से खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे। इसी वजह से और भी चिढ़कर उन्होंने अपने मुचेटे-अपनी मुठभेड़े तेज कर दी हैं।

दिलीप— या यों कहो कि दीप के बूझाने से पूर्व ज्योति और उद्दीप्त हो रही है। (हंसता है)

फरीदुलहक— सो कैसे कह सकते हैं ?

दिलीप— क्यों इन उद्दण्ड परिपन्थियों की एक भूजा तो टूट ही चुकी है; जबसे कान्हू सन्याल बन्दी हो गया है।

फरीदुलहक—अभी तुम्हीं तो रावण की बात सुना रहे थे (धीमे स्वर में) एक कान्हू पकड़ा जाता है तो हजार कान्हू पैदा हो जाते हैं। जिन अजय भट्टाचार्य जी, अरति चटर्जी दलाल सरकार वगैरहः वगैरहः की वारदातें हमें रोज सुनने में आती हैं पर तुम्हें तो मालूम है कि उनका गुरुघण्टाल अब भी जिन्दा है सिलीगुडी का मारु मजमदार।

दिलीप— (मुस्करा कर) अच्छा। अच्छा तुम्हारा तात्पर्य है चारु मजूमदार से है।

फरीदुलहक— जी हां। वही कत्लों का लम्बरदार ! जुल्मों का ठेकेदार! सितमों का

सिपहसालार। (आरक्त नेत्रों से) मैं सच कहता हूं जब तक उस खूंखार अंग्यार का; खतरनाक अय्यार का सफाया नहीं होता यह खूनी तहरीक कभी नहीं खत्म होने की।

दिलीप— निश्चय ही। किन्तु यदि अनुयायी गण को समाप्त होने पर अकेला चना क्या भाड़ भूनेगा। न रहेंगे बांस न बजेगी बांसुरी।

फरीदुलहक— (हंसकर) सो तो तुमने देखा ही है कि मैं हमेशा इसी बात की कोशिश में रहता हूं कि जब मेरे वालिद ने मेरा नाम शहनशाह शेरशाह के बचपन का नाम फरीद रखा है तो मैं जहां भी तैनात हूं उसकी हकूमत की तरह किसी चिड़िया को पर तक नहीं मारने दूं।

दिलीप— (आवेग में) मित्र ! अन्ततः मेरा नाम भी दिलीप कुमार सिंह है, उन भगवान राम के पूर्वज, दिलीप का नाम राशि जिन्होंने वनराज सिंह का निरस्त्र हस्त से वध किया था। फिर उन्हीं का कुमार, सिंह-रूप में, होकर क्यों नहीं नक्सली सिंहों का सर्वनाश करूं। इस क्षेत्र को प्रशान्तिमय बनाने वाले अजय को (बन्दूक से फाइर कर) गोली से उड़ा दूं; संसार के परदे से उठा दूं।

फरीदुलहक— घबड़ाओ मत। वह वक्त अल्लाहताला जल्द दिखायेगा—खुदा वन्द करीम फौरन दिलायेगा— (नैपथ्य में) दिखायेगा—दिलायेंगा कब ? प्रत्युत् दिखा दिया है—दिला दिया है।

(दोनों नैपथ्य की ओर दिङ्मढ अवलोकते हैं। तत्काल ठक् ठक् ध्वनि करते हुए एक जवान का प्रवेश दिलीप तथा फरीदुलहक का सैनिक अभिवादन)

फरीदुलहक— जमादार राव साहब ! अभी आपने क्या फरमाया ?

जमादार राव—वही जिसकी तुम दोनों को परमावश्यकता थी।

दिलीप— (हंसता हुआ) हमको आवश्यकता है क्रान्तिकारियों की उत्क्रान्ति की। त्रास दातामों के विनाश की। नर पिशाचों के संहार की। क्यों ना फरीदुलहक।

फरीदुलहक— बिल्कुल।

जमा० राव—तो सुनो। अभी अभी यहां के पुलिस परिमण्डल के निरीक्षक कुण्डू साहब ने सूचना भेजी है कि उन्हें विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि यहां से दो-तीन कोस दूरी पर खण्ड खोला के निकट अमराइयों में कुछ चोटी के उग्रवादी चोरी-छिपे घात लगाये बैठे हैं।

दिलीप— चोटी के उग्रवादी यहां अजय, अरित, दलाल सरकार के अतिरिक्त अन्य कौन हो सकता है ? अहा ! प्रभु ने चाहा तो हम अभी इसी खण्ड खोला में इन सबका खण्ड विखण्ड करेंगे (ऊपर की ओर दृष्टिकर ध्यान मग्न होता है) हे गोविन्द मुरारी ! हे गोवर्धनधारी !

फरीदुलहक— अगर यह बात है तब तो समझो परवर दिगार ने हमारी इल्तजा फौरन से पेश्तर सुन ली (मुस्काता है) हमें उन कमबख्तों से दो-दो हाथ करने का मौका दे दिया। क्यों राव साहब ?

जमा० राव—निश्चय ही। अब हम भी उन हिरण्यकश्यपों का वध कर अपने 'नृसिंह' नाम को सार्थक करेंगे। इस केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को निज सेवा तथा

भांक्ति से 'राम दल' बनायेंगे।

दिलीप— निश्शंक। फिर शुभ कार्य में देरी क्यों कर ? चलिये सत्वर। (प्रस्थान)

[स्थान—आम्रनिकुंज]

॥ 2 ॥

[समय वही अपराह्न]

(पुलिस जवान अत्यन्त सतर्कता से धीमे स्वर में मंत्रणा कर रहे हैं)

जमा० राव—अब हमें अत्यधिक सावधानी से कार्य करना चाहिए कि कहीं शत्रु चंगुल से निकल नहीं जाये।

दिलीप— निस्सन्देह।

जमा० राव—क्यों कुण्डू साहब ? क्या यही लल्लन प्रसाद भट्टाचार्य जी का आम्र-निकुंज है।

कुण्डू— नहीं। नहीं। यह तो झारु का है।

दिलीप—श्रीमान् जी। धृष्टता क्षमा हो। यहां सब चारु-मारु-झारु के ही झाड़झंकाड़ हैं। (सब हंसते हैं)

कुण्डू— लल्लन प्रसाद की अमराई दक्षिण ओर है। परन्तु इससे क्या होता है ? इन दोनों अमराइयों, के अन्तराल में हम यहां उपयुक्त स्थान पर खड़े हैं। यहीं पर हमे टुकड़ियां विभक्त कर उन चण्ड-चण्डालों को, चक्राटों को घेरना है।

दिलीप— और यदि वे धोखा देकर भागना चाहें तो—

जमा० राव—छिः। इसमें भी कोई आदेश की आवश्यकता है। तुरन्त गोली से भून दो।

कुण्डू— निश्चय ही। अच्छा। भूपेन्द्र मोहन तुम तो अपनी टुकड़ी लेकर झारु की अमराई के ऊपर की ओर चले जाओ। देखो संकेत पाते ही अपना काम प्रारम्भ कर देना।

कुण्डू— और तुम बादल सिंह। लल्लन प्रसाद के आम्रनिकुंज के पीछे जाकर अपना दल वादल मण्डराओ। (दोनों टुकड़ियों का प्रस्थान)

जमा० राव—और हमें क्या आज्ञा है ?

कुण्डू— आप केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को लिये यहीं ठहरिये। अब हमने तीनों ओर से शत्रु की पूरी नाकेबन्दी कर ली है। इस प्रकार सन्देश गति से जिसे अंग्रेजी में 'पिन्सर मूवमेन्ट' कहते हैं शत्रु को परास्त करने मे सफल होंगे। हे भगवान। बस तेरा और सहारा चाहिए।

जमा० राव—हमारा तो दृढ़ विश्वास है कि जो व्यक्ति कर्त्तव्य परायण होते हैं ईश्वर अवश्य उनकी सहायता करता है।

कुण्डू— आपके मुख में घी शक्कर। अच्छा। अभियान प्रारम्भ हो। मैं भूपेन्द्र मोहन को संकेत करता हूं (संकेत देता है) (नेंपथ्य में भूपेन्द्र मोहन का सावेश स्वर श्रुतिगत होता है) मारो—पकड़ो। देखो ये छापटे बाज छिपछिप कर भागना चाहते हैं। सब सावधान।

जमा० राव—फरीदुलहक। खड़े-खड़े क्या देख रहे हो उधर तुरन्त रामसिंह के साथ पहुंचो। लाल बहादुर। आज भारत के बहादुर लाल बन कर दिखाओ। तुम कुलियाप्पा इधर बढ़कर कुल दल की लाज बचाओ। जयराम आज वह बल पराक्रम दिखायो कि रिपुगण 'पराजय-राम' होवें और तुम 'जयराम'।

सब— जो आज्ञा। (संगीनें लिये आज्ञानुसार बढ़ते हैं तत्काल नेपथ्य में गोलियों और हथगोलों की कर्णभेदी बौछार प्रारम्भ हो जाती है)

दिलीप— औफ। कराल काल से मानो पाला पड़ा है। अधमश्लोकों ने कितने स्फोटास्त्र इकत्रित कर रखें हैं जिनकी प्रलयंकर भयंकर वर्षा कर रहे हैं। जमादार साहब इधर की गुल्म की ओट में बचिये।

जमा० राव—बचना तो भगोड़ो का काम है। वीरों की वीर गति तो सूर्यमण्डल भेदन में है। वैसे भी तुम्हें ज्ञात है कि अपनी उद्धतता के कारण सेवा अवधि में हमने कईबार भर्त्सना पाई है सो आज हम उसी वर्चस्विता का, उसी तेजस्विता का तथा उसी ऊर्जस्विता का परिचय संसार को कराना चाहते हैं। (संगीन लेकर एक झुरमुट की ओर बढ़ता है।)

दिलीप— (अपने साथियों से) अरे ! तुम अपने नेता की निर्भीकता को नहीं देखते गणेश्वर ! जो अग्निवर्षण में प्राणों की चिन्ता नहीं कर आगे बढ़ें ही चले जा रहे हैं।

गणेश्वर— क्यों नहीं देखते हैं मित्र। पर उन्हें कौन समझाये कि नेता होने के नाते उन्हें पीछे रहना चाहिए। अब पुरातन रीति बह नहीं रही जब एक सेनाध्यक्ष दूसरे सेनाध्यक्ष से मल्लयुद्ध करते थे और उसकी जयपरा-जय पर युद्ध का भाग्य निर्भर रहता था।

दिलीप— कुछ भी हो। हमें उनका अनुकरण करना चाहिए। उनका अनुसरण करना चाहिए।

गणेश्वर— क्या इस घनघोर गोलियों के वर्षण में—हथगोलों के निरन्तर प्रक्षेपण में—?

दिलीप— बिल्कुल और नहीं तो कम से कम घुटने के बल ही चल कर उनका साथ देना चाहिए।

गणेश्वर— हां युक्तियुक्त। भाइयों रिंग कर बढ़ो। (धांय-धांय कर्णभेदी विस्फोटों में सब जवान घुटने के बल बढ़ते हैं)

जमा० राव—(पिस्तौल चलाता है; भयंकर ध्वनि गूंजती है) आहाहा और भाग निकलने की चेष्टा कर। पापिष्ठ ! तेरे पाप का घड़ा भर चुका है। क्या ही उत्तम। एक गोली का नहीं हुआ। तुरन्त ढेर हो रहा

कुण्डू— (उच्च स्वर में) धन्य। धन्य। जमादार। तुम्हें ज्ञात हो कि यह दुष्ट हजरा था।

जमा० राव— (वहीं से उच्च स्वर में) हमें नहीं विदित कि हजरा था कि हजरती। पर इतना अवश्य जानते हैं कि उसे अपने हजरतपने का दण्ड मिल गया। (हंसता है)

कुण्डू— अरे राव साहब इसके विष्णु भगवान की भांति सहस्त्र नाम थे। कदाचित् आपने शम्भूघोष का अभिधेय सुना हो अथवा सरकार का।

जमा० राव— अच्छा। यही था वह बदकार सरकार। चलो इसको सारी सरकारी, सब बदकारी समाप्त हुई (हंसता है)
दिलीप— सावधान। जमादार साहब। और एक धूम्रकेतु सम्मुख आ रहा है।
जमा० राव—कोई चिन्ता नहीं करो। एक क्या अनेक धूम्रकेतु पृथ्वी तज अम्बर से भी अग्नि वर्षा करें तब भी यह नृसिंह भय नहीं खाने का; धैर्य नहीं छोड़ने का; साहस नहीं तोड़ने का।
दिलीप— लीजिये शत्रु रेल पटरी पर भाग रहा है (जमा० राव तुरन्त पिस्तौल चलाता है)
दिलीप— क्याही उत्तम ? अहा अधमश्लोक जमादार साहब की एक हो गोली से वहीं खेत रहा। कुण्डू साहब। क्या इसका नाम भी जानते हो आप?
कुण्डू— क्यों नहीं? क्यों नहीं ? यहां का कौन सा शठाशय, दुराशय ऐसा है, जिसे कुण्डू जानता नहीं। स्थानीय होने से इतना लाभ तो अवश्य है। यह था कालाचन्द।
दिलीप— आहा। अभी तक तो चन्द गोरा सुना था किन्तु काला चन्द आज ही नाम सुना है।
कुण्डू— अरे भाई। यह दलाल के नाम से भी जाना जाता था।
दिलीप— (अट्टहास कर) अहा। तब तो और भी समुचित ! काले कारनामों का दलाल तो कालाचन्द ही हो सकता था। (हंसता है)
गणेश्वर— ठीक ! कोयले की दलाली में तो गोरे भी काले हो जाते हैं।
सब— निश्चय। आहाहाहा
जमा० राव— (उछलता हुआ) लो कुण्डू साहब ! आपकी पुलिस ने भी नाम उज्ज्वल कर दिया। वह देखो ! एक अन्य 'उग्रपंथी' उधर धराशायी हुआ।
कुण्डू— निश्चय। वह तो अरति चटर्जी लगता है जिसे मधुसूदन भी कहते थे।
जमा० राव— चलो कुकर्मों के कारण मधुसूदन का भी निसूदन हो गया (सब हंसते हैं)
दिलीप— कुतूहल है। सब क्षितिवर्धित हो गये, पर इनका वह गूढ़नर जयद्रथ की भांति कहां दुरा छिपा बैठा है जिसके संकेत पर ये सब प्राण की बाजी लगाते थे।
कुण्डू— तुम्हारा तात्पर्य क्या अजय से है ? (पत्तों की खड़कन)
जमा० राव—देखो! वह निकला और अपनी अनकल स्थिति पर जा पहंचा। दिलीप ! दिलीप संभालो। यह मेरी पिस्तौल की मार से बाहर है। इससे तो तुम ही उलझो।
दिलीप— आप तनिक भी चिन्ता न करें। मैं उलझलूंगा क्या? इससे खूब सुलझलूंगा। भली-भांति समझ लूंगा।
कुण्डू— जवान। लो तुमने जिस शैतान के विषय में सोचा वही अजय तुम्हारे सम्मुख आ उपस्थित हुआ है।
दिलीप— क्या ही मनोहर? हमारे यहां लोकोक्ति है कि कुटिल कीट सांप का नाम लो और वह तुरन्त विद्यमान हो जाता है।
कुण्डू— फिर यह कुटिल कीट से क्या कम है ?
अजय— बस जिह्वा सम्भाल कर बोल। क्यों अनाहूत अपनी मृत्यु बुला रहा है जवान।
दिलीप— ओ नीचाशय। संभाल तो तू; जुबान को ही नहीं वरंच प्राण तक को (अजय

तथा कुण्डू परस्पर पिस्तौल का विफल वार करते हैं)

दिलीप— रे रे नारकी ! नराधम ! तू मेरे कालपाश से नहीं बच सकता है। देख ! दुष्ट तेरे पापों की पर्ची पूरी हो चुकी है; तेरी श्वासों का लेखा-जोखा समाप्त हो चुका है; शवव हना चामुण्डा तेरे शव पर खड़ी खाली खप्पर लिए तेरे रक्त की प्यासी है। महिषध्वज यमराज तेरे कंकाल को खदेड़ने हेतु आतुर है। (गोली चलाता है) अजय के पाणि से रायफल गिरती है और वह धराशायी होता है।) अहाहा। पामर का रायफल नहीं गिरा प्रत्युत् उसका कर्मफल गिरा है। (दौड़ कर अजय के शव के पास पहुंचाता है। अजय के मरने पर गोलाबारी भी रुकती है। सब सिपाही भी वहीं पहुंचते हैं।)

कुण्डू— अहाहा जवान! (दिलीप की पीठ थपथपाते हुए) शाबास तुमने अजय ही नहीं अपितु उन पन्थियों के अजय दुर्ग को ध्वस्त कर दिया है।

जमा० राव— प्रभु को कोटिशः धन्यवाद है।

कुण्डू— प्रभु को तो पीछे धन्यवाद देना प्रथम तो इस जवान की साधुवाद दो।

जमा० राव—अहा। इतने उग्र-पन्थियों को धराशायी कर वास्तव में हम सबने इस रानाधाट को नक्सलवाद की मौत का घाट बना दिया।

सब— निश्शंक (हंसते हैं)

फरीदुलहक— वाह भाई वाह (दिलीप को अंक वारता हुआ) तुमने तो जो कहा वह करके दिखला दिया। (सब हंसते हैं)

कुण्डू— ठीक। बोलो दिलीप कुमार सिंह की

सब— जय !

जमा० राव— पश्चिमी बंगाल पुलिस की

सब— जय।

कुण्डू— अहा। जिस केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने अभी तीन आंतकवादियों को नरकधाम पहुंचाया उसी की तो पहले जय-जयकार करिये।

बोलिये केन्द्रीय रिजर्व पुलिस—

दिलीप— महान है।

सब— (सावेश संगीन उछालते हुए) उसकी अजीव शान है।

। (पटाक्षेप।

राज्य-निर्वाचनों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का योगदान

—ले० श्री एच० एस० सेठी

I उत्तर प्रदेश


इस वर्ष के फरवरी के अंतिम सप्ताह में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में चुनाव हुआ। मतदान 24 तथा 26 फरवरी को दो दिन पड़े। पहले ही दिन लगभग 2

करोड़ 70 लाख जन-समूह को जो ईरान की समस्त जनसंख्या के बराबर है उस उत्तर प्रदेश की विधान सभा के 230 प्रतिनिधि को निर्वाचित करने के लिए मतदान देना था। राजनैतिक दृष्टिकोण से देश के सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण राज्य के नये शासकों को चुनने में 5 करोड़ जनता को अपना मताधिकार प्रयुक्त करना था।

राज्य के संसाधन पूर्णरूपेण लगे हुये थे। अतः उसे के० रि० पु० दल की ओर अपने असैनिक शासन की सहायता के लिए मुंह ताकना पड़ा। के० रि० पु० दल कब पीछे रहने वाला था।

उत्तर प्रदेश के निर्वाचन कार्य की कोई तुलना नहीं है। तदुपरि क्योंकि इस समय अन्य राज्यों में निर्वाचन नहीं हो रहे थे, सब राजनीतिज्ञों का ध्यान उत्तर प्रदेश में ही केन्द्रीभूत था। इसका कारण यह भी था कि प्रत्येक व्यक्ति सोचता था कि यह एक वह निर्वाचन है जो देश के इतिहास का भविष्य निर्धारित करेगा। अतएव विशिष्ट व्यक्तियों की यात्राओं तथा प्रसंख्य बैठकों का बाजार गर्म हो गया। इन दिनों केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का कार्य था कानून बनाये रखना विशिष्ट व्यक्तियों के मार्गों की रक्षा करना, विशाल बैठकों तथा असहिष्णु क्षेत्रों में बिगड़ती स्थिति पर नियंत्रण करना।

ठीक निर्वाचन के समय के० रि० पु० दल की भूमिका थी कि वह मतदाताओं को अपने मताधिकार निर्भीक व्यवहृत करने के लिए कानून एवं व्यवस्था सुनिश्चित करे। एतदर्थ इस दल को निर्वाचन क्षेत्रों में गश्ती टुकड़ियों का संगठन करना पड़ा जिससे मार्ग खुले रहें तथा मत केन्द्रों पर मतदाताओं को कोई आतंकित नहीं करे।



निर्वाचन-काल में वाराणसी

निर्वाचन काल में 360 मत स्थानों की सुरक्षा के हेतु के० रि० पु० दल के जवान नियुक्त थे। साथ ही समग्र राज्य में 180 असहिष्णु क्षेत्रों के लिए के० रि० पु० दल आरक्षित रखा गया।

के० रि० पु० दल के महानिदेशक श्री बी० बी० मिश्र ने प्रारम्भ से ही अपने जवानों को निष्पक्षता, संविधान में आस्था तथा गणतन्त्र के सर्वोच्च अधिकार 'मतदान' के

लिए आदर के साथ कत्तव्य निवाहन को

प्रेरणा दी। के० रि० पु० दल से सम्बद्ध नियमावली को लेखबद्ध करके एक पुस्तिका "चुनाव सन्दर्शिका" को सब जवानों में वुमाया ।

के० रि० पु० दल के अजमेर उपमहा-निरीक्षक श्री ए० एम० शाह को सम्पर्क-अधिकारी इसलिए बनाया गया कि वह के० रि० पु० दल की बटालियनों की प्रभावशाली नियुक्ति के विषय में राज्य प्राधिकारियों से समुचित समन्वयन करें। उन्होंने इस कार्य को अत्यन्त सुचारू रूप से सम्पन्न किया। प्रथम उन्होंने प्रत्येक कमांडेंट से उसकी कठिनाइयों को पूछा तथा तदुपरांत उसकी समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों तथा जवानों को एक संदेश में कहा, "सरकार ने हमारे ऊपर एक महान उत्तरदायित्व तथा विश्वास सौंपा है और मैं आशा करता हूं कि हम अपनी ख्याति को बनाये रखेगें।" सब छैः की छैः 1,9,18,31,39 तथा 44 बटालियनें उत्तर प्रदेश में पूर्णतः प्रविस्तारित की गयीं। साथ ही, उत्तर प्रदेश के बाहर भी कुछ कम्पनियां उस राज्य के निर्वाचन हेतु प्रयुक्त हुई। कंपनियों का कुल योग 53 हो गया था। अस्तु ऐसे निर्देश प्रचलित किये गये कि प्रविस्तार इस प्रकार से किया जाए कि पलटन का कमाडेंट अपनी पलटन पर (जो आधे अनुभाग में बट गयी थी) पूर्ण अधीक्षण कर सके । ये आधे अनुभाग असैनिक अधिकारियों की सहायता को 'आहनन-दल' (striking force) के रूप में तैनात किये गये । निर्वाचन कर्त्तव्य का अर्थ के० रि० पु० दल पर भारी उत्तरदायित्व था । नायक जैसा एक अवर कर्मचारी उस आधे अनुभाग का अधिकारी बनाया गया और समाजविरोधी तत्वों से मतपेटी ले जाते समय निपटने के लिए जैसी कठिन परिस्थितियों को सुलझने के हेतु उसे स्वयं अपने निर्णय लेने थे।

कमांडेंट (सिगनल को मिलाकर) तथा कंपनी कमांडर भी पीछे नहीं रहे। वे निरन्तर अपने जवानों से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित किये रहे।

मैने लखनऊ तथा वाराणसी का पर्यटन किया। ये स्थान जान बूझ कर चुने गये । जबकि लखनऊ एक लौकिक राजधानी है- नवाबों का नगर; तब वाराणसी एक आध्यात्मिक स्थान तथा पावन तीर्थ है। इसके अतिरिक्त उन नगरों में कुछ और भी हैं।

अन्य पवित्र तीर्थों की भांति वाराणसी में गुण्डों की, अवैध प्रमीलन व्यापारियों की, साम्प्रदायिक तत्वों की तथा अवांछितों के पृष्ठ-पोषक राजनीतिज्ञों की भरमार है। सर्वोपरि, वहां तीन विश्वविद्यालय हैं जिनके छात्र मानो अराजकता उभारने में होड़ सी करते हैं। वैसे ही लखनऊ राजनैतिक हलचलों तथा छात्र आन्दोलनों की धुरी रहा है। गतवर्ष उत्तर प्रदेश सशस्त्र पुलिस की क्रांति में इन दोनों स्थानों ने प्रमुख भाग लिया था। सुतराम् इन दोनों स्थानों पर निर्वाचन के अवसर पर उपद्रव होने की संभावना थी। इन दोनों स्थानों पर स्वभावतः उत्तर प्रदेश प्राधिकारियों ने अपने दल तथा के० रि० पु० दल को पूर्णतः प्रविस्तारित कर उपयुक्त बन्दोबस्त किया।

बनारस स्थित 31 तथा 44 बटालियन के जवान गाजीपुर, बलिया, जौनपुर,

मिर्जापुर, बस्ती, देवरिया तथा गोरखपुर में चुनाव पर नियुक्त थे । लखनऊ स्थित 18 बटालियन के जवान लखनऊ, उन्नाव, खीरी हरदोई, संडीला तथा सीतापुर पर स्थित थे। 43 बटालियन की एक कंपनी कलकत्ता से वाराणसी के पुनर्वलन को बुलाई गई तथा नगर में प्रविस्तारित की गई। उसी भांति 39 बटालियन की रामपुर से एक कंपनी तथा इलाहाबाद से 1 बटालियन की एक कंपनी लखनऊ में प्रविस्तृत हुई।

जहां कभी भी के० रि० पु० दल नियुक्त हुआ उसने दक्षता, सत्वरता तथा निष्पक्षता का अपना एक कीर्तिमान स्थापित किया। के० रि० पु० दल की उपस्थिति मात्र ही जनगण में विश्वास उत्पन्न करती थी तथा उद्भत करती थी शांति का एक वातावरण।

मतदान नितान्त शांत वातावरण में सम्पन्न हुआ। वाराणसी में अवश्य पथराव की एक घटना आदमपुर थाने पर हो गई जहां सशस्त्र पुलिस नियुक्त थी। तुरन्त 43 बटालियन के जवान (जो आरक्षित थे) घटना स्थल पर पहुंच गये और सामान्य स्थिति लौटा दी गयी ।

राज्य के अन्य भागों में भी मतदान शांतिपूर्वक हुआ। यद्यपि यत्र तत्र कुछ छुट पुट घटनायें हुई किन्तु कहीं भी जीवनत्रास के कारण कोई भी मतदाता मत देने से वंचित नहीं रहा।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की सेवायें अनदेखी नहीं रहीं। केन्द्रीय तथा उत्तर प्रदेश के अधिकारियों तया मन्त्रियों ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री उमा शंकर दीक्षित ने महानिदेशक को एक एक सन्देश में कहा है "उत्तर प्रदेश के निर्वाचन में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस द्वारा की गई अमूल्य सहायता से मैं परिचित हूं। उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री मुझसे मिले थे और उन्होंने आप के दल की सामयिक सहायता की मात्रा तथा रीति की स्वयं सराहना की थी। जिस प्रकार पुलिस प्रबन्ध सावधानी से सुयोजित तथा क्रियान्वित किये गये उन पर में अपना सन्तोष प्रकट करना चाहता हूं जिसके फल स्वरूप निर्वाचन बिना किसी अप्रिय दुर्धटना के सम्पन्न हुआ । किन्हीं भी स्थितियों के उठने पर जिस भांति आपके अधिकारी तथा जवानों ने उन्हें सुलझाया उस पर मुझे विशेष प्रसन्नता है।

क्या आप इस उत्तम कार्यों के प्रति मेरी कृतज्ञता अपने संगठन को सूचित कर देंगे ?"

2 नागालैंड

यह सर्वविदित था कि नागालैंड में छिपे विद्रोही मतदाताओं को भयाक्रान्त करेंगें तथा निर्वाचन भंग करने की चेष्टा करेंगे। राज्य प्राधिकारियों ने यथासम्भव सुरक्षा के उपाय किये तथा आवश्यक सावधानियां व्यवहृत की। के० रि० पु० दल की बटालियनों ने कानून तथा व्यबस्था बनाये रखने में तथा राज्य के चुनाव कराने में सार्थक योगदान दिया । नागालैंड राज्य को साहाय्य हेतु के० रि० पु० दल की 35 कम्पनियां थीं।

ऐसी सूचना मिली कि तथा कथित "फेडरल गवनमेंट आफ नागालैंड" के स्वतः घोषित महासचिव आई० आर० मुनिनाह ने ऐसे अनुदेश नवम्बर 73 में छिपे नागाओं को दिये थे कि यह निर्वाचन अवैध है क्योंकि नागालैंड कभी भारत का अंग नहीं रहा है। उस फैडरल गवर्नमेंट आफ नागालैण्ड ने उस राज्य में प्रधान मंत्री की यात्रा पर बड़ी चिल्लपौं की तथा छिपे विद्रोहियों की हिंसात्मक कार्यवाहियों को और उग्र रूप देने को उत्प्रेरित किया। अतएव नवम्बर 1973 से वहां हिंसाओं ने भयावह रूप धारण किया। नवम्बर-दिसम्बर 1973 में सुरक्षा दल पर नागा विद्रोहियों ने 3 बार गोली चलाई। दिनांक 2 जनवरी 1974 को कचलिआई (मोकोचंग) क्षेत्र में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को 14 बटालियन के एक प्रहरी दल पर 30 नागाओं के एक जत्थे ने फायर किया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने मुह तोड़ जवाबी फायर किया । तथा विद्रोही अंधकार को आड़ में भाग निकले।

दिनांक 6 फरवरी 1974 को कोहिमा-वोर्खा मार्ग पर नागा सशस्त्र पुलिस पर विद्रोहियों ने घात लगाई। इस घात में 9 नागा सशस्त्र पुलिस के जवान खेत रहे तथा 10 रायफल और कुछ बारूद लुट गया।

अन्य सशस्त्र दलों के साथ केन्द्रीय रिजर्ब पुलिस दल की बटालियनों ने सुरक्षा की सतर्कताएं तथा सावधानियां तेज कर दीं। विद्रोहियों की गतिविधियां नियंत्रित करने के लिये उन्होंने निशि-दिन अपना पहरा असहिष्णु क्षेत्रों में प्रबल कर दिया; विद्रोहियों के गुप्त स्थानों पर आक्रमण बोले; उन पर घातें लगाई, खोजें की तथा विद्रोहियों से पूछताछ की। इन प्रयत्नों में हमारी बटालियनों ने अच्छी सफलता प्राप्त की। इस विषय में केवल दो दृष्टान्त देना पर्याप्त होंगे। 11 दिसम्बर, 1973 को मोकोचंग | के निकट दो गृहों पर छापे मारे और कुछ विस्फोटक पदार्थ, फ्यूज तार, डिटोनेटर, तथा बारूद प्राप्त किया एवं एक व्यक्ति को भी बन्दी बनाया। जनवरी 1974 में 36 बटालियन ने गुप्त स्थानों पर छापे मारे तथा चार विद्रोही बन्दी बनाये और दो 303 रायफलें, एक स्वतः भरने वाली रायफल, एक चीनी पिस्तोल, एक चीनी स्वाचालित रायफल, एक हथगोला, एक एस-वी एम-एल-गन, एक एम-एल गन तथा पर्याप्त मात्रा में उपकरण एवं सक्रिय विस्फोटक पदार्थ प्राप्त किये।

साथ ही हमारी बटालियनों में अन्य सुरक्षा दलों के साथ निर्वाचन कराने के लिये सुरक्षा प्रबन्ध का भार भी लिया । नागालैंड में 12 फरवरी, 1974 को 22 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव आरम्भ हुआ। भण्डारी निर्वाचन-क्षेत्र में 21 मत केन्द्रों पर 46 बटालियन ने सुरक्षा प्रदान की। चुनाव शान्तिपूर्ण रहा और कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

14 फरवरी, 1974 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने एक छिपे नागा को चम्पगं तथा चिम्मोही के मध्य मार्ग में बाधा डालते हुए बन्दी बनाया। निर्वाचन कानवाय को इधर से ही जाना था। पूछताछ करने पर अन्य 11 छिपे विद्रोही खान बिछाते पकड़े गये।

रात्रि को 7-37 पर 16 फरवरी, 1974 को कोहिमा नगर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की पलटन-चौकी पर एक बम फटा। दो सिपाहियों के हल्की चोटें आईं। 40

सांदेग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया और उन्हें स्थानीय पुलिस को आगे कार्यवाही करने को सौप दिया गया।

राज्य प्राधिकारियों द्वारा के० रि० पु० दल को नागालैंड में की गई सहायता की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की गई। श्री एन० जखालू मोकोचंग के डिप्टी कमिश्नर ने 34 बटालियन के कमाडेंन्ट को एक पत्र में उस बटालियन की भूमिका को अतीव सराहा।

सेना के पूर्वी कमान के जी० ओ० सी० इन०सी (महोच्चधिकारी) ने 34 बटालियन के कमान्डेन्ट को एक पत्र में इन शब्दों में सामान्य निर्वाचन में उक्त बटालियन की भूमिका की गुणावलि गाई है—"क्या आप मेरी बधाइयां अपने सभी अधिकारी तथा जवानों तक सफल निर्वाचन करने हेतु उनके कठिन परिश्रम के उपलक्ष में पहुंचा देंगे ? सुरक्षा प्रबन्ध भली भांति समन्वित थे और अत्यन्त सफल रहे।"

3 मणिपुर

दिनांक 19, 23 तथा 25 फरवरी को मणिपुर में निर्वाचन काल में राज्य में 33 कम्पनियां प्रविस्तारित की गईं। 24 कम्पनियां भीतरी क्षेत्रों में अभिद्रोह-दमन तथा अनेक स्वतन्त्र चौकियों पर तैनाती के लिये तथा 9 कम्पनियां इम्फाल में स्थानीय प्राधिकारियों को कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिये नियुक्त रहीं। शान्तिपूर्वक निर्वाचन के संचालन के लिये मणिपुर प्रशासन की प्रार्थना पर 12 और कम्पनियां फरवरी के प्रथम सप्ताह में उक्त राज्य को भेजी गई।

मणिपुर के छिपे विद्रोहियों ने निर्वाचन में उत्पात मचाने की धमकी दे रखी थी। उन्होंने जनता को निर्वाचन के बहिष्कार करने के लिये पर्चे वितरित किये थे तथा अपने मताधिकार को प्रयोग करने के विरुद्ध धमकी दी थी। धन छीनने तथा ग्रामीणों से राशन हठपूर्वक हथियाने की घटनाओं की संख्या भी अधिक सुनने में आईं और भीतरी क्षेत्रों में सशस्त्र जत्थों की गतिविधियां भी तेज रहीं।

मणिपुर प्रशासन ने यथा सम्भव सुरक्षा के उपाय किये। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की टुकड़ियों ने छिपे विद्रोहियों की काली करतूतों को रोकने तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। अन्य सुरक्षा दलों के साथ, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने असहिष्णु क्षेत्रों में अहिनिशि भली-भांति पहरा लगाया; सन्दिग्ध विद्रोहियों के गुप्त स्थानों पर सहसा छापे मारे; विद्रोही टुकड़ियों पर घातें लगाईं, खोज खोजकर उनकी छानबीन की जिससे उपद्रवी क्रिया—कलाप नियन्त्रण में रहें। परिणाम स्वरुप भारी संख्या में गोला-बारूद पकड़ा गया तथा छिपे विद्रोहियों के चोटी के व्यक्ति पकड़े गये।

दिनांक 17 फरवरी को जमादार नन्दराम के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की एक टुकड़ी एक असैनिक तीन टन वाली गाड़ी में उखरूल से चार गाड़ियों के (रक्षक) कानवाय के साथ चुनाव को चली जिसमें निर्वाचन-कर्मचारी तथा सीमा सुरक्षा

दल एवं माहार रैजीमेण्ट का रक्षक जत्था भी था । आन्तेम गाड़ी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की 58 बटालियन के जवान तथा निर्वाचन कर्मचारी थे।

'नन्गवी' पुल के निकट इस दल पर पर घात लगाई गई है और कम से कम 8 शस्त्रों तथा दो एल० एम० जी० (हल्की मशीनगनों) से स्वचालित अग्नि वर्षा सभी गाड़ियों पर हुई। हमारी टुकड़ी ने तुरन्त अपने उपयुक्त स्थान ग्रहण किये तथा नायक ए० आर० श्रीनिवासन तथा कांस्टेबिल आर० प्रभाकरन ने भी अपनी एल० एम० जी० चलाईं जिन्होंने विद्रोहियों के स्वचालित फायर बन्द कर दिये । सीमा सुरक्षा दल का एक कास्टेबिल वीरगति को प्राप्त हुआ और माहार रैजीमेंट का एक सिपाही तथा एक सी० एच० एम० प्रारम्भिक फायर में घायल हो गये।


विद्रोहियों ने घात लगाने का स्थान सावधानी से चुना था। वहां एक मोड़ था। जहां विद्रोही टीले के ऊपर से गोलियां चला रहे थे। यदि हमारी यह टुकड़ी मुख्यतः ए० आर० श्रीनिवासन तथा कांस्टेबिल आर० प्रभाकरन एम० एल० जी० (हल्की मशीन-गनों) से गोलाबारी नहीं करें तो क्या शस्त्र और क्या जन-जीवन दोनों को ही महती क्षति पहुंचती।

मणिपुर के पुलिस महानिरीक्षक ने सब-इन्सपैक्टर नन्दराम, नायक ए० आर० श्रीनिवासन तथा कांस्टेबिल आर० प्रभाकरन को नकद पारितोषिक दिये तथा साथ ही 58 बटालियन के कमान्डेंट ने भी समस्त टुकड़ी को पुरस्कृत किया।


कैफुनडाई तथा सेईजंग ग्रामों के मध्य में दिनांक 18 फरवरी 1974 को 6 बटालियन को एक टुकड़ी पर नागा विद्रोहियों ने घात लगाई। हमारी टुकड़ी ने भी जवाबी फायर किया।

आगामी दिन भी विद्रोहियों ने सैकुल की केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की चौकी पर स्टेनगन तथा स्वचालित रायफलों से गोलाबारी की। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के सन्तरी ने भी जवाबी फायर किया। विद्रोही अन्धकार की ओट में भाग निकले।

मणिपुर के निर्वाचन में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की सार्थक भूमिका को राज्य प्राधिकारियों ने बहुत सराहा। डिप्टी कमिश्नर (उपायुक्त) तैमंगलौंग ने अपने पत्र में लिखा लिखा है :—'मुझे यह बताने में अपार हर्ष होता है कि 10 बटालियन के उन जवानों ने जिनको मतदान पन तथा निर्वाचन की अन्य सामग्री की सुरक्षा के लिए नियुक्त किया था तथा जो डिप्टी कमिश्नर के कार्यालय में 1974 के मध्यावधि निर्वाचन हेतु रखा गया था प्रशंसनीय कर्त्तव्यपरायणता दिखाई उनको मेरी शुभ कामनायें हैं।'



प्रभाकरन



नन्द राम



श्रीनिवासन

4 सिक्किम

वयस्क मताधिकार के आधार पर सर्व प्रथम किये जाने वाला सिक्किम विधान सभा के लिए निर्वाचन योजनानुसार शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। दिनांक 15, 17 और 19

अप्रैल 1974 को 32 सदस्यों वाली विधान सभा के लिए मतदान हुआ। दो लाख जन संख्या में से लगभग 95000 निर्वाचकों के हेतु 99 मतदान केन्द्र स्थापित हुये थे।

सिक्किम प्रशासन को के० रि० पु० दल की महत्त्वपूर्ण सहायता ही निर्वाचन सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न करा सकी। चोग्याल विरोधी व्यापक उपद्रवों के तुरन्त पश्चात् सिक्किम प्रशासन के अनुरोध पर अप्रैल 1973 में के० रि० पु० दल की एक बटालियन सिक्किम में भेजी गई। तब से के० रि० पु० दल ने अपनी सुकुमार भूमिका भली भांति निभाई है।

4 अप्रैल 1974 को सिक्किम प्रशासन के मुख्य कार्यपालक ने 'प्रशासनिक समीक्षा' में लिखा है "मैं अपने कर्त्तव्य से च्युत होऊंगा यदि में अवशिष्ट सेवारत अधिकारियों तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को उनकी सहायता के लिए जो उन्होंने प्रदान की और कर रहे हैं विशेष धन्यवाद नहीं देता हूं। के० रि० पु० दल ने जिसे एक दुष्कर भूमिका निभानी थी इस प्रकार से व्यवहार किया कि उसने जनता में कानून तथा व्यवस्था के अभिकरण के प्रति तुरन्त आस्था ला दी। सरकार उनके प्रति अत्यन्त आभारी है और मैं इसके सच्चे अधिमूल्यन को लिखित रूप में सुरक्षित रखना चाहता हूं।"

क्रीडा क्षेत्रे (2) 24वीं राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप में के० रि० पु० दल को पदक-प्राप्ति

इन्ही दिनों में रोहतक में हुई 24 वीं राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप में के० रि० पु० दल के जवान मल्लों ने राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व किया तथा एक स्वर्ण दो रजत एवं तीन कांस्य पदक जीते ।

श्री सुखवंत सिंह, डीवाई० एस० पी० ने सुपर हेवी व्हेट (अत्यधिक बोझिल भार) कुश्ती चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा की तथा एक स्वर्ण पदक जीता।

सब इन्सपैक्टर ईश्वर सिंह ने लाइट हैवी व्हेट (हल्के बोझिल भार) में स्पर्धा की, किन्तु अंत में पराजित हुा । उसने एक रजत पदक प्राप्त किया ।

हैड कांस्टेबिल रघुबीर सिंह ने मिडिल (मध्यम) व्हेट में प्रतिस्पर्धा की और अंत में पराभूत हुआ। उसने एक कांस्य पदक प्राप्त किया। उसने एक कांस्य पदक ग्रीको रोमन ढंग में भी जीता।

ला० नायक दादा कांसे ने फ्लाई व्हेट में प्रतिस्पद्धा की और अंतिम बारी में पराजय पायी। उसने एक रजत पदक प्राप्त किया।

नायक जीतन यादव ने पलाई व्हेट में प्रतिस्पर्धा की एवं अंत में हार गया। उसे एक कांस्य पदक मिला।

* सूक्ति सुधा *

जो अपने मन में आशापूर्ण तथा ऊंचा उठाने वाले विचारों को स्थान देता है वही व्यक्ति संसार में सफलता प्राप्त करता है।

-स्वेटमार्डन

सद्व्यवहार तथा मधुर भाषण अनेकों कठिनाइयों से पार करने के पतवार है।

-बैनब्रथ

साहस को कोई मार्ग दुर्लघ्य नहीं है ।

-ओविड

किसी भी एक पद्धति अथवा धर्मपथ में ना तो सम्यक् सत्य परिसीमित रहा है और ना ही रह सकता है।

-श्रीमती हम्फ्री वार्ड

मैं अपने देश को सन्मार्ग पर चलते रहने की आशा करता हं। फिर भी चाहे वह सही हो या गलत, मैं सदैव देश पर प्राण न्यौछावर करूंगा।

-जे० जे० क्रिटेण्डन

पहेलियां

तीन अक्षर का मेरा नाम ।
उलट-पुलट वो ही परिणाम ।
मध्य काट में जज बन जाता।
अन्त छांट जल कर तड़पाता । 1।
पीले बीज की लाल थैलिया।
हूपट हापट मेरा हुलिया । 2।
पिण्ड पिण्ड में मेरा वास ।
नर-नारी दोनों के पास ।
भिन्न अंग पर नूतन नाम ।
तन से विलग निपट बेकाम । 3।
हीरे भरी थाली, सुबह होते चुराली। 4।
बेटा कैसा गोरा देखो,
और बाप है काला।
बाप जले भट्टी के अन्दर,

बेटा है धन वाला। 5।

उत्तर

1. जलज 2. लालमिर्च 3. बाल 4. तारावली 5. कोयला, हीरा

॥ यह भी खूब रही ॥

कड़ाके के जाड़े में एक जवान को थरमस फ्लास्क में जल भरते देख कर कमांडेंट ने आश्चर्य में पूछा "इस शीत में ठंडा जल थरमस फ्लास्क में क्यों भर रहे हो।"

"आप ही ने तो कहा था हुजूर कि इस फ्लास्क में ठंडी वस्तु बहुत समय तक ठंडी रहती है ? सो मैं गर्मियों के लिए यह ठंडा जल इस फलास्क में भर कर रख रहा हूं।"


सिपाही थानेदार को फोन करता हुआ "हजूर। यहां एक मनुष्य की जेब दूसरे ने काट ली है सो मैंने एक को पा लिया है।

थानेदार "वह कौन है ?"

सिपाही "वही एक जिसकी जेब कटी है"

एक महात्मा सामाजिक बुराइयों पर प्रकाश डालते हुए बोले—"हमारे देश में शादी-विवाह में क्या होता है ?"

"एक का जीवन बन जाता है और दूसरे का बिगड़ जाता है।" पीछे से एक उत्तर मिला।



निर्वाचन-काल पर लखनऊ में सेवारत के० रि० पु० दल



निर्वाचन-विज्ञापनों की बन्दनवारों से सज्जित वाराणसी में कार्यरत के० रि० पु० दल

1971 के भारत-पाक युद्ध में उत्कृष्ट शौर्य-प्रदर्शन-हेतु सेना पदक विजेता
सर्व-श्री जगमेहरसिंह तथा डेविड वर्गीज

निज प्राणों की बाजी लगा कर एक बालिका
के प्राण बचाने वाला कान्स्टेबिल
हरि टी पाटिल







रजि० नं० 23788/72

कैपलर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्त पत्र तथा सचित्र पत्रिका

(द्वैमासिक हिन्दी संस्करण)

30 जून, 1974] खण्ड 3 संख्या 2 [9 आषाढ़, 1896





हड़ताल के समय रेलगाड़ियों के गमनागमन में के० रि० पु० दल का योगदान

छिटकती—मुस्कानें

एक छात्र—"यह भी विचित्र बात है कि हमारी तुम्हारी छुटाई बड़ाई पूरे एक मास की है।"

दूसरा—"सो कैसे"

पहला—"जबकि मैं 15 अगस्त को पैदा हुआ हूं तुम 15 सितम्बर को।"

दूसरा—"चल झूठे ! 15 अगस्त की तो पूरी छुट्टी होती है।"

बस रुकी और कण्डक्टर चिल्लाया— "है कोई जानकी देवी ?"

तभी एक लम्बी दाढ़ी वाला सरदार—"अहो" कहता उतर गया। एक परदेशी बूढ़ी चकित चिल्ला उठी—"ऐ दइया ! मूछन दाढ़ी की जानकी देवी।"

सारी बस खिलाखिला पड़ी; पर कण्डक्टर ने उसे समझाया "मां जी ! यह जानकी

देवी महाविद्यालय का बस स्टाप है। यहां जिस किसी नर नारी को उतरना होता है वह उतर जाता है।"

वर्षगांठ पर नये-नये वस्त्र, मिठाइयां तथा खेल-खिलौने मिलने पर शिशु जवाहर लाल निज माता से बोले "मां। यह जन्म दिवस प्रति वर्ष के स्थान पर हर मास क्यों नहीं आता ?"

शामली के एक निवासी ने एक पैसे का मनीआर्डर 20 पैसे की फीस देकर किया तथा उसके नीचे वह समस्त सन्देश लिख भेजा जो वह 25 पैसे का लिफाफा भेजकर करता । इस प्रकार 4 पैसे तो बचाये ही; साथ में वांछित व्यक्ति को ही वह गुप्त सन्देश मिला। इसके अतिरिक्त, बिना दस पैसे व्यय किये उसकी रसीद भी पाली ।

क्रैपलर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका

[हिन्दी संस्करण द्वैमासिक]



खण्ड 3

अंक 2

30 जून, 1974

9 अषाढ़, 1896

मुख्य सम्पादक : एच० एस० सेठी

हिन्दी सम्पादक : जे० एस० शर्मा

सम्पादकीय कार्यालय :

द्वारा महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, पश्चिमी खण्ड-8, रामकृष्णापुरम नई दिल्ली-110022

आवरण पृष्ठ पर : दल का प्रतीक



मुद्रक तथा प्रकाशक ।

मुद्रक-दि कैक्स्टन प्रेस (प्राइवेट) लिमिटेड, नई दिल्ली-110055

प्रकाशक : महानिदेशक की ओर से
श्री एच० एस० सेठी

इस अंक में :

1. 'के० रि० पु० दल में भाई चारे का भावना बढ़ाइये'—लेखक श्री बी० बी० मिश्र, महानिदेशक

2. लेख

(क) 'एक चिरस्मरणीय मुठभेड़'—लेखक श्री एम० सी० सोम

(ख) 'निखल भारतीय रेल हड़ताल'—लेखक श्री के० एम० पण्डालेय, उपनिदेशक (संचालन) महानिदेशालय

(ग) 'महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार के आरोप'—लेखक श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना, महानिरीक्षक से०-3

3. आवरण-कथा

'दल का प्रतीक'—लेखक श्री एच०एस० सेठी, जन सम्पर्क अधिकारी—महानिदेशालय

4. कविता

'खोज'—रचयिता श्री अनुसैय्याद प्रसाद काला, 58 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल

5. क्रीड़ा क्षेत्रे

(क) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल अजमेर रायफल क्लब की प्रगति

(ख) अन्तर बटालियन चैम्पियन शिप शील्ड

6. गौरव गाथा

(क) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के चालक की उदारता

(ख) पुलिस-शौर्य-पदक

(ग) गोरखपुर से शील्ड-प्राप्ति

7. रिपोर्ताज

(क) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस-दल द्वारा अग्नि से दुकानों की रक्षा

(ख) दिल्ली उपद्रवों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का योगदान

8. स्वास्थ्य संदेश

'रोगों का सस्ता तथा गुणकारी उपचार'—लेखक श्री जे० एस० शर्मा, हिन्दी सम्पादक

9. विज्ञान के चढ़ते चरण

10. विविध

(क) छिटकती मुसक्यानें
(ख) ग्रुप केन्द्रों की कोचें (स्यन्दन कारें)
(ग) क्या आप जानते हैं ?
(घ) सूक्ति सुधा
(ङ) यह भी खूब रही
(च) वृक्ष खोजिये
(छ) पहेलियां

प्रश्न स्तम्भ

क्रैपलर में 'प्रश्न स्तम्भ' नामक एक नए स्तम्भ को खोलने का प्रस्ताव है। इस स्तम्भ में के० रि० पु० दल के बहुसंख्यक पाठकों की अभिरुचि के साधारण प्रश्न पूछे जा सकते हैं किन्तु व्यक्तिगत प्रश्न नहीं पूछे जाने चाहिये। प्रश्न किसी भी विषय पर हो सकते है। पाठकों से निवेदन है कि वे प्रश्न क्रैपलर सम्पादक को भेजें।

के० रि० पु० दल में भाई-चारे का भावना बढ़ाइये

श्री बी० बी० मिश्र

श्रीबी० बी० मिश्र महानिदेशक महोदय ने के० रि० पु० दल के वरिष्ठ अधिकारियों को एक पत्र में उनसे आग्रह किया है कि जनकल्याण की किसी भी भांति अवहेलना नहीं हो तथा शिकायतें दूर करने का साधारण तन्त्र दक्षतापूर्वक कार्य करता रहे।

इस संदर्भ में उन्होंने कमांडेंट तथा जवानों में सीधा सम्पर्क स्थापित करने के साधन तथा शिकायतों के वाद-स्थल स्वरूप 'दरबार' की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने लिखा है कि दरबार नियमित रूप से होने चाहिए तथा जवानों को दरबार में अपनी शिकायतें अभिव्यक्त करने को प्रोत्साहित करना चाहिए एवं प्रत्येक व्यक्ति की अथवा सामूहिक शिकायतों के लिए अनुवर्त्ती कार्य करने के लिए नियत कार्रवाई लिखनी चाहिए। जवानों को अपनी शिकायतें अलग कक्ष में भी बताने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

बटालियन कोषों को नियमावलि के ठीक अनुकूल व्यय करने पर भी उन्होंने बल दिया। "यह नहीं भूलना चाहिए कि कल्याण कोष समस्त दल के लिए है और कमांडेंट उसको एक पुनीत लोक धरोहर समझें। तथा उसके एक रुपया का व्यय भी दल के कुछ कल्याण करने की भावना से उत्प्रेरित हो। विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन पर कल्याण कोष से एक उत्तम प्रदर्शन, एक भव्य भोज या एक सांस्कृतिक समारोह विशेष अवसरों पर नहीं होने चाहिए क्योंकि चाहे विशेष व्यक्तियों से उनके द्वारा कमांडेंट को कीर्ति प्राप्त हो जाती है परन्तु जवानों को रुचिकर नहीं होते।"

श्री मिश्र ने कमांडेंटों को मंत्रणा दी है कि वे सब प्रशासनात्मक निर्णयों में निष्पक्षता बरतें जिससे जवान यह नहीं सोचें कि अमुक निर्णय न्याय तथा निष्पक्षता के अतिरिक्त किसी अन्य उद्देश्य से लिया गया है :


"एक बार यदि कमांडेंटगण इस प्रकार व्यवहार करें तब उनका रूप जवानों के समक्ष निखर कर आयेगा तथा इसके साथ दल के कल्याण में उनकी अभिरुचि जवानों में सेवा निष्ठा की भावना भरेगी। उनको पूर्ण विश्वास हो जायेगा कि अपने कमांडैंटों के हाथों में उनके हित सुरक्षित हैं।"

इन जवानों की समस्याओं के विषय में उल्लेख करते हुए जो अपने परिवार से सुदूर विप्रकृष्ट स्थानों पर सेवारत हैं, महानिदेशक महोदय ने इच्छा प्रकट की है कि कमांडेंट तथा कम्पनी कमांडर उनके वैयक्तिक समस्याओं को सुनाने को प्रेरित करें तथा उनके समाधान खोजने के सच्चे यत्न करें। बहुधा इन अधिकारियों की सहानुभूति तथा बुद्धिमत्ता से पूर्ण परामर्श अत्यन्त लाभकारी होता है।

श्री मिश्र ने लिखा है "दान की भांति सेवा तभा भक्ति का सिद्धान्त भी घर से ही

प्रारम्भ होता है। यदि हम भाई चारे की भावना दल में नहीं भर सकें तब एक सुशील एवं निष्ठावान् दल के बिना समस्त देश में हम अगणित सेवाओं का पालन नहीं कर सकेंगे।"

ग्रुप केन्द्रों को कोचें (स्यन्दन-कारें)



शीघ्र ही ग्रुप केन्द्रों पर, जो नगरों से दूर बसे हैं, अधिकारियों तथा जवानों को लाने ले जाने के लिए 50 सीटों वाली कोचें, (स्यन्दन कारें) हो जायेगीं।

अगस्त 1974 तक पांच कोचें तैयार हो जायेंगी। चालू पत्री वर्ष के दिसम्बर तक पांच और कोचें प्राप्त हो जायेंगी।

इन कोचों में से एक कोच अभी प्रयोग के लिए तैयार है और ग्रुप केन्द्र दिल्ली को परिवहन के लिए दी जा रही है।

<u>एक चिरस्मरणीय मुठभेड़</u>

मणिपुर के आतंकवादी टोली की समाप्ति

लेखक :—श्री एम० सी० सोम

सन् 1971 में 4 बटालियन मणिपुर में प्रविस्तारित की गई और वह दिसम्बर 1971 के भारत-पाक युद्ध में ही वहाँ रहीं। युद्ध के कारण सेना मणिपुर से निकाल ली गई थी। इस हेतु 4 बटालियन तथा अन्य बटालियनों के पुनः प्रविस्तरण की आवश्यकता हुई। मैं 49 बटालियन की 'ए' कम्पनी का कमाण्डर था जो ओइनमलाँग तथा बाद को जिरोबम में प्रविस्तृत रही। जब बंगला-देश का युद्ध समाप्त हो रहा था, तब मणिपुर एवं नागा विद्रोहियों को, जो पूर्वी पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे थे, नागालैंड तथा मणिपुर को लौटना पड़ा। किन्तु के० रि० पु० दल के सब यूनिटें सतर्क थीं।

जिरीबम जहां मेरी कम्पनी मणिपुर के छोटे से उपनगर में प्रविस्तृत थी जिरी सरिता के तट पर स्थित है जो असम तथा मणिपुर राज्यों को अलग करती है। जिरीबम बंगलादेश से लगभग 100 मील की दूरी पर है और मणिपुर का प्रवेश द्वार है ।

मेरी कम्पनी मुख्य-कर बंगला देश से असम द्वारा लौटते हुए विद्रोहियों की खोज में थी। दिसम्बर 1971 के अन्तिम सप्ताह में सब कम्पनियों को सूचित कर दिया गया कि मणिपुर—मेतेई —विद्रोहियों की एक टोली मणिपुर में भारतीय सीमा में घुसपैठ कर राज्य की शान्ति भंग करना चाहती है। मणिपुर के छिपे विद्रोहियों की टोली का नेता सुधीर था। वह एक दुर्दान्त दृढ़निश्चयी व्यक्ति था तथा पूर्वी पाकिस्तान में इम्फाल के भर्ती अन्य साथियों के साथ 1967-68 में छापामार युद्ध का प्रशिक्षण प्राप्त करने वह गया था। अन्य साथी भी सुधीर की भांति शिक्षित, तरुण तथा दुर्दान्त थे। यह टोली मणिपुर में तथाकथित "स्वतन्त्रता" पाने के लिये सरकार के विरुद्ध छापेमार आयोधन छेड़ना चाहती थी। इस टोली का भारतीय सीमा में अन्त:सरण प्रधान मन्त्री की मणिपुर यात्रा के समय हुआ। प्रधान मन्त्री जनवरी 1972 के तीसरे सप्ताह में मणिपुर गई थीं। पहले भी एक बार उन पर भाषण देते समय गोली चलाई गई थी और ये अपराधी इस टोली के सदस्य बताए गए थे। अतएव इस टोली को रोकने तथा समाप्त करने के पूर्ण प्रयत्न किये गये।

सूचना—दिनांक 1 जनवरी 1972 को प्रातः 6.45 बजे एक मणिपुरी नागरिक मेरे कमरे में दौड़ा पाया । वह अत्यन्त उत्तेजित एवं घबड़ाया हुआ था। बिना मेरे पूछे हुए ही उसने तुरंन्त कहा कि विद्रोहियों की एक मणिपुरी टोली लखीचारा ग्राम के एक कुटीर में ठहरी हुई है। उसने बताया कि उन पर स्वचालित अस्त्रों की अमित राशि है तथा वे जैतूनी हरे वस्त्र धारण किये हैं। मैंने उस महाशय को उससे पूर्व कभी नहीं देखा था । सुतराम् मेरा ध्यान गया कि कहीं यह छद्म जाल तो नहीं है। किन्तु वह सच्चरित्र यद्यपि उत्तेजित दिखाई देता था। उसने यह भी कहा कि चाय पान के उपरान्त वह टोली वहां से प्रस्थान कर देगी।

प्रारम्भिक मुठभेड़—मैंने सत्वर लगभग 33 जवानों की टुकड़ी को, जिस स्थिति में भी थी, साथ लिया । जिरीबम के निरीक्षण बंगले के निकट जिरी सरिता के पार हमारी टुकड़ी उस सूचक के संदेशन में चल रही थी। आकण्ठ शीतल जल में उस

टुकड़ी ने सारेता को शीघ्रतापूर्वक पार किया। जिरी सारेता की दूसरी ओर वन था जो असम के कचार जिले में लखीचारा आरक्षित कान्तार का एक भाग था। एक भिन्न राज्य में अभियान करने के संकट मेरे मस्तिष्क में चक्कर लगा रहे थे। परन्तु मैं उस टोली को कभी भी बच भागने से रोकने को कृत-संकल्प था। मैंने स्थिति समझी और सच्ची आस्था से काम किया।



वन की गहनता के कारण पांच गज तक की दूरी ही हम देख सकते थे। जब हमारी टुकड़ी कोई आधी मील वन में गई होगी तब सूचक ने वन से घिरे एक दलदली खुले स्थल पर एक कुटीर की ओर संकेत किया। सूचक ने बताया कि विद्रोही उस कुटीर में हैं और उस कुटीर का एक ही मार्ग है। उस मार्ग पर चलना रणनीति से उचित नहीं था। मैंने टुकड़ी के तीन भाग किये और 15 जवानों के एक भाग को अपने साथ लिया। शेष दो भागों में से एक को कुटीर को घेरने हेतु पूर्वी ओर भेजा तथा दूसरे को यह आदेश देकर उस मार्ग पर छोड़ा कि जो भी शिविर से विद्रोही निकले उसे बन्दी बना लें। मैं लगभग 300 गज उत्तर की ओर चला, घुटने डुबाऊ दल-दल में चलते हुये उस पंकिल स्थल को पार किया तथा लखीचारा ग्राम के बाहरी क्षेत्र में प्रवेश किया। अपनी टुकड़ी को खुले स्थान के किनारे पर खड़े होने की अनुज्ञा दी। फिर मैंने उस टुकड़ी को दो जत्थों में विभक्त किया। एक जत्था कुछ ऊंची भूमि पर खड़ा किया जिससे कुटीर पर बढ़ने वालों के मेरे जत्थों पर गोली चलने के समय वह जवाबी फायर करे। मैं कुटीर को भली भांति देखने को पूर्व की ओर कुछ आगे बढ़ा। मेरा जत्था ओट में था तथा मैं कुटीर के निकट विद्रोहियों की गतिविधि देखने के हेतु एक

वृक्ष के निकट खड़ा हुआ था। मैंने दो-तीन व्यक्तियों को असैनिक वस्त्रों में विलोका। वहां कोई भी जैतूनी हरे वस्त्रों में नहीं था जैसा कि सूचक ने बताया था। सूचक अधीर हो रहा था तथा उन पर गोली चलाने का अनुरोध कर रहा था। मैं उसकी भाषा पूर्णतः नहीं समझ पा रहा था क्योंकि मणिपुरी होने के कारण वह टूटी फूटी हिन्दी बोल रहा था।

समाघात —सौभाग्यवश एक व्यक्ति कुटीर से कदाचित् ग्राम जाने को निकला। ज्यों ही वह मेरे निकट आया, मैंने उसे रोका तथा उसके नाम एवं टोली के विषय में पूछा। उसने मुझे यह कह कर धोखा दिया कि टोली तो वहां से दस मिनट पूर्व ही कूच कर गई है। जैसे ही मैं उस व्यक्ति को बंदी बनाने हेतु झुका, विद्रोहियों ने गोली चला दी जो मेरे पार्श्ववर्ती वृक्ष पर लगी। ओट वाले जत्थे ने तत्काल जवाबी फायर किया और तब मुझे कोई सन्देह नहीं रहा कि वह विद्रोहियों की टोली ही है। मेरा जत्था कुटीर से लगभग 75 गज दूरी पर था। अब तो सब विद्रोहियों ने स्वचालित शस्त्रों से गोली दागना प्रारंभ कर दिया। मैंने अपने जत्थे को भी फायर करने के लिये तैयार कर दिया। जत्था कुटीर की ओर 'चार्ज' 'चार्ज' चिल्लाता शत्रुओं के स्वचालित शस्त्रों की धुआधार अग्नि वर्षा में बढ़ा। दूसरे अन्य भागों ने भी 'चार्ज' का सहसा तुमुल नाद किया जिससे विद्रोही समझे कि उन पर चारों ओर से गोली चल रही है। उन्हें अपने स्वचालित शस्त्रों पर इतना विश्वास था कि वे स्वप्न में भी नहीं सोच सकते थे कि कोई उन पर आक्रमण कर सकेगा। अब वे इतने चकित एवं घबड़ा गये थे कि उन्होंने भागना आरम्भ कर दिया; अब तक हमारा आक्रमक भाग भी आ चुका था। हमारे वीर-पुंगवों के एक छोटे वृन्द ने विद्रोहियों से हाथा पाई की तथा उनके चार व्यक्तियों को शस्त्रों के साथ पराभूत किया। और भी तीन विद्रोहियों ने निर्विरोध हाथ ऊपर करके स्वयं को समर्पित कर दिया। कांस्टेबिल धनेश्वर झा तथा जी थामस का दो सशस्त्र विद्रोहियों को रायफल के कुंदों से मारना एक उत्कृष्ट शूर वीरता का दृश्य था। यह विचार मेरे मस्तिष्क में बारम्बार आता है कि हमारी टुकड़ी किस प्रकार स्वचालित शस्त्रों के प्रलयंकर अग्नि-वर्षण में निराहत बच निकली। मेरी मति में तो हमारा साहसिक तथा अप्रत्याशित आक्रमण था जिसने विद्रोहियों को अनुद्यत पाया। निस्संदेह, भाग्य ने भी साथ दिया। हमारी ओर कोई भी क्षत-विक्षत नहीं हुआ, जबकि इस मुठभेड़ में तीन विद्रोही आहत हुये। भारी अग्नि वर्षा में विद्रोहियों पर आक्रमण करने के लिये मेरी कभी-कभी आलोचना हुई है। मेरा नम्र निवेदन यह है कि ऐसे अवसरों पर निर्णय लेने को अधिक समय नहीं होता। निर्णय प्रत्युत्पन्नमति से तत्काल लेना पड़ता है। एवं जो भी मनुष्य को सर्वोत्कृष्ट उपाय उस समय सूझ पड़ता है वह उसी को क्रियान्वित करता है।

इस 15-20 मिनट की संक्षिप्त किन्तु भयंकर मुठ-भेड़ में हमने निम्नलिखित विद्रोही तथा शस्त्र परिग्रहण किये :—

विद्रोही

(1) थम्वल सिंह (2) अभिमन्यु सिंह (3) ब्रज गोपाल सिंह (4) मुनि सिंह (5) बाला

ासिंह (6) बाबू ासिंह (7) राधाकांत

शस्त्र गोला तथा बारूद —3 स्वचालित रायफलें, 1 स्टेन गन, 8 स्टेन मैगजीने, 3 रायफल मैगजीने, 5 हथगोले, 578 गोले (7.62), 500 गोले (9 मि० मी०)।

अनुवर्ती कार्रवाई —बच भागे विद्रोहियों का पीछा करने का मैने निश्चय किया। एतदर्थ मार्ग के पास सब मानव-शक्ति को इकत्रित किया। तब तक मेरी कम्पनी के 30 अन्य जवान तथा ग्राम स्वयं सेवक दल के 6 स्वयं सेवक भी हम से आ मिले। मैंने उनको चार वृन्दों में विभाजित किया। 19 जवानों के एक वृन्द को मैंने साथ लिया तथा शेष जवानों को बन छान डालनें का भार सौंपा।

जब मैं बच भागे विद्रोहियों की खोज में सरिता पार कर रहा था, तब मुझे एक नागरिक ने यह बहुमूल्य सूचना दी कि उसने तीन व्यक्तियों को निरीक्षण बंगले के सामने से बन में प्रवेश करते देखा है तथा उनमें से एक कोई भानी सिंह था जिसको हम सिक्ख समझ बैठे थे। उसने मुठभेड़ में दाड़ी तथा लाल पगड़ी फहराते भाग लिया था। यह देख कर पकड़े हुये विद्रोही तथा शस्त्र हमारी गति में बाधा डाल रहे हैं, मैने उनको एक जत्थे के साथ शिविर में भेज दिया। मैंने बन में खोजने की चेष्टा की; परन्तु इतनी छोटी मानव-शक्ति से यह संभव नहीं था। अतः वृन्द को बन में छोड़ मैं एक जवान के साथ शिविर को लौट आया। ज्योंही में शिविर पहुंचा, मैंने देखा कि सीमा सुरक्षा दल के जमादार सीती लाल ने अपनी टुकड़ी एकत्र की थी जो सीमा सुरक्षा दल के कानवाय के मार्ग-रक्षण-हेतु हमारी कम्पनी के क्वार्टर गारद के सम्मुख खड़ी थी। मैंने सीती लाल से बन खोजने की सहायता हेतु याचना की। सीती लाल को मैंने उसकी टुकड़ी के साथ तथा उस सिपाही के साथ जिसे मैं साथ लाया था अपने मोटर चालकों की (जो सशस्त्र थे) एक टोली को भेज दिया। मैं कोईमानी सिंह के गृह 5 जवानों के साथ जा पहुंचा। चार जवानों को गृह के बाहर छोड़ मैने अन्दर प्रवेश किया तथा मच्छरदानी में छिपे एक विद्रोही को बन्दी बनाया। उसकी भुजा में एक गोली का घाव था। उसने स्वतः स्वीकार किया कि वह सुधीर का सहयोगी है।

सीमा सुरक्षा दल की टुकड़ी तथा ग्राम दल के स्वयं-सेवकों की सहायता से, मैंने जिरीबम के निरीक्षण बंगले के सम्मुख बन को छान डाला, परन्तु किसी अन्य विद्रोही का पता नहीं लगा। जब हम बन में खोज कर रहे थे, एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उसने जिरीबम के दक्षिण स्थित डिबलांग ग्राम की ओर भागते तीन विद्रोहियों को देखा था। मैं एक जत्था लेकर डिबलांग की ओर दौड़ा तथा अन्यों को यह आदेश दे गया कि निरीक्षण बंगले के बन का घेराव नहीं छोड़ें। मैंने जिरीबम के दक्षिण में तीन ग्रामों को खंगाला; किन्तु विद्रोहियों का अब भी कोई चिन्ह नहीं पाया।

जब मैं शिविर लौटा, उस समय अंधेरा हो चुका था। जमादार एच० बी० गुरंग वाली टुकड़ी ने डिगली से एक विद्रोही को बंदी किया था। गारद कमांडर को उसे सौंपकर वह टुकड़ी मेरे आदेशानुसार जिरीबम के दक्षिण में गुलरथल तक खोज आई। मैंने कमांडेंट के लिये एक सिगनल का ड्राफ्ट बनाया तथा एक बेतार-चालक को देकर

पशु-चिकित्सालय के निकटवर्ती निरीक्षण बंगले के बन में गया। मैंने इस स्थान पर ऊंचास्थल वाली टुकड़ी के अतिरिक्त सबको लौटने को कहा था जिसे जिरीबम के पूर्व में स्थित ग्रामों को खोजकर ऊंचाथल लौट जाना था। अब तक सीमा सुरक्षा दल तथा ग्राम स्वयं सेवक दल के अतिरिक्त (जो अपने मुख्यालयों को लौट गये थे क्योंकि उन्होंने प्रातः से कुछ भी नहीं खाया था) अन्य सब टुकड़ियाँ वहां आ गईं। मैंने एक टुकड़ी को जिरी सरिता पर पार करने वाले सभी स्थानों पर पहरा देने तथा दूसरी को मुठ-भेड़ के स्थान के पास घात लगाने भेज दिया। मैंने 10 जवानों के एक बून्द को पशु-चिकित्सालय के निकट रखा तथा स्वयं ऊंचाथल चौकी चला गया।

जब मैं शिविर पहुंचा, जमादार गुरंग की टुकड़ी गुलरथल तक सभी ग्रामों की खोज कर लौट रही थी। मुझे ज्ञात था कि दोनों चौकियों के मेरे किसी जवान ने अन्न तथा विश्राम ग्रहण नहीं किया है तथा वे दिन भर की दौड़-धूप से चकना चूर हो रहे हैं। इस बार जमादार गुरंग को छोड़ा और हेड कांस्टेबिल लक्ष्मण थापा को टुकड़ी में लिया। मैंने पूछा कि वे कहीं भूखे या थके तो नहीं हैं। यह केवल जवानों के मनोबल बढ़ाने को था। सब प्रसन्न तथा उदात्त भाव नामों से ओत प्रोत थे। मैने मुठ-भेड़ के स्थल से मकरू नदी के निकट पादगिरि के ग्रामों तक की खोज का कार्यभार उन पर सौंपा। उनके प्रसन्न मुखों को देख कर मुझे वास्तव में अतीव संतुष्टि हुई।

पशु-चिकित्सालय के निकट प्रतीक्षा करती हुई टुकड़ी से मैं आ मिला। उसके तीन हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति मैंने साथ लिये तथा अन्यों को घात में बैठा रहने दिया। तब मैं जिरीबम के एक नागरिक से भेंट करने गया जिससे मैं प्रायः सूचना पाता था। वह एक दीर्घकाय तरुण था तथा था परम ही विश्वसनीय। मैं उसका तथा किसी सूचक का नाम नहीं बताना चाहता हूं क्योंकि कहीं भविष्य में वे विद्रोहियों के कोपानल के वलि न बन जायें। उस तरुण ने बताया कि बखन ग्राम में दो-तीन विद्रोही देखे गये हैं। मैंने उससे साथ चलने को कहा। अपनी पहचान छिपाने को मैंने ग्राम स्वयं सेवक दल सम्पर्क अधिकारी की जीप मांग ली। अब हम सूचक को मिला कर पांच व्यक्ति थे। चौदह किलोमीटर के लगभग जाने पर तथा जीप को एक जवान के पास एक कुंज में छोड़कर हम वखन ग्राम गये तथा विद्रोहियों के सम्बन्धियों के सदन खोज डाले ; किन्तु बच भागे विद्रोहियों का कोई पता नहीं लगा। मैं जिरीबम लौटा तथा ग्राम स्वयं सेवक दल के शिविर में जीप छोड़ कर पशु-चिकित्सालय की टुकड़ी के पास पहुंचा। उसको घात में लगे रहने को कह कर मैं जिरी सरिता की प्रहरी-टुकड़ियों के पास पहुंचा। उसको भी घात में लगे रहने को कह कर मैं जिरी सरिता की प्रहरी टुकड़ियों का निरीक्षण करने गया।

हैड कांस्टेबिल थापा की टुकड़ी ने महेन्द्र तथा बोमचा नामक विद्रोहियों को एक (चीनी) पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, तीन रायफल मैगजीन, इक्यावन 7.62 बोरवाली गोली, सोलह 6.5 पिस्तौल गोली तथा ग्यारह खाली 7.62 बोरवाली गोली के साथ बन्दी बनाने की शुभ सूचना दी।

अनुवर्ती दौड़ धूप चलती रही। दूसरी टुकड़ी ने बिना हतोत्साहित हुए पांच छैः

ग्रामों में खोज की। जब लखीचारा ग्राम में टुकड़ी खोज कर रही थी, कांस्टेबल गंगा बहादुर ने जो एक गृह के निकट दूसरे एक निकटवर्ती खोजे जाते हुए गृह को घेरा डाले था कुछ मनुष्यों की कानाफूंसी सुनी। 'कोन उसके अन्दर है ?' इस जिज्ञासा को वह रोक नहीं सका। वह चुपके से गृह में घुसा और दो मनुष्यों को आग के पास बैठे देखा। एक के हाथ में कुछ था। कांस्टेबिल गंगाबहादुर ने चिल्लाकर कहा कि वे हाथ ऊपर उठा दें। वे दोनों स्तब्ध रह गये। यद्यपि दोनों शस्त्र सज्जित थे तद्यपि वे इतने भयभीत हो गये कि उन्होंने कांस्टेबिल गंगा बहादुर पर गोली चलाने का यत्न नहीं किया और हाथ ऊपर उठा दिए। कांस्टेबिल गंगाबहादुर ने अनोखा साहस तथा कर्तव्य परायणता का परिचय दिया और अकेले ही उन दो विद्रोहियों से शस्त्र परिग्रहण कर लिये।

जब यह टुकड़ी लौटी, मैंने देखा कि कुछ जवान क्षुधा एवं क्लांति के कारण गिरे जा रहे हैं। मैं एक विद्रोही को एक कोने में ले गया

और पूछ-ताछ की। उसने बताया कि बंगला सीमा के पास जलालपुर ग्राम के समीप एक बन में गोला बारूद उन विद्रोहियों ने छिपा रक्खा है। मैंने सूबेदार लाल मुआंगा को दूसरे विद्रोही से पूछ-ताछ के लिए एवं गुलरथल तक के ग्रामों की पुनः खोज के हेतु तथा हैड कांस्टेबिल लक्ष्मण थापा की टुकड़ी के स्थान पर जाने के निर्देश दिये क्योंकि यद्यपि वह टुकड़ी भी थकी थी, परन्तु थापा की टुकड़ी से कुछ अच्छी स्थिति में थी। सूबेदार लाल मुआंगा से अनुवर्ती कार्रवाई के समन्वय को भी कहा। मकरू नदी के गिरिपीठ की ओर बन को फिर खंगालने का कार्य भी मैंने उसे सौंपा।

मैं विद्रोहियों तथा अपनी टुकड़ी के साथ शिविर में पाया तथा दो बाहनों में जलालपुर की ओर चला पड़ा। वहाँ तक पहुंचने में कानवाय को 11 घंटे में 80 मील की दूरी पूरी करनी पड़ी। जैसे ही हमने खोज प्रारम्भ की, एक स्थानीय व्यक्ति ने जिसके पशु बन में चर रहे थे बताया कि गत संन्ध्या को किसी दल ने उसकी खोज कर ली थी। तब भी हमने उस स्थान को देखा भाला जहां शस्त्र छिपे बताये थे। परन्तु वहां कुछ भी नहीं पाया। केवल एक बरसाती मिली। जब हम जिरीबम लौट रहे थे, तारापुर चाय सम्पदा के पास मेरे कानवाय से सूबेदार लाल मुआंगा के कानवाय मिला जिसमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल तथा सीमा सुरक्षा दल की मिली-जुली टुकड़ियां थीं। उसने लखीपुर आग से एक अन्य विद्रोही हामिद अली को वंदी बनाया था। वह एक अनुभवी विद्रोही था तथा आठ वर्ष से पाकिस्तान की ओर से गुप्तचरी कर रहा था। हामिद अली ने वस्तुतः शस्त्र छिपाये थे। अतएव दोनों टुकड़ियां मार्ग पर वाहन छोड़कर तारापुर ग्राम में फिर गईं। इस बार हामिद अली हमें एक अन्य गृह पर ले गया जिसका हमने घेरा डाला। मैं अन्दर गया किन्तु सारी खोज व्यर्थ रही। उस गृह में कोई नहीं था। मैंने अपने जवानों से स्थान ग्रहण करने को कहा और जैसे ही मैं कुछ खड़ा सोच रहा था कि एक महिला उस गृह में घुसने लगी। मैंने उसे पुकारा और गुप्त शस्त्रों के विषय में पूछा। भाषा सम्बन्धी कठिनाई के कारण पन्द्रह मिनट तक चिह्न

तथा संकेतों द्वारा समझाने पर उस महिला ने कुछ बात असमी भाषा में अभिव्यक्त की तथा एक बांस कुंज की ओर संकेत किया। यथार्थतः मैं उसके शब्दों का सिर पैर कुछ नहीं समझ सका; परन्तु उसके पीछे-पीछे मैं बांस कुंज तक पहुंचा। क्या ही आश्चर्य ? वहां एक गड्ढे में एक बोरी छिपी मिली। मैने सूबेदार लाल मुआंगा को पुकारा तथा एक सिपाही के साथ उस बोरी की वस्तुएं देखने को कहा। खाली करने पर उससे अधोलिखित गोला तथा बारूद प्राप्त हुए :

3 स्टेनगन, 9 स्टेन मैगजीन, 430 बारूद (9 मिमि०) तथा एक हथ गोला।

यह अनुवर्ती दौड़ धूप का दूसरा दिन था। जवानों को अब भी भोजन तथा विश्राम को समय नहीं मिला था। यद्यपि जवानों के मुख पर परिक्लांति एवं श्रम-क्लेश के चिन्ह प्रकट होते थे; तद्यपि जो प्रसन्नता तथा उच्च मनोवल वे बनाये हुए थे उससे मुझे प्रोत्साहन मिल रहा था। निश्शंक, बारम्बार की प्राप्ति भी उनके साहस को बढ़ा रही थी। मैंने सूबेदार लाल मुआंगा को एक सौ रुपये दिये तथा ग्राम से जवानों को कुछ भोज्य पदार्थ का प्रबन्ध करने को कहा। कालान्तर में पता लगा कि उसे वहां कुछ भी नहीं मिला।

शिविर में 4 बजे अपरान्ह पहुंच कर मैंने देखा कि कमाण्डेण्ट मेजर हरचन्द सिंह दल के लौटने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्राप्त गोला बारूद कोट में रखवा कर जब मैं अभियान का संक्षिप्त विवरण सुना रहा था तभी उपमहानिरीक्षक इम्फाल श्री टी० - जे० क्विन भी जिरीबम आ गये। उन्होंने मुझे बधाई दी और यथा आयोजित अनुवर्ती दौड़ - धूप को चालू रखने की मन्त्रणा दी।

मैं आदेश लेकर दो वाहनों में जयपुर -ग्राम को चला। मैंने संगम से सूबेदार लाल मांग की टुकड़ी एकत्र की। जयपुर ग्राम के पास पहुंच दो किलो मीटर की दूरी पर वाहन छोड़ दिये तथा ग्राम में प्रवेश किया। दुर्भाग्य वश, हामिद अली उन गृहों को बता नहीं पाया जहां विद्रोहियों ने आश्रय लिया था तथा ग्रामीणों से पूछना विद्रोहियों तथा सूचकों को आतंकित करना था। मैंने दो हृष्ट-पुष्ट जवानों से एक ग्रामीण को बिना हल्ला-गुल्ला किये उठा लाने को आदेश दिया। वे उठा तो लाये परन्तु वह ग्रामीण इतना विक्षुब्ध हो गया कि वह वाक् शक्ति खो बैठा। अत्यन्त अनुनय करने पर वह गृह बताने में समर्थ हुआ। हमने विद्रोही कोई मानी सिंह के भाई तोम्बा सिंह के घर की खोज की; परन्तु कुछ न पाया। फिर उस दूसरे गृह में गये जहां विद्रोहियों ने आश्रय लिया था। अब हमने उस ग्रामीण को छोड़ दिया। वह इतना बेसुध भागा कि कई बार गिर पड़ा।

जब हम उस गृह के निकट आ रहे थे एक मनुष्य दौड़ने लगा तथा दो जवानों पर आ गिरा। वह उसी स्थिति में पकड़ा गया। एक अन्य हमारी टुकड़ी ने दूसरी ओर से आकर गन्ना मनीसिंह के बच भागने की चेष्टा विफल की तथा उसे बन्दी बना लिया। गन्ना मनीसिंह की पूछ-ताछ ने तथा श्री खोगेन्द्रसिंह जिरीबम के उपमण्डल पुलिस अधिकारी की पहचान ने प्रकट किया कि वह इम्फाल के थोवाल क्षेत्र की कई

हत्याओं एवं लूटमारों का उत्तरदायी था। इन दिनों वह जयपुर ग्राम में एक भिन्न नाम से रहता था और उस विद्रोही टोली का सक्रिय सदस्य था। हम पुनः थोम्बा सिंह के गृह गये तथा रात्रि के 11.30 तक घात लगाई; परन्तु विद्रोही वहां नहीं लौटे। सुताराम् हम दो विद्रोहियों को लिये शिविर आये। दिनांक 4 जनवरी 1972 को रात्रि के एक बजे अभियान समाप्त हो गया।

असम के दो अधिकारियों को मैने शिविर में प्रतीक्षा करते पाया। उन्होंने विद्रोहियों को बन्दी बनाने के विषय में प्रश्नों की बौछार प्रारम्भ कर दी। क्योंकि मैंने असम में यह काम किया था उनके मुख से विद्रोह भावना प्रकट हो रही थी। मैंने शान्त चित्त से उनके कुछ प्रश्नों का उत्तर दिया। मैं निज कमरे में गया और कठिनता से नेत्र मूंदे ही थे कि मेरे अर्दली ने बताया कि इम्फाल के उपमहानिरीक्षक बुला रहे हैं। मैं निरीक्षण बंगले में गया तथा उपमहानिरीक्षक और कमांडेंट को वहां पाया। उपमहानिरीक्षक ने मुझसे समस्त अभियान के विषय में बताने को कहा। उन्होंने एक-एक शब्द ध्यान पूर्वक सुना तथा प्रस्थान करने से पूर्व सब जवानों को उनसे मिलाने को कहा। जिरीबम के थाने में सब रिपोर्ट भरी गईं। जब मैं उपमहानिरीक्षक की जीप में शिविर में लौटा, मेरे अंग-अंग में श्रांति से पीड़ा हो रही थी। जब मैं जीप से उतरने लगा मैं गिर गया और अचेत हो गया। रात्रि के 7 बजे मुझे चेतना आई तथा उपमहानिरीक्षक को निज कमरे में स्वास्थ्य पूछने हेतु खड़ा पाया। वह पांच मिनट बाद चले गये और मैं सो गया।

दूसरे दिन इम्फाल को जाने से पूर्व उपमहानिरीक्षक ने प्राथमिक सफलता तथा उपलब्धियों पर सब जवानों को बधाई दी। उन्होंने 500 रु० पारितोषिक स्वरूप दिये। एक सिगनल द्वारा उन्होंने इन प्रसंशनीय कार्यों की सराहना की जो इस प्रकार उद्धत है : "मेतेई छिपे क्रांतिकारियों के लिए प्राथमिक सफलता तथा मुख्य कर अनुवर्ती दौड़-धूप सर्वोत्कृष्ट प्रकार की प्ररुचि तथा निष्ठा का एक ज्वलन्त दृष्टांत है।" उपराज्यपाल तथा मणिपुर के महानिरीक्षक ने भी ऐसी ही विरुदावली गाई है।

अनुवर्ती कार्यवाई के दूसरे दिन मणिपुर की नागरिक पुलिस ने दाढ़ी वाले विद्रोही कोइमानी सिंह को बन्दी बनाया जो उस प्रति युद्ध से भाग निकला था तथा उसे अपने क्वार्टर गारद में सम्हाल कर रखने को भेजा। मेरे विस्मय की सीमा नहीं रही जब मैंने उसे बिना दाढ़ी मछों के एक सर्वथा भिन्न व्यक्ति पाया। यह व्यक्ति तीन मास पूर्व एक बार हमारी गश्ती टुकड़ी द्वारा पकड़ा गया था जब वह बन में घूम रहा था। किन्तु उसने यह बहाना किया कि वह 'अगर' ढूंढ रहा था। तब मैंने उसे छोड़ दिया था। मैं उसे अपने कमरे में ले गया और उस घटना का स्मरण कराया तथा अत्यन्त मधुर एवं सानुनय स्वर में उससे वार्तालाप किया तब कहीं उसने विद्रोही नेता सुधीर की योजना बताई। उसने वह मार्ग भी बताया जिससे वह टोली इम्फाल को गई थी। मैंने यह सूचना 4 बटालियन की एफ कम्पनी के कमांडर को दी। तथा उपमहानिरीक्षक तथा कमांडेंट को भी सूचित किया। तीन-चार दिन पश्चात् एफ कम्पनी की गश्ती टुकड़ी तथा ग्राम स्वयं सेवक दल ने एक विद्रोही के साथ सुधीर को बन्दी बनाया तथा एक

पिस्तौल और तीन स्वचालित रायफल प्राप्त की। अब केवल तीन विद्रोही शेष रह गये थे जिन्होंने भी दारुण दुराशा के कारण इम्फाल में स्वयं को पुलिस के सम्मुख समर्पित कर दिया। इस प्रकार सारी टोली का (जो प्रशासन को निरन्तर सिर दर्द बनी हुई थी) नितांत सफाया हो गया।

प्राप्त शिक्षायें

(i) सूचना तथा सूचकों की रक्षा— टोली की सूचना एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मिली। ऐसी स्थिति में स्वयं को निर्णय लेने में अत्यन्त सही होना चाहिए। गलत निर्णय हमारे दल को सुयोजित कपट जाल में फंसा सकता है। क्या अभियान एवं क्या उसके उपरान्त हमें सूचकों का नाम तथा पता गुप्त रखना चाहिए। उनके पहचान के प्रकट होने से उनका जीवन संकट में पड़ सकता है। कई बार विद्रोहियों ने सूचकों के टुकड़े टुकड़े कर डाले हैं। इस प्रस्तुत प्रकरण में सूचक को तीन मास की आर्थिक सहायता देनी पड़ी और एक स्थान पर नियुक्ति करानी पड़ी। अन्य सूचकों ने भी अनुवर्ती दौड़ धूप में योग दान दिया और यह तभी सम्भव है जब जनता को इस दल में आस्था है।

(ii) बेग, विस्मय तथा आक्रमकता —प्रारम्भ में विस्तृत योजना को समय नहीं था। केवल तात्कालिक तथा साहसी कार्य ने आश्चर्यपूर्ण सफलता दिलाई जिसने विद्रोहियों को निपट चकित तथा हताश कर दिया। सत्वर सूझ-बूझ, योजना तथा परिश्रम अमित लाभकारी होता है।

(iii) स्थानीय भाषा —जहां कहीं भी हमें सेवा को भेजा जाये हमें वहां की भाषा सीखने का प्रयत्न करना चाहिए। यदि कुछ धन भी व्यय करना पड़े तो वह एक उत्तम नियोजन है। जैसा कि उपर्युक्त विवरण से ज्ञात होगा, हमें इस अभियान में कई बार स्थानीय भाषा के अज्ञान ने बाधा डाली।

(iv) पूछ-ताछ —बन्दी व्यक्तियों की शीघ्र पूछ-ताछ की जानी चाहिए तथा उनसे प्राप्त सूचना पर तुरन्त कार्रवाई की जानी चाहिए। हमारी सकल अनुवर्ती दौड़-धूप बन्दियों की अविलम्ब तथा सही पूछ-ताछ पर निर्भर रही।

(v) समावेश की श्रृंखला —जवानों में कुछ गुण हैं जिनको एक अधिकारी का निरन्तर समादेश ही उद्दीप्त कर सकता है। मैं लगभग दो वर्ष से अधिक लगातार उस कम्पनी का कमांडर रहा। प्रत्येक जवान मुझे जान गया था और मैं प्रत्येक जवान को। क्या अभियान तथा क्या अनुवर्ती कार्रवाई में यह ज्ञान अत्यन्त लाभदायक सिद्ध हुआ। उस अभियान को सफल बनाने वाले तत्व थे—कम्पनी के प्रत्येक स्तर पर उत्तम नेतृत्व, सहनशक्ति, स्थिरता, शारीरिक दृढ़ता संघ भावना, रणधीरता तथा अन्त में कर्त्तव्य परायणता। ये गुण जवानों में सभी कम्पनी अधिकारियों की चेष्टा एवं प्ररुचि द्वारा प्रोत्तेजित रखे गये।

(vi) उपयुक्त जवानों का चयन —क्या शरीर में तथा क्या स्वभाव में सब मनुष्य एक समान नहीं होते। इस अभियान में मैंने तथा अन्य अधिकारियों ने विभिन्न कार्यों के

लिए उपयुक्त जवानों को बिना प्रकट किये चयन किया। अन्त में उल्लेखनीय है कि इस विशिष्ट अभियान में हमने कितने ही रूढ़ि से भिन्न कार्य किये, परन्तु किसी ने भी साहस तथा निष्ठा से कभी तिलांजलि नहीं दी। यही कारण है कि सब कार्य भली भांति सम्पन्न हो गया।

निष्कर्ष —इस अभियान में, प्रारम्भ से ही कम्पनी के सब मनुष्यों ने अत्यन्त उद्यता, उत्तम सतर्कता, स्फूर्ति, युयुत्सा, प्ररुचि तथा उच्चतम सेवा-निष्ठा का परिचय दिया। क्या मुठभेड़ तथा क्या अनुवर्ती अभियान में सभी जवानों ने निर्भीक उत्साह, कर्त्तव्य-परायणता की उत्कृष्ट भावना तथा अदम्य शौर्य दर्शाया। 43 घंटों तक समस्त कम्पनी ने निद्रा तथा भोजन के बिना थके भूखे प्यासे जीवन व्यतीत किया। कोई भी व्यक्ति ऐसी उत्कृष्ट कम्पनी का समादेष्टा बनने में गर्व अनुभव करेगा। उसकी कर्त्तव्य-निष्ठा मुझ पर एक अमिट छाप छोड़ गई है और मैं सदा इस अभियान को संस्मृत रखूंगा।

[**नोट** —इस प्रतियुद्ध में उत्कृष्ट शौर्य प्रदर्शन करने के उपलक्ष में श्री एम० सी० सोम को राष्ट्रपति के पुलिस तथा अग्नि शमन पदक की पट्टी (पदक पूर्व ही प्राप्त कर लिया था) तथा कांस्टेबिल (अब हैड कांस्टेबिल) धनेश्वर झा को पुलिस पदक प्रदान किया गया।]

कविता

'खोज'

रचयिता—श्री अनुसय्या प्रसाद काला

हे चन्द्र ! तुम्हें मैं खोज रहा,
नभ मण्डल में तारा बनकर।
हे दिग्गज ! मार्ग प्रदर्शन कर,
बतलादो है ममचन्द्र किधर।
बेचैन भटकना है कब तक,
यूं विरह व्यथा में ही तप कर।
मैं निपट राख की ढेरी बन,
यूं ही उड़ता हूं इधर उधर।
पर हे समीर ! अनुकम्पा कर,
थोड़ी सी राख उड़ा करके।

संदेशा मेरा कह देना,
इतना सा उस तक जाकर के॥
संतप्त हृदय का यह कम्पन,
थक गया मृत्यु की घड़ियां गिन।
हे मृत्यु देव ! तू ही अब तो,
यह शक्तिहीन ले ले जीवन।

स्वास्थ्य-सन्देश

रोगों का सस्ता तथा गुणकारी उपचार

लेखक :-श्री जे० एस० शर्मा

वैसे तो भारत में जादू टोने से लेकर चीन के एक्यूपंकचर तक की चिकित्सा पद्धति प्रचलित है, किन्तु मुख्यतः निम्न प्रकार के उपचारों का अत्यन्त बोल बाला है :—

1. आयुर्वेदिक —यह भारत की सनातन चिकित्सा पद्धति है। इसके प्रवर्तक धन्वन्तरि कहे जाते हैं। जिनका जन्म सागर-मन्थन के समय क्षीर सागर से हुआ बताते हैं। इसमें वात, पित, कफ के समस्त रोग त्रिदोषों के अन्तर्गत आते हैं। यद्यपि इसमें भस्म, बसन्त मालती आदि अनेक बहुमूल्य औषधि होती हैं किन्तु साधारणतः जड़ी-बूटियों से ही उपचार होता है। कुछ वर्ष पूर्व यह चिकित्सा पर्याप्त सस्ती थी और निर्धनों का यही सहारा था। पचास वर्ष पूर्व एक पुस्तक में ऐसे नुसखे लिखे थे जिनका मूल्य उस समय के दो पैसे से अधिक नहीं था। किन्तु प्राकाश से छूते दामों ने इसे भी अछूता नहीं छोड़ा और कभी-कभी आयु र्वेदिक चिकित्सा अन्य सब पद्धतियों से महंगी पड़ती है।

2. यूनानी —इस पद्धति का जन्म स्थान जैसा नाम से ही ज्ञात होता है यूनान था। यूनान से अरबों में और यवनों के भारत पर राज्य करने से इसका इस देश में भी प्रचार हुआ। फिर शनैः शनैः सर्व साधारण का प्रिय उपचार बन गया। इसमें भी जड़ी-बूटियों पर ही बल दिया जाता है, परन्तु आयुर्वेदिक चिकित्सा से मुख्य अन्तर यह है कि इसमें रोगों को तीन के स्थान पर चार दोषों के अन्तर्गत रखा है। इसका भी आधुनिकीकरण हुआ है और अन्य पद्धतियों से किसी प्रकार बहुधा यह सस्ती नहीं है।

3. होमियोपैथिक —यह पद्धति न्यूनतम तथा सस्ती रही है। इसके प्रवर्तक सैमुवेल हनेमैन का जन्म जर्मनी में सन् 1775 को हुआ था। उनका बीजमंत्र था "विष से विष का" क्षय होता है। स्वस्थ शरीर में अधिक मात्रा में कोई औषधि खा लेने पर जो लक्षण प्रकट होते हैं यदि बिना उसी औषधि का पान किये वैसे ही लक्षण वाला रोग

उत्पन्न हो तब उस औषधि का थोड़ी मात्रा में सेवन करने से नीरोग होने का नाम ही होमियोपैथी या 'सदृश विधान' है। इसकी औषधि अब भी कोई विशेष महंगी नहीं आती, परन्तु डाक्टरों की कृपा से यह चिकित्सा भी महंगी पड़ती है। फिर इसमें कोई भी चिकित्सक यह निश्चय रूप से नहीं कह सकता कि अमुक औषधि किसी रोग की रामबाण औषधि है। जैसे सैरीडोन, एनासिन, ऐस्प्रो के सरदर्द दूर करने के विज्ञापन निकलते हैं, होमियोपैथिक औषधि के प्रायः नहीं निकलते। उस शास्त्र के अनुसार प्रत्येक रोगी के एक ही रोग के लक्षण भिन्न होते हैं, फिर सही 'क्रम शक्ति' के चयन के बिना सही औषधि भी गुणकारी नहीं हो पाती।

4. एलोपैथिक -इसे 'विषम-चिकित्सा' कहते हैं। रोग के लक्षणों से भिन्न प्रभाव उत्पन्न कर स्वास्थ्य लाभ कराया जाता है। इसे ग्रामीण लोग "अंग्रेजी इलाज" कहते हैं। अंग्रेजों के प्रभुत्व काल में यह चिकित्सा अत्यन्त पनपी और आज बड़े-बड़े अस्पताल इसी के स्थापित है। इसका एक कारण यह भी है कि इसकी प्रणाली नितान्त वैज्ञानिक है तथा सभी रोगों का उसमें उपचार है। उदाहरणार्थ, कुत्ते काटने की चिकित्सा इसके अतिरिक्त किसी अन्य पद्धति में समुचित नहीं है। परन्तु इसका व्यय सामान्य व्यक्ति की कमर तोड़ डालता है। फिर इसमें मिलावटी इन्जेक्शन औषधियों आदि द्वारा उलटे लेने के देने पड़ जाते हैं।

इनके अतिरिक्त प्राकृतिक चिकित्सा का भी प्रचलन है। इसका सही ज्ञान कुछ इने गिने व्यक्तियों को है जो रोगियों को प्रायः बुरी भांति लूटते हैं। योगाभ्यास की भी देश की स्वतन्त्रता के उपरान्त अधिक परिचर्चा है। दिल्ली के दूर-दर्शन-केन्द्र में भी कुछ अभ्यास दिखाये तथा बताये जाते हैं। परन्तु इसमें तनिक सी त्रुटि होने पर शीर्षासन आदि में लाभ के स्थान पर हानि हो जाती है। अच्छे तथा सच्चे गुरू नगण्य हैं; फिर इसके लिए समय की आवश्यकता है। साथ ही पाश्चात्य सभ्यता के अंधे अनुगामी भारतीय लोग 'पुरातन योग' का नाम सुनते ही नाक भौं चढ़ाने लगते हैं मानों यह उनसे सम्बन्ध नहीं रखकर बनचारी मुनि-ऋषियों की वस्तु है। अतः अत्यन्त लाभकारी होते हुए भी इसके लोकप्रिय होने में सन्देह है।

कुछ वर्ष पूर्व एक पुस्तक प्रकाशित हुई थी जिसकी प्रस्तावना भूतपूर्व वित्तमन्त्री श्री मुरारजी देसाई ने लिखी थी। उसमें यह प्रतिपादित किया गया था कि सर्व रोगों की रामबाण औषधि अपना **मूत्र** ही है; किन्तु उसका पान इत्यादि करना साधारण व्यक्ति के वश का नहीं है।

कभी-कभी जो मान्यतायें युगों से चली आ रही होती हैं, उन पर सहसा आघात हो जाते हैं। आजकल दांतों के पेस्ट निरर्थक बताये जाने लगे हैं। कुछ दिन पूर्व ज्वर में भोजन देते सब मनुष्य भय खाते थे। किन्तु अब तीव्र ज्वर में डाक्टर भोजन बता देते हैं, यद्यपि उपवास की महिमा सभी बड़े धर्मों में गायी गई है और है भी सभी चिकित्सानों की एक चिकित्सा।

अभी एक लेख पढ़ने में आया जिसमें लिखा था कि घी चर्बी है और कोई भी चर्बी

सब रोगों की जड़ है। अतः घी का सेवन नहीं करके तेल उत्तम है। गेहूं को रात भर भिगोकर सुखाने के बाद भी पीसना चाहिए। फिर आटे को गूंथ कर पानी में दस पन्द्रह मिनट रोटी बनाने से पूर्व रखना चाहिए जिससे वायु नहीं बढ़े। डबल रोटी को भली भांति सेंक कर खाना चाहिए। चावल का मांड नहीं निकालना चाहिए और निकाल भी लें तो पी लेना चाहिए। शाक तथा फलों का सेवन अत्यन्त गुणकारी है और सो ही नमकीन दही का। प्रातः तथा सायं वायु सेवन भी अत्यधिक स्वास्थ्यप्रद है। कम से कम तीन चार मील 40 वर्ष के पश्चात् तेज और 50 वर्ष के उपरान्त धीमे-धीमे चलना चाहिए। बादाम "बाबा के मोल" होने पर आप मूंगफली का प्रयोग कीजिये। अन्ततः उसका नाम भी तो 'चीना बादाम' है। दिल्ली के अर्विन अस्पताल तथा मौलाना आजाद कालेज के चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डाक्टर हरि वैष्णब की मान्यता है कि मूंगफली का दूध बहुत पौष्टिक होता है। कच्ची मूंगफली को 24 घंटे भिगोकर उसके छिलके उतार कर पीस लीजिए और यथायथ जल मिलाकर छान लीजिए। यह मूंगफली का दूध है । इसे गाय भैस के दूध में डालकर उबाला जा सकता है। चीनी तथा इलायची डालकर स्वादिष्ट भी बनाया जा सकता है।

फिर भी शरीर को 'रोग-निकेतन' कहा है, क्योंकि शत्रु की भांति रोग सदैव आक्रमण को खोज में रहता हैं और तनिक सी असावधानी में मनुष्य को धर दबा बैठता है। ऐसे समय केवल चिकित्सा का अमोघास्त्र ही फिर से परित्राण दिलाता है। उसके लिए यह आवश्यक नहीं कि चतुरंगिणी सेना ही हो। केवल ढंग से चला एक चिकित्साचक्र ही पर्याप्त होता है। जहां प्रकृति ने रोग दिये वहां उसकी औषधि भी प्रचुर मात्रा में उसने उपलब्धि कर रखी हैं और बिल्कुल मुफ्त सूर्य के प्रकाश की भांति नहीं ? प्रत्युत् सूर्य प्रकाश ही सब रोगों का निवारक है । क्यों नहीं हो, पुराणों में मृत्यु के देवता 'यम' को सूर्य का पुत्र माना है, तब पुत्र पिता की आज्ञा से बाहर थोड़े ही हो सकता है । वैसे भी, यह सृष्टि सूर्य के सात रंगों का किरण-जाल है-बैगनी, गहरा नीला, आसमानी, हरा, पीला, नारंगी तथा लाल । अतः वैज्ञानिकों की यह धारणा है कि देह में जब इन रंगों में से किसी का अभाव हो जाता है तब उसको पूर्ण करने से शरीर स्वस्थ हो जाता है। अर्थात् प्रत्येक रोग इन सातों रंग के किसी रंग की कमी से होता है । इन सात रंगों में भी मुख्य रंग नीला, हरा तया लाल माने जाते हैं और ये रंग वात, पित्त तथा कफ त्रिदोष का निराकरण करते हैं । इन रोगों के लक्षण ये हैं— (1) **बैंगनी तथा नीला**-ठण्डक (2) **लाल तथा नारंगी**—गर्मी (3) **हरा**—दोनों का सन्तुलन तथा रक्त शोधन ।

बैंगनी तथा नीले रंगों से गर्मी शांत होती है, हर तरह के विष का हरण होता है, सूजन मिटती है तथा फोड़े फूंसी नहीं रहते । गर्मी या ज्वर से सिरदर्द, अनिद्रा, कनफोड़ा में भी लाभकारी हैं।

(2) **लाल तथा नारंगी रंगों** से क्षीण अंगों का कायाकल्प होता है, कफ मिटता हैं, शक्ति बढ़ती हैं, मोटापा, पक्षाघात तथा गठिया ठीक होता है। लाल रंग अधिक उत्तेजक होने के कारण साधारणतः प्रयुक्त नहीं होता; केवल नारंगी रंग का प्रयोग

होता है। फिर भी मोच में, शीत से दर्द में, गर्दन के दर्द में लाल रंग को प्रयुक्त कर सकते हैं।

(3) **हरे रंग से** रक्त-विकार, टाइफाइड, चेचक, खसरा, प्रसूती पीड़ा, ठण्ड से सिरदर्द कब्ज, अपच आदि में लाभ होता है।

अब प्रश्न उठता है कि इन रंगों का प्रयोग किस प्रकार औषधि-रूप में हो? यह अत्यन्त सरल है। औषधि को पानी, तेल तथा चूर्ण के रूप में बना सकते हैं।

पानी—जिस रंग की औषधि चाहिए उस रंग की बोतल में तीन चौथाई पानी भर कम से कम आठ घंटे धूप में पड़े रहने दीजिये। पानी दो-तीन दिन धूप में रखने से तो और भी गुणकारी हो जायेगा। दिन में तीन बार एक-एक गिलास लेना चाहिए।

तेल—तिल, सरसों अथवा ग्लेसरिन को भी बोतलों में तीन चौथाई भर कर कम से कम 30 दिन धूप में पड़े रहने दीजिये। उत्तम तो यह है कि बोतलें धूप में पड़ी रहें और तेल को उनमें से निकाल कर लोशन की भांति लगाना चाहिए।

चूर्ण—चीनी को भी विभिन्न बोतलों में भर कर एक मास तक धूप में पड़ी रहनी चाहिए। उस चीनी में भी वे ही गुण आ जाते है और सफर आदि में बड़ी सुविधा से औषधि का सेवन हो सकता है।

आप देखेंगे कि इन औषधियों का 'नहीं' के तुल्य मूल्य है; किन्तु इनका प्रभाव बहुमूल्य ही नहीं प्रत्युत् जीवनदायक होता है।

विज्ञान के चढ़ते चरण

पैट्रोल आदि की कमी के कारण एक भारतीय ने साइकिल के लिए एक उपकरण "अटैचमैण्ट" तैयार किया है जिससे बाइसिकिल 25 किलोमीटर प्रति घण्टे चल सकती है। इस उपकरण का मूल्य केवल 30 रुपये है। इसकी छोटी मोटी मरम्मत मनुष्य स्वयं कर सकता है। उसमें स्वचालित गीयर हैं। मानव शक्ति का इसमें बहुत कम उपयोग होता है। घिसावट, टूट-फूट भी बहुत कम होती है।

सिर के बालों की खाद से पौधों को कीड़ा नहीं लगता है और पौधे जल्दी बढ़ते हैं। ये पहाड़ों पर काम करने वालों के जूतों के खोल तथा नमदों में काम आते हैं।

30 मई 1974 को अमरीका से छोड़ा ए० टी० एस० 6 (A.T.S. 6) नामक एक संचार उपग्रह एक वर्ष बाद भारत के लिए टेलीविजन कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। अहमदाबाद में एक प्रयोगात्मक संचार उपग्रह भू-स्टेशन बना है जो कृषि, मौसम, स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन विषयक कार्यक्रम उस उपग्रह तक भेजेगा। दिल्ली में भी ऐसा भू-स्टेशन स्थापित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों को पांच हजार ग्राम एक

साथ देख सकेंगे। इससे बड़े बड़े टेलीविजन स्टेशन स्थापित करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इसके द्वारा शिक्षा कार्यक्रम पर बहुत कम व्यय बैठेगा।

क्या आप जानते हैं ?

राजस्थान स्वास्थ्य सेवा के निदेशक डाक्टर एस० पी० वांचू के अनुरोध पर सेवा दान यज्ञ ग्रुप केन्द्र द्वारा दौलत बाग अजमेर में आयोजित किया गया। इसमें एक स्टाल तथा जलपान कोष तीन दिन के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने खोला। अजमेर कल्याण केन्द्र में सिली बनी बनाई कमीजें, टाई, नेक टाई, बाबा सूट, लेडी हाउस सूट आदि वस्त्र बिके । इस प्रकार के विक्रय से उपलब्ध लाभ में से 400 रु० की राशि वधिर, मूक तथा नेत्रहीनों के स्कूल को दान की गई।


राजधानी में दैवी तथा मानवीय प्रकोपों से जूझता केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल



रेल हड़ताल में विजय चौक पर के० रि० पु० दल का घेरा




रेल हड़ताल में स्टेशन पर सतर्क के०रि०पु० दल



उपद्रवग्रस्त सदर क्षेत्र में सजग केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल



रामाकृष्णापुरम में अग्निशमन करते हुए के०रि०पु० दल के जवान



उपद्रव-ध्वस्त सदर बाजार क्षेत्र में सेवारत के० रि० पु० दल के जवान

<u>आवरण कथा</u>

दल का प्रतीक

लेखक : श्री एच० एस० सेठी

इस संस्करण के आवरण पर शिरस्त्राण धारण किये 16 बटालियन के कान्स्टेबिल जी० के० पिल्ले का छायाचित्र है जिसकी अपनी ही कथा है।

कान्स्टेबिल पिल्ले को यह गौरव इसलिए प्राप्त है कि वह केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों तथा उनके क्लेशों एवं कठिनाइयों का प्रतीक है जिन्हें इस दल के कर्त्तव्य-पालन में सहना पड़ता है।

सरल, शान्त तथा शालीन पिल्ले ने क्या शांति, गणतन्त्र तथा धर्मनिरपेक्षता सम्बन्धित देश की आभ्यांतरिक समस्याओं का तथा क्या सीमानों से पार की सभी चुनौतियों का सामना किया है। केरल के थैय्यल-हाउस ग्राम का वासी तरुण तथा हृष्ट-पुष्ट पिल्ले सर्वथा दया-निधान है। दुःखार्त्त मानवता अथवा जीवन या संपत्ति की क्षति का दृश्य मात्र ही उसको तुरन्त सेवा करने को उत्प्रेरित करता है। वह एक पुरुष ही नहीं; प्रत्युत् पुरुषशार्दूल है; वह के० रि० पु० दल का जवान है ।

दिनांक 5 मई 1974 को का० पिल्ले तथा उसके साथियों को उस नारकीय तप्तभूमि में जाने को आदेश हुए जो उपद्रवग्रस्त सदर बाजार उस दिन हो रही थी। उपनिरीक्षक टी० एस० नेगी के अधीन पिल्ले आदेश प्राप्ति के तीन मिनट में ही चल पड़ा। फिर बीस मिनट; और क्या देखते हैं कि टुकड़ी हिंसा के केन्द्र-बिन्दु किशनगंज चौक पर जा पहुंची। उस समय सदर बाजार क्षेत्र में क्या दृश्य था उसका वर्णन पिल्ले

के मुख से सुनेये :—

"तीन-चार सहस्त्र पुरुषों की मार्ग में एकत्र हुई क्रुद्ध भीड़ दुकानें तथा गृह जलाने को इधर-उधर फिर रही थी। कुछ दुकानें तथा गृह तो पूर्व ही जल रहे थे; छतों से पत्थर तथा बोतलें फेंकी जा रही थीं। ऊपर से नराधम मार्ग पर गोलियां बरसा रहे थे। जलती हुई दुकानों तथा गृहों से उठते हुये धुंये में देखना अत्यन्त कठिन हो रहा था।"

तथापि तुरन्त ही कुछ करना था। जबकि के० रि० पु० दल के अन्य जवान अन्यत्र शांति के शत्रुओं से निपट रहे थे, उपनिरीक्षक नेगी की कांस्टेबिल पिल्ले तथा अन्यों की "लाठीपार्टी" भीड़ को नियंत्रित करने में जुट पड़ी। सबके सब का जीवन संकट में था । लाठी पार्टी के कम से कम आठ जवानों को गोलियाँ लगीं। किन्तु सबसे अधिक नारकीय क्षण तो पिल्ले के जीवन में तब था जब 2.30 बजे अपरान्ह में उसके शिरस्त्राण में एक गोली लगी और कुछ पग की दूरी पर उसे उड़ा कर फेंक दिया।

पिल्ले को लगा कि वह श्रवण-शक्ति खो बैठा है; उसके नेत्र तक दृष्टि गंवा बैठे हैं। पिल्ले नितान्त सुध-बुध खो बैठा था। उसके जीवन में ये क्षण कदाचित् सबसे अधिक प्रलयंकारी थे। उसके पग-तले की भूमि निकली जा रही थी। सौभाग्य से उसको कोई स्थाई क्षति नहीं हुई। पाँच मिनट में उसको दृग्ज्योति पुनः प्राप्त हो गई और आध घंटे में वह पुनः श्रवण कर सका । विश्व उसको पुनः प्राप्त हो गया था। परन्तु गोली ने अपनी बलि ले ली। पिल्ले के शिरस्त्राण से उचट कर वह पिल्ले के वाम ओर मन्दिर में खड़े हुये व्यक्ति के लगी। यह व्यक्ति तत्काल धराशायी हुआ और तदनन्तर प्राण खो बैठा।

कुछ काल के उपरान्त जब पिल्ले उस आघात से उभरा तब वह पुनः सेवा में तल्लीन हो गया। इस बार वह उस टुकड़ी के साथ था जो अग्नि शमन में तथा दुष्टों को गृहों से छिपने के स्थानों से निकालने में सहायता कर रही थी। यह कार्य अत्यन्त कष्ट साध्य इसलिए हो रहा था कि दमकलों के लिये नलकों में दबाव कम था एवं नराधम भी शस्त्र सज्जित थे।

पिल्ले अपनी सेवा में अतिकाल तक रत रहा और अपनी लाइन में उस रात्रि को 10.30 बजे लौट कर आया । कोई व्यक्ति कह सकता है कि शिरस्त्राण का प्रयोजन ही परित्राण का है और इस प्रकार उत्तेजना का क्या कारण है जब उसने वहीं परित्राण का कार्य किया है। निस्सन्देह, शिरस्त्राण त्राण के लिए ही है तथा ऐसे असंख्य घटनायें हुई होंगी जब उसने गोली की दिशा मोड़ भी दी होगी। परन्तु यह एक विरली ही बात थी कि एक गोली शिरस्त्राण में लगे, उसकी एक ओर से प्रविष्ट करे तथा दूसरी ओर से निकल जाए, तद्यपि धारक के सिर में खरौंच तक नहीं आये। एक पुलिस अधिकारी के कथनानुसार ऐसा तो लाखों में कभी-कभी होता है।

इस घटना के विषय में पिल्ले के क्या विचार है ? उसने कहा "जी ! यह तो सब खेल है ।" किन्तु उसने यह स्वीकार किया किया कि उसने पुनः एक बार और जीवन पाया है। 'पुनः एक बार और जीवन', क्योंकि उसको एक बार पूर्व भी जीवन दान मिल चुका है और वह उस समय जब 1971 भारत-पाक युद्ध में शम्भा-क्षेत्र में उसकी

बटालियन ने पाकिस्तान के विरुद्ध उत्कृष्ट शौर्य दर्शाया था। उस युद्ध में निज वीरता के उपलक्ष्य में उसने महानिदेशक के० रि० पु. दल से 150 रुपये का पारितोषिक प्राप्त किया था।

"क्या तुमने अपनी धर्म पत्नी को इस दैवी रक्षा के विषय में अवगत कराया है ?" इस प्रश्न के उत्तर में उसने कहा "नहीं।" प्राणों का भय उसके जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। तब क्यों उस बेचारी अबला को चिन्तित किया जाए।

॥सूक्ति सुधा॥

अपनी मृत्यु की सोचो और सब शत्रुता को समाप्त करो।

—एकेले जिआस्टिक

उत्साह ही निष्ठा का मूल है। उसके बिना सत्यता कोई भी विजय प्राप्त नहीं कर सकती।

—लिटन

यदि कोई व्यक्ति अज्ञात पुरुष के प्रति शालीन एवं विनम्र है तो वह विश्व का नागरिक है।

—वेकन

निर्भीक पुरुष पर ही प्रेम तथा सौभाग्य कृपा करते हैं।


—ओविड

निखिल भारतीय रेल हड़ताल

लेखकः—श्री के. एम. पण्डालेय

दिनांक 8 से 28 मई 1974 तक चलने वाली निखिल भारतीय रेल हड़ताल उन बड़ी समस्याओं में से एक थी जिससे कानूनपालक अभिकरणों को वर्तमान काल में निपटना पड़ा है। जब कोई व्यक्ति सम्पूर्ण समस्या पर चिन्तन करता है तब वह यह देख कर चकित रह जाता है कि रेलवे संगठन कितना विशाल है, कि हड़ताल में कितने संख्या काम कर रही थी, कि हड़ताल की सफलता देश की अर्थ-व्यवस्था पर कितना दुष्प्रभाव डालती तथा हड़ताल को सुलझाना सरकार को कैसी टेढ़ी खीर था। अस्तु, जो भी अभिकरण अनिवार्य यातायात तथा कानून एवं व्यवस्था के बनाये रखने में लगाये गये थे यह उनका ही श्रेय था कि हड़ताल के कारण जनता जनार्दन को कोई गम्भीर कठिनाइयां नहीं उठानी पड़ीं। यद्यपि सम्बद्ध व्यक्तियों को कुछ ही दिनों में हड़ताल को निरर्थकता ज्ञात हो गई थी, तद्यपि हड़ताल के औपचारिक समापन में

विलम्ब होता चला गया। वह इसलिए नहीं कि हड़तालियों को कोई आशा थी कि हड़ताल को चालू रखने से वे कुछ सफलता प्राप्त कर लेंगे; परन्तु इस हेतु कि वे अपना मुख सब को दिखा सकें।



हड़ताल में शादीपुर परिवहन डिपो पर सेवारत के० रि० पु० बल

दुर्भाग्यवश, हमारे देश में प्रतिरक्षा तथा सैन्य तुल्य संगठनों को छोड़कर सरकार के अन्य सभी विभागों में असंख्य हड़तालें होती हैं। किन्तु प्रस्तुत हड़ताल के समय ने तथा इस तथ्य ने (कि रेल की पूर्ण हड़ताल के अर्थ कदाचित् देश की संकुचित होती हुई अर्थव्यवस्था पर अपूर्व क्षति थी) सरकार को बाध्य किया कि वह सुनिश्चित करे कि हड़ताल सफल नहीं हो। निज पूर्व अनुभव से तथा गुप्त साधनों द्वारा रेल प्राधिकारियों को पूर्ण रूपेण ज्ञात था कि हड़ताल क्या रूप धारण करेगी, कौन से संकटास्पद क्षेत्र हैं जो उनका विशेष प्रबन्ध चाहते हैं, कर्मचारियों का कितना अनुपात काम पर हड़ताल होने पर भी आयेगा तथा क्या-क्या त्रुटियां हड़ताल के समय उपस्थित होंगी। अतएव यह निर्णय हुआ कि यथा-शीघ्र प्रशासन-तंत्र पूर्व योजनाएं बनायें तथा इस भीषण धमकी से समुचित प्रकार से सुलझने के लिए सर्वथा सन्नद्ध हो जायें।

स्थूल रूप से, सरकार के ध्येय थे :—

(1) कानून तथा व्यवस्था बनी रहे।
(2) अनाज, पैट्रोल पदार्थ, कोयला तथा इस्पात आदि का गमनागमन ठीक चलता रहे।
(3) परमावश्यक प्रतिष्ठानों तथा सुकुमार क्षेत्रों की रक्षा हो।
(4) निष्ठावन्त कर्मचारियों को सुरक्षा भावना प्राप्त हो।

इनको सुनिश्चित करने के लिये, सब राज्य सरकारों को नियामक संकेत भेज दिये गये जिससे सब सम्बद्ध व्यक्ति समस्या की गम्भीरता सम्यक् भाव से समझ सकें तथा

उसको निबटने को उपयुक्त पग उठाने की पूर्व योजना बना ली जाये । समन्वयन समितियां राज्य-स्तर पर बनाई गईं जिनमें राज्य प्राधिकारियों के अतिरिक्त, वरिष्ठ रेल अधिकारी, पुलिस अधिकारी तथा केन्द्रीय पुलिस संगठनों के प्रतिनिधि सहवृत सदस्य बनाये गये । नियमित रूप से सम्मेलन क्या केन्द्रीय एवं क्या राज्यीय, दोनों स्तरों पर सब अधिकारियों के होते थे जिससे उचित उपाय सोचे जा सकें तथा सब परिस्थितियों से निपटने के लिये यथावश्यक निर्देश भेज दिये जा सकें।

जहां तक कानून-पालक अभिकरणों का प्रश्न है, कई अन्य सुरक्षा सेविवर्ग के अतिरिक्त रेलों पर रेलवे सुरक्षा दल है तथा सरकारी रेलवे पुलिस है। साथ ही, राज्यों ने अपने तन्त्र संभाले तथा अधिक से अधिक निरस्त्र तथा सशस्त्र राज्य पुलिस कर्मचारी साथ ही साथ होमगार्ड एवं ग्राम गार्ड भी सेवा में लगाये । केन्द्र से विस्तृत अध्ययन तथा मनन के उपरान्त, सेना (प्रादेशिक सेना एवं तकनीकी कर्मचारी), सीमा सुरक्षा दल और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को संगम स्थानों तथा संकटास्पद क्षेत्रों पर भेजा गया । इनकी कुछ यूनिटें स्थानीय प्राधिकारियों के अधीन कर दी गईं जबकि दूसरी यूनिट केन्द्रीय आरक्षण हेतु रखी गईं। इस प्रकार मानव-शक्ति में बचत तथा लचीलापन दोनों ही लाये गये।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अधीन बिशेष खण्ड संगठित किये गये तथा बिना इसकी चिन्ता किये कि कौन अधिकारी किस संगठन के हैं उनको इन खण्डों के प्रभारियों को सौंप दिया गया। एक विशाल बेतार का जाल तात्कालिक संचार व्यवस्था के लिये बिछा दिया गया । इस भांति अल्पकाल में ही प्रयत्नों के समन्वय को ही केवल नहीं प्रत्युत् रेलवे प्रशासन, राज्यीय और केन्द्रीय अभिकरणों का सहयोग सुनिश्चित करने के लिये भी उपाय किये गये। इसके साथ ही, रेल प्राधिकारियों ने अपने समस्त प्रकाशन- माध्यमों द्वारा जनता की सहकारिता पाने के उपाय किये।



के० रि० पु० दल की 31 बटालियन के सूबेदार आर० ए० उपाध्याय की हड़ताल में प्रशंसनीय सेवा के उपलक्ष में 100 रुपये का नकद पारितोषिक देते हये दुर्गापुर के उपमहानिदेशक श्री एस० पी० मिश्र

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने हड़ताल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा स्थिति से सुलझने के लिये क्या रेल प्राधिकारियों तथा क्या स्थानीय पुलिस अधिकारियों, दोनों को अमित सहायता प्रदान की। हमने केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा उड़ीसा में प्रयत्नों के समन्वयन का दायित्व लिया । हमारे दायित्व के क्षेत्रों में महाराष्ट्र में बम्बई; आन्ध्र प्रदेश में गन्ताकल; उत्तर प्रदेश में मुगल सराय; मध्य प्रदेश में भिलाई केरल में ओलावाकोटे तथा क्विलन, तामिलनाडू में मद्रास और कैम्बेटोर, तथा उड़ीसा में वोंडामूदा एवं राउरकेला संकटापन्न स्थान थे। महाराष्ट्र में 4 कम्पनी 18 बटालियन की, 31 बटालियन और 41 बटालियन प्रविस्तारित की गईं। आंध्र-प्रदेश राज्य सरकार ने हमारी बटालियनें अपनी आवश्यकतानुसार नियुक्त की। साथ ही, 45 बटालियन की दो कम्पनियां तथा हैदराबाद ग्रुप केन्द्र से संगठित एक तदर्थ कम्पनी हमने प्रदान की। तामिलनाडू सरकार तथा स्थानीय रेल अधिकारियों की सहायता को मद्रास में 30 बटालियन की 4 कम्पनी और आवडी ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज तथा भर्ती प्रशिक्षण केन्द्र से 5 तदर्थ कम्पनियां भेजी गईं। केरल में राज्य सरकार ने हमारी बटालियनें इस प्रकार प्रविस्तृत की कि संकटग्रस्त क्षेत्रों की देख-रेख हो सके । उत्तर प्रदेश में इसी प्रकार

हमारी बटालियनें राज्य सरकार ने स्थिति देखते हुये प्रावेस्तारेत की। तथापि मुगलसराय के विन्यास प्रागंण (मार्शेलिंग यार्ड) में सीमा सुरक्षा दल तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की अतिरिक्त कम्पनियां भेजी गईं। वाडामूदा तथा राऊरकेला के कानून एवं व्यवस्था दलों को 53 बटालियन की कम्पनियां द्वारा पुनर्वलन मिला। नागपुर की 37 बटालियन से एक कम्पनी भिलाई को भेजी गई। सिलीगुडी को आरक्षण रूप 3 बटालियन तथा 40 बटालियन की तीन कम्पनियां भेजी गईं और इसी ही प्रकार 18 बटालियन की दो कम्पनियां भेजी गईं।

ज्यों ही सरकार को ज्ञात हो गया कि एन० सी० सी० आर० एस० से वार्ता विफल रहेगी तथा कुछ कार्मिक संघ (ट्रेड यूनियन) के नेता कर्मचारियों को हिंसा तथा तोड़-फोड़ को उकसा रहे हैं, उसने इन नेताओं तथा उपद्रवी तत्वों को कर्मचारियों पर उनके दुष्प्रभाव क्षीण करने के लिये बंदी बना लिया।

8 मई को यथा प्रतीक्षित हड़ताल प्रारंभ हुई। हमें तथा अन्य कानून पालक अभिकरणों को निम्नलिखित समस्याओं का सामना करना पड़ा :—

(1) निष्ठावन्त कर्मचारियों को प्रकट रूप से काम करने के लिये आने में हिचकिचाहट ।
(2) हड़तालियों का डराना-धमकाना ।
(3) किन्हीं स्थानों पर विभिन्न सरकारी उपकरणों के ठीक समन्वय के अभाव में प्रारम्भिक गड़बड़ ।
(4) जनता में अनिच्छा तथा आतंक ।

तथापि दिन प्रति दिन सब दलों तथा जनता जनार्दन के समन्वित प्रयत्नों द्वारा स्थिति सुधरती चली गई । क्योंकि सुरक्षा के पूर्व उपाय ठीक हो गये थे, मार्मिक प्रतिष्ठानों में तोड़-फोड़ की घटनायें कम हुई। साथ ही, कई स्थानों पर गमनागमन तथा अन्य सुविधायें सेवा-निष्ठ कर्मचारियों को प्रदान की गईं । कर्त्तव्य-परायण कर्मचारियों को प्रोत्साहन देने की घोषणाओं ने उनमें और आस्था उत्पन्न कर दी। चार-पांच दिन के पश्चात् यह स्पष्ट हो गया कि क्या यात्री गाड़ी अथवा क्या माल गाड़ी, दोनों की पर्याप्त संख्या चल सकेगी जिससे आर्थिक ढांचे में कोई व्यक्तिक्रम नहीं पड़ेगा। इसके उपरान्त, आशंकित कर्मचारियों को उचित सुरक्षा तथा प्रोत्साहन द्वारा सेवा भार उठाने के लिये प्रलोभित करने का प्रश्न रह गया ।

साथ ही, हड़ताली कर्मचारियों के विरुद्ध मुख्य करके जो सेवानिष्ठ कर्मचारियों को आतंकित कर रहे थे और तोड़-फोड़ कर रहे थे, कठोर कार्यवाई ने रामबाण का काम किया । धीरे-धीरे काम पर आने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत बढ़ता गया। फलस्वरूप, मुख्य सेवायें निखिल देश में चलती रहीं।

कदाचित्, यह प्रथम बार था जब केन्द्रीय एवं राज्यीय अभिकरणों ने विविध स्तरों पर सोच-समझ तथा उत्साह पूर्वक सहयोग देते हुये संगठित तथा भली भाँति समन्वित रूप से अखिल भारतीय हड़ताल का सामना किया। इस हड़ताल ने इस आवश्यकता

को प्रबल किया कि रेलवे, प्रांतरक्षा तथा कानून-पालक आंभकरण राष्ट्र के महत्तर हित में अच्छे अवरोधन-हेतु तथा पारस्परिक विश्वास के लिये विभिन्न स्तरों पर नियमित एवं समय-समय पर सम्मेलन करते रहें। उसी प्रकार, रेल प्राधिकारियों को सभी सम्बद्ध व्यक्तियों के परामर्श से विभिन्न सम्भावनाओं से सुलझने के लिये पूर्वागमन स्वरूप व्यवहारिक 'अभ्यास' करते रहना चाहिये । रेल हड़तालों को सुलझने के लिये सभी योजनाओं को प्रस्तुत अनुभव से संशोधित तथा नवीकृत करना चाहिये । रेलवे अधिकारियों को यह भी आवश्यक है कि उन पर विश्वस्त तथा सक्षम गुप्तचर विभाग हो । बहुमूल्य उपकरण तथा रेल कार्यशालाओं (वर्कशापों) के सुरक्षा प्रबंध तथा रेल विन्यास-प्रांगण (मार्शेलिंग यार्ड) तथा मार्गो पर पहरा देने की सुविधाओं में भी सुधार होना चाहिए। महत्वपूर्ण रेल जंक्शनों तथा मुख्यालयों पर सम्मेलन सुविधाओं वाले नियन्त्रण-कक्ष, बेतारघर, विश्राम गृह तथा कैन्टीनों का प्रबन्ध होना चाहिए ।

इस हड़ताल ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को अपनी क्षमता तथा बहुमुखी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया । हमारे अधिकारी तथा जवान समय पर सेवा में डटे रहे तथा उन्होंने अनुकरणीय रूप से कर्त्तव्य-पालन किया। अत्यधिक वैयक्तिक कठिनाइयां उठाने पर भी वे दुस्साध्य सेवाओं में घंटों तल्लीन रहे एवं उन्होंने सतर्कता का उच्च स्तर बनाये रखा । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के अनुशासन तथा दक्षता को परम श्रेय की बात यह है कि कितने ही स्थान पर जहां हम प्रविस्तृत किये गये स्थानीय प्राधिकारियों ने हमारी यूनिटों को विशिष्ट मान्यता प्रदान की।

<u>गौरव गाथा</u>

(क) के० रि० पु० दल के चालक की उदारता

मई 8, 1974 के मलयालम दैनिक पत्र "पदयाली" में प्रकाशित समाचार का अनुवाद इस प्रकार है—

"यह आरोप सदैव विरोधी दल लगाते रहते हैं कि पुलिस तथा के० रि० पु० दल जनता को उत्पीड़ित करती है । इसके विरुद्ध मंगात्तुपरम्बा पर स्थित केन्द्रीय रिजर्ब पुलिस दल ने एक दृष्टात सम्मुख रखा है।

5 मई के 'बन्ध' में कार्यालय के एक बेल्लीक्कलन नारायणी के तीब्र उदर शूल उठा। उसको मार्ग पर इस हेतु लाया गया कि जो कोई भी वाहन उधर से निकले उसके द्वारा उसे अस्पताल भेज दिया जायेगा।

दीर्घकाल तक कोई वाहन नहीं निकला। मंगद एक संकटग्रस्त स्थल था। अतः प्रश्न था कि क्या कोई वाहन उस मार्ग से निकलेगा भी और यदि निकला भी तो क्या गंतव्य स्थान तक पहंच भी सकेगा।

समय बीतने पर उसका शूल इतना बढ़ा कि साथ के मनुष्यों की सांत्वना भी काम

नहीं दे रही थी। जब वहां पर बिना किसी वाहन के वे लोग उसे अस्पताल ले जाने की प्रतीक्षा कर रहे थे, के० रि० पु० दल का एक वाहन उधर से आ निकला। रोगिणी की दशा देखकर (42 बटालियन के) चालक नायक श्री निवासन ने वाहन रोका, पूछ-ताछ की तथा तुरन्त स्वास्थ्य-केन्द्र उसे ले गया।


यह एक उदाहरण है कि संकट काल में भी पुलिस किस प्रकार मित्रता का व्यवहार कर सकती है। नायक श्री निवासन की सामयिक सहायता श्लाघनीय है।"

(ख) पुलिस-शौर्य-पदक

16 फरवरी, 1973 को अनेक सशस्त्र विरोधियों ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के कर्मचारियों को पहले चिजामी चौकी से बाहर निकालने तथा फिर उस पर कब्जा करने की दृष्टि से चौकी पर भिन्न-भिन्न दिशाओं से अलग-अलग समय पर आक्रमण किये। उन्होंने अपने आक्रमण में स्वचालित हथियारों तया हथ गोलों का प्रयोग किया। किन्तु 36 बटालियन के जमादार दयानन्द के साहसिक नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के कर्मचारियों ने उनके बारम्बार किये गये प्रयत्नों को विफल कर दिया। बड़ी खतरनाक स्थिति में जमादार दयानन्द अपनी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए अपनी खाई से बाहर निकल आये तथा अपने से केवल 10 गज दूरी पर स्थित गिरोह पर दो हथगोलों से वार किया । जमादार दयानन्द की इस बहादुरी से उनका दल, विरोधियों के हथियारों से (जो पूर्ण रूप से लैस थे तथा पर्याप्त संख्या में थे), आक्रमण को विफल करने के लिए प्रेरित हुआ। अपनी उत्कृष्ट वीरता तथा साहस का परिचय देने के उपलक्ष में जमादार दयानन्द को पुलिस शौर्य पदक प्राप्त हुआ।

(ग) गोरखपुर से शील्ड प्राप्ति

मार्च 1974 में गोरखपुर से एक बटालियन की तीन कम्पनियों के प्रस्थान के अवसर पर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर रेंज के उप-महानिरीक्षक द्वारा एक समारोह संपन्न हुआ । उपमहानिरीक्षक तथा विशिष्ट पुलिस अधीक्षक ने जवानों के समक्ष भाषण दिये। तथा उनके अनुशासन, प्रदर्शन तथा कार्यदक्षता की प्रशंसा की एवं तीनों कम्पनियों को शील्ड प्रदान किये।



क्रीड़ा-क्षेत्रे

के० रि० पु० दल अजमेर रायफल क्लब की प्रगति




अजमेर क्लब में आखेट प्रतियोगिता

के० रि० पु० दल का रायफल क्लब जो पिछले वर्ष अजमेर स्थापित हुआ, अच्छी प्रगति कर रहा है। जनता के तीस व्यक्ति इसके सदस्य हो गये हैं जो या तो आखेट में अभिरुचि रखते हैं या उस खेल को सीखना चाहते हैं।

इस वर्ष अप्रैल में एक आखेट प्रतियोगिता हुई। सब वर्ग के 225 व्यक्तियों ने भाग लिया। सब खेलों पर मुख्यतः 22 गोली चालन तथा (क्ले पिजियन) मृत् पारावत गोली चालन में अतीव द्वंदता रही। राजस्थान के राज्यपाल श्री जोगिन्दर सिंह ने सभापतित्व ग्रहण किया तथा पुरस्कार वितरित किये । प्रतिद्वन्दियों से प्रवेश शुल्क स्वरूप 1325 रुपए प्राप्त हुये। विजेताओं तथा द्वितीय स्थान पाने वालों को उपयोगी पारितोषिकों का वितरण हुआ।

अन्तर बटालियन चैम्पियनशिप शील्ड (वर्म)

अन्तर बटालियन खेल प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक ट्राफियां जीतने वाली यूनिट को एक "चैम्पियनशिप शील्ड (वर्म) से पुरस्कृत करने की अजमेर रेन्ज ने प्ररुचि दिखलाई । सन् 1973 में 60 बटालियन ने सबसे अधिक चैम्पियन शिप जीतीं। (1) अखिल-चैम्पियन शिप शील्ड (वर्म) (2) ड्यूटी मीट चैम्पियन शिप (3) तैराकी चैम्पियनशिप और (4) कबड्डी चैम्पियन शिप । साथ में, एथलेटिक्स तथा जिमनास्टिकस (व्यायामें) में इसने द्वितीय स्थान पाये। अतः यह बटालियन चैम्पियन शील्ड की अधिकारिणी हुई जिसको चैम्पियनशिप शील्ड श्रीमती एस० ए० अब्बास ने उस बटालियन के कमान्डैन्ट को प्रदान किया।



श्रीमती एस० ए० अब्बास द्वारा कमाण्डैण्ट 60 बटालियन श्री सतीश कुमार महिन्द्रु को चैम्पियनशिप शील्ड (वर्म) प्रदान

'महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार के आरोप'

लेखक—श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना

यह एक यथार्थ तथ्य है कि पुलिस को जनता का विश्वास प्राप्त करना चाहिए। लोकतन्त्र में उसकी समुचित कार्यविधि के सन्दर्भ में यही साधारणतया कहा जाता है। जनता का विश्वास पुलिस की क्षमता के लिए भी उतना ही अनिवार्य है। यहां मैं एक

विनोदात्मक तथ्य का वर्णन करता हूं। चर्चिल-कथन का विरूपण यह है कि विधिपालन के इतिहास में इतने कम संख्यकों द्वारा इतनी बहुसंख्या पर कभी हानि नही पहुंची। अन्ततः वह है क्या ?

समाज विरोधी तत्वों को भेंट—बहुत कम बातें पुलिस के विरुद्ध इतनी क्रोधाग्नि भड़काती हैं तथा लगभग इतना सामूहिक विप्लव खड़ा करती हैं जितना महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार और जितना यह समाचार (चाहे सही हो या नहीं) कि किसी महिला का सतीत्व नाश किया गया है । यह समाचार सचमुच में पुलिस वाले का व्यक्तिगत दुराचार समझा जाता है। समाज विरोधी तत्वों तथा सरकार द्रोही राजनैतिक दलों को एक आन्दोलन मचाने का यह सहज विषय मिल जाता है । वर्षों का एक पुलिस यूनिट (एकक) का धैर्यपूर्वक किया हुआ उत्तम कार्य एक दिन का केवल एक ऐसा अशुभ समाचार मिट्टी में मिला देता है । सब पुलिस विरोधी तत्वों को मानो तस्तरी में रखी भेंट मिल जाती है ।

एक जाल-दुर्भाग्य से समाज द्रोही तत्व इस मर्म को जानते हैं तथा प्रायः महिलाओं के द्वारा अपने समाज विरोधी अथवा आपराधिक चेष्टाओं को चलाने के लिए लम्बी चौड़ी योजनाएं बनाते हैं। चोरी, चोर व्यापार, प्रमीलक भेषजों का विक्रय, अवैध शस्त्रों का छिपाना, हिंसात्मक प्रदर्शन तथा कानून के कितने ही अन्य उल्लंघनों की प्रायः इस प्रकार योजना बनाई जाती है कि पुलिस का महिलाओं से इस प्रकार सामना पड़ जाये जिससे मुख्य विषय तो पीछे हट जाये तथा पुलिस वालों के विरुद्ध अनेकों आरोप लगा दिये जाएं। यदि एक बार एक दीर्घकालीन जांच प्रारम्भ हो गई तो वास्तविक विषय तो पिछड़ जाते हैं या भुला दिये जाते हैं।

एक पुलिस प्रशासक का यह कर्त्तव्य है कि वह देखे कि पुलिस जवान सेवाभार उठाते हुए ऐसे आरोपों से बचे रहें। इन्ही दिनों में के० रि० पु० दल को कई बार ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ा है जब घरों की छान-बीन की गई है, महिला प्रदर्शनकारियों से सम्मुख्य हुआ है तथा पुरुषों के साथ महिलाओं से पूछ-ताछ की गई है। सब आरोप तीन मोटे वर्गों में विभक्त हो सकते हैं-(1) वास्तविक दुराचार के कारण सच्चे आरोप; (2) दल का मनोवल क्षीण करने हेतु झूठे आरोप ; (3) आरोप जो अंशतः सत्य होते हैं और अंशतः मिथ्या।

I सच्चे आरोप

शांति काण्ड—सब पुलिस जवान 2 तथा 3 नवम्बर 1959 को कानपुर की घटनाओं के विषय में पढ़कर हक्के-बक्के रह गये। कानपुर में इसे 'शांति काण्ड' की संज्ञा दी गई । यह आरोप लगाया गया एक शांति नाम की एक ग्रामीण के साथ एक हैड कांस्टेबिल ने बलात्कार किया है । तुरन्त ही झूठमूठ की किंवदन्तियां फैलीं और कलक्टर गंज पुलिस थाने को निरन्तर दो दिन बड़ी कृत संकल्प भीड़ ने घेरे रखा तथा पथराव किया। पुलिस ने गोली चलाई जिसके फलस्वरूप लगभग 17 व्यक्ति मारे गये

तथा 50 घायल हुए । इस घटना की मुख्य आप्रेय बातें ये थीं : (क) तथ्य तथा किम्वदन्ती के फैलने अथवा जानबूझकर फैलाने की गति (ख) उन व्यक्तियों से जो उस महिला के दुःख से सम्बन्धित थे पुलिस द्रोही तत्वों का भीड़ पर नेतृत्व लेने की गति (ग) जिला अधिकारियों पर जानकारी का अभाव तथा । (घ) दूसरे दिन पुनः व्याप्त दंगों का होना ।

किस प्रकार ऐसे दोषारोपणों से सुलझा जाए ?—पुलिस जवानों के दुराचार के सच्चे आरोपों से सम्बन्धित ये शिक्षायें मिलती हैं—

(1) यदि किसी पुलिस वाले ने किसी महिला के सतीत्व नाशन का कोई हस्तक्षेप्य दण्डापराध किया है अथवा करने का संदेह है और उसका प्रत्यक्ष प्रमाण है उसको तुरन्त बंदी बनाकर कारावास देना चाहिए। (2) अहस्तक्षेप्य अपराध में जिला दण्ड अधिकारी से प्रकरण की जांच की अनुमति तत्काल लेनी चाहिए। (3) पत्रकारों तथा अन्य सम्बन्धित व्यक्तियों का तथाकथित अपराधों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की सत्वर सूचना देनी चाहिए जिससे पूर्व इसके कि उपद्रवी तथा दुरानन्द लेने वाले व्यक्ति विकृत बातें फैलायें, जनता सब तथ्य जान जाये । पुलिस के किसी भी गम्भीर दुर्व्यवहारों के विषय में पुलिस अधिकारियों को सर्व प्रथम पत्र-प्रतिनिधियों एवं जनता को सूचित करना चाहिए । (4) वरिष्ठ अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने में व्यक्तिगत प्ररुचि लेनी चाहिए कि जनता को समय पर तथा सुचारु रूप से अवगत करा दिया जाए। उनको स्वयं ऐसी स्थितियों से निबटना चाहिए कि कहीं अधीनस्थ अधिकारी अपराधी को बचाने की कुचेष्टा न करें। यह भी अनुचित है कि हस्तक्षेप्य अपराध को विभागीय दुराचार मात्र समझ कर कार्यवाही की जाए क्योंकि इससे प्रकरण को दबा देने का संदेह होगा।

उदारता को कोई स्थान नहीं—कर्त्तव्यहीन पुलिस जवानों के प्रति कठोर पग उठाने से स्वयं ही सार्वजनिक आन्दोलन के विषदन्त द्रुत निकल सकते हैं, तद्यपि पुलिस की प्रतिमूर्त्ति बिगड़ने की आशंका रहती है । अतः ऐसी घटनाओं को कम करने के लिए स्थायी उपाय वांछनीय हैं । अनुभव बताता है कि कतिपय गम्भीर भीषण घटनाओं का मूलभूत कारण दुराचार होता है जिसको 'तुच्छ' मान लिया जाता है । हमें ऐसे किसी भी व्यक्ति को सेवा में रखना नहीं चाहिए जो सावधानी पूर्वक जांच के पश्चात् ऐसे दण्डापराध का दोषी पाया जाता है।

कदाचित् ऐसे पुलिस जवान का सुधार संभव हो, किन्तु पुलिस विभाग इतना सुकुमार है कि उसमें कर्त्तव्यच्युत को कोई स्थान नहीं है तथा उसके परिवार के प्रति हमारी संवेदना होते हुए भी उसे प्रथम ही प्रकरण में निकाल देना चाहिए। यद्यपि व्यक्तिगत दृष्टिकोण से यह अत्यन्त निर्मम प्रतीत हो सकता है तथापि लोकहित में यह अनिवार्य है ।

महिला पुलिस की नियुक्ति—शिकायत के अवसरों को कम से कम करने के लिये ऐसे अनेकों अभियानों में महिला पुलिस की नियुक्ति आवश्यक है जिनमें नारियों

से सीधा सम्पर्क करना हो। दुर्भाग्यवश, भारत के सब राज्यों में महिला पुलिस नहीं है और जिन राज्यों में यह है भी उनमें से कुछेक में इसकी संख्या इतनी कम है कि वह बड़े नगरों में ही मिल सकती है।

जहां महिला पुलिस प्राप्य नहीं है—अतएव ऐसी स्थितियों में जहां महिला पुलिस नहीं है हमें सुझाव सोचने हैं। सर्व प्रथम हमारे उपाय यह होना चाहिए कि इस प्रकार के पुलिस विरुद्ध आरोपों को गढ़ने का अवसर ही नहीं मिले। ये उपाय कुछ ऐसे हैं:—

(i) जब कभी स्त्रियां बंदी बनाई जायें तब वे दण्डाधिकारी की अनुमति से निकटवर्ती किसी अनाथालय, नारीगृह, नारी निकेतन अथवा इन सबके नही होने पर किसी सम्भ्रांत व्यक्ति के गृह में उन्हें भेज देना चाहिए। किसी भी दशा में उन्हें पुलिस थाने या चौकी में नहीं रखा जाना चाहिए। यदि कुछ काल तक महिलायें पुलिस हिरासत में रखी जायेंगी और मुख्य करके रात्रि में, तब पुलिस पर उनके प्रति दुराचार का आरोप लगने की सम्भावनायें हो जाती हैं। (ii) जब नारियों से गवाही के लिए सम्पर्क स्थापित करना पड़े तब उनके पति तथा परिवार के अन्य पुरुष के समक्ष यथा सम्भव कार्यवाही होना चाहिए। (iii) यदि यह सम्भव नहीं हो तब पुलिस अधिकारी किसी नारी (निज पत्नी को) उपस्थित रखे जब किसी महिला से वह पूछ-ताछ करे। (iv) जब तक कि मौसम अत्यन्त बुरा नहीं हो, महिलाओं की जांच पड़लात खुले में होनी चाहिए। (v) यदि एक कमरे का होना आवश्यक ही हो तब वह खुले कार्यालय का कक्ष हो जहां मनुष्य उन्मुक्त आ जा सकें। पुलिस अधिकारी का अपना कमरा एतदर्थ सर्वथा अनुपयुक्त है।

II मिथ्यारोप

सब सावधानियां बरतने पर भी मिथ्यारोपों से बचना सदैव सम्भव नहीं है क्योंकि पुलिस के नैतिक पतन के लिए यह एक अमोघास्त्र है। सच्चरित्र तथा निष्ठावन्त पुलिस जवानों के विरुद्ध मिथ्यारोपों को लगाने के लिए दुश्चरित्रकारिणी स्त्रियां प्रयुक्त होती हैं। इनका उद्देश्य किसी विशेष पुलिस अधिकारी से व्यक्तिगत प्रतिशोध लेने की भावना से लेकर राजनैतिक लाभ उठाना तक हो सकता है। कहां तक ये मिथ्यारोप गढ़े जा सकते हैं, इसकी कोई सीमा नहीं सोची जा सकती। अस्तु एक दृष्टान्त प्रस्तुत है।

सितम्बर 1968 में दो राजनैतिक दलों ने यह आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में बाकेवर पुलिस थाने में अत्याचार हुए हैं। संक्षेप में कथा यह है कि एक हरिजन लड़के तथा उसकी माता को उक्त थाने में पीटा गया और पुलिस कर्मचारियों ने उस लड़के को निज माता से अगम्य व्यभिचार करने को विवश किया गया। इसके विरोध में एक प्रख्यात स्थानीय नेता के नेतृत्व में एक भीड़ एकत्रित हुई, थाने पर आक्रमण किया गया तथा पुलिस को निज रक्षा के हेतु कई फायर करने पड़े जिसके फलस्वरूप कई व्यक्तियों को प्राण गवाने पड़े। यह एक रसीली कथा थी और कतिपय दिनों तक मुख्य समाचार बनी रही। उत्तर प्रदेश सरकार ने न्यायिक जांच

करवाने के आदेश दिये।

निर्णय—दिनांक 24 फरवरी 1969 के 'हिन्दुस्तान टाइम्स' के शब्दों में जांच का परिणाम यों बताया जा सकता है : "कानून एवं संविधान की अवज्ञा करके हिंसा तथा परिपीड़िन के भड़काने तथा उभारने के अपने अपराध से बच निकलने के लिए पुलिस को निकम्मा ठहराने का जिन्हें सहज स्वभाव है उन्हें बाकेवर के पुलिस गोली काण्ड की न्यायिक जांच के निष्कर्षों पर विचार करना चाहिए। स्थानीय थाने पर उन प्रदर्शनकारियों द्वारा आक्रमण करने के उपरान्त पुलिस ने गोली चलाई थी जो थानेदार द्वारा हरिजन लड़के तथा उसकी माता को तथाकथित पीटने पर एवं उनको अगम्य व्यभिचार करने को विवश करने पर विरोध कर रहे थे। न्यायाधीश के अनुसार उस अधिकारी के चरित्र के विषय में यह कथा इसलिए गढ़ी गई कि संसोपा तथा कम्युनिस्ट पार्टी को प्रदर्शन करने का बहाना मिल जाये जिनका ध्येय राज्य के आगामी निर्वाचन में उन्हें मुख्य करके हरिजनों की सहायता प्राप्त हो जाये। न्यायाधीश ने पुलिस तथा जिले प्रशासन को सब दोष से निर्मुक्त ही नहीं किया; साथ ही दोनों राजनैतिक दलों को इस अप्रिय घटनाओं का उत्तरदायी ठहराया।"

"क्योंकि पुलिस को कम से कम बल प्रयोग के अनुदेश हैं और वह भी अन्तिम उपाय के रूप में, आन्दोलन कर्त्ताओं ने निहित हित साधन के लिए स्थिति से लाभ उठाना चाहा। जब भीड़ को उनके उकसाने ने हिंसा, मृत्यु तथा सम्पत्ति क्षति का रूप धारण किया तब उन्होंने प्रकरण को बदल दिया तथा पुलिस की 'अधिकाई' के लिए न्यायिक जांच की मांग करके अपने समस्त दोष-दायित्व से मुक्त होने की चेष्टा की। ऐसे हथकण्डों की आधार-भूत बेईमानी तथा भीरुता को वाकेवर जांच ने खोल कर रख दिया है। चेतावनी के अतिरिक्त, इन निष्कर्षों से जनता को अनुभव करना चाहिए कि पुलिस जवान कोई विदेशी शत्रु नहीं हैं तथा अत्यधिक परीक्षा के क्षणों में प्रायः अत्यन्त अप्रिय कर्त्तव्य निवाहने के लिए वे पूर्ण सहानुभूति के पात्र हैं।"

कोई समझौता नहीं—न्यायाधीश के निर्णय के अनन्तर पुलिस ने प्रकरण की छानबीन की तथा अनेकों अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में एक आरोप-पत्र रखा। 1971 के प्रारम्भ में उत्तर प्रदेश सरकार ने उस अभियोग को लौटा लिया; किन्तु क्योंकि न्यायाधीश ने असन्दिग्ध शब्दों में भीड़ से सामना करने में पुलिस की प्रशंसा की थी पुलिस के महानिरीक्षक ने उन पुलिस जवानों को एक सहस्र रुपये का पारितोषिक दिया, जिन्होंने अपना कर्त्तव्य वीरता-पूर्वक निभाया था। दिनांक 19 जनवरी 1971 को एक विशाल समारोह में ये पुरस्कार रेंज उपमहानिरीक्षक द्वारा वितरित किये गये, जिसमें उस क्षेत्र के प्रमुख लोक नेता उपस्थित थे। इसने पुलिस के मनोवल को बढ़ावा दिया जो छिन्न-भिन्न हो चुका था।

इससे शिक्षा यही मिलती है कि इस प्रकार के सर्वथा मिथ्यारोपों को तर्क संगत निष्कर्षों तक ले जाना चाहिए। बुरे प्रकाशनों की प्रारम्भ में अवहेलना करनी चाहिए और पूर्ण जांच करनी चाहिए। जब एक बार आरोप लगाने वालों को यह विदित हो जाता है कि उनके आरोप मिथ्या सिद्ध होंगे वे समझौते के इच्छुक होते हैं। परन्तु

साधारणतः इसको स्वीकार नहीं करना चाहिए जब तक सबके सम्मुख वे अपनी त्रुटि नहीं मानें तथा पुलिस—प्रतिष्ठा जिस पर वृथा आंच आई थी पुनः स्थापित नहीं हो जाये।

न्यायिक जांच कराने की प्रतिवादी बहुधा मांगें करते हैं, जिनको स्वीकार करना चाहिए। यदि ऐसा होना अवश्यम्भावी दीखता हो कि न्यायिक जांच उन आरोपों को मिथ्या सिद्ध कर देगी तब इसका भी चिन्तवन करना चाहिए कि जिन्होंने वे मिथ्या लांछन लगाये है उन पर क्या कोई अभियोग न्यायालय में चल सकता है। यदि ऐसा सम्भव है तब उसे करना चाहिए। न्यायाधीश के निर्णय के पश्चात् पुलिस अधिकारियों को मान-हानि का अथवा धन हानि का अभियोग चलाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। संक्षेप में, आरोपों को मिथ्या बताने के लिए अधिक से अधिक अध्यवसाय करना चाहिए। उपयुक्त प्रकरणों में पारितोषिक भी पुलिस कर्मचारियों को देने चाहिए।

III-आंशिक सत्यारोप

यह अनुमान नहीं लगाना चाहिए कि इस प्रकार के सब आरोप सत्य तथा मिथ्या दो ही वर्गों में आते है। एक अन्य भी वर्ग हैं जिसमें आंशिक सत्य तथा आंशिक मिथ्या आरोप सम्मिलित है। उदाहरणार्थ, एक आरोप यह हो सकता है कि एक पुलिस अधिकारी ने एक महिला से कदाचार किया है, परन्तु तथ्य यह निकले कि उसमें उक्त महिला ने स्वयं अनुमति दी थी। ऐसे प्रकरण अनेकों भांति के होते हैं; किन्तु कुछ विरले दृष्टांत उल्लेखनीय है :

(I) एक अभियुक्त की सम्बन्धित स्त्री से एक पुलिस अधिकारी अवैध सम्बन्ध स्थापित कर सकता है। अभियुक्त इसकी अनुमति दबाव में आकर दे सकता है क्योंकि वह जानता है कि वह अपराधी है जिसके कारण उसे कठोर दण्ड मिल सकता है। इसमें स्त्री की भी अनुमति है। परन्तु वह अनुमति पुलिस अधिकारी के दुर्व्यवहार को किसी भांति क्षीण नहीं करती । कतिपय वरिष्ठ अधिकारी ऐसी जांच को न्याय-संगत निष्कर्ष पर पहुंचाने में आनाकानी करते हैं। मान लीजिए कि पुलिस अधिकारी 35 वर्ष का है। यह अनुमान लगाना समुचित ही होगा कि आगामी 30 वर्ष की सेवा में कामुक-दुर्बलता के कारण वह कतिपय दण्ड अभियोगों के बिगाड़ने का दायित्व फिर ग्रहण कर सकता है।

(II) एक स्त्री शिकायत कर सकती है कि अमुक पुलिस अधिकारी ने उससे अवैध सम्बन्ध स्थापित किये हैं और उसे दबाव में सब कुछ करना पड़ा है । परन्तु जांच बताती है कि वस्तुतः स्त्री अपराधियों के परिवार की है। वह स्वतः उकसाती है तथा पुलिस अधिकारी विषय-जाल में फंस जाता है। वह स्त्री अपने कुटुम्ब के अपराधियों को बचाने हेतु यह सब कुछ करती है। यद्यपि हमें उस पुलिस अधिकारी के प्रति कुछ संवेदना हो सकती है, परन्तु जहां तक स्थानीय पुलिस विभाग को उसकी उपयोगिता तथा प्रभाव शालीत्व का प्रश्न है, वे एक समाप्त हो चुके हैं । यदि वह अन्यथा एक

यथार्थत: उत्तम अधिकारी है और कुछ सैकड़ों मीलों दूर अन्यत्र कैंप या क्षेत्र में रह सकता है तब उसको सेवा से निकालने के कठोर दण्ड से निर्मुक्त किया जा सकता है ।

(III) एक पुलिस अधिकारी अभियुक्त के नहीं प्रत्युत् एक गवाह के गृह जाता है। वह कर्त्तव्य से च्युत नहीं होता है; किन्तु एक स्त्री से अवैध सम्बन्ध स्थापित कर लेता है। यहां भी स्त्री की अनुमति पुलिस अधिकारी को सर्वदोषों से मुक्त नहीं करा सकती क्योंकि ऐसे प्रकरण पुलिस दल को कलंकित करते हैं।

ऐसे प्रकरणों में यदि अधिकारी अन्यथा वास्तव में उत्तम चरित्र है तब सेवा से हटाने से कम भी दण्ड दिया जा सकता है और उसे किसी अन्य अनुकूल स्थान पर भेजा जा सकता है।

ऐसे उदाहरण असंख्य हैं। यह स्मरण रहे कि पुलिस में भर्ती के समय पर अत्यधिक बल, शारिरिक उपयुक्तता, लम्बाई, रचना, मुखाकृति तथा व्यक्तित्व पर होना चाहिए। किसी पुलिस अधिकारी को अपने निजी तथा सार्वजनिक व्यक्तियों से मिलने नहीं देना चाहिए। जबकि एक पुलिस अधिकारी को स्वाभाविक सामाजिक नियमों से प्रदत्त स्वतन्त्रता प्राप्त होती है उसको अपने पदीय सम्पर्को का अथवा अपने व्यक्तित्व तथा वर्दी की चमक दमक का अनुचित लाभ नहीं उठाने देना चाहिए जिससे सेवा को कलंक लगे।

किसे जांच करनी चाहिए—स्थानीय जनता का विश्वास जांच के लिए अभिकरण के चुनाव पर निर्भर होता है।

(अ) यदि हस्तक्षेप्य दण्डापराध पंजीकृत हो, तब पुलिस द्वारा छान-बीन होनी चाहिए। कोई भी व्यक्ति जिस पर मामला दबा देने का संशय हो उसे कदापि छान-बीन का भार नहीं देना चाहिए। यदि किसी थाने का कर्मचारी स्वयं अभियुक्त हो तब जांच को राज्य के गुप्तचर विभाग को अथवा दण्डाधिकारी को सौंपना चाहिए।

(ब) यदि एक विभागीय जांच की जाए, तब एक ऐसे अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए, जिस पर स्थानीय जनता को विश्वास हो। यथा सम्भव वह अधिकरी एक पद से कम से कम ऊंचा हो।

(स) जब जनगण अत्यधिक उत्तेजित हों अथवा जहां राजनैतिक नेता किसी वाद प्रतिवाद में सम्बद्ध हों तब एक न्यायिक जांच बांछनीय है।

एक भयानक खेल—कुछ प्रसंगों में उत्तेजित जनता की मांगों को अंगीकार कर शान्ति क्रीत करने की कामना रहती है जिनको पूर्ण करने की कोई सच्ची इच्छा नहीं होती है। यह एक भयानक खेल है क्योंकि यह जनता तथा प्रशासन के मध्य अविश्वास की खाई उत्पन्न कर देता है और फिर जब कभी कोई संकट फिर उत्पन्न होता है तब जनता घटनास्थल पर ही दण्ड देने के लिए आग्रह करती है।

यही भावना कभी-कभी थानों के घेराव, पुलिस अधिकारियों के गृहों पर पथराव,

उनके मुखों पर कालेख पोत कर लोक निन्दा तथा संघातक आक्रमण तक की दुर्घटनाओं का मूल कारण होती है। श्रेयस्कर तो यह है कि जब समुचित आश्वासन दीजिये तब उनको तुरन्त पूर्ण कीजिए।

इस संदर्भ में यह आवश्यक है कि अनुसंधान अधिकारी या जांच अधिकारी अथवा न्यायाधीश को अन्य कार्यभारों से नहीं लादना चाहिए जिससे वह जांच को सत्वर पूर्ण कर सके। जब एक बार जांच प्रारम्भ हो जाए तब कोई आन्दोलनात्मक पहुंच को नहीं बढ़ावा देना चाहिए। अभियुक्त अधिकारी को यह अनुभव नहीं कराने देना चाहिए कि वह लोक उत्पीड़न का बलि हो रहा है। सत्य का अनुसंधान एक शान्त, निष्पक्ष तथा उदासीन वातावरण में कराना चाहिए।

गवाही की समस्या—विषय वासना के कदाचार अत्यन्त गुप्त रूप से होते हैं और इनके लिए प्रत्यक्ष दर्शन की कठिनाई होती है। किन्तु यह अनुचित धारणा है कि विभागीय जांच में प्रमाण की प्रवृत्ति वही हो जो न्यायिक जांच में होनी चाहिए। अनुशासनात्मक जांच में तथ्यों को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अनुसंधान किया जाता है और नैसर्गिक न्याय सिद्धान्त के रूप में अन्वीक्षा के स्तर को आयातित नहीं कर सकते। अनुशासी प्राधिकारी को मूद्रधन्य बात यह देखनी होती है कि क्या कर्त्तव्य-च्युत अधिकारी का आचरण एक पुलिस अधिकारी के नाते अनुपयुक्त था अथवा क्या सरकारी सेवा में या दल में वह रखे जाने के योग्य था। अतएव एक अनुशासनात्मक जांच में धारणा करने की प्रणाली एक अपराधात्मक अन्वीक्षा की स्थिति से सर्वथा भिन्न है। एक जांच अधिकारी को तो यह सुनिश्चित करना होता है कि जांच की विहित पद्धति सुचारू रूप से एवं निष्ठा पूर्वक व्यवहृत की गई है तथा कर्त्तव्य भ्रष्ट अधिकारी को कार्यवाही में स्वयं को बचाने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया है।

एक प्रकरण में जहाँ विभागीय जांच में यह प्रमाणित हो गया कि कर्त्तव्य-हीन अधिकारी ने एक युवती को उसके कथन को लिखने के लिए निज गृह पर बुलाया तथा अपने साथ एक दो घंटे उस तरुणी को रखा (यद्यपि बलात्कार करने का कोई प्रमाण नहीं था) वह कर्त्तव्यच्युत व्यक्ति अनुशासी अधिकारी से दण्डित हुआ और याचना करने पर भी उसे वही दण्ड भोगना पड़ा।

एक अन्य प्रकरण में एक अधिकारी पर व्यभिचार का आरोप लगा। विभागीय कारणों से यह प्रमाणित हो गया कि वह अमुक रमणी के पास विषम समय पर जाया करता था तथा पति की अनुपस्थिति में उसके साथ रहता था। अतः यह निर्णीत हुआ कि यह उपयुक्त आधार है कि विश्वास किया जाए कि उस अधिकारी का आचरण एक सरकारी कर्मचारी के योग्य नहीं था और वह दण्डित हुआ।

एक और भी अन्य प्रकरण में एक बाला कर्त्तव्य हीन अधिकारी के शिविर में जाती थी और वह अधिकारी यदा कदा उससे अश्लील उपहास करता पाया जाता था। अतएव यह निर्णय हुआ कि उक्त अधिकारी का आचरण ऐसा था जिसने दल की

प्रतिष्ठा गिराई और इस लिए उसे दण्ड मिला।

के. रि. पु. दल द्वारा अग्नि से दुकानों की रक्षा

दिनांक 8 मई 1974 को महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के निकटवर्ती मार्ग पर इन्दिरा मार्किट रामकृष्णापुरम के दुकानी खोखों में अपराह्न 1 बजे अग्नि लग गई । तेज पवन के झोंकों से कुछ ही क्षणों में पार्श्ववर्त्ती दुकानों में अग्नि फैलने लगी। महानिदेशालय में नियुक्त जवान अग्नि-शमन करने भाग पड़े। अपने साथ में पानी तथा रेत भरी बाल्टियां तथा अन्य काम चलाऊ अग्निशमक उपकरण भी ले गये। उन्होंने पास के झुग्गियों वाले के सामान तथा सन्तानों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सहायता की। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की हौज खास स्थित बटालियन भी तुरन्त वहाँ आ गई और अग्नि-शमन में योगदान दिया।

दमकलें अग्नि प्रज्वलित होने के आध घंटे के उपरान्त घटना स्थल पर आई और फिर उन्होंने अग्नि बुझाई। इसमें कोई भी सन्देह नहीं कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों की सामयिक सहायता के नहीं मिलने पर महती क्षति होती।

दिल्ली उपद्रवों में के० रि० पु० दल का योगदान

दिनांक 5 मई 1974 को आजाद मार्केट तथा सदर बाजार के क्षेत्रों में सहसा साम्प्रदायिक उपद्रव भड़क उठे। इन क्षेत्रों के संकीर्ण मार्गों तथा गलियों में गुण्डों के जत्थे के जत्थे तोड़-फोड़ करने लगे और थोड़ी ही देर में अस्सी-नब्बे मकान तथा दुकानें लूट ली तथा जला डालीं। सूचना पाते ही स्थिति को नियन्त्रित करने के लिये 7 तथा 16 बटालियनों की टुकड़ियां उपद्रव ग्रस्त क्षेत्रों में दौड़ गई। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवान ही उक्त स्थलों पर सर्व प्रथम पहुंचे तथा गुण्डों एवं दुष्टों के आक्रमण झेले । हमारे जवानों ने हिंसा पर उतारू भीड़ को गलियों में छिन्न-भिन्न तथा नियंत्रित ही नहीं किया; किन्तु छतों पर से चलती हुई गोलियों को भी शांत किया । निज कर्त्तव्य-निर्वाहन में हमारे आठ जवानों के छर्रे लगे। दिल्ली पुलिस के उपमहानिरीक्षक तथा चार जवानों को भी गोलियां लगीं।

बहादुरगढ़, किशनगंज-चौक तथा आजाद मार्केट क्षेत्रों में प्राधिकारियों के आदेशों पर हमारे जवानों के इकट्ठे तथा सुनियंत्रित बल प्रयोग ने गुण्डों की लूट तथा अग्निकाण्ड को यथा-समय रोक दिया। मध्य रात्रि के उपरान्त तक जब तक दूसरे दलों ने हमारे जवानों का सेवा भार नहीं ले लिया उपद्रव-ग्रस्त क्षेत्रों में सतर्क पहरा लगता रहा।

* यह भी खूब रही *

गलत मोड़ने पर स्कूटर वाले से सिपाही "ए, तुम्हें चालान चाहिए या दस रुपये"

स्कूटर वाला—"दस रुपए चाहिए हुजूर ! बड़ी कृपा होगी।"

बस स्टाप पर अव्यवस्थित भीड़ को नियंत्रित करते हुए पुलिस मैन ने कहा, "इस भांति नहीं। जो जहां पर सबसे पहले आया है वह नम्बर से आये।"

तभी एक वृद्ध सबसे पीछे आकर यह कहते बस में जा बैठे "जहां में तो इन सब में सबसे पहले मैं आया हूं।"

वनस्पति शास्त्र की परीक्षा में प्रश्न था—"नरगिस के विषय में लिखो।"

एक छात्र का उत्तर था—"नरगिस प्रसिद्ध अभिनेत्री रह चुकी है। अब वह सुनीलदत्त से विवाहित है।"

वृक्ष खोजिये

तू बड़ा बड़ बोला है। 1।

उसका पत्र पाकर मैं फूला नहीं समाया। 2।

खैर ! यह क्या बात है कि
उसका सिर सदा दुखता है। 3।

मैंने जो उसकी बदनामी करी लता
सदा उसको याद कर शीश मलेगी। 4।

वैद्य ने रोगी से कहा 'जा मन को लगा !
अनुशाल का काम नहीं। केवल आम बात है'।

उत्तर

(1) बड़ (2) पाकर (3) खैर, सिरस (4) करील, शीशम (5) जामन, शाल, आम।

॥ पहेलियाँ ॥

(1)

तीन वर्ण का मेरा नाम।
लौट फेर वोही परिणाम।
आदि काट कर दांत दिखाता।
अन्त छांट कर द्वार दिलाता।

(2)

खेत पाय मुझको झूमे।
सिन्धु पाय नभ को चूमे॥

(3)

मुख पर मुझसे बढ़ता यौवन।
उग वन में करता पितृ-तर्पण।

(4)

यमुना पर मेरा है ग्राम।
फिर भी नहिं मैं तीरथ धाम।
तो भी जगती का मैं ताज।
सब जग मुझ पर आता आज।

उत्तर

(1) दरद (2) ज्वार (3) तिल (4) आगरा



सदर क्षेत्र में सतर्क के० रि० पु० दल

रजि० नं० 25697/74



एक मुस्लिमान मधुर स्वप्न

क्रैपलर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्त पत्र तथा सचित्र पत्रिका
(द्वैमासिक हिन्दी संस्करण)
30 सितम्बर, 1974] खण्ड 3 संख्या 3 [8 आश्विन, 1896





नीमच में :— श्रीमती बी बी मिश्र द्वारा परितोषिक-वितरण



नीमच में :—पदक प्राप्तकर्त्ता सीध नियुक्त राजपत्रित अधिकारी जे० एस० कठैथ, एम० वंकट रामाराव तथा अशोक कुमार

क्रैपलर

[हिन्दी संस्करण द्वैमासिक]

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका

30 अप्रैल 1974 के—हिन्दी क्रैपलर—में प्रकाशित अधोलिखित कृतियं पुरस्कृत हुई :—

1. कहानी—अमर सुहाग—लेखक कां० के० पी० यादव, 59 बटालियन (रु० 40)
2. एकांकी—मौत का घाट—
3. स्वास्थ्य सन्देश—ग्रीष्म ऋतु तथा पेय पदार्थ

लेखक—श्री जे० एस० शर्म्मा
हिन्दी सम्पादक (रु० 50)

खण्ड 3

अंक 3

30 सितम्बर, 1974

8 आश्विन, 1896

मुख्य सम्पादक:

एच० एस० सेठी

हिन्दी सम्पादक:

जे० एस० शर्मा

सम्पादकीय कार्यालय :

द्वारा महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, पश्चिमी खण्ड-8, रामकृष्णापुरम
नई दिल्ली-110022

आवरण पृष्ठ पर :
मनोनीत अधिकारी को सम्मान खड्ग



मुद्रक तथा प्रकाशक:

मुद्रक-दि कैक्स्टन प्रेस (प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली-110055

प्रकाशक : महानिदेशक की ओर से
श्री एच. एस. सेठी

इस अंक में :

1. शिक्षा-दीक्षा
(क) सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों की नीमच में 13वीं दीक्षान्त परेड...
(ख) के० रि० पु० दल की विशेषतायें
2. लेख
(क) न्याय का नियम—लेखक—श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना महानिरीक्षक, से० 3
(ख) कांस्टेबिल से डी० वाई० एस० पी० तक पदोन्नति—लेखक—श्री एच० एस० सेठी, जन सम्पर्क अधिकारी
(ग) मेरा अपना घर—लेखक—श्री वेरू
3. रिपोर्ताज
(क) नीमच में नई लाइन्स
(ख) एक नागा-ग्राम की यात्रा—लेखक—श्री एच० एस० सेठी, जन सर्पक अधिकारी
4. कविता
पत्र-प्रतीक्षा—रचयिता—कां० सुशील कुमार चौहान, 2 बटालियन
5. कहानी
मौत का टीका—लेखक—श्री जे० एस० शर्म्मा, हिन्दी सम्पादक
6. गौरव गाथा
(क) पुरस्कृत सतर्कता
(ख) उपद्रवी आदिवासियों से मुठ-भेड़
(ग) एक घात—लेखक—श्री एस० बी० सिंह
(घ) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की 5 बटालियन का उत्कृष्ट इतिहास
(ङ) देश-सेवा में
(च) स्वतन्त्रता दिवस पर पदक प्राप्ति
7. क्रीडा क्षेत्र
अन्तर रेञ्ज टूर्नामेण्ट
8. स्वास्थ्य सन्देश
धूम्र-पान कैसे छोड़ा जाये—लेखक—श्री बी० डी० एस० चौहान
9. विज्ञान के चढ़ते चरण
10. विविध
(क) यह भी खूब रही

(ख) फिल्म अभिनेत्री खोजिये
(ग) पहेलियां
(घ) सूक्ति सुधा



नीमच में नई लाइन्स

दिनांक 18 जुलाई, 74 को श्री बी० बी० मिश्र महानिदेशक के० रि० पु० दल ने मध्य प्रदेश में नीमच के के० रि० पु० दल के परिसर में "मिश्रा लाइन्स" नामक नव निर्मित लाइन्स का उद्घाटन किया।

मिश्रा लाइन्स में आठ वारिकें तथा छप्पन मोटर गैराजें हैं। चालीस लाख रुपयों की राशि से निर्मित ये वारिके दल की विश्राम करने वाली बटालियनों के लगभग 1000 जवानों को आवास प्रदान कर सकेंगी। इस आवास के निर्माण से श्री मिश्र को अतीव हर्षोल्लास हुआ क्योंकि जनकल्याण के प्रति यह प्रशंसनीय पग था। श्री मिश्र के शब्दों में "बटालियनों को सृजन करके खड़ा करना ही पर्याप्त नहीं है। क्या सेवा काल अथवा क्या सेवा निर्मुक्त काल दोनों में ही जवानों के कल्याण के प्रति हमको सदैव जागरूक रहना चाहिए। अतः छोटी सी भी आवास व्यवस्था स्वागत योग्य है और होनी भी चाहिए।"

महानिदेशक महोदय ने उस समय का स्मरण दिलाया जब आवास स्थल बहुत ही कम तथा दूर दूर पर थे। उन्होंने कहा कि उस समय जवानों के कल्याण तथा उज्ज्वल भविष्य के विषय में परिचर्चा करना एक स्वप्न मात्र था। परन्तु विभिन्न स्थानों पर ऐसे

भावासों के निमाण ने उस स्वप्न को अब साकार कर दिया है।

"नीमच भावना" की संज्ञा देते हुये श्री मिश्रने कहा कि इसी भावना ने शीघ्रातिशीघ्र अवधि में नई बटालियनों को सृजित तथा प्रशिक्षित किया है। साथ ही, इसने उन सभी व्यक्तियों में सेवा-निष्ठा की भावना कूट कूट कर भरी है जिन्होंने भी वहां प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसी भावना को अब बनाये रखना दल के सभी सदस्यों का परम धर्म हो जाता है ।

वर्तमान काल में विभिन्न संकटापन्न राज्यों में के० रि० पु० दल की उत्कृष्ठ भूमिका निभाने पर महानिदेशक ने अमित संतोष प्रकट किया। इस संदर्भ में उन्होंने 1965 के भारत पाक युद्ध की चर्चा की जब पश्चिमी क्षेत्र में स्थित के० रि० पु० दल की चौकियों पर पाकिस्तान का निरंतर दबाव बढ़ रहा था; परन्तु के ० रि० पु० दल के जवानों की शूरवीरता को ही श्रेय है कि एक भी हमारी चौकी नहीं खोई गई । उन्होंने यह प्रसन्नता की बात बताई कि विभिन्न राज्यों में जहां भी के० रि० पु० दल को प्रविस्तारित किया गया वहां ही इसने शांति-मय वातावरण स्थापित करने में सफलता प्राप्त की।

वेतन आयोग की सिफारिशों के संबंध में महानिदेशक महोदय ने बताया कि डिटैच-मैट अलाउन्स (मुख्यालय से दूर का भत्ता) - चालू रखने की स्वीकृति देना आयोग ने कठिन बताया। तद्यपि वस्तुस्थिति समझाकर हमने आयोग को इस बात पर मना लिया कि प्रत्येक छः मास के उपरांत पुनर्निरीक्षण के साथ साथ यह भत्ता दिया जाता रहेगा।

यह भी खूब रही

अध्यापक छात्र से—"रामू ! क्या तुम्हारी मार खाने की सलाह है।"

छात्र—"सर ! डाक्टर ने तो मुझे खिचड़ी खाने की सलाह दी है।"

दिल्ली में एक परदेशी ने सार्वजनिक शौचालय पर लगे आदेश को पढ़ते हुए एक राहगीर से नाक-भौं चढ़ा कर कहा, "छिः छिः दिल्ली के अधिकारी भी खूब हैं। लिखते हैं कि 'यहां पेशाब करना मना है।' भला बताइये शौच करने अब इसमें जाएं तब पेशाब को कहां ?"

अर्थशास्त्र के घण्टे में आध्यापक ने पूछाः - "मांग किसे कहते हैं ?"

एक छात्र—"सर मांग स्त्रियों के केशो की वह लक्ष्मण रेखा है, जिसमें वे सिन्दूर, भरती हैं।"

पुलिस के पकड़े जाने के भय से मकान मालिक खाट के नीचे जा छिपा। बहुत खोज के बाद जब एक सिपाही की दृष्टि उस पर पड़ी तब वह बोल उठा, "वाह ! वाह ! श्रीमान् ने बैठने का स्थान तो खूब निकाला है।"

मालिक मकान "देखो जी! घर मेरा है। मैं कहीं बैठूं।"

न्याय का नियम

लेखक : श्री निगमेन्द्रसेन सक्सेना

प्रजातंत्र की सम्यक् परिभाषा देना कठिन है, किन्तु उसके अनिवार्य तत्वों की तालिका बनाई जा सकती है। उनमें प्रमुख विशिष्टता है—'न्याय का नियम।' न्याय पालक अभिकरण होने के नाते पुलिस इससे सीधी संबंधित है। यह नियम समस्त पुलिस कर्तव्यों और मुख्यतः (1) न्याय तथा व्यवस्था बनाये रखने एवं (2) अपराध की छान बीन करने में लागू होता है। इस लेख में केवल न्याय तथा व्यवस्था के सन्दर्भ में न्याय के नियम की ही परिचर्चा की गई है।

स्पार्शनिवासियों का दृष्टांत

आइये प्रजातंत्र की जन्म भूमि 'यूनान' का ही अध्ययन करें। पाश्चात्य सभ्यता के इतिहास में कदाचित् सर्वाधिक वर्चस्वी घटना 480 ई० पू० में हुई जब फारस का शासक एक्सरसीज़ यूनानियों को पादाक्रान्त करने हेतु एक बड़ी सेना ले धाया था। तब यूनानियों का भाग्य नक्षत्र तिरोहित होता लगता था, परन्तु थर्मोप्लाई के संकीर्ण द्रोण पर अपने प्रसिद्ध नेता लियोनी दास के नेतृत्व में अधीन केवल चौदह सौ स्पार्टीवासियों ने लगभग दस लाख की सेना का साम्मुख्य किया। प्रत्येक स्पार्टा निवासी ने कई फारसवासियों को धराशायी किया जब तक कि सबके सब वे चौदह सौ रणक्षेत्र में वीर गति को प्राप्त नहीं हो गये। इसमें कुछ समय लगा परन्तु रण के बलिदानों ने यूनान को दासता की शृखला से अन्ततोगत्वा बचा लिया। स्पार्टा के प्रति उन शहीदों के संदेश में वीरता अथवा देश भक्ति का उल्लेख तक नहीं था। प्रत्युत् वह संदेश अत्यंत सरल यों था "स्पार्टा को बता देना कि उसके कानूनों का प्रतिपालन करते हुये हम यहां महानिद्रा में शयन करते हैं।" यह यहां उल्लेखनीय है कि स्पार्टा के नियमों के अनुसार नागरिकों को मातृभूमि की रक्षा के लिये प्राण न्यौछावर करना परमोधर्म था।

महान विचारक

यह ही वह भावना थी जिसने यूनान के आदि कालीन राजनैतिक विचारिकों को उद्वेलित किया। 2400 वर्ष पूर्व डेल्फी के सिद्ध ने सुकरात को 'महा मनीषी' के नाम से उद्घोषित किया था। और इसी व्यक्ति को ऐथेन्सवासियों द्वारा अन्यायपूर्वक मृत्यु-

दण्ड मिला था। निर्णय संघातक था तथा सुकरात के कुछ हितचिन्तकों ने उनके परित्राण का आयोजन किया । परन्तु सुकरात ने उसे ठुकरा दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि दण्ड विधिपूर्वक दिया गया है तथा उनको निज देश के नियमों का पालन करना है। 399 ई० पू० में सुकरात की मृत्यु ने उन्हें अमरता प्रदान की। उनके शिष्य प्लैटो तथा प्लैटो के शिष्य अरस्तु भी निज मस्तिष्क में 'न्याय के नियम' के प्रति पूर्ण जागरूक थे।

अरस्तु का अभिमत था कि प्रत्येक बालक को नियम पालन की शिक्षा देनी चाहिये; अन्यथा राज्य स्थिर नहीं रह सकेगा। वह अपने मत और भी अग्रणी थे तथा कहा करते थे कि कानून को बारम्बार परिवर्तित करना नहीं चाहिये । उन्होंने लिखा है "कानून-परिवर्तन की प्रवृत्ति अनिष्टकर है तथा जब परिवर्तन का लाभ स्वल्प ही हो तब क्या कानून अथवा क्या शासक में विद्यमान कुछ त्रुटियों को दार्शनिक सहिष्णुता से सहन करना चाहिये। नियमों की अवज्ञा के स्वभाव को प्राप्त करने से परिवर्तनों द्वारा नागरिक लाभ के स्थान पर हानि अधिक उठायेंगे।"

वर्तमान भारत में महत्त्व

कई दलों ने इन्हीं दिनों भारत में इसी अवधारणा को गर्हित करने की चेष्टा की है तथा इस सिद्धांत को प्रतिपादित करने का यथाक्रम प्रयास किया है कि अवैध कार्यवाइयां निपट प्रजातांत्रिक तथा प्रशंसनीय है। यदि यह स्वीकृत कर लिया जाय तब इससे सभ्य संस्कृति के आधार पर ही कुठाराघात होगा क्योंकि सभ्यता का उत्थान न्याय के नियम की अवधारणा के बिना संभव ही नहीं होता। प्रतः इसकी सार्वभौमिक स्वीकृति का कारण कई सौ वर्षों का संघर्ष रहा है। यदि यह एक बार भी नष्ट हो जाए तब हाबेस के कथनानुसार हम प्रकृति की उस स्थिति पर लौट पड़ेंगे जिसमें 'जीवन निकृष्ट, बर्वर तथा स्वल्प मात्र था।'

अमेरिका तथा भारत के संविधानों में न्याय का नियम लिखित है जब कि ब्रिटेन में सामान्य कानूनों के प्रचलन तथा उन कानूनों में उन कर्मचारियों के विरुद्ध उपचार होने के कारण (जो प्रत्येक नागरिक की स्वतन्त्रताओं की अवहेलना करते हैं) यह नियम उतना ही वास्तविक तथा सुरक्षित हैं । न्याय के नियम के बराबर महत्वपूर्ण दो पक्ष हैं (1) न्याय की दृष्टि में समानता हो तथा (2) न्याय के उल्लंघन के अतिरिक्त अन्य आधार पर कोई दण्ड नहीं मिले। आइये इन पर अलग अलग मनन करें।

न्याय की दृष्टि में समानता

भारत के संविधान के 14 तथा 15 अनुच्छेद में लिखा है कि न्याय की दृष्टि में पूर्ण समानता होगी तथा धर्म, वंश, वर्ण, लिंग अथवा जन्म स्थान के आधारों पर नागरिक के प्रति कोई भेदभाव नहीं होगा। न्याय की दृष्टि में समानता की व्याख्या एक सरल उदाहरण से की जा सकते हैं। यदि कोई धनी या उच्च पदवी वाला व्यक्ति हत्या करता है और उसके विरुद्ध आरोप सत्य प्रमाणित हो जाता है तब उसको उसी प्रकार न्यायालय द्वारा प्राणदण्ड अथवा आजीवन कागवास दिया जायेगा जिस प्रकार एक

आकिंचन को दिया जाता जिसने ऐसा अपराध किया होता। दूसरी ओर जब एक धनी तथा एक निर्धन एक न्यायालय में अभियोगी के रूप में खड़े होते हैं तब न्याय के एक ही सिद्धांत दोनों पर लागू होते हैं। वे दोनों उस समय तक निरपराधी समझे जायेंगे जब तक उनके विरुद्ध कुछ अपराध सिद्ध नहीं हो जाता। यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से उत्पीड़ित किया जाता है तब वह न्यायालय से रक्षा की अभ्यर्थना कर सकता है। इस प्रकार न्यायिक समानता के दो दृष्टि कोण हैं—कोई व्यक्ति भी न्याय की पहंच से अत्यधिक शक्तिशाली बलिष्ठ नहीं है और कोई भी-उसके संरक्षण से अत्यंत नीचा नहीं हैं। न्यायिक समानता का अर्थ यह भी है कि क्या छोटा तथा क्या बड़ा, क्या प्रख्यात तथा क्या ख्यातिहीन—सब किसी को न्याय का पालन करना है। कोई भी न्याय को अनुचित कह कर उसकी अवहेलना नहीं कर सकता। प्रजातंत्र में कोई भी कानून जो समुचित नही प्रतीत होता है, विधान सभा द्वारा ही अकारथ किया जा सकता है; परन्तु कोई व्यक्ति कभी स्वयं को न्याय से ऊपर नहीं उठा सकता है। यह नियम क्या सरकारी अधिकारियों एवं क्या जन साधारण सभी पर एक सा लागू होता है। यदि एक बार विधि पूर्वक पक्का कानून सेवा को अनिवार्य उद्घोषित कर देता है, तब तस्करी तथा डकैती की भांति हड़ताल एक अवैध कार्यवाई हो जाती है।

न्याय के नियम का दूसरा दृष्टिकोण का विवेचन ख्याति-लब्ध संविधान—ज्ञाता डाइस ने इन शब्दों में किया है—'एक मनुष्य न्यायोलंघन के कारण दंडित हो सकता है; परन्तु किसी अन्य कारण से वह दंडित नहीं किया जा सकता।" अर्थात् कोई भी व्यक्ति दंडित नहीं हो सकता है अथवा क्या शारीरिक एवं क्या साम्पत्तिक कोई कष्ठ सहन नहीं कर सकता है (बंदी नहीं बनाया जा सकता है और ना ही अर्थ दंडित हो सकता है) जब तक विधिपूर्वक तथा न्यायालय में यह नहीं निर्णीत होता कि वह स्पष्ट न्यायोल्लंघन का दोषी है।

पुलिस में 'संक्षिप्त रीति'

जब कि पुलिस को नेताओं तक से कहने का यह नैतिक अधिकार है कि वैध परिणामों के सहे बिना उन्हें न्यायोल्लंघन की आज्ञा नहीं है, उसका नैतिक अधिकार उसी क्षण तिरोहित हो जाता है जिस क्षण वह न्याय के नियम से स्वयं पराङ्मुख होती है। पुलिस को जानना चाहिए कि न्याय के नियम के दोनों दृष्टिकोण एक ही मुद्रा के दो पक्ष हैं तथा एक के बिना दूसरा स्थित नहीं रह सकता। संस्कृत की अलंकारिक भाषा में वे एक रथ के दो चक्र हैं और रथ एक चक्र पर नहीं चल सकता।

यदि पुलिस कृत-संकल्प हो जाये कि वह समस्त न्याय एवं व्यवस्था की परिस्थितियों को दृढ़ता से विधिपूर्वक निबटेगी तब उसकी शक्ति क्षीण होने के स्थान पर बढ़ती है। पुलिस का विधि भण्डार आवश्यकता से अधिक पर्याप्त है। भारतीय दण्ड संहिता तथा अन्य अधिनियमों के अतिरिक्त उसकी सहायता को भारतीय प्रतिरक्षा अधिनियम (डी० आइ० आर०) तथा आंतरिक सुरक्षा अधिनियम (मिसा) भी प्रचलित हैं। विधान के इन अतिरिक्त अंगों ने असाधारण परिस्थितियों से सुलझने को ही यह अधिनियम रूप धारण किया है एवं सरकार की नीति के अनुसार उनको

प्रयुक्त करने में कोइ आना-कानी भी नहीं होनी चाहिए । इनके अतिरिक्त अन्य कोइ 'संक्षिप्त रीति' की आवश्यकता नहीं है। कोई शिथिल पुलिस दल ही उन अवैधताओं को केवल व्यवहृत करेगा जिस पर ऐसे आरोप लगाये जाते हैं। यद्यपि अधिकतर आरोप केवल प्रचारार्थ ही लगाये जाते हैं तद्यपि यह नहीं विस्मृत करना चाहिये कि सत्यता का तनिक सा अंश ही पुलिस दल को अनाहत करने को पर्याप्त होता है।

अवैधताऐं

कुछ 'तथा कथित' अवैधतायें इस प्रकार भी हो सकती हैं :—

(1) अवैध जनसमुदाय को छिन्न भिन्न करने में आवश्यकता से अधिक बल का प्रयोग।

(2) पकड़े हुये व्यक्तियों के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसात्मक कार्यवाई।

(3) घोर अपराध करने पर अभियुक्तों को हथकड़ी डाले हुये प्रदर्शन । पुलिस किसी भी व्यक्ति को अपराधी नहीं घोषित कर सकती क्योंकि यह कार्य न्यायालय का है।

(4) पुलिस कोई विभागीय यातनायें नहीं दे सकती क्योंकि उक्त विषय में उसका कोई सत्व नहीं है। उदाहरणार्थ, नौकरी से निष्कासित सरकारी कर्मचारी से सरकारी क्वार्टर खाली कराना होता है। पुलिस उस विभागीय अधिकारी की संरक्षा कर सकती है और करनी चाहिये भी जिसने विभागीय आदेश दिये हैं ; परन्तु पुलिस को किसी का बोरिया-विस्तर बाहर नहीं फेंकना चाहिये। इस प्रकार के कुछ ही छायाचित्र दल के प्रतिरूप को सदा के लिये बिगाड़ सकते हैं।

(5) कर्मचारियों को आज्ञोल्लंघन के परिणामों की चेतावनी देना प्रत्येक विभाग का अधिकार एवं कर्त्तव्य है । इन चेतावनियों तथा धमकियों को देते समय पुलिस का सहयोग न्यायोचित नहीं है।

(6) न्याय के अतिरिक्त किसी अन्य ध्येयों से प्रेरित (चाहे वे कितने ही श्लाघनीय क्यों नहीं हों) बंदी बनाना तथा बंधन मुक्त करना ।

(7) महिलाओं को छेड़ने छाड़ने को रोकने हेतु दृष्टान्त स्वरूप बंदी बनाना पुलिस का पुनीत कर्त्तव्य है परन्तु दुराशयों के सिर तथा मूछे मूढ़ कर उन्हें दण्ड नहीं देना चाहिये जैसा कि कई बार हुआ है।

"पुलिस ढंग"

न्याय तथा व्यवस्था के क्षेत्र में सत्वर परिणाम पुलिस से मांगे जाने पर, अवैध लघु रीतियों को प्रयुक्त करने का प्रलोभन रोके नहीं रुकता। इस प्रकार कार्य को "पुलिस ढंगों" से कराने का आग्रह होता है। यदि विलम्ब लगता है तब प्राधिकारीगण व्यंग कसते हैं तथा यह दोष तक मढ़ देते हैं कि पुलिस अधिकारी किसी काम के नहीं हैं। इसको सहन करना कठिन कार्य है; परन्तु पुलिस को जानना चाहिए कि तथा-कथित

"पुलिस ढंगों" से महती क्षति ही होती है।

सर्वप्रथम, इन ढंगों से जनता में शाश्वत मनोमालिन्य हो जाता है। क्या अशिक्षित अथवा क्या शिक्षित दोनों प्रकार की जनता द्वारा कहे गये "पुलिस ढंग" की इस साधारण । अभ्युक्ति में पुलिस के प्रति घृणा एवं वैमनस्य भरा होता है। इसको सिद्ध करने के लिये लम्बे चौड़े तर्क की आवश्यकता नहीं कि सबसे महत्त्वपूर्ण बाह्य तत्व जो पुलिस की क्षमता को बढ़ाता है वह है जनता का सहयोग तथा उसी भांति उसकी अक्षमता का कारण जनता का विरोध होता है।

द्वितीय, "पुलिस ढंग" वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नैतिक नेतृत्व का हनन करते हैं । जो राजपत्रित अधिकारी जवानों से - अवैध ढंग के प्रयोग का आदेश देते हैं वे उस समय कभी कठोर नहीं हो सकते जब जवान निजस्वार्थों के लिये अवैध ढंग प्रयोग करते हैं ।

तृतीय, विपक्षियों को इनसे यह आश्वासन मिलता है कि नियम ऐसी कोई वस्तु नहीं हैं तथा भावी सम्मुखन में उन्हें अपेक्षाकृत और भी हिंसा एवं छल करने को वाध्य होना पड़ता है। अतः एक दुष्चक्र का क्रम चल पड़ता है और यही मार्गों पर बढ़ती हुई हिंसा के अनेक कारणों में से एक है।

सर्वोपरि बात यह है कि इन ढंगों से समाज में पुलिस-दल के नैतिक नेतृत्व का नाश हो जाता है। न्याय के संरक्षक उन मूल्यों तथा मान्यताओं के समर्थक नहीं हो सकते जब वे स्वयं ही उनकी अवहेलना करते हैं।

अन्तर्ग्रस्त प्रतिभयान

अतः केवल पुलिस-दल का भविष्य ही नहीं अपितु निखिल देश का भविष्य खटाई में पड़ जाता है । भारतीय इतिहास के सभी भव्य, सुख एवं शान्ति के कालों की विशेषता न्याय तथा व्यवस्था को सक्षम बनाये रखने में रही है । दूसरी ओर अंधकार युग में वे रहे हैं, जब न्याय तथा व्यवस्था अस्त व्यस्त रही थी एवं फलस्वरूप सुशीलता तथा हमारी उदात्त पैत्रिकता के स्वभाविक गुणों तक का प्रभाव रहा था। वर्तमान समय में संसार में सर्वत्र तथा मुख्यतः भारत में न्याय एवं व्यवस्था के मौलिक सिद्धान्तों तक की ठिठोली हो रही है जब कि मनुष्य मुख पर कालिख पोतने, सिर मूढ़ने, जूतों के हार पहनाने एवं गधे पर चढ़ाने इत्यादि निन्दनीय क्रिया-कलापों में बुरा आनंद लेते हैं। जो भी इन अशिष्ठताओं का विरोध करते हैं वे कूप मण्डूक समझे जाते हैं। प्राचरण के अवैध अनैतिक, अश्लील, जघन्य तथा विपरीत लक्ष्यों के सहसोद्भेद से जूझने के लिये ही देश की अनुशासित शक्तियों में से पुलिस एक है । प्रस्तु, पुलिस तभी अपनी भूमिका निभा सकती है जब वह स्वतः एक निष्कलंक तथा न्याय पालक दल रहे, जो एक व्यक्ति को हत्या के अपराध में विधि-पूर्वक अभियोग चलाने में आनाकानी नहीं करे तथा उसको तर्कसंगत निर्णय तक अवश्य पहुंचाये। साथ ही, जन समुदाय से उसके प्राण बचाये और इस प्रकार निष्पक्ष तथा शिष्ट एवं भेदभाव तथा मनोवेगों से निर्मुक्त जांच के लिए एक हत्यारे तक के अधिकार की रक्षा करे ।

सभ्य जीवन के स्थायी मूल्य

तथा-कथित आदर्थवादी न्यायोल्लंघन की मंत्रणा देने में चाहे निष्ठावन्त हों अथवा नहीं; किन्तु इसमें कोई भी संदेह नहीं कि सम्प्रति अनुभव ने दर्शा दिया है कि ऐसा आंदोलन शीघ्र या देर में दुर्दान्त व्यक्तियों के, नक्सल-पंथी, दुस्साहसी एवं निपट अपराधियों के एक प्रकीर्ण वर्ग के हाथों में चला जाता है जिनका उद्देश्य ही संकटापन्न स्थिति से लाभ उठाना होता है। स्वयं कानून को अक्षरशः तथा भावार्थतः पालन करते हुये ही एक अनुशासित पुलिस दल देश को संकट से परित्राण दिला सकता है। अवैध संक्षिप्त रीतियां दो हिंसात्मक दलों के बीच संघर्ष छेड़ देंगी। चाहे किसी की भी विजय हो; परन्तु सभ्य जीवन के स्थायी मूल्यों की इतिश्री अवश्य हो जायेगी।

उच्चतर स्तर पर, न्याय के नियम को पालन करने का दृढ़ निश्चय ही उदात्त साधनों से भव्य लक्ष्यों की प्राप्ति करने के संघर्ष का एक अंग है । "ध्येय प्राप्ति से ही साधन की औचित्य-सिद्धि" वाले दर्शन से शीघ्र सफलता कदाचित् प्राप्त हो सकती है, परंतु अंततो गत्वा वह अवश्यमेव विपत्तिजनक है।

विजयी कौन ?

अनेकों उत्तम पुलिस अधिकारियों को यह प्रस्तावित कार्य प्रणाली स्वीकार्य है किन्तु उन्हें गंभीर आशंकायें ये हैं कि क्या कभी पुलिस एतद् द्वारा सफलता प्राप्त कर सकती है। उनका कथन है कि "समय हमारे विरुद्ध है ।" निराशावादी व्यक्ति सही

प्रतीत होते हैं; परन्तु वस्तुतः ऐसी बात है नहीं। जो व्यक्ति कोलाहल मचाते हैं; अपशब्दों की बौछार करते हैं; पथराव करते हैं तथा सुसंस्कृत जीवन की सब मान्यताओं को तिलांजलि देते हैं वे शक्तिशाली प्रतीत होते हैं। किंतु एक अपेक्षाकृत अधिक चिंतनशील विश्लेषण यही प्रकट करता है कि ऐसे व्यक्तियों की केवल एक हल्ला मचाने वाली अल्प संख्या है। हमारी सभ्यता चिरन्तन है तथा विपुल बहु-संख्यक नागरिक न्याय प्रतिपालक हैं तथा उत्तम चरित्र के पुरातन मूल्यों में आस्था रखते हैं। "मौन बहु-संख्या" का पद कोई कपोल-कल्पना नहीं है। हमें इस दृढ़ विश्वास से न्याय पालन तथा चारित्रिक शीलता के हेतु संघर्ष करना चाहिये कि यदि हम न्याय के नियम पर कृत संकल्प रहेंगे तब हमारी अवश्य ही विजय होगी।

पुरस्कृत सतर्कता

दिनांक 20 मई 1974 को बन्देल स्थानीय रेल गाड़ी के महिलाओं के डिब्बे में रेल हड़ताल के सम्बन्ध में हावड़ा स्टेशन पर नियुक्त 27 बटालियन की 'डी' कम्पनी के एक अनुभाग ने पहरा देते हुए एक बारूद भरा बम पाया। बम रेल पुलिस को दे दिया गया।

इस अनुभाग के उत्तम कार्य के उपलक्ष्य में, पूर्वी रेल प्राधिकारियों ने अनुभाग के आठों जबानों में से प्रत्येक को एक-एक सौ रुपये का नकद पारितोषिक प्रदान करने की घोषणा की है।

दुग्ध को प्रौढ़ाहार बनाने के लिए दुग्ध शर्करा को कृत्रिम इन्जाइम (प्रकिण्व) द्वारा विघटित किया गया है। उसमें साधारण दुग्ध के समान ही पोषक तथा उषिक तत्व होते हैं और साथ ही उसकी अपेक्षा वह स्वाद में मीठा अधिक होता है।

गौरव गाथा

उपद्रवी आदिवासियों से मुठभेड़

बिहार राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में आदिवासियों ने आतंक का साम्राज्य स्थापित कर रखा था। उनके विरुद्ध कोई उपयुक्त कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण उनकी बांछे खुल गई थीं और वस्तुतः उन्होंने कानून को अपनी कठपुतली बना रखा था।

कुछ दिन पूर्व उनके दो दलों में वैमनस्य उत्पन्न हो गया था और एक ने दूसरे के क्षेत्र में हिंसा तथा लूट-पाट का हाट गर्म कर रखा था। महानिरीक्षक पुलिस बिहार के आदेशानुसार, 44 बटालियन के० रि० पु० दल की एक कम्पनी को 24/25 अप्रैल 74 को आकस्मिक छापे द्वारा दल नेताओं को बन्दी बनाने का कार्य सौंपा गया। कम्पनी का नेतृत्व सूबेदार अर्जुनराम कर रहे थे।

उक्त दिन के सायंकाल को जमादार मनफूल सिंह के अधीन एक पलटन सभी छिप भागने के मार्गों को बन्द करने हेतु प्रविस्तारित की गई। दूसरी पलटन सुबेदार अर्जुनराम के नेतृत्व में बिहार सैनिक पुलिस के सहयोग से कार्य सम्पन्न करने को अग्रसर हुई। एक दण्डनायक श्री एस० एन० चौधरी भी दल के साथ थे।

टेकलाल महतो तथा जर्धन महतो नामक दो महत्वशाली अपराधियों को बन्दी करने के लिए, परिवहन चान्नाऊ ग्राम के कुछ दूरी पर छोड़ दिये गये तथा ग्राम को घेर लिया गया उनके गृहों पर छापे मारे गये तथा उक्त अपराधियों को पकड़ लिया गया। तदुपरान्त दल के कुख्यात नेता केशव महतो को बन्दी करने पुलिस टुकड़ी बटकमरवा ग्राम की ओर बढ़ी। पुलिस दल से धिरने पर केशव महतो ने भाले से वार किया; परन्तु उसे दबोच लिया गया। तब भी उसका एक साथी साहाय्य को एकत्र करने हेतु बच भागा। जब तक दल ग्राम से निकले उसे एक भारी भीड़ ने घेर लिया।

भीड़ ने पुलिस दल पर पथराव प्रारम्भ कर दिया। दण्ड नायक ने लाठी प्रहार के आदेश दिये; किन्तु वे व्यर्थ रहे। इसी बीच में भीड़ धमकती-धमकाती आगे उमड़ आई, उसने स्थिति अपने हाथ में ले ली तथा बाण चलाने आरम्भ कर दिये। एक व्यक्ति गम्भीर रूप से विक्षत हुआ। दूर पर हल्लागुल्ला एवं पटहप्रताड़न श्रुतिगत हुआ जो पुनर्वलन का द्योतक था। विद्रोहियों के मनोबल को यह वर्धक था वे पुलिस जीप के निकट मशाल लिए चारों ओर से उसमें प्रत्यक्षतः अग्नि लगाने को आ रहे थे। विद्रोहियों

में से एक ने अर्जुनराम से मल्ल युद्ध किया जो उसे पकड़ना चाहते थे और तब वह भाग निकला तथा निज धनुष-वाण से उसने अर्जुनराम पर लक्ष्य संधाया।

दण्ड नायक ने पांच फायर करने की अनुमति दे दी तथा भीड़ क्षीण हो गई। फिर भी एक टीले के पीछे भीड़ पुनः एकत्रित हुई एवं दल पर घात लगाने के निमित्त स्थितियां सम्भाली।

ज्यों ही पुलिस दल एक शव तथा दो आहत पुलिस जवानों के साथ लौट रहा था उस पर पुनः वाण-वर्षा आरम्भ हो गई। आगे बढ़ना अब असम्भव हो गया। अतः दण्ड नायक की आज्ञा पर चार बार फायर किया गया तब कहीं भीढ़ छिन्न-भिन्न हुई और पुलिस दल थाने पर आया।

फिल्म अभिनेत्री खोजिये

बोलो कौन कहे, "माता ! वही दास को क्यों दे रखी है ? धन की सारी रूप रेखा तो उसमें लिखी है।" (1)

एक प्रेमी ने अपनी प्राणप्रिया को प्रसन्न करने के लिए मीनाकारी की माला पहनायी। (2)

देखो जी ! नत-मस्तक तुम क्यों होते हो। यदि उसकी विसाय, राम तक को धोबी की भांति कलंक लगा दे। (3)

सिद्धि साधना की तनुजा है। (4)

भंगड़ी चौबे विजया पीते कहते हैं "आ ! शाम को यजमान। हमारी कल्पनाओं की उड़ानें देख।" (5)

उत्तर— (1) हेमा, वहीदा, रेखा (2) प्रिया, मीना (कुमारी), माला(सिन्हा) (3) जीनत, सायर (4) साधना, तनुजा (5) जया (भादुड़ी), आशा, कल्पना (कार्तिक)

पत्र-प्रतीक्षा

रचयिता:—काँ सुशील कुमार चौहान, 2 बटालियन

दूर गगन से अब तो कोई, पत्र हमारा आता होगा।
जीवन है यक भूल सजनवा, तुम बिन कोई गाता होगा।

प्रेम पत्र उनका यदि हम पर, प्रति सप्ताह नहीं आता है।

तब हुलसित मानस-सागर में, छा सूनापन सा जाता है।

हुआ बिलम्ब मगन में कोइ, गाते से पंख चलाता होगा।
जीवन है यक भूल सजनवा, तुम बिन कोई गाता होगा।

सांध्य समय पूछा साथी से, पत्र हमारा क्या आया है।
केवल एक 'नहीं' उत्तर में, नोच नोच यह दिल खाया है।

नील झील के उज्ज्वल जल में, कंचन बदन नहाता होगा।
जीवन है एक भूल सजनवा, तुम बिन कोई गाता होगा।

धुला अंधेरा, हुआ सबेरा, अभिलाषा-बल्लरि पुष्पित है।
बीत रहे दिन इसी भांति सब, मानव-सीमायें सीमित हैं।

आशा फिर भी सदा लगी यह, हरकाया अब आता होगा।
जीवन है एक भूल सजनवा, तुम बिन कोई गाता होगा।

<u>कहानी :—</u>

मौत का टीका

लेखक : श्री जे० एस० शर्म्मा

"इन्दू। ओ...इन्दू...! अरे...ओ बोलती क्यों नहीं? द्वार खोलती क्यों नहीं? उफ ! भलीमानस। क्या हो गया आज तुझे?" जोर जोर से बलीराम द्वार पीटकर चिल्लाता रहा। यह चिल्लाना अर्द्ध रात्रि में शून्यता को और भी भेद कर गुंजायमान कर रहा था।

जब उसे चिल्लाते अधिक देर हो गयी और द्वार नहीं खुला तब उसने हारकर पड़ोसियों को जगाया। सब आश्चर्यान्वित थे कि अन्ततः हुआ क्या? वैसे पति-पत्नी की किस गृह में यदा-कदा नहीं खटकती है परन्तु इन्दुमती सदैव प्रसन्नमना थी। यद्यपि कुछ दिन से लूप निरोध लगाने से कष्ट का अनुभव अवश्य करती थी तद्यपि वह कभी मुख पर अवसाद अथवा चिन्ता की छाया नहीं प्रकट होने देती थी। तब आज उसे क्या हो गया जो द्वार नहीं खोलती?

"आज कुछ अवश्य दाल में काला है" सबके चित्त से यह ध्वनि निकल रही थी। छिः भाग्य की गति। बलिराम का एक मात्र पुत्र भी पिछले सप्ताह ही अपने नाना के साथ ननसाल चला गया था जो वह ही कुछ बता देता। कोई महिला कहती 'बेचारी बड़ी दुर्बल हो गई थी रोग के कारण। कहीं कोई मूर्छा तो नहीं आ गई है।' तब दूसरी कहती "कुछ और तो नहीं कर बैठी।"

इस "कुछ और" ने सबकी हृदयगति कुछ और ही कर दी। सबका चित्त धक्-धक्

करने लगा और उनमें भी सबसे अधिक बलीराम का। वह तो सिर धुनकर रोने लगा "हे भगवान। तू ही रक्षक है। कृपा कर कृपासिंधु। दया कर दया निधान।" बलीराम को काटो तो रक्त नहीं था। उसकी मुखाकृति पीले पात की भांति हो रही थी। एवं हृदय अत्यन्त विक्षुब्ध, अतिशय दुखार्त।

"अरे भई। बताओ मैं क्या करूं" घबड़ाकर कहता हुआ वह उच्च स्वर में विलाप करने लगा—"अरी मेरी इन्दू। आज तुझे क्या हो गया है। मेरी भली इन्दू। मेरी भोली इन्दू। अरी भाग्यवान क्यों रूष्ठ हो गई है।"

सबने बलीराम को समझाया कि साहस से काम लो। किवाड़ें तोड़ डालो। किन्तु बलीराम जिसका नाम था वह पुलिस के हथकण्डों से भली भांति परिचित था। उसके नाम से भय खाता था। अन्ततः बीसवीं शताब्दी का युवक जो ठहरा। वह दीर्घ श्वास लेकर बोला, "कहते तो आप सब उचित है। परन्तु आप पुलिस को नहीं जानते। भले मानुष को उनसे भगवान बचाये। उल्टे लेने के देने पड़ जाते हैं।"... रुककर चिन्तित स्वर में वह फिर बोला— "अच्छा तो यही रहेगा कि पुलिस को बुला लो नहीं तो कमबख्त नुमाज के स्थान पर रोजा गले न डाल दें।"

सबने स्वीकारार्थ सूचक ग्रीवा हिलाई। कई लोगों के साथ वह बेचारा स्थानीय थाने गया और रिपोर्ट लिखाई। तुरन्त एक जमादार और दो सिपाही उसके साथ हो लिये और उसके गृह जा पहुंचे। सिपाहियों ने भी चिल्लाया पुकारा परन्तु सब व्यर्थ। अन्त में विवश होकर बलीराम के कहने पर द्वार के ऊपर की टूटी फूटी जाली को खींचकर बड़ा कर डाला तथा ताला तोड़ डाला।

ज्योंही कमरे में पुलिस तथा अन्य सब जनों ने प्रवेश किया तब क्या देखा कि इन्दु एक चारपाई पर बेसुध पड़ी है। उसके मुख तथा नासिका से रक्त के फेन निकल रहे हैं। और उसकी दक्षिण भुजा की मांस पेशी में इंजेक्शन का चिन्ह था। बलीराम ने दौड़ कर नाड़ी परीक्षण किया। वह स्वयं एक नागरिक निजी अस्पताल में नौकर था। जब नाड़ी रुकी पाई तो वह सिर धुनता तथा करुण क्रन्दन करता हुआ अचेत भूमि पर गिर पड़ा "हाय इन्दू ! तू मुझे छोड़कर कहां चली गई ?"

मनुष्यों ने अनेकों उपचार किये तब कहीं कठिनता से उसको सुधि में लाये। वह उस समय भी विक्षिप्त की भांति विस्फारित नेत्रों से चतुर्दिक देख रहा था। एवं 'इन्दु इन्दु' की रटना लगाये हुए था। उसका वह हृदय विदारक दृश्य देखा नहीं जाता था। जल विहीन मछली की भांति वह कलप रहा था।

जब इन्दु की मृत्यु की सूचना उसके निकट सम्बन्धियों को मिली तब इन्दु का चचेरा भाई देशमुख दौड़ा-दौड़ा चला आया। उसे इस घटना में किसी हत्या की दुर्वास आई। इन्दु के माता पिता धनिक किसान थे। वैसे भी इन दिनों भूमि ने सोना उगला था। इधर कृषक चाहे धनी नहीं हो किन्तु हठ के धनी अवश्य होते है और यही कारण है कि एक-एक बीघे के झगड़े पर सौ सौ बीघे की आय लगा देते हैं। परिणाम स्वरूप ऋण का बोझ स्वयं पर ही नहीं अपितु विरासत में अपनी सन्तान तक पर छोड़ जाते

हैं।

देशमुख ने देखते ही देखते निकट का एक डाक्टर तथा सिविल सर्जन बुला लिया। दोनों डाक्टर इसी अभिमत पर पहुंचे कि इन्दु की मृत्यु किसी धातक टीके से हुई है।

फिर क्या था ? घर की छान-बीन आरम्भ हुई। पुलिस ने एक सन्दूक से तितालीस टीके लगाने की सुइयें पाई। साथ ही एक टूटी हुई पिचकारी और तीन शीशियां पाई जिन पर लिखा था (1) पेनेसीलीन जी सोडियम (2) सिन्किल वी इंजेक्शन तथा (3) विटामिन वी कम्पलेक्स इंजेक्शन।

शव परीक्षण ने यह स्पष्ट कर दिया कि इसमें कोई बाह्य क्षति नहीं पहुंची है। रासायनिक अन्वेक्षकने मांस पेशी में पेनेसीलेन तथा अलकोहल के अंश पाये। किन्तु प्रश्न यह रह-रह कर उठ रहा था कि बन्द कमरे में यह कैसे हुआ? क्या इन्दु ने स्वतः जीवन से निराश होकर आत्म हत्या तो नहीं की।

समस्या अत्यधिक उलझी दृष्टिगत होती थी। यद्यपि यह निश्चय हो गया था कि इन्दु की मृत्यु हृदयगति रुकने से हुई थी किन्तु यह एक प्रश्न चिन्ह बना हुआ था कि अंततः हृदय का गति-रोध हुआ क्यों कर? अनेकों प्रख्यात एवं अनुभवी डाक्टरों से मन्त्रणा ली गई। अन्त में यही निर्णय निकला कि कतिपय व्यक्तियों का पेनेंसीलेन संघातक सिद्ध होता है और तत्काल मृत्यु का ग्राहक बन जाता है। इसी कारण अब उसके टीके लगाने से पूर्व डाक्टर थोड़ा सा रोगी पर पूर्व परीक्षण कर लेते हैं। साथ ही किसी को मदोन्मत्त दशा में, टीका लगाए जाए तो करेला नीम चढ़ा हो जाता है। पर-पर यह क्या आश्चर्य ? इन्दु के विषय में पेनेसीलेन तथा मदिरा दोनों की मात्रा पाई गई जिसके फलस्वरूप रक्त चाप ने गिर कर मृत्यु के लाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

देशमुख का कथन था कि इन्दुमति दक्षिणवाहु थी। वह स्वयं दक्षिणवाहु में टीका लगा ही नहीं सकती थी। इस कथन की पुष्टि डाक्टरों ने भी की। इसके अतिरिक्त आत्म हत्या की दशा में सुई और पिचकारी पार्श्व में पड़ी होती जबकि वे एक सन्दूक में सुचारू रूप से रखी मिलीं। फिर इन्दु अंग्रेजी भाषा से सर्वथा अविज्ञ थी। वह कैसे पैनेसीलेन पढ़ सकती थी।

तभी पुलिस को इन्दु का एक हस्तलिखित पत्र प्राप्त हुआ जो उसी दिनांक को उसने निज पिता को लिखा था। इस पत्र में उसने पिता को अविलम्ब आने को लिखा था अन्यथा उसे अपनी मृत्यु की आशंका थी।

सुतराम् पुलिस ने पड़ोसियों से पूछताछ आरम्भ कर दी। उड़ते उड़ते पता चला कि बलीराम निज पत्नी के प्रति वफादार नहीं था। उसका अनेक युवतियों से अवैध सम्बन्ध था, मुख्य करके एक कुलटा गंगू बाई से उसकी लम्पटता चरम सीमा पर पहुंची हुई थी। वह बहुधा बलीराम के गृह रहती थी। उसकी उपस्थिति में वलीराम इन्दु का सर्व प्रकारेण अनादर किया करता था। इन्दु से गंगूबाई को चाय भोजन देने को विवश करता था, किम्बहुना इन्दु से गंगू बाई के वस्त्र तक धुलवाता था।

इन्दु अपने पति के प्रति अतीव परायण थी। किन्तु नित्य नित्य का यह नारकीय जीवन उससे सहन नहीं होता था। आज ही की बात थी। उसने गंगू के वस्त्र धोने से मनाह कर दिया था।

"क्यों ? क्या इसके हाथ टूट गये हैं।" गंगुबाई की ओर संकेत करते हुए इन्दु ने कहा।

"इसके टूटे हों या नहीं। तेरे अवश्य टूट जायेंगे जो तूने अधिक ची चिल्लपों की"

"नहीं। नहीं मैं स्वयं धो लूं—" गंगू बोली और लगी अपने वस्त्र उठाने।

"ओहो। नौ सौ चूहे खाय बिल्ली हज को चली" इन्दू ने ताना मारा।

"बिल्ली होगी—तू-तेरी मां-तेरी नानी-पड़नानी" कहती गंगू ने त्रियाचरित्र से आठ आठ आंसू बहाने आरम्भ कर दिये और तुनक कर बोली—"कुम्हार से विसाय नहीं गदहिया के कान अमेठे। ऐसा ही है तब पति को क्यों नहीं समझाती।"

"पुरुष तो होते ही ऐसे हैं पर तू बोल— सत्तर घाट का पानी पीने वाली।"

फिर क्या था इन्दु गंगू दोनों की गुत्थमगुत्था आरम्भ हो गई। बलीराम ने बीच-बिचाब किया और इन्दु के ऐसा चनकट मारा कि उसके कपोल पर रक्त छिनक आया—"ओ कलमुही। तू होती कौन है ऐसी कहने वाली।" "मैं घर वाली होती हूं जिसको तुम भरी पंचायत में ब्याह कर लाये हो। पर यह तो बताओं कि यह चुड़ैल इस घर की—"

बलीराम ने इन्दु को झटका देकर दूर फेंका। वह बाल बाल दीवार से टकराने से बची "बस जिह्वा निकाली तो अभी खींच लूंगा।"

बलीराम पास में पड़ी लोहे की सलाख से इन्दु को मारने दौड़ा। परन्तु गंगू अनर्थ की आशंका बिलोक बीच में आ गई "लो भई मैं जाती हूं जो मैं जड़ बनी हुई हूं इस तकरार की।"

"जायेगी कोई और—बल्कि और की जान। तू कहां जाती है।" बलीराम ने गंगू की बांह पकड़ कर अन्दर किया।

गंगू पूरी त्रपारण्डा थी। उसने विलोका कि उसका नशा बलीराम पर पूरा चढ़ चुका है; उसकी उत्तेजना पूर्ण काम कर चुकी है। वह बलीराम के लाख अनुनय विनय करने पर भी वहां नहीं रुकी। बलीराम घंटों तक इन्दु को जली भुनी सुनाता रहा। और फिर वह किसी दुरभियोजना में खो गया। अन्त में सोचता-सोचता वह बाजार चला गया।

इन्दु अब समझ गई कि उस गृह में उसका रहना एक क्षण को भी आंतक से रिक्त नहीं है तभी उसने पिता को वह पत्र लिखना आरम्भ किया था जो पुलिस के हाथ लगा। परन्तु उसे वह समाप्त भी नहीं कर पाई थी कि किसी के पदचाप श्रुतिगत हुए। अतएव उसने उस पत्र को सन्दूक में छिपा कर रख दिया।

उसकी आशंका सत्य निकली। तत्काल बलीराम ने कुछ इन्जेक्शनों की शीशियों को लिए गृह में प्रवेश किया और लज्जा एवं विनम्रता से बोला "इन्दु। तुम जानती ही हो कि मैं स्वभाव का क्रोधी हूं। पर मेरा चित्त सदा सरल तथा साफ है। छिः उस समय मैंने क्रोध में नहीं जाने क्या-क्या खरी खोटी तुम्हें सुना दी।"

"सो क्या हुआ ? यह कोई आज की बात थोड़े ही है। मैं तो इन्हें सुनते-सुनते अभ्यस्त हो गई हूं।"

"अरे इन्दु। मैं तेरी क्या प्रशंसा करूं? तू एक आदर्श नारी है। मैंने सोचा है, खूब विचारा है कि सुखी पत्नी ही जीवन को सुखी संसार बना सकती है।"

इन्दु बलीराम के इस सहसा तथा आमूलचूढ़ परिवर्तन से अवाक् एवं चकित रह गई। वह नित्य बलीराम को यही समझाती थी और आज उसे प्रसन्नता का वारापार नही था कि वही बात अब बलीराम ने अनुभव की थी। पति का रोष शांत हुआ विलोक कर वह नेत्रों से पति को सुधापन करा रही थी और रह-रह कर अपनी बुद्धि को कोस रही थी कि क्यों उसने उत्तेजना में आकर वह रोष-पत्र पिता को लिखा था। उसके मुख से अनायास निकल पड़ा "प्राणेश्वर। तुम कितने अच्छे हो।"

"छि: अच्छे कहने से कोई अच्छा नहीं हो जाता। आज मैं अच्छा बन कर दिखा रहा हूं। देखो। तुम कितने दिनों से रक्त प्रवाह को कहती थीं और एक में था कि मैं उसकी चिन्ता ही नहीं करता था। किन्तु आज मुझे गार्हस्थ्य-चिंता ने झकझोर दिया है। देखो आज मैं डाक्टरों की सलाह से ये टीके लाया हूं।"

"छिः आपने इतने पैसे क्यों खर्च किये ? क्यों नहीं अस्पताल से ले माये ?"

"जब आत्मा परिक्षुब्ध होती है तो उसे धन को नितांत चिन्ता व्याप्त नहीं होती। मनुष्य तो प्रायश्चित में क्या-क्या नही करते हैं; मैंने तो कुछेक चांदी के टुकड़े ही फेंके हैं।" इन्दु के चिबुक में पाणि डाल कर बलीराम ने सप्रीति नेत्र से नेत्र मिलाये और फिर मुस्कान भरे शब्दों में बोला "डाक्टर कहते हैं कि इन इंजेक्शनों से रक्त स्त्राव तुरन्त रुक जायेगा।" इन्दु को शीशियां दिखाते हुए बलीराम ने मदरिल नेत्र चमकाये।

"किन्तु यह सफेद पेनेसीलेन तो कहीं नहीं है। क्या आपको याद नहीं कि पिताजी ने चलते समय कहा था कि पेनेसीलेन का टीका मुझे ठीक नहीं बैठेगा।"

"नहीं। नहीं। मैने सब कुछ डाक्टरों से पूछ लिया है। उन्होंने कहा है कि इसे सांयकाल लगाना। रात्रि भर तुम लेटी रहोगी। चलना फिरना नहीं! सब बात ठीक हो जायेगी।"

इन्दु आज की रुष्टता दिखाने पर अतीव प्रसन्न थी। वरंच उसे खेद था कि वह रुष्टता उसने पहले क्यों नहीं दिखाई, जो यह दुर्दिन आता ही नहीं। फिर यह सोचकर मन ही मन मुस्काई "आड़े हाथों ही घी निकलता है। जब मेरा क्रोध देख लिया तब श्रीमान् जी की बुद्धि ठिकाने आई।"

फिर वह सोचने लगी कि किस घर में पत्नी पति की कहा सुनी नहीं होती है। छिः

उसे पिता को पत्र लिखने में इतना उतावला नहीं होना चाहिए था। खैर। अच्छा हुआ जो डाला नहीं है।

आज इन्दु की प्रसन्नता स्वर्ग को छू रही थी। उसने सोल्लास शाक सब्जी कतरी। चूल्हा जलाया और शीघ्र ही रसोई गृह में भोजन बनाने चली गई। अन्ततः साँयकाल होते-होते चिकित्सा हेतु इन्जेक्शन जो लगबाना था।

बलीराम एक कुर्सी पर बैठा कुछ उधेड़ बुन में व्याप्त था। तदुपरान्त वह कुछ टहलने लगा। उसने द्वार के ऊपर वाली जाली में एक छेद को बड़ा किया और हाथ डालकर देखा कि उसमें सरलता पूर्वक आ जा सकता है। तब वह कुछ मुस्काया और और फिर कुर्सी पर आकर बैठ गया।

“छि: मैं कितना मूर्ख था कि तुम्हें नित्य दुखीकर उस पतुरिया पर धन लुटाता था।” उच्च स्वर में इन्दु को सांत्वना देते हुए बलीराम ने कहा।

"अब आप ही सोचिए। मैंने आपको यही कितनी बार समझाया था।”

“नहीं। नहीं। मेरी बुद्धि में आ गया अब। शास्त्रों में भी लिखा है कि जहाँ पत्नी का आदर होता है वहीं देवता भी रहते हैं। यदि व्यय करना ही है; मनोरंजन लेना ही है तो अधिक से अधिक सिनेमा देख लो।”

“बिल्कुल।”

“यही सोचकर मैं आज सिनेमा ही जाऊंगा ‘उपकार’ देखने। कहते हैं कि अत्यन्त सुन्दर तथा देश भक्ति का चित्र है। मैं देख आऊं। यदि अच्छा हुआ तो तुम्हारे स्वस्थ होने पर तुम्हें भी दिखाऊंगा।” कहते-कहते वलीराम ने भोजन किया। और तुरन्त पिचकारी धोने के लिए पानी उबालने को इन्दु से कहा।

प्रेम-विह्वल इन्दु क्षण भर में झट गर्म पानी की प्याली ले आई और स्वयं उसमें पिचकारी डाली। बलीराम ने तुरन्त पिचकारी भर कर टीका लगाया और चारपाई पर लिटा दिया

“यदि कुछ दर्द या घबड़ाहट हो तो यह पानी पी लेना।” कहते हुए बलीराम ने कुर्सी पर एक जल का गिलास रख दिया और फिर एक विभीषक हास्य हंसा।

इस शानिश्चरिक अट्टहास से इन्दु व्याकुल हो उठी। परन्तु अब तो बहुत देर हो चुकी थी। समय उसे धोखा दे चुका था। भाग्य उसके जीवन से अठखेलियां कर रहा था। प्रत्युत् विकराल काल मुख फाड़े उसकी ओर बढ़ता चला आ रहा था। ‘ऊफ—हे—रा म’ कहते कहते छटपटाती हुई वह मूर्छित हो गई या यों कहिए महानिन्द्रा में लीन हो गई।

बलीराम ने बाहर से कपाट बन्द कर जाली में हाथ डालकर अन्दर से कुण्डी लगाई तथा झटके वाला ताला उसमें बन्द कर दिया।

पुलिस के गुप्तचर विभाग ने इस सब इतिवृत्त की पुष्टि बलीराम के एक अभिन्न

हृदय मित्र से करा दी जिसको उसने यह बताया था कि उसकी पत्नी की हत्या पेनेसलीन के टीके लगाने से हुई। पिचकारी पर अंगुली चिन्हों ने भी बलीराम को अपराधी बताया था। न्यायाधीश ने अभियुक्त से भी स्वीकृत करा लिया कि वह मौत का टीका उसी ने निज पत्नी को लगाया था।

अतः उसे प्राण दण्ड का निर्णय दिया गया। उच्च न्यायालय में अपील हुई। वहां अभियुक्त की तरुणावस्था पर दया खाकर मृत्यु दण्ड को आजीवन कारावास में परिणत कर दिया गया।

पहेलियां

(1)

जल में पड़ी सीप है रोती।

देखे उसने मांस में मोती ॥1॥

(2)

तीन अक्षर का मेरा नाम।

लौट फेर वोही अंजाम ॥

आदि काट मैं जल बन जाता।

अन्त छांट पुष्कर कहलाता ॥2॥

(3)

द्वार लगे परदा करती।

कमर लगे पीड़ा भरती ॥3॥

(4)

मुख पर आवे दिल घबड़ावे।

पास में आवे दिल बहलावै ॥4॥

(5)

खेत में होय तब सब कोई खाय।

घर में होय तब घर बहजाय ॥5॥

उत्तर—

(1) दांत (2) सरस (3) चिक (4) खत (5) फूट

नीमच में दीक्षान्त परेड

दिनांक 19 जुलाई 1974 को नीमच (मध्य प्रदेश) में सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के 13वें प्रशिक्षण (सत्र) को दीक्षांत परेड में श्री बी० बी० मिश्र, महानिदेशक, के० रि० पु० दल ने सलामी ली । इक्कतीस प्रशिक्षणार्थियों ने उत्तीर्ण होकर पुलिस के उप-अधीक्षक (डिप्टी सुपरिन्टेण्डैण्ट) का पद ग्रहण किया।

'सम्मान खड्ग' सर्व प्रकारेण उत्कृष्ट प्रशिक्षणार्थी श्री एम० वंकट रामाराव को प्रदान किया गया। बहिरंग तथा अंतरंग विषयों में सर्वोत्तम प्रशिक्षणार्थियों के हेतु पदक क्रमशः सर्व श्री जगमोहन सिंह कथेट तथा अशोक कुमार ने अर्जित किये।

परेड में भाग लेने वाले सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों की प्रशंसा करते हुये श्री मिश्र ने कहा "आपने स्फूर्ति तथा मान मर्यादा के साथ परेड का प्रकृष्ट प्रदर्शन किया है । मैं आशा करता हूं कि जो भावना आज आपने परेड में प्रदर्शित की है वही आपको भावी जीवन में प्रत्येक पग पर सन्मार्ग दर्शाती रहे।"

उन्होंने तीनों पदक प्राप्तकर्त्ताओं को बधाई दी और कहा "सम्मान खड्ग" सब किसी को नहीं दिया जाता है। यह उसी वीर तथा मनोनीत व्यक्ति को प्रदान किया जाता है जिसके कंधों पर विभागीय मुख्याधिकारी के मतानुसार उत्तरदायित्व विश्वास के साथ सौंपा जा सकता है। अतः जो व्यक्ति भी इसको प्राप्त करता है, अपने कंधों पर एक बोझिल भार, एक भारी दायित्व उठाता है, जिससे वह केवल अपने सहयोगियों के लिये ही नहीं प्रत्युत् जवानों के समक्ष, किंबहुना जनता जनार्दन के सम्मुख (जिसके मध्य उसे सेवा भार उठाना है) अपना एक उदाहरण प्रस्तुत कर सके । अतएव में आप तीनों से निष्ठापूर्वक उत्तरदायित्व निभाने की अभ्यर्थना करता हूं।"



परेड के समक्ष भाषण देते हुए श्री बी बी मिश्र महानिदेशक के० रि० पु० दल

युवा अधिकारियों को संबोधित करते हुये श्री मिश्र ने कहा "आप भव्य परंपरा वाले के० रि० पु० दल के विशाल समुदाय की देहली पर सम्मिलित होने को खड़े हैं। हम इस देश के एक भाग से दूसरे भाग तक शनैः शनैः परिभ्रमण कर चुके हैं और हमने प्रतिष्ठापूर्वक, मर्यादा-सहित तथा सबसे बढ़कर निज सिद्धान्त "सेवा तथा भक्ति" के अनुरूप निष्ठा तथा निज कर्त्तव्य-परायणता के साथ, क्या अपने देशवासी तथा क्या अखिल मानवता के प्रति सर्व प्रकार के दायित्वों को निभाया है। यह कोई छोटा-मोटा कार्य नहीं है।"

दल के योग्य बनो-दल की भूमिका का स्मरण कराते हुये महानिदेशक महोदय ने कहा "हमने निज सामर्थ्य के अनुसार देश की सीमाओं की सुरक्षा की है। हमने आंतरिक सुरक्षा में भाग लिया है। समस्त देश में न्याय तथा व्यवस्था बनाये रक्खी है। इस सेवाभार को उठाने में, हिमालय से कन्या कुमारी तक, कच्छ के रण से भारत के सुदूर पूर्व तक, जिसके अंतर्गत अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा इत्यादि स्थित हैं, के० रि० पु० दल को जाना पड़ा है । सुतरां आपने उत्तराधिकार में एक वांछित, चिरस्थायी, दूरव्यापी तथा महत्त्वशाली यह (पुलिस) सेवा प्राप्त की है, जिसमें आपको सुपात्र बनना है तथा जिसके योग्य आपको बनकर दिखाना है । इस चुने हुये दल के सुयोग्य नेता बनने के लिए आपको शारीरिक तथा मानसिक क्षमता प्राप्त करना है, जिससे आप इस संगठन से तादात्म्य स्थापित कर सकें एवं भाईचारे की भावना और संगठनात्मक एकता उत्पन्न कर सकें तथा देश और देशवासियों के प्रति भक्ति की भावना के साथ, दल के अन्य सदस्यों के सहित, आप सेवाभार उठा सकें।

परम्पराओं का ध्यान—सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों को के० रि० पु० दल की परम्पराओं का स्मरण दिलाते हुए श्री मिश्र ने उपदेश दिया "परम्पराओं तथा आचरण के सुनहले नियमों को स्मरण रखो एवं इनका पूर्णरूपेण पालन करो। उदाहरणार्थ हमारी एक परम्परा यह है कि निज राष्ट्र भारत की भांति हम भी धर्म निरपेक्ष हैं। यहां जाति, वर्ण, मत, अथवा धर्म के कारण कोई भेदभाव नहीं है । महासागर में जल के सम्मिलित तथा समा जाने की भांति के० रि० पु० दल के समुदाय में हर कोई सम्मिलित होता है। देश सेवा में समर्पित इस मानव समुदाय में विलय होने के लिए आप में से प्रत्येक को इन परम्पराओं का अनुसरण करना चाहिए।"

बन्दूक-विनोद का प्रतिषेध—इस तथ्य की परिचर्चा करते हुए कि के० रि० पु० दल केन्द्र सरकार की सशक्त भुजा रहा है, महानिदेशक महोदय ने स्पष्ट किया कि इसके अर्थ ये नहीं हैं कि के० रि० पु० दल सशक्त भुजा बनने के लिए बल का प्रयोग कर रहा है। "जिस समय शत्रु से निबटना होता है आपको शस्त्रों के प्रयोग में, अपने उद्देश्य में, अपने साहस में तथा युद्ध शास्त्र में दृढ़ होना चाहिए। परन्तु गत कुछ वर्षों से हमारी भूमिका में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन आया है तथा अब हमें अपने ही भ्राताओं के मध्य उस सर्वोत्कृष्ट भावना से आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना है जिसके लिए प्रतिशोध की भावना अथवा बन्दूक-विनोद नहीं होकर अमित धैर्य तथा अपरिमित संतोष की आवश्यकता होती है।"

श्री मिश्र ने बतलाया "पुलिस की ऐतिहासिक परम्परा यह रही है कि जनता के मध्य रह कर उसकी सेवा करना हैं, उसे गलत तथा सही का ज्ञान कराना है, उससे उपयुक्त कार्य करने को अनुरोध करना है तथा अन्ततः पथराव को (यदि हो ही जाये तब), उसी प्रसन्नता से अंगीकार करना है, जिस प्रमुदता से पुष्प का गुच्छा स्वीकार किया जाता है। जब आप पर कोई अन्य उपाय नहीं रहे, उसी ही समय आपको बल का प्रयोग करना चाहिए और वह भी कानून के अनुसार तथा समादेश मिलने पर ही एवं न्यून से न्यून बल प्रयोग करने के सिद्धान्त का पालन करते हुए । मुझे विश्वास है

के न्यूनतम बल प्रयोग के सिद्धांत के अन्तर्गत मौलिक तत्वों की शिक्षा आपको दी जा चकी है। इन तत्वों में प्रमुख हैं, आपकी सच्चरित्रता, आपका सद्विश्वास, आपकी उदारहृदयता तथा अन्ततोगत्वा ऐसे प्रभावोत्पादक ढंग से मनोवैज्ञानिक क्षण में बल का प्रयोग करना कि आप न्यूनतम बल प्रयोग से सुव्यवस्था पुनः स्थापित कर सकें।"

इस विषय पर विशद विवेचन करते हुए महानिदेशक महोदय ने कहा, "एक परिवार में हम सबसे त्रुटियां होती हैं, परन्तु प्रत्येक त्रुटि पर कठोर दण्ड नहीं दिया जाता । कृपया यह बात आप उस व्यक्ति (अर्थात् श्री मिश्र) से स्मरण रखिये जिसने इस दल में दीर्घ क्या सुदीर्घ काल व्यतीत किया है। मुझे इस दल के सदस्य होने का तथा आज उसका प्रमुखधिकारी होने का गर्व है।"

महानिदेशक महोदय ने यह विश्वास व्यक्त किया कि क्या शारीरिक तथा क्या मानसिक उभय प्रकार के प्रशिक्षण ने अभिनव अधिकारियो में वह प्रेरणा प्रदान की है जिससे वे नये दायित्व ग्रहण कर सकें तथा अपने में विविध भूमिकाओं के अनुरूप स्वयं को ढालने की भावना जाग्रत कर सकें जिन्हें के० रि० पु० दल को निर्वाहित करना पड़ता है।

शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि—उन्होंने कहा, "के० रि० पु० दल में अनेकों ने प्राणाहुति दी है जिनके प्रति हम मौन श्रद्धांजलि आज प्रदान करते हैं । आपको इन बलिदानों का मान बनाये रखना है । ध्यान रखो कि 1959-60 से आगे शहीदों की संख्या अल्प नहीं रही है । ये शहीद ही हैं जिन्होंने भव्य परम्पराओं को प्रतिपालित करके जीवित रखा है। ये ही हैं जो आपको अपनी इस पुकार का अहरहः स्मरण करा रहे हैं—"सेवा करो या मरो।"

तरुण अधिकारियों को आशीर्वाद देते हुए श्री मिश्र ने प्रभु से प्रार्थना की कि वे शक्तिशाली हों, के० रि० पु० दल को वे उत्तरोत्तर शक्ति प्रदान करें तथा जहां भी जाएं, के० रि० पु० दल के ध्वज को ऊंचा फहराते रहें।"

—: सूक्ति सुधा :—

व्यवहार वह दर्पण है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का सही प्रतिबिम्ब देखा जा सकता है।

—गेटे

मृत्यु के तीन अभिन्न मित्र हैं—(1) संशायुलता (2) मदिरापान (3) नगर । इसी प्रकार मृत्यु के तीन घोर शत्रु हैं। (1) प्रसन्न बदन (2) सदाचार (3) प्रेम ।

—हेनरी डेविड थोरो

कीर्ति का मोह पालना जीवन के पिटारे में नीले नाग को पालना है।

—लाओत्से

अनुशासन-पूर्वक हमें प्रत्येक वलिदान को कटिबद्ध रहना चाहिए। आओ हम में से प्रत्येक व्यक्ति काम करे। काम, काम और काम—यही आपके तथा मेरे, हम सभी के

संगीत की सरगम हो।

-नेता सुभाष चन्द्र बोस

मेरे भाई तू कह "भारत की आत्मा ही मेरा सर्वोच्च स्वर्ग है। भारत का कल्याण ही मेरा कल्याण है।"

—स्वामी विवेकानन्द

गणतन्त्र तथा हिंसा—दोनों परस्पर नहीं चल सकते । वे राज्य जो आज नाम मात्र को गणतन्त्र है या तो स्पष्टतः अधिनायकता में परिवर्तित हो जायेंगे। अन्यथा वास्तविक गणतन्त्र बनने के लिए उन्हें साहस बटोर कर अहिंसात्मक बनना होगा।'

—महात्मा गांधी

नीमच की झलकियाँ




श्रीमती बी बी मिश्र द्वारा के०रि०पु० दल के एक रोगी को उपहार




के० रि० पु० दल तथा रेलवे की प्रदर्शनी मैच में एक उत्तेजनात्मक क्षण




विविध मनोरंजन



के० रि० पु० दल के वादकगण



अपने गर्वीले माता-पिता सहित नये सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारीगण



नये सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों वाली टुकड़ी का महानिदेशक द्वारा निरीक्षण

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की विशेषतायें

तेरहवें प्रशिक्षण सत्र के समापन पर एक विशिष्ठ बैठक में उत्तीर्ण सीधे नियुक्त राजपत्रित तरुण अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए श्री बी० बी० मिश्र, महानिदेशक के० रि० पु० दल ने उनको भावी कार्यभारों के सम्भालने हेतु दक्ष बनने को उत्प्रेरित किया। उन्होंने कहा "अधिकारीगण चरित्र निर्माण, सद्व्यवहार, प्राधिकारी का सम्मान तथा देश की सदैव एकता एवं अखंडता बनाये रखने के लिए देश भक्ति की प्रेरणा का सन्मार्ग प्रशस्त करते हैं।" उन्होंने के० रि० पु० दल जैसे सशस्त्र दल की विशेषताओं की रूप रेखा खींची। उनके शब्दों में वे इस प्रकार हैं—

ध्वज—जिसके निमित्त आपके जीवन मरण का प्रश्न है। जहां कहीं भी के० रि० पु० दल उपस्थित है वहां उसे ध्वज को फहराना है। उसे फहराते रखना है तथा किसी भूल-चूक के कारण इसमें कोई त्रुटि नहीं करना है। ध्वज का मान रखना अधिकारियों का गर्वीला विशेषाधिकार है।

राष्ट्रीयगान—जो देश के प्रांते आपकों एकात्रेत करता है । यह वह गान है जिसने स्वातन्त्र्य संग्राम के समय सबको आकर्षित किया था तथा उनमें बलिदान की भावना भरी थी।

सैनिकगान—जो दल के प्रति प्रेम की भावना जाग्रत तथा प्रेरित करता है एवं जिससे स्नायुमण्डल स्पन्दित होता है और होना भी चाहिए जब "सी० आर० पी० महान है" जैसा हमारा गान गाया या बजाया जाता है।

मेस—जो एक अनुपम स्थान है। यह वह गृह है, जहां हम निज साथियों के साथ सुख दुख में भाग ले सकते हैं । यह अपेक्षाकृत अविवाहितों का अपना गृह है एवं मनोविनोद का एक केन्द्र है । यह हमें ऐसा अनुभव कराता है कि मानो हम एक परिवार के सदस्य हैं। यहीं पर अधिकारियों तथा जवानों से प्रतिपालित होने वाली परम्परायें तथा सिद्धांत स्वर्णाक्षरों में सुरक्षित रहते हैं। साथ ही यह नगर का एक सामाजिक केन्द्र है जहां कुलीन समाज हमसे मिलता तथा आचार-व्यबहार पर विचार-विमर्श करता है।

शारीरिक तथा मानसिक नियन्त्रण— जो आपको अन्यों से अलग उच्च प्रतिष्ठा दिलाता है। यह कर्त्तव्य-पालन, सद्व्यवहार तथा बन्दूक-विनोद से अनिच्छा करने की रीति है एवं देशभक्ति की भावना है, जो आपको देशवासियों के निकट ले जाती है।

सामान्य सूचना का माध्यम—जो क्या ऊंचे तथा क्या नीचे सभी से प्रत्येक विषय में सम्पर्क उत्पन्न कराता है। एतदर्थ दल की 'क्रैपलर' नामक पत्रिका है। इसमें महानिदेशक का मासिक पत्र तथा के० रि० पु० दल का गजेट (राज-पत्र) भी योगदान दे रहा है।

सेवा तथा भक्ति का मूल सिद्धांत— शासन के प्रति वैसी ही भक्ति होनी चाहिए जैसी देश के प्रति होती है । सेवा निखिल देश के लिए है । यदि आप इस सिद्धांत को भूलते हैं तब आप अपनी अन्तरात्मा को खो बैठते हैं।

आठ परम्पराएं—जिन्हें आपको सदैव स्मरण रखना है। इनके पालन अथवा अवज्ञा पर ही दल की उन्नति तथा अवनति निर्भर है।

दल का कल्याण—तो आपकी हृदयगति होना चाहिए । यदि आप अधीनस्थ जवानों के कल्याण के प्रति जागरूक नहीं है, तब आप कभी उनसे श्रद्धा नहीं पा सकते । अतः अपने साथियों से आप निजी आकर्षक सम्पर्क स्थापित करें।

एक घात

लेखक—श्री एस० वी० सिंह

गोलियों से विक्षत निज गात्र से अवश्यम्भावी मृत्यु की प्रतिक्षा करते हुये आप कैसा

अनुभव करेंगे? आप जानते हैं कि हत्यारों का एक दल खड़ा आपकी बाट जो रहा है और आप उनके जाल में फंस चुके हैं। आप पीछे मुड़ते ही क्या देखते हैं कि एक जवान का मांस पिण्ड आपकी रक्षा हेतु लोलित चला आ रहा है । आप दोनों ही चकित, चुंधिया तथा बलि हो जाते हैं। वह लाल गर्म लोहे की भांति आपका परित्याग करता है तथा आप से दूर ढलान पर लुढ़कता पुढ़कता चला जा रहा होता है । मानो उसको नरक द्वार खुला होता है।

आपको वस्तु-स्थिति समझने में पूरे दस सैकेण्ड लग जाते हैं और एक बार समझ लेने पर आप बाम तथा दक्षिण दोनों ओर अवलोकते हैं और फिर अंधा धुंध गोलियों की बौछार प्रारंभ करते हैं । बाम ओर कोई भी नहीं और दक्षिण ओर (हल्की मशीन गन) एल० एम० जी० क्रमांक 1 वाला बेचारा युवक । वह एक वृक्ष के पीछे उप स्थित है तथा बंदूक के घोड़े को दाबे चला जा रहा है। उसे ज्ञान ही नहीं कि उसकी बंदूक से अग्नि वर्षा हो ही नहीं रही है। क्योंकि उसने उसे ठीक तो किया ही नहीं है। आप वहां लौटते हैं तथा गोली दागना प्रारंभ करते हैं और तब आपके जवान रिंगते रिंगते आपके निकट आते हैं और आपके हितचिंतकों की भांति व्यवहार करते हैं।

ऐसी घटना मेरे साथ 24 अक्तूबर 1971 को मणिपुर में घटी थी तथा अन्यों के साथ भी इसकी पुनरावृत्ति होती रहेगी। कुछ घातों में केवल संयोगवश ही हमें सफलता मिली। अन्यों में व्यवधानों के कारण हमें असफलता का मुख देखना पड़ा। मुख्य त्रुटियां हैं (I) सैद्धांतिक प्रशिक्षण (II) योजना का अभाव (III) आत्म विश्वास का अतिरेक (IV) क्षुद्र जानकारी (V) शत्रुओं के स्वभावों का स्वल्पज्ञान तथा (VI) अपने जवानों के विषय में बोध की कमी।

सैद्धांतिक प्रशिक्षण—साधारणतया हम को यह शिक्षा दी जाती है कि घात लगाने वाला दल एक उच्च भूमि पर होता है, अपने ऊपर नीचे चौकियां सचेत करने को रखता है । दल को जत्थों में विभक्त किया जाता है तथा घात परंपरागत होती है। किंतु वहां उस समय ना तो उच्च भूमि थी ना ही ऊपर नीचे चौकियां थीं और ना ही घात परंपरा वाली थी । गतवर्ष एक घात में लगभग पांच फीट की दूरी से फायर हुये तथा उस स्थान से जहां से केवल एक हथगोला अधिकांश व्यक्तियों के प्राण ले लेता। ऐसी उन्होंने घात यों लगाई थी कि वे हमें जानते थे। यद्यपि हमें प्रशिक्षण दिया जाता है किंतु शत्रु स्वयं ही प्रशिक्षा ग्रहण करते हैं । वे अपनी प्रवृत्ति से कार्य करते हैं। सुतराम् हमें इस प्रकार के व्यक्यिों से निबटने को उद्यत रहना चाहिये।

योजना का अभाव—जब हम पहरे को निकलते हैं तब हम योजना बनाते हैं। उधर जब विद्रोही काम में जुटता है तब कौन योजना बनाता है?

अधिकतर तुरत बुद्धि तथा सत्वर अनुसरण कार्य से पूर्व होना चाहिये । वरंच परिणाम फलान्वित नहीं हो सकते । जवानों को ज्ञात ही नहीं कि आप क्या सोचते हैं ? यदि आप उन्हें इकत्रित करें तथा स्थिति से अवगत करायें तब तक बड़ा विलम्ब हो जायेगा क्योंकि तब तक शत्रु दूर पहुंच चुके होंगे और उत्तम स्थिति में होंगे।

आत्म विश्वास का आतेरेक—हम अपेक्षाकृत अधिक सांज्जेत है, सुचारू रूप से प्रशिक्षित हैं तथा संख्या में अधिक है। परन्तु हम बारम्बार मुख की खाते हैं तथा तब भी सावधान नहीं हो पाते। जब हम उनका पीछा करते हैं तब बारहसिंगा के पीछे कुत्तों की भांति दौड़ते हैं। हम तब विस्मृत कर जाते हैं कि जवान भी तनावपूर्ण स्थिति में चल रहे हैं और उनमें से कुछ पीछे रह गये हैं। पीछा करने पर सर्प तक मुड़ता है और काटता हैं। विरोधीगण मुड़ते हैं, लक्ष्य संधानते हैं तथा गोली दागते हैं। हम कुछ खो बैठते हैं और जितने समय में हम उन्हें उत्तर में गोली चलाना चाहते हैं तब तक वे बनों में चम्पत हो जाते हैं।

क्षुद्र गुप्त जानकारी—अधिकतर हम उभय प्रकार से फंस जाते हैं। कोई दूत यदि विश्वसनीय हुआ हो तो किसी दल की उपस्थिति बताता है। आप दौड़ते हैं तथा वहां कुछ नहीं पाते हैं क्योंकि दल को उसने पूर्व ही सचेत कर रखा था । आप विद्रोहियों के सहानुभूतिक को बंदी बनाते हैं तथा प्रश्न पूछते हैं। वह आपको कुछ नहीं बताता है क्योंकि आप तो केवल प्रश्न ही पूछते हैं जबकि विरोधीगण तनिक संदेह पाते ही प्रश्नकाल में ही उसे गोली से उड़ा देते हैं। इधर वह जान लेते हैं कि आप उसका बध करने नहीं जा रहे हैं। आप सोचें कि विरोधी निकट होते हैं और आपकी गतिविधि को ताकते रहते हैं। जब तक आपका कानवाय तैयार होता है विरोधी दल को सूचना प्राप्त हो जाती है। कोई आपके साथ चलने की प्रार्थना करता है और आप उसे मना कर देते हैं। वह आप पर हंसता है क्योंकि वही तो व्यक्ति है जिसने विरोधियों को सूचना भेज दी है तथा आपको उनकी दया पर छोड़ दिया है। धन उनको क्रीत नहीं कर सकता। सरकारी सूत्रों से प्राप्त सूचनायें या तो देर से प्राप्त होती है अथवा पुरानी होती हैं एवं स्वयंसेवक कोई मिलता ही नहीं है। विरोधी कहीं भी नहीं होते तथा सर्वत्र होते हैं। आप कुछ नहीं जान पाते और वे आपके विषय में आपसे भी अधिक जानते हैं।

शत्रु-स्वभाव-आपकी दिनचर्या समय बद्ध है। आपके कार्य परंपरागत हैं। उनसे आपका कुछ भी तादात्म्य नहीं खाता। जब अन्य सोते हैं, वे घूमते हैं; जब हम प्रत्याशा करते है तब वे कार्य करते हुये होते है। जहां आप स्वप्न में भी उनका ध्यान नहीं कर सकते, वहां वे घात लगाये बैठे होते हैं। आप पलटन लिये फिर रहे होते हैं जबकि वे पांच छः व्यक्तियों के बल पर ही घात लगाते हैं। आप अग्रणी वाहन के मार्ग अवरोधन की सोच सकते हैं किन्तु वे चालक तथा टायर पर गोले चलाते हैं । आपका गुप्तचर पांच गज की दूरी पर दृक्पात करता है जब कि वह पांच फीट की दूरी से फेंकी हुई गोली से दग्ध हो जाता है । उनका कोई नियमित ढंग नहीं है।

निज जवानों के विषय में ज्ञान—सब अंगुलियां एकसी नहीं होती। सब व्यक्तियों में एक सा साहस नहीं होता। आप के साथ केवल कुछ ही जवान होंगे जब आपको उनकी आवश्यकता होगी। यद्यपि उनका साधारण जीवन शान्ति प्रिय है; किन्तु गोली से खेलते हुये वे उग्र तथा साहसी हो जाते हैं। हम उन्हें नहीं जान पाते । हम उनको चुनते हैं जो शेखी बघारते हैं अथवा वलिष्ठ अभिरुचि दर्शाते हैं किन्तु वे उपयुक्त

विद्वता नहीं प्रयुक्त कर पाते हैं। हमें मनों के भार की आवश्यकता नहीं होकर कुछ सेरों की अनिवार्यता है जो बंदूकी घोड़े को चला सकें।

इनको सुधारने को हम क्या करें? हमें निम्नलिखित करना है :(क) जवानों को उस क्षेत्रभूमि से अवगत कराना जहां उनका कर्म क्षेत्र होगा। ऐसा वहां वे बारम्बार जाकर कर सकते हैं। उन समस्त क्षेत्रों पर कष्ट तथा कठोरता के साथ पहरा लगाना चाहिये जिन्हें कालान्तर में वे प्रयोग में लायेंगे अन्यथा मृत्यु का भय है। आप इसी कारण अधिकारी बनाये गये हैं कि आप जवानों की अपेक्षा परीक्षण में उत्कृष्ट पाये गये हैं। आप स्थिति के अनुसार उनको प्रशिक्षित कर सकते हैं स्थूल रूप से उसी प्रकार जैसे आप को प्रशिक्षण दिया गया है।

(ख) जब आवश्यक हो तब ही योजना बनाइये । अंधे अनुसरण से कोई लाभ नहीं। दीर्घ वाग्विलासों में व्यर्थ समय नष्ट नहीं कीजिये । तुरंत आदेश दीजिये और अनुगामी क्रिया प्रारंभ करिये। आप गुप्तचर नहीं बनकर नेता बनिये। आप सब एकाकार होकर पीछा कीजिये तथा स्वयं को चरित्र नायक नहीं दर्शा कर अपने जवानों का सदुपयोग करिये।

(ग) अनुभव यह बताता है कि अंधाधुंधी बौछार के स्थान पर एक लक्ष्य-सिद्ध गोली उत्तम है। यदि हम में प्ररूचि नहीं है तब हमारी समग्र वरिष्ठता व्यर्थ है। जब मृत्यु के आगमन की आशंका हो जाती है तब मनुष्य में झिझक आती है। कभी शत्रु को छोटा नहीं समझिये। सदा उसका वध करने को कटिबद्ध रहिये परन्तु आत्मविश्वास के अतिरेक के साथ नहीं।

(घ) **आपके कौन दूत होना चाहिये ?**— नित्य के तथा खुले दूत किसी कार्य के नहीं होते। वे तो आपके धन तथा समय के नितांत कूड़े कर्कट हैं। कुछ ऐसे व्यक्ति होते हैं जिन्हें विरोधियों से शत्रुता, ईर्ष्या तथा क्रोध का प्रतिकार लेना होता है । उनका प्रयोग कीजिये । उनको गुप्त रखिये। उनमें सुरक्षा की भावना भरिये । उनको ना तो अधिक बुलाइये और ना ही उनसे अधिक मिलिये। अपना द्विभाषिया रखिये। एक वृद्ध जिसका पुत्र विरोधियों से नृशंसतापूर्वक निहिंसित हुआ हो अथवा एक युवती, जिसकी उन्होंने मांग के संदूर को छीना हो, अथवा कुली का कार्य करने वाला एक युवक आपको उत्तम सूचनायें दे सकता है। अपने दूत के साथ कुछ स्थानीय पुरुषों को बुलाइये, सब को एकांत में एक सा समय दीजिये। इनमें कुछ सत्यनिष्ठ नागरिक भी होते हैं। उन पर दृष्टि रखिये। अपनी बुद्धिमत्ता से काम लीजिये तथा यह दर्शाइये कि आप विरोधियों की अपेक्षा उनके अधिक अपने हैं।

(ङ) स्नायुओं को टूटने मत दीजिये। तनाव में यही सोचिये कि विरोधीगण सर्वत्र हैं । सदैव कटिबद्ध रहिये । किसी भी स्थिति से निपटने का स्वभाव बनाइये। अपनी प्रकृति में परिवर्तन लाइये तथा कूप मण्डूकता त्यागिये, तनिक उसको झटका दीजिये और शत्रु आत्म सर्पण करेंगे। विरोधी आप से भी अधिक चिन्तित होते हैं। यदि निज गृह में छिपे विद्रोही को बंदी बनाना है तब उसके गृह की छानबीन नहीं कीजिये । उसके

अन्न गोदामों, गौशाला तथा पार्श्ववर्ती कृषि-क्षेत्र को खोजिये। ऐसे ग्रामों का रेखा चित्र पास रखिये और जा जाकर उनके गृहों का पता लगा लीजिये। उनके शिविर सदैव सरिता के सन्निकट, धनी ग्रामों के पास घनी हरियाली में तथा साधारणतया वहां होते हैं जहां ग्रामीण तक नहीं जा पाते हैं किन्तु धान के खेतों से तथा चरागाहों से दूर, बहुत दूर। आप सरित प्रवाह के विरुद्ध चल कर उनके शिविर को ध्वस्त कर सकते हैं। उन पर लौटने के मार्ग होते हैं। यदि उन्हें आप घेरें तब अक्षरशः घेरें अन्यथा आपके हाथ खाली 'वासायें' मिलेंगी। उनकी प्रेक्षण-चौकियां होती हैं यदि किसी ने आपकी टुकड़ी पर एक फायर कर दिया है तब उससे नहीं उलझिये क्योंकि उसे जो करना था वह कर चुका है। वह एक दो गोली चलाता है, निकट के गुप्त स्थल को दौड़ता है तथा अपने जीवन रक्षा की चेष्टा करता है। साथ ही उसने अपने दल को चेतावनी दे दी है। अब आपकी प्रगति रोक दी है और वह निज कर्त्तव्य पूर्ण कर चुका है। यदि आप को ऊजड़ शिविर मिले तब उसको भस्मीभूत करने में व्यर्थ समय नहीं गवाइये (क्योंकि यह तो बाद को भी आप कर सकते हैं) तथा अपनी सफलता को मनाइये नहीं प्रत्युत् भगौड़े व्यक्तियों को पकड़ने का प्रयत्न कीजिये।

(च) **अपने जवानों को जानिये**—अपने जवानों को समझिये। उनके सम्पर्क में आइये। उनके साथ नित्य कुछ समय बिताइये। उनके वहां होने के कारण आप भी वहां रहिये और मिलकर एक इकाई के अंग बनिये। उनसे आप स्वतः काम लीजिये और उनको समझिये। आवश्यकता पड़ने पर ऐसे जवानों का प्रयोग कीजिए जो तनाव को सहन कर सकें।

आप निज परिस्थिति के स्वामी हैं। अतः एक स्वामी ही की भांति कार्य कीजिये। यदि एक बार भी आपने उनकी दृष्टि में स्वयं को गिरा दिया तब आपका भविष्य अंधकारमय है। प्रत्येक अधिकारी सम्मान का पात्र नहीं होता। अपने स्नायुमण्डल को कस कर रखिये, समुचित समय पर सम्यक् बुद्धि से काम लीजिए एवं अपना एक समुज्ज्वल दृष्टांत सबके सम्मुख रख कर आत्मगरिमा से विभोर होइये।

विज्ञान के चढ़ते चरण

न्यूयार्क की एक कम्पनी ने अत्यधिक पके फलों के सार को इन्जाइम (प्रकिण्व) द्वारा पूर्व पाचित फलों की चीनी "फूटालोज" बनाई है। यह ईख की चीनी से दुगनी मीठी है। इसके उपभोग करने पर 'इन्सुलिन' को शरीर में पहुंचाने की आवश्यकता नहीं होती। अतः मधुमेह (डाइबेटीज) के रोगी के प्रयोग के लिए अत्युत्तम है।

अब भारत में टेलीविजन के भी ट्रांजिस्टर बनने लगे हैं जिनको लाने-लेजाने तथा देखने-दिखाने में बड़ी सुविधा है।

इटली के श्री एनरिको इगनेसनी ने ऐसा संयन्त्र बनाया है जिससे जल को ओषजन

(आक्सीजन) तथा उद्जन (हाड्रोजन) में विघटित करके उद्जन द्वारा मोटर कार चलाई जाती है। इस संयन्त्र का मूल्य केवल 700 रु. है।

ऐसी विद्युयत् ट्यूबें अब बनायी जाने लगी हैं कि आप उनका प्रकाश आवश्यकतानुसार घटा-बढ़ा सकते हैं।

पेट्रोल के अभाव में अमेरिका में एक टायर कम्पनी तथा एक तेल कम्पनी ने मिल - कर टायरों से तेल निकाला है। अनुमान है कि 20 लाख टायरों की कतरनों से 1½ करोड़ गैलन तेल तथा 7.30 करोड़ पौण्ड कार्बन ब्लैक प्राप्त होगा।

जर्मनी की एक फर्म ने जीवित मानव तन्तुओं से मिलते-जुलते एक नये पदार्थ का आविष्कार किया है जिससे बनी हड्डियां हाथों और टांगों में सरलता से लगाई जा सकती हैं। इनके गलने-सड़ने का भी भय नहीं है।

कांस्टेबिल से डी०वाई०एस०पी० तक पदोन्नति


लेखक : श्री एच० एस० सेठी

ग्रुप केन्द्र जम्मू के हृष्ट पुष्ट दीर्घकाय डी० वाई० एस० पी० (पुलिस के उप अधीक्षक) बूढ़ सिंह का जन्म दिनांक 6 नवम्बर, 1921 को पंजाब के कपूरथला जिले के पीर वक्श वाला ग्राम में हुआ था। अपने 18वें जन्म दिवस पर वह केन्द्रीय रिजर्व पुलिस (तत्कालीन सम्राट प्रतिनिधि पुलिस) में भर्ती हुये। इसे निज जीवन का वह शुभ श्री गणेश समझते हैं तथा उन्हें गर्व है कि वह कांस्टेबिल से पदोन्नति करते-करते आज की स्थिति पर पहुंच गये हैं। उन्हें इस बात का भी गर्व है कि अपनी समस्त सेवा अवधि में (जो सबसे अधिक अवधियों में से एक है) उन्हें कभी किसी क्षुद्र त्रुटि तक के लिये भी बुरी प्रविष्टि नहीं मिली।

शोर्य पदक के विजेता -सन् 1965 में उन्होंने शौर्य-पदक प्राप्त किया। इस प्रेच्छित पदक पाने का श्रेय उनके उत्कृष्ट पराक्रम को ही है, जिसका उन्होंने संबधित प्रतियुद्ध में परिचय दिया था। उस समय बूढ़ सिंह (जो तब सूबेदार थे) काश्मीर में युसमार्ग की चौकी की रक्षा कर रहे थे। 1965 की 14/15 अगस्त की रात्रि को पाकिस्तानी छापामारों ने एम० एम० जी० से लैस एक कंपनी शक्ति से चौको पर आक्रमण कर दिया। बूढ़ सिंह ने एक पलटन से ही उन्हें मार भगाया। शत्रुओं ने चौकी को घेर लिया तथा 2 इंच मार्टर तथा हथगोलों से धावा बोला। कांस्टेबिल गुरदित्त सिंह घटना स्थल पर वीर गति को प्राप्त हुआ। बूढ़ सिंह एक मोर्चे से दूसरे पर दौड़ते रहे

तथा अपने अधीन चौकी के जवानों का मनोबल बढ़ाते रहे। रात्रे के साढ़े बारह बजे से प्रातः साढ़े तीन तक अग्नि वर्षा दोनों ओर से होती रही और अन्त में पांच जवानों की प्राण हानि उठाकर शत्रु पीछे लौट गये।

कदाचित् शवों की प्राप्ति के लिये पाकिस्तानियों ने अगली रात्रि को पुनः आक्रमण किया और 17 तथा 18 अगस्त की रात्रि पर वे पुनः चढ़ धाये, परन्तु उभय पक्ष में कोई क्षति नहीं हुई। इन मुठभेड़ों के उपलक्ष्य में बूढ़ सिंह को शोर्य-पदक प्राप्त हुआ।



भारत-पाक युद्ध 71 में पाकिस्तानी वायुयान के ध्वंसावशेष पर बैठे बूढ़ सिंह

कठिनता से एक सप्ताह के पश्चात 24 तथा 25 अगस्त की रात्रि को पाकिस्तानियों ने हमारे भ्रातृ संगठन 8वीं मिलीसिया पर घात लगाई। आठ शव तथा असंख्य उपकरणों के साथ मिलीसिया के जवानों को अपनी चौकी से हाथ गंवाना पड़ा। सितम्बर के प्रथम सप्ताह में बूढ़ सिंह को शवों तथा उपकरणों का पुनः छीनने का भार सौंपा गया। उन्होंने इस कार्य को पूरा किया तथा एक प्रशस्ति-पत्र प्राप्त किया।

सत्यशः अनुभवी —बूढ़ सिंह वस्तुतः एक अनुभवी व्यक्ति हैं। उन्होंने कितने ही मोर्चों में सक्रिय भाग लिया है। 1942 में हूरों के विरुद्ध अभियानों में, 1947 में। जूनागढ़ की पुलिस कार्रवाई में, 1950 में हैदराबाद-विलय में, 1961 में जम्मू तथा काश्मीर की वालाकोट चौकी पर तथा 1965 में बाधल में भाग लिया तथा पाकिस्तानी छापेमारों से गोले बारूद की अमित राशि प्राप्त की।

1966-68 काल में वह मणिपुर में एक कम्पनी कमांडर थे। तब कई बार उनकी

कम्पनी को विरोधी तत्वों से निबटना पड़ा था।

सहयोगियों को मंत्रणा —उनके कथनानुसार जब वह के० रि० पु० दल में भर्ती हुये थे तब उनकी बटालियन प्रारंभ में केवल तीन वर्ष के लिये बनी थी। कुछ सहयोगी जो इस दल को छोड़ गये इस समय अच्छी स्थिति में नहीं हैं। परन्तु बूढ़ सिंह को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल अच्छा लगा तथा वह रुके रहे और आज वह अनुभव करते है कि उनकी क्षति पर्याप्त पूरी हो गई है। अतएव प्रायः वह अपना दृष्टांत प्रस्तुत करते हैं तथा सेवा में जवानों को कठिन एवं निष्ठापूर्वक परिश्रम करने की मंत्रणा देते हैं।

[हार्डवुड विश्वविद्यालय के एक अनुसंधान से पता चला है कि धूम्रपाइयों के दांतों में चूने युक्त कण, जबड़े की हड्डी में क्षति तथा दांत ढीले होते हैं। उनके मुख की झिल्ली में सफेद हानिकारिणी विषमतायें पाई जाती है। धूम्रपान से फेफड़े के (कैंसर) यमावुर्द, हृदय रोग, वधिरता, क्षीणमात्र की सन्तानोत्पत्ति के साथ-साथ मसूड़े के रोग भी उत्पन्न होते पाये गये हैं जो संघातक होते

-हिन्दी सम्पादक

गौरव गाथा

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 5वीं बटालियन का उत्कृष्ट इतिहास

काश्मीर से सिक्कम तक गर्वीला पुरावृत्त

उत्पत्ति

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की 5वीं बटालियन के सृजन के आदि कारण जम्मू तथा काश्मीर के असहिष्णु राज्य के 1956 तथा 1957 के उपद्रव थे। राज्य में कानून तथा व्यवस्था बिगड़ने पर, भारत सरकार ने अपने अधीन जम्मू तथा काश्मीर बटालियन नाम की तीन बटालियनें निर्मित करने के आदेश दिये। प्रथम तथा द्वितीय बटालियनों के सृजन करने का दायित्व श्री जी० डबल्यू० खोट आई० पी० को सौंपा गया। ये दोनों बटालियन भरतपुर में बनाई गई और तृतीय बटालियन (जम्मू तथा काश्मीर) नीमच में खड़ी की गई।

कालान्तर में ये बटालियनें के० रि० पु० दल की 4थी, 5वीं तथा 6ठी बटालियन के रूप में विलीन हो गई। इस प्रकार 1957 में इन बटालियनों की रचना हुई। यद्यपि प्रारंभ में 5वीं बटालियन को बनाने का कार्य श्री जी० डब्ल्यू० खोट को दिया गया था तथापि इसके अस्तित्व का श्रेय वस्तुतः ले० कर्नल के० प्रकाश चन्द को है। निम्नलिखित अधिकारी इस बटालियन के कमांडेंट रहें:-

1. ले० कर्नल के० प्रकाश चन्द (16-3-57 से 3-12-59 तक) 2. श्री एस० वी०

पांडेत, आइ० पी० एस० (11-3-60 से 21-11-63 तक) 3. श्री बी० आर० पब्बी आइ० पी० एस० (21-11-63 से 24-5-64 तक) .. श्री एम० ई० देकुन्हा, आई० पी० एस० (25-5-64 से 6-10-64 तक) 5. ले० कर्नल पी० एस० थापा, एम० सी० (29-10-64 से 16-12-66 तक) 6. श्री के० एम० वर्गीज (16-12-66 से 20-3-68 तक) 7. मेजर समंद सिंह (21-3-68 से 7-8-69 तक) 8. श्री जे. ईपेन (10-11-69 से 19-9-71 तक) 9. ले. कर्नल सी० आर० सिंह (1-10-71 से 3-2-73 तक) 10. श्री एच० एस० संधू (4-2-73 से 29-5-73 तक) 11. श्री महिन्द्र प्रसाद (30-5-73 से अद्यावधि)।

मेजर गोविन्दन तथा कप्तान के० सी० गोपाल इस बटालियन के सृजन काल में सेना से आये थे जिनकी सेवावधि 1957 के जून में समाप्त हो गयी थी। इसमें कैवेलरी (अश्वि - सेना), आर्टिलेरी (तोपखाना) तथा इन्फेंट्री - (पदाति सेना) के भूतपूर्व सैनिक अधिकतर भर्ती किये गये। जवानों की एक भारी संख्या मुख्यतः पंजाब तथा राजस्थान के खुले बाजार से इसमें भर्ती की गई। जनवरी 1958 तक इस बटालियन का प्रशिक्षण समाप्त हो गया।

प्रविस्तरण तथा प्रमुख अभियान

(1) दिल्ली —1958 में भरतपुर (राजस्थान) में प्रशिक्षण के ठीक पश्चात् इस बटालियन का एक भाग दिल्ली में कानन एव व्यवस्था बनाये रखने के हेतु स्थानीय पुलिस की सहायतार्थ भेजा गया। इसकी तीन कंपनियां जुलाई 1958 तक दिल्ली में उपस्थित रहीं। शेष भरतपुर को प्रशिक्षण हेतु लौटा दी गई। इस नव-सृजित बटालियन को सौंपे गये समग्र कार्य प्राधिकारियों की पूर्ण संतुष्टि के अनुरूप हुये।

(2) नागालैंड -अगस्त 1958 में समस्त सेवारत कम्पनियों के साथ टुकड़ी का मुख्यालय नागालैंड चला गया। दीमापुर में थोड़ी अवधि के लिये जंगल युद्ध पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण इसने प्राप्त किया। तदुपरान्त कोहिमा के निकट चाकावामा को यह प्रयाण कर गई जहां टुकड़ी का मुख्यालय स्थापित किया गया। यह बटालियन 301 इन्फेंट्री ब्रिगेड (पैदल सेना) से संलग्नित की गई। इस क्षेत्र में बटालियन का प्रविस्तरण स्थिर नहीं था; कम्पनियां एक स्थान से दूसरे स्थान को बारम्बार आती जाती थीं। आरंभ में 'ए' तथा 'ई' कम्पनियां चिजामी क्षेत्र में प्रविस्तारित की गईं, 'वी' कम्पनी मेसोलूनी में, 'सी' तथा 'डी' कम्पनियां फेसूचूदेमा तथा 'एफ' कम्पनी केदमीना में। इन स्थानों से सफलता पूर्वक अभियान किये गये। जनवरी 1960 में ब्रिग्रेड में 'मधु' नामक अभियान चलाया जिसमें इस बटालियन ने भाग लिया। विद्रोहियों से गोला, बारूद, तथा महत्वपूर्ण प्रपत्र परिग्रहण किये। नागालैंड में 1958 से 1963 तक के सेवाकाल में इस बटालियन ने 231 नागा विद्रोही, पिस्तौलें, .303 राइफलें, जापानी राइफलें तथा डी बी बी एल बंदूकों के सहित विविध प्रकार के 183 अस्त्र प्रतिग्रहण किये। इन अभियानों में गंभीर रूप से अन्तग्रस्त होते हुये भी इस बटालियन की कोई क्षति नहीं हुई। इस काल में कतिपय वरिष्ठ सेना के कमांडरों तथा के० रि० पु. दल के अधिकारियों ने इस बटालियन का निरीक्षण किया तथा इसकी सफलताओं की प्रशंसा की। नागालैंड में सेवाकाल जून 1963 में समाप्त कर यह बटालियन भरतपुर लाई

गईं; किन्तु पुनः इसका एक भाग आगामी वर्ष में नागालैंड भेजा गया एवं 1967 के प्रथम सप्ताह तक अभिद्रोह-उन्मूलन कार्य में व्यस्त रहा।

(3) जम्मू तथा काश्मीर -सन् 1963 में इस बटालियन की विभिन्न कंपनियों को अत्यन्त भ्रमण करना पड़ा। नागालैंड से तीन कंपनियां भरतपुर लौट आई। इनमें से दो जम्मू तथा काश्मीर स्थानीय पुलिस की सहायता को भेजी गई और तीसरी कंपनी दिल्ली को जो भी बाद को जम्मू तथा काश्मीर भेजी गई। दिसम्बर 1963 में अन्य कंपनियां भी श्रीनगर को वायुयान द्वारा भेजी गईं। हजरत वाल मस्जिद से पवित्र धर्मावशेष की चोरी ने जनता में उत्तेजना फैला दी जिससे कानून तथा व्यवस्था की समस्यायें उत्पन्न हो गई। प्रारंभ में स्थिति विस्फोटक थी; किन्तु के० रि० पु० दल तथा स्थानीय पुलिस के सतत प्रयत्नों द्वारा शांति पुनः स्थापित हुई। इस बटालियन की दो कंपनियां स्थानीय पुलिस की सहायतार्थ श्रीनगर में रुकी रहीं तथा अन्य चार कंपनियां जून 1964 में चौबीस परगने को प्रयाण कर गयीं।

(4) मिजो हिल्स -मार्च 1967 में मिजो विद्रोहियों के विरुद्ध अभियान के लिये यह बटालियन मिजो हिल्स भेजी गई। वहां इसने सेना के अधीन काम किया। 1967 के जून मास के अंत तक 'मिजो नेशनल फ्रंट' के विद्रोहियों के विरुद्ध अभियानों में इस बटालियन की सब कंपनियों को विविध कार्य भार आबंटित कर दिये गये। इन अभियानों में इस बटालियन ने अत्युतम प्रकार से सेवाभार निभाया तथा 173 मिजो विद्रोही बंदी किये। गोला, बारूद तथा प्रलेखों की अमित राशि भी विद्रोहियों से प्राप्त हुई। इस बटालियन द्वारा बंदी किये विद्रोहियों में तथा कथित "मिजो नेशनल फन्ट सरकार" के कुछ कुख्यात नेता थे। जवानों की कर्तव्य-निष्ठा तथा अनुशासन की उदात्त भावना की क्या सैनिक एवं क्या नागरिक सभी प्राधिकारियों ने भूरि-भूरि सराहना की।

(5) उत्तर-पूर्व सीमा (अरुणाचल प्रदेश) -दिसम्बर 1968 में जब भारत सर्वेक्षण टुकड़ियों को भारत-वर्मा सीमांकन का कार्य सौंपा गया तब उन टुकड़ियों की सुरक्षा का दायित्व इस बटालियन को दिया गया। यह कार्य अतीव सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

(6) पश्चिमी बंगाल -पश्चिमी बंगाल में कानून तथा व्यवस्था बनाये रखने तथा नक्सलवादियों की घाते रोकने के लिये इस बटालियन को स्थानीय पुलिस की सहायता हेतु भेजा गया। मई 1970 में यह बटालियन दुर्गापुर इस्पात कारखाने में प्रविस्तारित की गई। केन्द्रीय सरकार के आदेशों पर इस इस्पात कारखाने में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल को प्रविष्ट करने का कार्य था। यह अत्यंत ही कष्ट-साध्य काम था क्योंकि ना तो इस इस्पात कारखाने के पुरातन सुरक्षा गार्ड केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल में विलीन होने को तत्पर थे तथा ना ही केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल को सेवा-भार उठाने देते थे। इस स्थिति को उत्कट साहस तथा चतुरता से निबटने में इस बटालियन ने एक प्रमुख भूमिका निभाई क्योंकि इस्पात कारखाने के सशस्त्र गार्डों से इस बटालियन के जवानों का जीवन निरंतर आतंक में रहता था। इस सफलता के

उपलक्ष्य में यह बटालियन उत्तम धन राशि से पुरस्कृत हुई तथा इसकी सेवायें राज्य तथा केन्द्र दोनों से प्रशंसित हुई। यह बटालियन अक्तूबर 1970 में दुर्गापुर से निवृत्त हुई तथा कृषि नगर पर मुख्यालय के साथ नदिया, मुर्शिदाबाद तथा मालदा जिलों में प्रविस्तारित हुई। वहां रहते हुये इसने कानून तथा व्यवस्था बनाये रखने में स्थानीय पुलिस की सहायता की। इसने 1550 से अधिक समाज विरोधी मनुष्यों को बंदी बनाया तथा गोला बारूद की उत्तम राशि प्रतिग्रहण की। 1971 में इस बटालियन ने मध्यावधि चुनाव में तथा 1972 में साधारण चुनाव में योगदान दिया। पश्चिमी बंगाल के प्रविस्तारण-काल में, अधोलिखित उल्लेखनीय घटनायें घटीं—

(क) दिनांक 3 सितम्बर 1971 को श्री आर० दीक्षित डी० वाई० एस० पी० ने श्री एन० विश्वास पश्चिमी बंगाल के उपमंडल पुलिस अधिकारी तथा श्री एस० के० विश्वास पश्चिमी बंगाल के सिंचन विभाग के सहायक अभियंता के प्राणों की रक्षा की जब पश्चिमी बंगाल के वीरभूमि जिले में वाइदारा बैरेज (अवष्टम्भ) के कुछ सशस्त्र कर्मचारियों द्वारा धेरे जाने पर उनको मृत्यु का दारुण प्रतिभय था। श्री दीक्षित ने अपने प्राणों की नितांत चिंता नहीं करते हुये साहस, दृढनिश्चय, प्ररुचि तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

(ख) दिनांक 3 मई 1972 को इस बटालियन के जमादार के० एन० राव तथा कां० दिलीप कुमार सिंह ने शांतिपुर पुलिस थाना से लगभग चार किलो मीटर की दूरी पर खण्डखोला तथा छोटा राना घाट के मध्य के क्षेत्र में नदिया जिले के मूर्द्धन्य नक्सलवादियों तथा पुलिस दल की मुठभेड़ में सर्वोत्कृष्ट कोटि के साहस तथा अद्वितीय कर्तव्य परायणता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियुद्ध में चार कुख्यात नक्सलवादी जिन पर कितने ही अभियोग चल रहे थे मारे गये तथा पुष्कल मात्रा में गोला, बारूद एवं प्रलेख प्राप्त हुये।

(7) सिक्किम —अप्रैल 1973 में इस बटालियन की सारी छै कंपनियां सिक्कम के इस पर्वतीय राज्य में प्रजातंत्रिक गणराज्य स्थापित करने हेतु सिक्किम के चोग्याल के विरुद्ध आंदोलन के सम्बन्ध में भेजी गईं। पुलिस स्थानों से गोला बारूद तथा अन्य सरकारी उपकरणों की महती राशि पूर्व ही लूटी जा चुकी थी। इस बटालियन ने वहां स्थित सामान्य की तथा जनता ने पुलिस थानों से लूटे हुए गोले-बारूद को लौटा दिया। निज कर्त्तव्य भावना के उच्च स्तर तथा निष्पक्ष व्यवहार से यह बटालियन प्रशासन की एक बड़ी परिसम्पदा सिद्ध हुई। मार्च 1974 में सिक्किम के सामान्य निर्वाचन में भी इसने महान् योगदान दिया।

सम्मान :—इस बटालियन की निम्नलिखित सम्मानों की सूची है :-

(क) श्री गुरबचन सिंह-डी० वाई० एस० पी०—को खेलों में अर्जुन पदक।

(ख) श्री मनीराम सिंह-सहायक कमांडेट-को गुणोत्कृष्ट सेवा का पुलिस पदक।

(ग) ला० ना० नंद सिंह को प्रधानमंत्री का जीवन रक्षण पदक।

क्रीड़ा-कलाप —यद्यपि यह बटालियन अधिकांश समय युद्ध संचालन में ही रही तद्यपि यह क्रीड़ा-कलापों में कभी पीछे नहीं रही। इस बटालियन में कतिपय उच्च कोटि के तैराक तथा मल्ल योधा हुये जिन्होंने विभिन्न अखिल भारतीय पुलिस प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर बटालियन की कीर्ति में चार चांद लगाये। इसके अतिरिक्त श्री गुरवचन सिंह डी० वाई० एस० पी० ने 1963 में जकार्ता में खेले गये एशियाई खेलों में डेकाथलेन में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने उस वर्ष डेकायलेन में एशिया का रिकार्ड तोड़कर समस्त के० रि० पु० दल का नाम ऊंचा किया।

गौरव गाथा

देश सेवा में

निज प्रशासनात्मक केन्द्रों से संचार व्यवस्था के प्रभाव में नागालैंड सरकार को अत्यन्त अड़चन होती थी। उस प्रशासन की प्रार्थना पर कोहिमा स्थित हमारी सिगनल कम्पनी ने राजधानी का उसके समस्त प्रशासनात्मक केन्द्रों से अब बेतार द्वारा सम्बन्ध स्थापित कर दिया है। अतः कोहिमा की सरकार के सब विभागों का यथार्थतः अन्तरस्थ क्षेत्रों के छोटे छोटे कार्यालयों से भी सम्पर्क स्थापित हो गया है। इससे सरकार की विकास योजना में अत्यन्त सुविधा हो गयी है। इसके उपलक्ष्य में नागालैंड सरकार ने कोहिमा बाली हमारी उस कम्पनी को दो सहस्र रुपओं का पारितोषिक दिया है।

मिजोराम की सफलतायें —जुलाई, 1974 में के० रि० पु० दल ने मिजोराम में 12 मिजो विद्रोहियों को उनके गुप्त स्थानों की खोज करते समय परिग्रहण किया। राज्य के विविध भागों में इन विद्रोहियों के साथ साथ दो हल्की मशीनगर्ने (तोपे), दो स्वचालित राइफलें, नौ अन्य राइफलें, दो हथगोले, बारूद के 2247 गोले एवं एक एस. बी० एम० एल० गन प्रग्रहित की।

इस प्राप्ति ने मिजोराम में छिपे विद्रोहियों में हलचल उत्पन्न कर दी। गृह मंत्रालय तथा सैनिक अधिकारियों ने के० रि० पु० दल के इस भव्य कार्य की अतीव प्रशंसा की।

पश्चिमी बंगाल का "प्रग्रह" -13 जून 1974 को रात्रि को पश्चिम बंगाल के कमालपुर ग्राम के निकट नक्सल पन्थियों के एक गुप्त स्थान पर स्थानीय पुलिस के साथ 24 बटालियन की 'डी' कम्पनी के जवानों ने छापा मारा। गुप्त स्थान के निकट पहुंचते ही पुलिस टुकड़ी पर गोली चली जिससे दो स्थानीय पुलिस जवान विक्षत हुए। उसका उत्तर प्रभावशाली ढंग से गोली द्वारा दिया गया। इस मुठभेड़ में तीन नक्सलवादी घटना स्थल पर ही खेत रहे एवं चार महिलाओं के सहित 20 नक्सलपंथी बन्दी हुए। एक .303 राइफल, एक डो० वी० वी० एल० गन, एक वोयनेट (बन्दूक का कुन्दा), .303 बारूद के 70 राउण्ड तथा 3 हाथगोले उस गुप्त स्थान से प्राप्त हुए।

पटना जलूस —दिनांक 5 जून 1974 को पटना में 25 बटालियन के जवानों की सामयिक एवं प्रभावशालिनी कार्रवाई ने एक बिगड़ती स्थिति को संभाल लिया। श्री जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में 50000 व्यक्तियों का एक जलूस विधान सभा को भंग करने की मांग करता पटना में निकला। एक गृह से कुछ उत्पातियों ने जलूस के पिछले भाग पर गोली चला दी। अपने मानसिक परिसन्तुलन का प्रशंसनीय प्रकार से परिचय देते हुये बटालियन के जवानों ने जलूस का मार्ग परिवर्तित कर दिया तथा तुरन्त ही उस गृह पर घेरा डाल कर 17 व्यक्तियों को बन्दी बनाने में सहायता की। उक्त गृह से एक डी० वी० वी० एल० गन, 2 एस० वी० वी० एल० गन, 5 देशी पिस्तौलें, 1 खुकरी तथा 12 बोर वाले 40 राउण्ड प्रतिग्रहित किये। बिहार के पुलिस महानिरीक्षक ने एक पत्र में इस बटालियन के जवानों की उन्मुक्त कंठ से विरुदावलि गाई है।

मुकामेघाट पर मानवीय उदारता —मुकामेघाट स्थित 35 बटालियन के जवानों ने 30 अप्रैल, 1974 को परेड के समय एक ट्रक को मुकामेघाट—बेगूसराय मार्ग के चौराहे के पास एक खड्ड में सहसा गिरते विलोका। सत्वर मुक्ति दल बनाये गये एवं घटना स्थल पर जवान दौड़ गये। आहत व्यक्ति नाजारथ मिशन अस्पताल मुकामेघाट ले जाये गये। हमारे जवानों की अविराम सहायता ने अनेकों प्राण बचा लिए।

रेल हड़ताल का पुनश्च —समग्र देश की रेलों की बहुमूल्य सहायता प्रदान करने के उपलक्ष्य में हमारे जवानों को विभिन्न रेल प्राधिकारियों ने पुरस्कृत किया। खण्ड अधीक्षक (डिवीजनल सुपरिन्टेन्डेंट) दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर ने 53 बटालियन के जवानों को 500 रुपये का नकद परितोषिक दिया। इस बटालियन की कर्तव्य-निष्ठा तथा अनुशासन की महानिरीक्षक उड़ीसा ने भूरि-भूरि सराहना की। खण्ड अधीक्षक (डिवीजनल सुपरिन्टन्डैट) दक्षिण पूर्व रेलवे खड़गपुर ने 13 बटालियन के जवानों को 100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया।

सिक्किम में के० रि० पु० दल की भूमिका की प्रशंसा —सिक्किम के मुख्य अधिशासक श्री बी० एस० दास ने श्री बी० बी० मिश्र महानिदेशक केन्द्रीव रिजर्व पुलिस दल को एक पत्र में लिखा है—

'सिक्किम प्रशासन में गत एक वर्ष से मेरी सहायतार्थ नियुक्त 5 बटालियन के० रे० पु० दल की सेवायें प्रदान के उपलक्ष्य में मैं इस पत्र को अपनी सम्यक् कृतज्ञता प्रकट करने हेतु प्रेषित कर रहा हूं। के० रि० पु० दल का आबंटित कार्य अपनी ही कोटि का निराला था जहां कानून तथा व्यवस्था बनाये रखने के साथ साथ जवानों को ऐसा सेवा भार उठाना था जिसकी अपेक्षा एक प्रत्यन्त विलक्षण नागरिक पुलिस से की जा सकती थी तथा घटना चक्र पर दृष्टि रखते हुए नागरिक प्रशासन को उन्हें सहयोग देना था।

निर्वाचन काल में 5 बटालियन को मुख्यतः कठिन कार्य करना पड़ा जब प्रत्येक जवान को घोर परिश्रम करना पड़ा। उत्तेजनाओं के होते हुए भी उन्होंने इस प्रकार का

सद्व्यवहार रक्खा जिसने बटालियन को ही नहीं प्रत्युत् निोखेल भारत को कीर्ति कौमुदी विकसित की है।

सिक्किम प्रशासन तथा व्यक्तिगत मेरी ओर से 5 बटालियन के० रि० पु० दल की सेवाओं के प्रति मैं अपना हार्दिक आभार अभिव्यक्त करता हूं। यहां मैं यह बता दूं कि यह आभार सभी राजनैतिक दलों ने भी प्रकट किया है जिन्होंने 5 बटालियन के व्यवहार के यशोगान में योगदान दियाहै।"

पुरुष का नारी के समान कोई मित्र नहीं है।

-वेद व्यास

क्रीडा क्षेत्रे:

अन्तर रेन्ज टूर्नामेण्ट

हाकी:

दिनांक 7 जून से 14 जून 1974 तक के० रि० पु० दल का अन्तर रेन्ज हाकी टूर्नामेण्ट ग्रुप केन्द्र रामपुर (उ० प्र०) में खेला गया। इस प्रतियोगिता में दस टीमों ने भाग लिया।

टूर्नामेन्ट का उद्घाटन उप-महानिरीक्षक के० रि० पु० दल गोहाटी ने किया तथा ब्रिगेडियर एस० आर० खुराना, बेतार सलाहकार के० रि० पु० दल ने विजेताओं को पारितोषिक वितरित किये।

टूर्नामेन्ट लीग (वर्ग) तथा नाक आउट के आधार पर खेला गया। लीग (वर्ग) मैचों के लिए रेज्जें दो भागों में विभक्त हो गई। भाग 'क' में गोहाटी, हैदराबाद, पूना, दुर्गापुर तथा श्रीनगर रेन्जें रखी गईं तथा भाग 'ख' में अजमेर, दिल्ली, सिगनल (बेतार)/ट्रेनिंग (प्रशिक्षण), नीमच तथा कोहिमा रेन्जें सम्मिलित की गईं। गोहाटी रेन्ज विजेता तथा श्रीनगर रेन्ज दूसरे स्थान पर रही।

निर्वाचन समिति ने केन्द्रीय हाकी टीम के लिये निम्नलिखित खिलाड़ियों को चुना :

ला. ना. हबुल खजूर (3 बटा०), कां एन्थेनी बरला (9 बटा०), सब इंसपेक्टर जाबिद अली (3 बटा०), है ० कां० सुशील टेटे (59 बटा०), सब इंसपेक्टर रमेशचन्द (33 बटा०), काँ० विक्टर लेकरा (3 बटा०), सब इसपेक्टर लाइल अली खां (रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र 1) सब इसपेक्टर बी, एस० मान (रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र 2) लां० ना० शेखर गुरंग (7 बटा०) कां० मनोहर टिग्गा (17 बटा०) नायक बन्नी सिंह (36 बटा०), कां बिसेन्टनाग (17 बटा०), नायक साइमन तोपनो (16 बटा०) कां बिमल मज (16

बटा०) सब इंसपेक्टर एस० एस० सक्सेना (2 बटा०) सब इंसपेक्टर लारेन्स वी (20 बटा०) लां नायक प्रकाश वारा (55 बटा०), कां पत्रास तोपनो (48 बटा०) हैड कां० पी० पी० गुरिया (14 बटा०), सब इंसपेक्टर आई० एम० देवेप्पा। (ग्रुप केन्द्र नागपुर), कां पी० कंगारी (29 बटा०), सब इंसपेक्टर अमरीक सिंह (12 बटा०), लां० नायक एक्सेवियर टिग्गा (37 बटा०) ना० ए० वरला (23 बटा०) तथा है० कां० रामनिवास (ग्रुप केन्द्र देवली)।

वाली बाल—1974 का अन्तर रेन्ज वाली बाल टूर्नामेन्ट ग्रुप केन्द्र आवडी में खेला गया। कोहिमा के अतिरिक्त सभी रेन्जों ने भाग लिया। श्री इ० एल० स्ट्रेसी, भ्रष्टाचार विरोध तथा सतर्कता के मद्रास के निदेशक ने 8 जुलाई 74 को टूर्नामेन्ट का उद्घाटन किया। टूर्नामेन्ट लीग (वर्ग) तथा नाक आउट आधार पर खेला गया एवं 15 जुलाई 74 को समाप्त हुआ। टुर्नामेन्ट के अधोलिखित परिणाम रहे :—

विजेता—हैदराबाद रेंज। द्वितीय-नीमच रेंज। तृतीय-पूना रेंज। हैदराबाद के हैड कां० के० जे० जोजेफ सर्वोत्तम खिलाड़ी समझे गये तथा उन्हें एक विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

मेजर जनरल पी० सी० रेड्डी आंध्र-प्रदेश, तमिलनाडू, कर्नाटक तथा केरल के जी० ओ० सी० ने समापन समारोह की अध्यक्षता की तथा पारितोषिक वितरित किये।

केन्द्रीय बालीबाल टीम के अनन्तिम रूप से निम्नलिखित खिलाड़ी चुने गये :

जमादार अशोक कुमार (42 बटा), हे० कां० सी० जे० कुरियान (ग्रुप केन्द्र हैदराबाद), नायक के० के० पुनप्पा (29 बटा०) सूबेदार झावर सिंह (3 बटा०), हैड कां० रोहतास सिंह (48 बटा०), हैड कां० के० जे० जोजेफ (32 बटा०), कां वज्रंग लाल (ग्रुप केन्द्र हैदराबाद) लां० ना० रामचन्द्रन (ग्रुप केन्द्र हैदराबाद), ना० नवलसिंह (I सिगनल), कां० जहांगीर (I सिगनल), ज० निर्मल सिंह (31 बटा०), ना० एस० ईश्वरन (44 बटा०), है० कां० फूल सिंह (48 बटा०), कां० स्वतन्त्र सिंह (51 बटा०), लां० ना० बीरबल (51 बटा०), है० कां० एम० ए० करीम (I र० प्र० केन्द्र), हैड कां पी० एल० लाइक (ग्रुप केन्द्र हैदराबाद) तथा काँ० एम० जे० थामस (28 बटा०)।

तैराकी—14 मई से 18 मई तक के० रि० पु० दल की 9वीं अन्तर रेंज तैराकी प्रतियोगिता जम्मू में आयोजित की गई। दस टीमों ने उसमें भाग लिया।

ब्रिगेडियर एम० एल० ह्विग ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया तथा जम्मू के क्षेत्र कमिश्नर मीर नासिरुल्ला खां ने पुरस्कार वितरित खेला।

अखिल भारतीय पुलिस तैराकी प्रतियोगिता में के० रि० पु० दल का प्रतिनिधित्व करने हेतु अधोलिखित तैराकी चुने गये :

सूबेदार हनुमानसिंह (रंगरुट प्रशिक्षण केन्द्र-1),सब इंसपेक्टर सी० के० विश्वनाथन (39 बटा०), सब इंसपेक्टर टी० वी० नायर (ग्रुप केन्द्र हैदराबाद), सब इन्सपेक्टर ए० एस० भाकनी, (53 बटा०), हैड कां० बी० बी० पुनप्पन (33 बटा०), है० कां० ढाका

ासिंह (45 बटा०), नायक डी० क्लेमेण्ड (16 बटा०) नायक पी० एन० वी० पिल्ले (13 बटा०), लां० ना० रणजीत सिंह (33 बटा०), लां० ना० पी० पी० नायर (48 बटा०), कां० ना० एन० आर० पिल्ले (51 बटा०) लां० ना० वी० एम० ए० नायर (60 बटा०), लां० नायक आर० एम० सिंह (रंगरुट प्रशिक्षश केन्द्र-1) कां० राधा बल्लभ (53 बटा०) कां० के० जे० जोजेफ (37 बटा०), कां० के० पी० राई (49 बटा०), कां० बनता सिंह (49 बटा०), कां० मुहम्मद सादिक (49 बटा०), कां० गंधर्व सिंह (60 बटा०), कां० जे० सी० नायक (60 बटा०), कां० पीतम्बर दास (57 बटा०), कां० वी० टी० गोपी (रंगरुट प्रशिक्षण केन्द्र-1), हैड कां० जी सुन्दरसन (14 बटा०) कां० दिलीप सिंह (41 बटा०) कां० यशुदास (ग्रुप केन्द्र जम्मू) तथा ना० बुधन प्रसाद (32 बटा०)।

एम० टी० एण्ड फर्स्ट एड (मोटर परिवहन तथा प्रारम्भिक चिकित्सा)

जून मास 1974 में ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली में हुई अन्तर **रेंज मोटर परिवहन प्रतियोगिता में भाग** लेने वाली विभिन्न टीमों की स्थिति इस प्रकार रही:

नीमच-1, कोहिमा-2, अजमेर-3, हैदराबाद-4, श्रीनगर-5,दिल्ली-6, गोहाटी-7, पूना-8, दुर्गापुर-9 तथा सिगनल-10

प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता में निम्न स्थिति रही:

नीमच-1, दिल्ली-2, श्रीनगर-3 अजमेर-4 पूना-5, हैदराबाद-6, कोहिमा-7, गोहाटी-8, दुर्गापुर-9, तथा सिगनल-10

ले० श्री वेरू

मेरा अपना घर

मेरा एक अपना घर था—वस्तुतः एक बड़ा घर था जहां में रहता था, खाता पीता था सेवा भार उठाता था तथा जीविका उपार्जित करता था। 22 वर्ष की आयु में जब स्वास्थ्य, साहस, जीवट तथा उमंगों से यौवन किल्लोलें मार रहा था, तब मैंने इस घर में प्रवेश किया था। मैं निर्धन तथा अशिक्षित था। मुझे उदरपूर्ति को भोजन चाहिये था —एक नौकरी की मुझे आवश्यकता थी। मुझे सेवा करने, अध्यवसाय करने तथा बड़े बनने की प्रेरणा थी। मुझे इच्छा थी कि किन्हीं का बनूं और कोई मेरे। और मैं कहता हूं कि मैंने अपना घर पा लिया जिसकी मुझे आकांक्षा थी—बहुत समय पूर्व—आज से 33 वर्ष पहले।

इन विगत 33 वर्षों में मैंने लगभग 5 वर्ष की अबधि ही अपने अवकाश गृह में निज माता-पिता, भ्राताओं, पत्नी तथा संतान के साथ व्यतीत की। वर्ष में कठिनता से कुछ ही दिन मैं उनके साथ व्यतीत कर पाता था जिनके लिये मैं सेवा भार उठाता था तथा धनोपर्जित करता था। एवं जिनका मैं आज अपना हूं प्रत्युत् सत्य तो यह है कि जिनका

मैं सदा अपना रहा हूं।

परन्तु इस 'महान घराने' को कैसे विस्मृत कर सकता हूं। जी हां, मैंने अहर्निशि, ग्रीष्म-शरत्, हेमन्त-वसन्त, 27 वर्ष तक यापित किये हैं। जहां मैंने कितनी ही होलियां, बसन्त, दिवाली, गुरुपूर्व तथा ईदें मनाई है। इस "महान् घराने" के ये सब भी उतने ही मेरे अपने हैं। नहीं, नहीं, ये तो और भी मेरे अपने हैं क्योंकि यही तो मेरा अपना घर था — हम सबका घर था।

मुझे आज भी स्पष्टतया स्मृत है कि जब मेरे ग्राम का एक हवलदार शंकर रुग्ण हो गया था तब हम में से 60 से अधिक जवान गये थे और हमने हंसते हंसते उसे अपना रक्त दान दिया था। सफदरजंग अस्पताल के डाक्टर ने तब यही मुझसे कहा था "यदि वह जीवत रहेगा वह तुम्हारे रक्त के ही कारण क्योंकि उसके शरीर में अपना रक्त तो अवशिष्ट रहा ही नहीं है । जितना रक्त उसे दिया गया है उतना किसी अन्य रोगी को कभी नहीं दिया गया।"

किन्तु दुर्दैव ने उसे हमसे छीन लिया। उसकी अंत्येष्टि क्रिया पर स्वयं कर्नल साहब उपस्थित हुये । पूर्ण पुलिस सम्मान से उसको अन्तिम विदाई दी गयी। बटालियन ने अंतिम शोक ध्वनि बजाई। कर्नल साहब ने उसकी रुग्णावस्था में उसके परिवार को बुलवा लिया था और उसके पुत्र ने अपने परिवार तथा आस्था के अनुसार समस्त अंतिम संस्कार किये। इस भांति का दाह संस्कार वह अपने ग्राम में कभी भी नहीं पा सकता था । और तब मुझे उस विधुर परिवार को ग्राम पहुंचाने को भेजा गया। उसकी विधवा मालती के लिए कर्नल साहब ने पांच सौ रुपये मुझे प्रदान किये। महानिदेशक महोदय ने ढाई सहस्र रुपये उसके गृह भेजे तथा दो वर्ष एक सौ रुपये की पेन्शन भेजी। यह सब कुछ मेरे "घराने" में ही तो हुआ।

क्या यह अन्याय नहीं है कि अब मुझसे कहा जाता है कि मैं वृद्ध हो चुका हूं और इस 'मेरे घराने' में मेरी आवश्यकता नहीं है ! मुझे आश्चर्य है कि ऐसे घनिष्ठ संबंध के चिर-बंधन काल के विकराल, प्रचण्ड हिमानी झंझागत से टूटे जा रहे हैं।

मेरी बटालियन भी मेरा घर है। मैं वहाँ एक सेवक, एक सहयोगी, एक नेता एवं एक शासक के रूप में पालित पोषित हुआ हूं—लाठी तथा रायफल का एक जवान परन्तु केवल शांति के निमित्त । हमारी सीमानों पर हमारी यात्राओं के पद चिह्न सदा अंकित हैं तथा देश का कोई भी राज्य भी नहीं है जो मेरा 'गृह' नहीं है तथा मेरी देह में जहां का अन्न पानी नहीं विधा है। मैं अपने साथ प्रेम, निष्ठा, सेवा तथा भक्ति की भावना ले जाता था और उसके उपलक्ष्य में मैंने कृतज्ञता अर्जित की तथा आनन्द प्राप्त किया।

आज निज जीवन-संध्या में नन्हे से बिछौने पर पड़ा मैं अपने घराने का चिंतन करता हूं। किंतु नहीं, देवदूत कहते हैं कि चिन्ता मत करो, प्रत्युत् अपने घराने के अपने इस नन्हे भारत के प्रति प्रेम से ओत प्रोत हो जाओ जहां धर्म-जाति, भाषा एवं वर्ण सब घुलमिल जाते हैं । प्रभु से अब यही प्रार्थना है कि यह घराना अनन्तः काल तक जीवित रहे तथा मैं इस मानव विकास के पथ पर चलता हुआ इस घराने में आता

जाता रहूं।

स्वतंत्रता दिवस 74 पर पदक-प्राप्ति

स्वतंत्रता दिवस 1974 के पुनीत अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के निम्नलिखित अधिकारी तथा जवानों को उनके सराहनीय एवं गुणोत्कृष्ट सेवा निर्वाहन के उपलक्ष्य में केन्द्रीय सरकार द्वारा 12 पदक प्रदान किये गये जिन्होंने इस दल की कीर्ति कौमुदी विश्व में विकसित की है :—

1. राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि सेवा पदक :

1. श्री वी० एन० कृष्णास्वामी, सहायक कमांडैंट, ग्रुपकेन्द्र आवडी।

2. पुलिस पदक :

1. श्री सिडनी ऐजक, डीवाई० एस० पी० 1 बटालियन
2. सूबेदार मेजर पन्नासिंह, 16 बटालियन।
3. सूबेदार फकीर मुहम्मद, 1 सिगनल बटालियन।
4. सूबेदार मेजर स्वर्णसिंह, 23 बटालियन।
5. सूबेदार रघुनाथ जगदाले, ग्रुप केन्द्र, पूना।
6. सूबेदार भजनसिंह नेगी, 25 बटालियन।
7. जमादार पूरनसिंह 53 बटालियन।
8. जमादार गुरदेव सिंह, 15 बटालियन।
9. जमादार राजाराम पवार, ग्रुप केन्द्र हैदराबाद।
10. जमादार जागन राम, 4 बटालियन।
11. हैड कांस्टेबिल अमरसिंह, ग्रुप केन्द्र जम्मू।

एक नागा-ग्राम की यात्रा

लेखक : श्री एच० एस० सेठी

सभ्य संसार में बन जातियां सर्वत्र कुतूहल उत्पन्न करती हैं और सबसे अधिक नागा लोग। उनके विषय में बहुत कुछ सुनने में आता है; तद्यपि उन रंगीन लोगों के सदर्भ में ज्ञान प्राप्त करने के लिए इच्छा बनी रहती है।

इन्हीं दिनों में नागालैण्ड में मोकोकचुंग की मेरी प्रथम यात्रा में यह स्वभाविक इच्छा मुझमें जागृत हुई कि उनके जीवन तथा संस्कृति का एवं के० रि० पु० दल के प्रति उनके व्यवहार का दिग्दर्शन किया जाए। मोकोकचुंग पर स्थित 34 बटालियन के कमांडैण्ट श्री एम० आर० मलिक ने लांगमिसा ग्राम तथा उसके ऊपर वाले गिरिश्रृंग पर स्थापित चौकी पर यात्रा करने की व्यवस्था की।

मोकोकचुंग से एक दुर्गम मार्ग पर17 कि० मीटर की दूरी पर लांगामेसा नामक नागालैण्ड का एक मनोरम ग्राम है। उच्च पर्वतमालाओं के मध्य एक गिरिश्रृंग पर स्थित इसके 400 बांस के मकान तथा एक दिव्य गिरजाघर सुन्दरता का चित्र प्रस्तुत करते हैं। उस ग्राम के उत्कीर्णित काष्ठ द्वार में प्रवेश करते ही यह स्पष्ट हो जाता है कि लांगमिसा नागा बन जाति की चिरंतन संस्कृति की धरोहर लिए एक प्राचीन ग्राम है ।

हमने नागालैंड के संघर्षों, प्रतियुद्धों तथा धातों के विषय में इतना अत्यधिक श्रवण कर रखा है कि हम इन क्षेत्रों में सुरक्षा दलों के प्रति नागा परम्परा के अनुसार स्वागत की बात साधारणतः सोच भी नहीं सकते हैं। परन्तु क्या कि आश्चर्य वही स्वागत हमें मिला।

चित्र विचित्र वेशभूषा तथा ऐन्द्रजालिक परम्परागत कण्ठहार धारण किये हुये सौंदर्यशालिनी नन्हीं बालिकायें द्वार पर आई तथा उन्होंने कमांडैंट को पुष्प मालायें पहनाईं। हरे पत्तों तथा लाल पुष्पों से मालाओं का गूंथना जन जाति के वर्णों की कलात्मक भावना का परिचय देता था।



श्री एम आर मलिक कमांडैण्ट 34 बटालियन का नागा-बालिका द्वारा स्वागत

उस समय का दृश्य स्मरणीय था। द्वार पर ग्राम बूढ़े (अथवा जी० वी० जैसी कि उन्हें संज्ञा दी जाती है) पंक्ति बद्ध खड़े थे। कुछ दूर पर आंचलों में बच्चों को लिए ग्राम महिलायें एकत्रित थीं तथा एक पुरातन गृह के छज्जे पर बालक गण "दृश्य" देखने खड़े थे। उनके तथा रूपवती कन्याओं एवं लज्जाशील बालकों के छायाचित्र लेने में अत्यन्त मनोविनोद रहा और यह वह वस्तु थी जिसे उन सब ने भी चाहा । हस्तालिंगन के उपरान्त ग्राम बृद्ध कम्पनी की उस चौकी पर आये जिसके समादेष्टा एक युवाधिकारी डी वाई एस पी आर० के० सिंह थे। उस समय एक सम्मेलन का सा वातावरण उत्पन्न हो गया जब वे एक बैठक सी में एकत्र हुए जिसमें कमांडैंट तथा द्विभाषिये ने भाषण दिए। कमांडैंट ने सुरक्षा दलों की भूमिका पर प्रकाश डाला, उनसे सहयोग की इच्छा प्रकट की तथा ग्राम के रोगियों की चिकित्सा हेत साथ में गये

डाक्टर को सेवायें प्रदान कीं। ग्राम वृद्धों की ओर से द्विभाषिये ने ग्राम के निरन्तर सहयोग का आश्वासन दिया तथा चैकित्सिक और अन्य सुविधाओं के प्रति आभार प्रकट किया। शीघ्र ही, डाक्टर को कई रोगियों को देखना पड़ा।

ग्राम वृद्धों ने हमारे दल को ग्राम के चारों ओर घुमाया। द्विभाषिया उत्साहपूर्वक ग्राम के एक सिरे पर हमको ले गया जहां ग्राम के भव्य अतीत के प्रतीक थे। चालीस फीट लम्बा एक नगाड़ा था जिसका प्रयोग प्राचीन काल में ग्रामीणों को रण-आह्वान के हेतु होता था। और एक ऊंचा बाँस था जिस पर मृत शत्रुओं के सिर लटकाये जाते थे। उस समय लांगमिसाँ के युवा वीरों ने शूरवीरता में ख्याति प्राप्त की थी।

अस्तु, सिर काटने का युग कभी का बीत चुका है तथा आदिवासी उत्तम ईसाइयों की भांति जीवनयापन करते हैं । वे पूर्ण शान्तिमय जीवन के इच्छुक हैं जिससे विद्रोहियों ने उन्हें वंचित कर रखा है, जो उनसे धन अपहृत कर लेते हैं तथा युवकों को हठपूर्वक भर्ती करते हैं।

इन्हीं दिनों एक ऐसी ही घटना हुई है । बन्दूक की नोक पर नागा विद्रोहियों ने ग्राम से पांच सहस्र रुपये मांगे । अन्य कोई चारा नहीं पाकर छिपे नागाओं के सहयोगियों द्वारा ग्राम वद्धों ने धन एकत्रित करना प्रारम्भ कर दिया । कठिनता से उन्होंने 3280 रु० एकत्र किये होंगे कि 34 बटालियन की प्रहरी टुकड़ी ने उन्हें रोका और धन राशि तथा संग्रहकर्त्ताओं को मोकोकचुंग के एस० पी० (पुलिस अधीक्षक) को सौंप दिया। इससे ग्रामीण अत्यन्त कृतकृत्य हुए।

जब हम ग्राम से लौटने वाले थे तब ही द्विभाषिये ने हमें कुछ काल और रुकने की प्रार्थना की। कुछ क्षण संशय में बीते । अहा ! तभी क्या देखते हैं कि ग्रामीण एक बाँस के पिंजड़े में एक मुर्गा लाये । उसको उन्होंने ग्राम की ओर से आतिथ्य स्वरुप हमको सस्नेह भेंट किया।



चौकी पर बटालियन के डाक्टर द्वारा एक नागा-शिशु की चिकित्सा

धूम्रपान कैसे छोड़ा जाय

ले०: श्री बी डी एस चौहान

'किस प्रकार धूम्रपान छोड़ा जाये' के प्रश्न का उत्तर सरल तथा कठिन दोनों ही हैं।

कदाचित् धूम्रपायी को कोई व्यक्ति गोलियां औषध, मुरब्बे, गोंदो को चबाने की सिफारिश करेगा, जो धूम्रपान छोड़ने के निमित्त बाजार में निरन्तर बढ़ती मात्रा में उत्पादित हो रहे हैं। किन्तु कठिनाई उस समय उठती है जब इनमें कोई भी शत प्रतिशत प्रभाव शाली सिद्ध नहीं होता। यदि ये सब उपचार समस्या के समाधान में असफल रहे हैं तब इसका उत्तर केवल धूम्रपायी तथा उसकी चितवृत्ति में ही प्रत्यक्षतः पाया जा सकता है।

5000 धूम्रपाइयों के सर्वेक्षण के आधार पर डा० डेनियल होम, धूम्रपान तथा स्वास्थ्य हेतु राष्ट्रीय सफाई घर के महानिदेशक (नेशनल क्लीयरिंग हाउस फार स्मोकिंग एण्ड हैल्थ) न्यूयार्क इस निष्कर्ष पर पहंचे कि दस प्रतिशत व्यक्तियों ने सिगरेटों को उत्तेजक रूप में प्रयोग किया ; जबकि आठ प्रतिशत ने केवल जलाने

तथा सिगरेट पाणे में लेने का आनन्द भोगा। तीस से चालिस प्रतिशत ने धूम्रपान से विश्राम पाने की प्रसन्नता प्राप्त की। अन्य चालीस से पचास प्रतिशत ने चिन्ता तथा मानसिक तनाव से किसी मात्रा तक निवृत्ति पाने हेतु धूम्रपान किया । अस्तु, कुछ व्यक्ति व्यसन बढ़ाते चले गये और अन्त में निरन्तर धूम्रपायी बन गये।

ध्यान देने की महत्वपूर्ण बातें ये हैं "क्या मै धूम्रपान करता हूं" और शांत भाव से चिन्तन के उपरान्त "मुझे क्यों धूम्रपान करना चाहिए।" यदि आप यथार्थतः प्रयत्न करें तथा स्यात् उत्तरों को पृष्ट पर लिखें तब आप अनेक ऐसे तर्कसंगत कारण पा सकते हैं कि आपको धूम्रपान नहीं करना चाहिए । जब आप लेखनी उठायेंगे तब आप निश्चय ही यह नहीं लिखेंगे "नहीं, मै धूम्रपान को तिलांजलि नहीं दे रहा हूं। मैं युवावस्था में मर जाऊंगा परन्तु में प्रसन्नचित मरूंगा।"


यदि मैं आपके लिए दृढ़ कारणों की तालिका बनाऊं तब वे हैं फेफड़े के कैंसर अथवा अन्य घातक रोगों की वास्तविक आशंका, धूम्रपान नहीं करने वालों की अपेक्षाकृत ऊर्जस्विता, तथा धन में बचत इत्यादि। जब आप धूम्रपान का परित्याग कर देंगे भोजन और भी स्वादिष्ट लगेगा और आपको कण्ठावरुद्ध भी नहीं होगा। यद्यपि विश्वास करने में यह बात कठिन लगती है किन्तु आप शनैः शनैः निज स्नायु मण्डल में कम दौर्वल्य पायेंगे । धूम्रपान अनेक मनुष्यों को वस्तुतः 'वैसाखी स्वरूप' है ।

धूम्रपान के विकल्प (फल, पान, गोंद चबाना या अन्य ऐसे पदार्थ) भी कुछ साहाय्य दे सकते हैं और आपके मस्तिष्क को कुछ क्षणों को सिगरेट पीने से हटा सकते हैं परन्तु वे कोई सच्चा समाधान नहीं हैं। सर्वोत्तम गारन्टी तो आपका मनोबल तथा व्यक्तिगत प्रयास ही है।

अस्तु, आधारभूत कुंजी तो केवल यह है कि जब आप धूम्रपान त्यागेतो सदा को त्यागें। कम करने से कार्य नहीं चलेगा। यदि चलेगा भी तो बहुत व्यक्तियों पर यह उत्तम प्रभाव नहीं दिखा सकेगा।




छुट्टी से लौटने पर



लांगमिसा में साकार सौहार्द

रजि० नं० 25627/74

सक्रिय सेवा में



❀ क्रै प ल र ❀

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्त पत्र तथा सचित्र पत्रिका

[द्वैमासिक हिन्दी संस्करण]

30 नवम्बर, 1974] खण्ड 3 संख्या 4 [9 अग्रहायण, 1896




CENTRAL RESERVE POLICE FORCE
GROUP CENTRE, TRIVANDRUM
INAUGURATED BY
BRAJA BEHARI MISHRA I.P.
DIRECTOR GENERAL, CRPF

क्रैपलर

[हिन्दी संस्करण द्वैमासिक]

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका



खण्ड 3

अंक 4

30 नवम्बर, 1974

9 अग्रहायण, 1896

मुख्य सम्पादक:
एच० एस० सेठी
हिन्दी सम्पादक :

जे० एस० शर्मा

सम्पादकीय कार्यालय :

द्वारा महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, पश्चिमी खण्ड-8, रामकृष्णापुरम नई दिल्ली

मुद्रक-दि कैक्स्टन प्रेस (प्राइवेट) लिमिटेड, नई दिल्ली-110055

प्रकाशक : महानिदेशक के. रि० पु० दल की ओर से
एच० एस० सेठी

मुख पृष्ठ पर : श्री एन० एस० सक्सेना द्वारा श्री बी० वी० मिश्र को रजतथाल का उपहार।

सम्मुख पृष्ठ पर : ग्रुप केन्द्र त्रिवेन्द्रम का उद्घाटन।

अन्तिम पृष्ठ पर : श्री वी० बी० मिश्र का महानिदेशालय के० रि० पु० दल को अन्तिम नमस्कार।

इस अंक में:

1. शिक्षा-दीक्षा
(क) आवडी में अभिप्रमाणिक परेड
(ख) महानिदेशक पद ग्रहण करने पर श्री एन० एस० सक्सेना के उद्गार
2. रिपोर्ताज
(क) ग्रुप केन्द्र त्रिवेन्द्रम
(ख) एक भावपूर्ण विदाई
3. लेख
(क) सुयोजित उपद्रवों का समाधान ले० श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना महानिदेशक
(ख) के० रि० पु० दल के पिछले वर्ष का परिदृश्य-लेखक—ब्रिगेडियर श्री के. एम. पण्डालेय, उपनिदेशक (संचालन)
4. गौरव गाथा
(क) सीमा अधिकारियों को सहायता
(ख) डाकुओं को पकड़ने में सहायता
(ग) मुख्य मन्त्री द्वारा प्रशंसा
(व) सेना द्वारा सराहना
(ङ) कोहिमा वाला मार्ग ले० श्री एच० एस० सेठी, जनसम्पर्क अधिकारी
5. क्रीडा क्षेत्रे अन्तर रेञ्ज प्रतियोगितायें
6. कविता कदम रुकने न देंगे हम-कवि-श्री मुहम्मद उसमान, 25 बटा०
7. कहानी इज्जत की बेइज्जती-लेखक-श्री श्री जे०एस० शर्मा हिन्दी सम्पादक
8. विज्ञान के चढ़ते चरण
9. स्वास्थ्य सन्देश हमारे दांत ले० श्री जे० एस० शर्मा, हिन्दी सम्पादक
10. विविध
(क) विश्व की विचित्र बातें-संयोजक—श्री लालसिंह भंडारी 54 बटा०
(ख) पहेलियां
(ग) यह भी खूब रही,
(घ) सूक्ति सुधा,
(ङ) फिल्म अभिनेता खोजिये

हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता :-निम्नलिखित विषयों पर निबन्ध 28 फरवरी 1975 तक दल के सभी लिपिक वर्गीय तथा कमाण्डर पद तक के अधिशासी सदस्यों

से आमंत्रेत हैं :

(क) के० रि० पु० दल के सेविवर्ग के लिये नागालैण्ड के विषय में प्राधारभूत जानकारी

(ख) आर० एफ० एफ० के सेविवर्ग के लिये अरुणाचल के विषय में प्राधारभूत जानकारी

(ग) के० रि० पु० दल के सेविवर्ग के लिये मिजोराम के विषय में प्राधारभूत जानकारी

निबन्ध (तीन प्रतियों में) 6000 शब्दों से अधिक के नहीं होना चाहिये तथा श्री वी० के० त्रिपाठी, उपनिदेशक (संभरण) महानिदेशालय, के० रि० पु० दल, रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली के पते पर प्रेषित हों।

प्रथम पुरस्कार 300 रु० का, द्वितीय 200 रु० का तथा तृतीय 100 रु० होगा।

रिपोर्ताज :-

ग्रुप केन्द्र त्रिवेन्द्रम

नारियल तथा रबड़ की वाटिकाओं से आवृत्त त्रिवेन्द्रम का ग्रुप केन्द्र नगर से लगभग 24 किलोमीटर की दूरी पर त्रिवेन्द्रम सीलन मार्ग (राष्ट्रीय राजपथ 47) पर स्थित है। क्षेत्र को पर्वतीय रूपरेखायें तथा वृक्षों की प्रचुर संख्याएं इस ग्रुप केन्द्र के विन्यास को मनोरम बनाती हैं।

तीन स्थल : ग्रुप केन्द्र का कुल क्षेत्रफल 135 एकड़ है। शीघ्र ही चार एकड़ की भूमि प्राप्त करके इसमें और जोड़ने का प्रस्ताव है। यह सब क्षेत्र एक साथ मिला हुआ नहीं है तथा तीन पृथक स्थल हैं। प्रथम स्थल में कार्यालय तथा जवानों के परिवारों के आवास स्थित है। दूसरे स्थल में अधिकारियों के प्रावास, अस्पताल तथा मोटर गैराजें निर्मित की जायेंगी। तीसरा स्थल मुख्यतः परेड ग्राउन्ड के प्रयोग में आयेगा।


प्रथम स्थल में निर्माण कार्य पर्याप्त हो चुका है। 360 जवानों तथा 102 परिवारों के रहने के लिए तीन बारिकें तथा 102 पारिवारिक क्वार्टर पहले ही निर्मित हो चुके हैं। इस चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक 480 जवानों तथा 132 परिवारों के लिए अन्य चार बारिकें तथा पारिवारिक क्वार्टर एवं हेड कास्टेबलों तथा अवर अधिकारियों को दो बारिके निर्मित हो जायेंगी। वास्तव में, उस समय तक इस स्थल में क्वार्टर गारद गृह, कार्यालय—सम्मिश्र अवर अधिकारियों तथा हेड कान्सटेबलों के मेस इत्यादि का निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा। अनिवार्य निर्माण सामग्रियों के अभाव में इस परियोजना को प्रारम्भ में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इतना होते हुए भी, राज्य सरकार की सहायता से इस परियोजना की प्रगति बनी रही।

दूसरे स्थल में अभी तक केवल 23 गैराजें तथा कार्यशाला निर्मित हो पाई हैं। परन्तु ऐसी आशा है कि शीघ्र ही अधिकारियों का मेस तथा अस्पताल तैयार हो जायेंगे।

परिपालन : परियोजना को दो चरणों में पूरा करने का विचार है। प्रथम चरण में जो चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक पूर्ण हो जायेगा, दो करोड़ रुपये लगने का अनुमान है। इस चरण में दल के विविधवर्ग के सदस्यों के लिए 366 परिवारिक क्वार्टर, जवानों के लिए दोमंजली बारिकें, अधीन अधिकारियों तथा हेड कान्स्टेबिलों लिए दो मंजिली बारिक, साथ ही स्टोर (भंडार), मोटर कार्यालय, कार्यशाला, गैराजें, ग्रुप केन्द्र कार्यालय, क्वार्टर गारद, केन्टीन वाला जवानों का क्लब तथा हेड कान्सटेबिलों एवं अधिकारियों के लिए मेस का निर्माण होगा। स्थूल रूप से, दल के जवानों से सम्बद्ध निर्माण कार्य प्रथम चरण में रखे गये है।

अवशिष्ट निर्माण कार्य, मुख्यतः जो कार्यालयों, सुविधाओं तथा मनोविनोद साधनों से सम्बन्ध रखते हैं उनको द्वितीय चरण में रखा है। इस चरण में अधिकारियों के लिए

25 क्वार्टर, एक बीस-शय्या का अस्पताल, एक परिवार-कल्याण-केन्द्र, एक प्राथमिक विद्यालय, अधिकारी मैस, पणन केन्द्र तथा क्रीड़ा क्षेत्रों को रखा है। द्वितीय चरण के अन्तर्गत प्रोलिम्पिक स्तर के आधे परिमाण का एक संतरण-ताल (स्वीमिंग पूल) भी बनेगा। निर्मित होने पर इस संतरण ताल को स्थानीय संस्थाओं द्वारा भी प्रयोग में लाये जाने की आशा है। द्वितीय चरण का एक अंश 1975-76 वर्ष में कार्यान्वित होगा तथा धनराशि मिलने पर 31 मार्च 1977 तक 1.70 करोड़ रुपये तक के अनुमानित व्यय पर यह पूर्ण चरण तैयार हो जायेगा। अतः जब दोनों चरणों का निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा तब इस परियोजना में 3.3 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है।



ग्रुप केन्द्र के मंगल उद्घाटन पर श्री वी० बी० मिश्र द्वारा नारियल-भंजन

कल्याण संकल्पना -इस योजना के सूत्रपात करते समय के० रि० पु० दल में सर्वोपरि ध्यान जवानों के कल्याण का था। ग्रुप केन्द्रों के मास्टर प्लान (मूल अभियोजना) के रूपांकन तथा रेखाकंन बनाने में इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखा गया। स्वास्थिक अवस्था के लिये रसोईगृह, स्नानागर तथा शौचालय के हेतु विशेष विनिर्देश बनाये गये। इसी प्रकार जवानों को पंखों, आलमारियों - तथा बल्बों की सुविधाओं को भी ध्यान में रखा गया। इस बात की भी व्यवस्था की गई कि भवनों के

निर्माण के साथ साथ जल बिजली तथा मल व्यवस्था की सुविधायें सुचारु रूप से उसी समय प्रदान की जायें। मल व्यवस्था की समस्या से सुलझने को एक जारण संयंत्र निर्मित करने का भी प्रस्ताव है। वातानुकल शल्यागार (आपरेशन कक्ष) के साथ अस्पताल, एक परिवार कल्याण केन्द्र तथा एक प्राथमिक विद्यालय भी परिसर में निर्मित किये है। पर्याप्त संख्या में क्रीड़ा क्षेत्रों को बनाकर खेल तथा मनोरंजन की सुविधायें भी प्रदान की है। यद्यपि अस्पताल मुख्य रूप से के० रि० पु० दल के लिये बन रहा है, तथापि यह स्थानीय निवासियों को भी चिकित्सा प्रदान करेगा। भूदृश्य तथा उद्यानों का भी इसमें पूरा-पूरा प्रावधान है।

सन् 1967 में जब श्री बी०बी० मिश्र पुलिस महानिरीक्ष थे तब इस ग्रुप केन्द्र की संकल्पना का प्रादुर्भाव हुआ। परिचालन क्षेत्र में एक लम्बी दौड़-ग्रुप के उपरान्त के० रि० पु० दल के जवानों को विश्राम शिथिलन तथा अभिनवन प्रशिक्षण के हेतु देश में नाभिक केन्द्रों के निर्माण की योजना सोची गई। ये वे स्थान है जहां कठोर परिश्रम के पश्चात् जवान अपने परिवारों को साथ रह सकते हैं।

सन् 1968 में जब के० रि० पु० दल का अत्यधिक विस्तार हुआ, 24 बटालियनों से 52 बटालियनों, चार प्रशिक्षरण संस्थानों, तीन बेतार बटालियनों तथा दो बेसिक अस्पतालों के रूप में दल की शक्ति बढ़ी; तब ऐसे केन्द्रों की आवश्यकता और भी प्रतीत हुई। सुयोजित आवासस्थान का प्रावधान तब अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हो गया। सूतराम् भारत सरकार से 60 करोड़ रुपपे की लागत पर 17 ग्रुप केन्द्रों के निर्माण की स्वीकृति के लिये अनुरोध किया गया। यह प्रस्ताव सरकार द्वारा अंगीकृत हुआ तथा फलस्वरूप देश में विभिन्न स्थानों पर ग्रुप केन्द्रों का निर्माण हुआ है। इस योजना के अन्तर्गत नव निर्माण कार्यक्रम में ग्रुप केन्द्र त्रिवेन्द्रम का 13 वां स्थान है।

ग्रुप केन्द्र त्रिवेन्द्रम दो बटालियनों के लिये बना है तथा उसमें उन 2000 जवानों के ऐसे परिवारों के आवास स्थान बनाये जा रहे हैं जो वहां रहने के इच्छुक होंगे।

केरल राज्य में कानून तथा व्यवस्था की समस्याओं से निपटने के लिये तथा औद्योगिक क्षेत्रों एवं राजकीय परियोजनाओं को सुरक्षा प्रदान करने हेतु यह ग्रुप केन्द्र भली भांति स्थित है। त्रिवेन्द्रम में के० रि० पू० दल का स्थापित रहना ही कानून तथा व्यवस्था के पक्ष में रहेगा। यह भर्ती के लिये और साधन प्रदान करेगा तथा कुछ सीमा तक वहां के निबासियों को रोजगार दिलायेगा।•

सीमाकर अधिकारियों को सहायता

मन्त्रालय के निदेश पर के० रि० पु० दल की 26 बटालियन की छै कम्पनियां नागपुर से सूरत को तस्कर व्यापारियों से सुलझने तथा विविध वस्तुओं के पकड़ने में सीमाकर अधिकारियों की सहायता को भेजी गईं। ये कम्पनियां 28 जुलाई 1974 को सूरत पहुंच गई। तब से इन कम्पनियों को निम्नलिखित दिनांकों पर सीमाकर प्राधिकारियों को सहायता प्रदान करने का श्रेय है:-

(क) अगस्त 3 : सूरत के जनता बाजार क्षेत्र में सीमाकर प्राधिकारियों को छापा मारने में सहायता की। फलस्वरूप दस सहस्र रुपयों के मूल्य की वर्जित वस्तुयें पकड़ी गई:

(ख) अगस्त 6 : सीमाकर प्राधिकारियों को छापेमार कर दमन क्षेत्र से छः सहस्र रु० मूल्य के वस्त्रों को, बगमोर ग्राम से चार सहस्र रु० की मिश्रित वस्तुओं को तथा पुलसर ग्राम से दस लाख रुपयों की वर्जित वस्तुओं को पकड़ने में इस दल ने सहयोग दिया।

(ग) अगस्त 8 : सीमाशुल्क अधिकारियों को छापेमार कर दबल की जांच चौकी से अढ़तीस सहस्र रु० के वस्त्रों को, सीताफलबाद (दमन) से सत्तर सहस्र रुपयों को तथा पांच लाख मूल्य की वर्जित वस्तुत्रों को प्रग्रहण करने में इस दल ने योगदान दिया।

(घ) अगस्त 10 : सीमाकर प्राधिकारियों को छापेमार कर दमन क्षेत्र से ग्यारह सहस्र रु० के मूल्य की वजित वस्तुओं को प्रतिग्रहण करने में इस दल ने सहायता दी।

इस प्रकार हमारे दल को सीमा शुल्क अधिकारिपों को एक सप्ताह में 10,36,000 रुपये की वस्तुएं पकड़ने में सहायता देने को श्रेय रहा है इस समय तक हमारे दल ने इस सम्बन्ध में किसी बल का प्रयोग नहीं किया है।

डाकुत्रों को पकड़ने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का सहयोग

दिनांक 22 अप्रैल 1974 को देहरी जन सोन (बिहार) के पुलिस थाने से 2 कि० मी० की दूरी पर डालमिया नगर में निज सहयोगी नाथू के साथ एक कुख्यात डाकू फागुन नाथ के छिपने का गोपनीय संदेश बिहार पुलिस को प्राप्त हुआ। नायक पिशौरी सिंह के नेतृत्व में के० रि० पु० दल की एक टुकड़ी लिये सब-इन्सपेक्टर आर० एन० तिवारी तथा सब इन्सपेक्टर एल० बी० सिंह घटनास्थल पर जा धमके। उनके वहां पहुंचते ही डाकू भाग खड़े हुए लेकिन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों ने उनका लगभग छै किलोमीटर तक पीछा किया और तब उन्हें कहीं जा पकड़ा। इस संक्रिया में स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने ला० नायक वीर बहादुर के साहस एवं अर्जस्थिता की सराहना की।

इन डाकुओं से 50,000 रुपये की यह सम्पत्ति प्राप्त हुई तथा के० रि० पु० दल के संरक्षण में देहरी-अन-सोन के पुलिस थाने लाई गई।

ट्रक के टायर 4; पाइपगन 1; 12 बोर के कारतूस 5; बड़ी तेजधार वाला चाकू 1; रेडियो। तथा कुछ नये वस्त्र।

के० रि० पु० दल के जिन जवानों ने इस संक्रिया में भाग लिया था उनको पुलिस अधीक्षक बिहार ने 200 रुपये का नकद पुरस्कार स्वीकृत किया है।

एक लम्ब पांते की ठिगनी पत्नी थी। उनकी दिनरात की कलह देखकर पड़ोसिन ने समझाया "बहना। पति पत्नी गृहस्थी की गाड़ी के दो पहिये हैं, उन दोनों के ठीक चलने पर ही जीवन पथ पार होगा।

तभी पत्नी चिल्ला पड़ी "ठीक है, किन्तु जहां गाड़ी का एक पहिया स्कूटर का हो और दूसरा ट्रक का। वहां ठीक क्या खाक गाडी चलेगी?"

सुयोजित उपद्रवों का समाधान

लेखक : श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना

यह विषय एक लम्बे-चौड़े लेख की अपेक्षा पुस्तक के लिये अधिक उपयुक्त है। उपद्रव विभिन्न प्रकार के (राजनैतिक, साम्प्रदायिक, श्रमपरक, छात्रजनित इत्यादि) होते हैं तथा प्रत्येक प्रकार के उपद्रव के अपने निदान एवं समाधान होते हैं, उनमें कानून तथा व्यवस्था अन्तर्गस्त होने के कारण पुलिस की आवश्यकता होती है, परन्तु अनुपूरक अधिकरण (राजनैतिक नेता, शान्ति समितियां, छात्र तथा शिक्षक संघ, श्रमिक एवं कर्मचारी संगठन आदि) सर्वथा भिन्न हैं। एक ही रोग से ग्रस्त दो रोगियों की लाक्षणिक तालिकायें भिन्न रूप दिखाती हैं-एक रोगी मर जाता है जबकि दूसरा पूर्ण स्वास्थ्य लाभ करके अपेक्षाकृत हृष्ट-पुष्ट हो जाता है। इस प्रश्न का उत्तर उनके स्वास्थ्य के व्यापक अध्ययन के बिना नहीं दिया जा सकता है। उसी भांति, एक पुलिस प्रशासन पहले ही दिन कुछैक को ही बन्दी बनाने पर बारम्बार अग्निकाण्ड, लूट-पाट तथा गोली चलाने में फंस जाता है जबकि दूसरों को महीनों लम्बे आन्दोलन से निपटना हो सकता है तथा सहस्रों को बन्दी बनाने पर भी कोई अग्निकाण्ड, लूट-पाट, गोली चलाने या लाठी प्रहार तक का अवसर नहीं पाता है। पुलिस दल के स्वास्थ्य की आमूलचूड़ जांच के बिना इन भिन्न परिणामों को समझना अत्यन्त कठिन है।

इस लेख का शीर्षक इसके क्षेत्र को उन उपद्रवों तक सीमित करता है जो अतीत में तथा 1974 में इन्हीं दिनों भारत के कतिपय राज्यों में कई बार होते रहे हैं। कोई भी योजना सब सम्भावित स्थितियों से नहीं जूझ सकती है। यद्यपि युद्ध-प्रतिरक्षा की स्थिति प्रत्याशा के अनुरूप करवट नहीं लेती तद्यपि शान्तिकाल में बनायी योजना उत्तम प्रकार से युद्ध में सहयोग दे सकती है। उसी प्रकार कानून तथा व्यवस्था के क्षेत्र में भीड़ की लूटमार तथा अग्निकाण्ड प्रारम्भ करते ही कठिनता से सोचने-समझने को समय मिल पाता है। किन्तु पूर्व-निश्चिय योजना बड़े काम आती है। अतएव योजना बनामा अनिवार्य है यद्यपि किसी योजना के अन्धे अनुसरण से स्वयं को बचाना होगा। जब कभी कोई आकस्मिक आपत्ति आती है तब जुटे हुए साधन, बने हुए संगठन, दी हुई प्रशिक्षा तथा वरिष्ठ अधिकारियों का चिन्तन सब सीधे काम में आते हैं। परन्तु

संचालन को वास्तविक आधियोजना में बदलती हुई परिस्थितियों के आलोक में चौखी हेरफेर की जा सकती है।

निस्सहसा सर्वनाश : समाचारपत्रों में यही पढ़ने को मिलता है, कि सर्वनाश सहसा हो जाते हैं तथा प्राधिकारी उनके लिये तैयार नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति विरली ही होती है। इसको तो सिद्धान्त ही समझना चाहिये कि किसी भी कारण से अराजकता के प्रति दर्शायी गयी सहिष्णुता किसी बड़ी दुर्घटना की जननी हो सकती है जो सर्वनाश का कारण बन सकती है। यदि छोटे रोग का कारण नहीं जाना जायेगा तथा उसका उपचार नहीं होगा, (चाहे एक बार वह हो नहीं) तब होते ही रोगी की मृत्यु अचानक दृग्गत होगी। ऐसे कई अनोखे दृष्टान्त देखने में आते हैं कि हिंसा का शंखनाद प्रारम्भ होते ही किस प्रकार कानून तथा व्यवस्था का तंत्र छिन्न-भिन्न हो जाता है आन्दोलन का श्री गणेश किसी वास्तविक उद्देश्य को लेकर भी हो सकता है और कोई व्यक्ति शान्तिपूर्ण भूखहड़ताल या धरना का आह्वान कर सकता है किन्तु समाज विरोधी तत्व चुपचाप उसमें प्रवेश कर जाते हैं तथा शान्तिमय पद्धति के अनुसरण की शपथ भी लेते है; परन्तु वे गुप्त रूप से हिंसा की योजना बनाते हैं। छोटी मांगें पूरी भी हो जाती हैं तथा घेराव जैसे अवैध कार्यों पर कदाचित् उत्तेजना एवं मुठभेड़ से बचने के अनुदेशों पर पुलिस कोई कार्यवाही भी नहीं करती है। पर कुछ दिन के पश्चात् ही अध्यापक, सरकारी कर्मचारी, व्यापारिक संस्थानों के मैनेजर अथवा कुछ अन्य वर्ग पर आक्रमण होता है तथा नौकरी छोड़ने को त्याग-पत्र देने तक पर विवश किया जाता है। यदि पुलिस अब भी अकर्मण्य रहती है तब संस्थानों पर 'कब्जा' कर लिया जाता है। यदि पुलिस फिर भी निष्क्रिय रही, तब सरकार से एक सीधे टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है।

ऐसी स्थिति में दण्ड प्रक्रिया संहिता की 144 धारा लगाई जा सकती है। तब नागरिक स्वतन्त्रता पर आधात कहकर इसकी आलोचना भी हो सकती है कि जनता को विरोध व्यक्त करने का अवसर नहीं दिया जाता है। तव प्राधिकारियों की प्रतिक्रिया दण्ड प्रक्रिया संहिता की 144 धारा को हटाये बिना उसमें केवल ढील देने की होती है। यह न्याय की दृष्टि में अनुचित होने के साथ साथ सदैव एक महती त्रुटि होती है।

अतः प्रश्न यह उभर कर आता है कि पुलिस कब हस्तक्षेप करे। इसका उत्तर अपराध दण्ड संहिता में दिया हुआ है। जैसे ही हस्तक्षेप्य अपराध किया जाता है, छोटी-मोटी अराजकता पर ध्यान नहीं देने के अर्थ एक बड़ी मात्रा पर अराजकता को आमंत्रित करना है।

स्थायी प्रबन्ध : एतदर्थ प्रत्येक राज्य के पुलिस दल को कुछ न कुछ स्थायी प्रबन्ध करना अनिवार्य है। इस समय प्रत्येक राज्य पुलिस को निखिल राज्य में उपद्रव फैलने के संकट से सुलझने को सदैव कटिबद्ध रहना चाहिये। राज्य की पुलिस के साधारण स्वास्थ्य को उपयुक्त रखना ही सर्वोपरि स्थायी व्यवस्था है। जबकि यह सुनिश्चित हो जायेगा तब प्रशासन विजय पताका फहराता रहेगा। दूसरी ओर निम्नलिखित लक्षणों से

ज्ञात होगा कि उनसे राज्यीय पुलिस का साधारण स्वास्थ्य विकृत हो सकता है :

(1) योग्यता के अतिरिक्त अन्य आधार पर भर्ती तथा पदोन्नति; (2) प्रशिक्षण पर ध्यान का अभाव; (3) रात्रपत्रित अधिकारियों के मुख्यकर महानिरीक्षकों उपमहानिरीक्षकों के स्तर पर निकृस्ट नेतृत्व; (4) विविध कारणों से मनोबल की हीनता; (5) उचित जन शक्ति एवं उपकरणों इत्यादि का अभाव।

ऐसी स्थितियों में विनाश अवश्यम्भावी होता है।

सर्वोच्च स्तर से लेकर हेड कांस्टेबिल तथा कान्स्टेबिल तक में (जो कार्यान्वयन के अंतिम अधिकरण है) उद्देश्य में पूर्ण एकता अवश्य होनी चाहिये। यदि कोई अतीव चतुर अधिकारी कोई उच्च स्तर की जटिल कूट रचना सोचेंगे तब वह विफल होगी क्योंकि जवान उसको न समझ पायेंगे और नाही क्रियान्वित कर पायेंगे। एक सरल रणविधि निकालने का आधार केवल कानूनी आधार है। प्रशिक्षणालय में जवानों को प्रथम दिवस से ही कानून को दृढ़ता से तथा निष्पक्षतापूर्वक परिपालन करने की शिक्षा दी जाती है। इस पर आधारित कोई भी नीति सुगमतापूर्वक समझी तथा परिपालित की जा सकती है। कानूनी पक्ष का पूर्ण ध्यान नहीं रख कर अधोलिखित प्रकार के कार्यकारी अनुदेश अव्यवस्था उत्पन्न करते हैं :

(1) गोली चलाने पर पूर्ण प्रतिबन्ध ; (2) मुख्यालय में बैठे हुए अधिकारी की आज्ञा के बिना कोई गोलियां नहीं चलाना अथवा लाठी प्रहार नहीं करना; (3) बन्दी करते समय भेदभाव; (4) किन्हीं वर्गों के विरुद्ध रोकथाम की कोई कार्यवाही नहीं करना; तथा (5) छोटी मोटी सूचना पर फोन द्वारा अनुदेश मांगना।

एक बार लक्ष्य की एकता होने पर, वरिष्ठ अधिकारियों को कार्यकारी निर्णयों के लेने का भार स्वयं उठाना चाहिये। यदि वरिष्ठ अधिकारियों से कोई त्रुटि हो जाती है, तब उन्हें निर्भीकतापूर्वक स्वीकृत करना चाहिये। कुछ आदेश मौखिक भी देने पड़ते हैं। परन्तु अधिकतर अनुदेशों को लिखित रूप में दिया जा सकता है, अपितु दिया जाना भी चाहिये जिससे कनिष्ठ अधिकारी एवं जवान आश्वस्त हो जायें कि उत्तरदायित्व से वरिष्ठ अधिकारियों की कतराने की कोई इच्छा नहीं है। पुलिस दल के सामान्य है स्वास्थ्य, विधिपूर्वक लक्ष्य की एकता, तथा नियंत्रण एवं उत्तरदायित्व की स्पस्ट श्रृंखला के होने पर ही राज्य, रेंज, जिले तथा पुलिस थाने के स्तरों पर तकनीकी क्षमता पर ध्यान देना सम्भव होगा।

नियंत्रण कक्ष

महानिरीक्षक के मुख्यालय : महानिरीक्षक के मुख्यालय पर सब प्रकार से पूर्ण नियंत्रण कक्ष होना चाहिये :

(1) महानिरीक्षक के नियंत्रण —भवन में संचालन-कार्यालय, आगन्तुकों तथा विश्राम के लिये सुसज्जित कमरे होने चाहिये। वहां अनिवार्य वस्तुयें भी होनी चाहिये

जैसे, रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेप-रिकार्डर, फोटो कैमरा तथा उपद्रव-योजनाओं, हड़ताल योजनाओं, गुप्त सूचनाओं तथा अन्य वर्गीकृत प्रलेखों एवं मानचित्रों को रखने के लिये लोहे की अलमारी।

(2) सेविवर्ग -स्थायी रूप से थोड़े से कर्मचारी रखे जा सकते हैं अपितु रखे भी जाने चाहिये। उपाधीक्षक (डी० वाई०एस०पी०) से लेकर कान्स्टेबिल तक के पद के प्रशिक्षित कर्मचारी राजधानी के अन्य कार्यालयों में उपस्थित रहना चाहिये जिससे तुरन्त सूचना पर उनको सेवाभार सौंपा जा सके।

(3) दूर-मुद्रक (टेली प्रिन्टर) —कम से कम सब रेंजों के मुख्यालयों को महानिरीक्षक के नियंत्रण कक्ष से दूर-मुद्रक (टेली-प्रिन्टर) से सम्बन्धित होना चाहिये।

(4) बेतार स्थान —दिन में कुछ घंटों काम करने वाला एक स्थायी बेतारालय होना चाहिये जिसमें संकट काल में विस्तार तथा 24 घंटे काम करने की क्षमता हो।

(5) नियंत्रण कक्ष का कार्यभार —सामान्य काल में ही डी० वाई० एस० पी० (उपाधीक्षक) बारी बारी से नियंत्रण कक्ष की देख-रेख कर सकते हैं। संकट के समय इसका कार्यभार एक पुलिस सुपरिन्टेडेंट (अधीक्षक) को उठाना चाहिये। परिचालन में सक्रिय अधिकारियों को घंटों नियंत्रण कक्ष में बिठाना अनुचित होगा।

(6) परिवहन —एक जीप वहां सदा रहनी चाहिये। आपत्काल में और भी वाहन नियंत्रण कक्ष को देने पड़ सकते हैं।

(7) मूल सूचना—पुलिस दल की जन-शक्ति, सशस्त्र पुलिस बटालियनों का प्रविस्तरण, राजपत्रित अधिकारियों की नियुक्तियां, नागरिक तथा सैनिक अधिकारियों का ब्यौरा, फोन नम्बर इत्यादि विशाल पटलों तथा चार्टों पर प्रदर्शित करने चाहिये । यदि उपद्रव-योजनाओं को नवीनतम रखा जाये तब उनमें ये सब विवरण सुगमता से मिल सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में साम्प्रदायिक प्रतिशत जनसंख्या, श्रमिकों तथा क्षेत्रों में विविध दल, उनके नाम तथा पते इत्यादि गोपनीय सूचनायें गोपनीय अलमारी में रखनी चाहिये।

रेंज नियंत्रण कक्ष : राज्य नियंत्रण-कक्ष तथा नगर नियंत्रण-कक्ष दोनों की अपेक्षा रेंज नियंत्रण कक्ष को बहुत कम कार्य करना होता है। अतः यह उपमहानिरीक्षक के कार्यालय का अंग सरलता से हो सकता है। रेंज उपमहानिरीक्षक को पुलिस दल की शक्ति तथा अपनी रेंज में उपद्रवों की सम्भावनीय अथवा यथार्थ मात्रा पर सजग दृष्टि रखनी चाहिये । उसे जनशक्ति की अतिरिक्त आवश्यकता के विषय में भी महानिरीक्षक को मंत्रणा देनी होती है। यदि उसकी रेंज में शान्ति है तब उसको सोचना होगा कि अन्य क्षेत्रों के लिये वह कितना दल भेज सकता है। कई राज्यों में, प्रत्येक रेंज पर आरक्षित दल होता है। तथा उपमहानिरीक्षक को उसे युक्ति-युक्ति

बांट देना होता है। सामान्य काल में, उपमहानिरीक्षक के कर्मचारियों की विद्यमान शक्ति पर्याप्त होती है । परन्तु संकट के साथ वह और भी जवान नियुक्त कर सकता है। एक विशाल राज्य में प्रत्येक जिले से सम्पर्क रखना सरकार तथा महानिरीक्षक को सम्भव नहीं है तथा रेंज उपमहानिरीक्षक का निर्धारण ही राज्य में पुलिस प्रबन्धों को आयोजित करने के लिये परमावश्यक होता है। उपद्रवों के भड़कने पर रेंज उपमहानिरीक्षक द्वारा दिये गये नेतृत्व तथा उसके नियंत्रण कक्ष का योगदान अत्यन्त वांछनीय होता है।

नगर नियंत्रण कक्ष (जिला नियंत्रणकक्ष)—मुख्य रूप से तो सम्बद्ध नगर का नियंत्रण-कक्ष ही कार्य करता है जब कि राज्य नियंत्रण-कक्ष अथवा रेंज नियंत्रण कक्ष केवल प्रशासनिक होते हैं। सब बड़े नगरों में जिनकी (कहिये) तीन लाख से जनसंख्या अधिक हो उनके अपने साज सामान से सज्जित नियंत्रण कक्ष होने चाहिये । एक लाख से तीन लाख तक की जनसंख्या वाले नगरों में सर्वप्रधान थानों में (जिन्हें साधारणतया कोतवाली कहते हैं) एक अलग नियंत्रण कक्ष हो सकता है जिसमें उड़न टुकड़ियां असाधारण समय में प्रयुक्त की जा सकती हैं। उन्हें अलग से एक फोन, एक दूसरा आपात् फोन, वाहन को गैराजें, पेट्रोल, तेल तथा स्निग्ध पदार्थों के लिये भूमिगत भण्डारगृह, एक छोटी से प्राथमिक चिकित्सार्थ वाह्य चौकी, आरक्षित जवान, रसोई तथा अन्य आवश्यक प्रबन्धों को एक बड़ी वारिक, कुछ लाउडस्पीकर, दो फोटो कमरे तथा फोटो सामग्री आपात् समय एक सिने कैमरा भी दिया जाना चाहिये । मानचित्र, लेखन सामग्री, बेतार कक्ष इत्यादि की व्यवस्था होनी चाहिये। जब ग्रामीण क्षेत्र में उपद्रव उठ खड़े हों तब नगर का नियंत्रण कक्ष जिले नियंत्रण कक्ष का काम दे सकता है। जैसे ही संकट काल आ जावे अथवा आने की आशंका हो. तब गश्ती वाहनों से, स्थिर पुलिस टुकड़ियों से, परिचालक पुलिस के जत्थों तथा प्रहरी आरक्षित जवानों प्रभृति से सम्पर्क रखने के हेतु अधिकारियों को नियुक्त करना चाहिये जिससे उपद्रब भड़कते ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर दल के दल पहुंचाये जा सकें।

अत्यावश्यक प्रतिष्ठानों से सम्पर्क : उपद्रव के समय क्या सरकारी तथा क्या निजी प्रतिष्ठानों की विपुल संख्या पुलिस से सम्पर्क करने में असमर्थ रहती है। साथ ही, स्थान, स्थिति, सम्बद्ध व्यक्तियों के नाम आदि बताने में समय व्यर्थ नष्ट होता है। इन सब प्रतिष्ठानों से सीधा सम्पर्क रखने के लिये (जिनमें से एक दमकल परमावश्यक है) नियंत्रण-कक्ष के पास वाले कमरे में अनेकों टेलीफोनों की व्यवस्था होनी चाहिये। उग्रउपद्रवों के समय तो इन प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि तक नियंत्रण-कक्ष में घटना की ताजी सूचनायें जानने को टेलिफोनों के निकट बैठ सकते हैं । इन दंगों से और भी अधिक विकराल उत्पात हो सकते हैं जिनमें तोड़फोड़ हो सकती है तथा टेलीफोन तथा टेलीग्राफ जैसी अनिवार्य सेवायें अन्तर्ध्वस्त हो सकती हैं। ऐसे संकटों से सुलझने को पुलिस के बेतार अनुभाग की टुकड़ियां अलग तैयार रखनी चाहिये । इनको उर्वरक, इस्पात कारखानों तथा तेल शोधक कारखानों तथा बिजली घरों इत्यादि प्रतिष्ठानों पर स्थित रखना चाहिये । कदाचित् सरकारी प्रतिष्ठान इन सब बातों

पर किये गये व्यय का कुछ अंश सहन करने को तैयार हो जायेंगे।

पिछले उपद्रवों का विवरण : नगर नियंत्रण-कक्ष में ऐसे फोल्डर (पंजी) तैयार मिलते हैं जिनमें विगत दस वर्ष तक के उपद्रवों का विवरण होता है। प्रायः दंगों के स्थान तक भी वे ही होते हैं । पहले की गई त्रुटियों पर अभ्युक्तियां होनी चाहिये जिससे भविष्य में उनसे बचा जा सके। इससे क्या स्थिर तथा क्या चलते-फिरते पहरों की पुनर्योजना की जा सकती है। ये पुरानी टिपणियां क्षेत्र के पुराने दुराचारियों के विषय में भी सन्देशिका का काम करती हैं।

पुलिस थाने : भारत में सैकड़ों ऐसे पुलिस थाने हैं जिनमें अब भी अनेकों बातों का प्रभाव है जिनके कारण उपद्रवों से निपटने में बाधा पड़ती है। देश के सीमित साधनों को दृष्टि में रखते हुए प्राथमिक आवश्यकताओं की तालिका निम्नलिखित दी जा रही है :

(1) जहां कहीं भी टेलीफोन व्यवस्था है पुलिस थाने में एक अवश्य होना चाहिये।

(2) कई थानों में जहां कर्मचारी-संख्या में अधिक हैं वहां बेतार ब्यवस्था होनी चाहिये। उसके उपर व्यय में कमी कुछ सिपाहियों को बेतार चलाने के प्रशिक्षण देकर भी की जा सकती है।

(3) स्थानीय निर्मित उपद्रव-दामक उपकरण मूल्यवान नहीं होते। इनसे दल शक्ति के लगभग आधे भाग को लैस करना चाहिये। ये पथराव तथा अन्य वस्तुओं की फेक फाक से निबटने में पुलिस में विश्वास की भावना भरते हैं तथा मनोबल बढ़ाते हैं।

(4) किसी भी पुलिस थाने में 20 से कम जवान नहीं होने चाहिये । यदि आवश्यक हो तो छः सात जवानों की वाह्य चौकियों को समाप्त कर देना चाहिये। 50-60 से अधिक जवानों के थाने भी वांछनीय नहीं है। जबकि अत्यधिक कम संख्या सामान्य सेवा पर दुष्प्रभाव डालती है, अत्यधिक विपुल संख्या में कतिपय जवानों को सरकारी काम पर ध्यान नहीं देकर टैक्सी, रिक्शा, दुकान तथा अवैध व्यापार आदि अपने धंधा करने का अवसर मिल जाता है। सभी सिपाहियों को दिन-रात में किसी समय भी एकत्र करना उपयुक्त होगा।

नियम विनियम संग्रह : (1) भारतीय दण्ड संहिता (2) दण्ड प्रक्रिया संहिता (3) पुलिस उद्धरणों का संग्रह करना बुद्धि-संगत है।

प्रशिक्षण : युद्ध के विषय में कहा गया है कि प्रशिक्षण का पसीना रण के रक्त को बचाता है। ऐवरेस्ट की चोटी पर चढ़ना अथवा चन्द्रमा पर पहुंचना जैसे मानव सफलता के चमत्कार दीर्घकालीन तल्लीन प्रशिक्षण के कारण से ही प्राप्त हुये हैं। पुलिस प्रशिक्षणालयों में समुचित सामान्य प्रशिक्षण के साथ साथ, भीड़ तथा जमघटों से यथार्थ परिस्थितियों से सुलझने का भी प्रशिक्षण देना चाहिये। इस विषय ने अब सर्वोपरि महत्त्व ग्रहण किया है तथा अनेकों लेख इस पर लिखे गये हैं। क्या ही उत्तम हो कि एतद्विषयक समस्त अनुभवों को संग्रहित कर पुस्तक रूप में प्रकाशित हो तथा

नये अनुभवों के अनुरूप उसमें निरन्तर संशोधन होते रहें। भारत के बहुसंख्यक पुलिस दलों में परिचालना के उचित प्रशिक्षण का प्रभाव रहता है और यही बारम्बार की त्रुटियों का मूल कारण है। पुलिस के अंधा-धुंधी गोली-काण्ड केवल विश्वासहीनता एवं घबड़ा जाने के कारण हुये हैं जिनका मुख्य कारण विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण की कमी थी। इस प्रशिक्षण के विपुल क्षेत्र का अनुमान अधोलिखित शीर्षकों से लग सकता है :

(i) **मनोविज्ञान**—एक जनसमुदाय को जमघट में परिवर्तित होने से रोकने की रीति को एक पुलिस अधिकारी को सीखना होगा। पुलिस नियंत्रण अतिशय न्याय-संगत, विनम्र, दृढ़ तथा निष्पक्ष होना चाहिये।

(ii) **जनसमुदायों के विविध प्रभेदों की विशिष्टताऐं**—श्रमिक, कृषक, छान सम्बन्धित सामप्रदायिक, भाषाविषयक, राजनैतिक इत्यादि नाना प्रकार के जनसमुदाय तथा उनसे निबटने की प्रणालियां;

(iii) **भीड़-नियंत्रण के यांत्रिक साहाय्य**— रुकावटी वाड़ें, लाउड-स्पीकर, नियत प्रतिबन्ध दीवार, रस्सियां आदि उनके विभिन्न रूप, विशेष प्रयोग तथा लाभहानियाँ;

(iv) **प्रकाशन**—रेडियो, समाचार-पत्र, विज्ञापन-पत्र तथा फट्टे इत्यादि ;

(v) **एतद्विषयक विधि**—भारतीयदण्ड संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता, तथा उनके संशोधन;

(vi) **गोपनीयज्ञान**—ज्ञान का संग्रह, जांच, परिशुद्धता, निर्धारण तथा अन्त में संचार;

(vii) **परिचालक आदेश**—पूर्वाभ्यास तथा योजनामों को प्रारूप देना।

यह स्मरण रखना होगा कि वरिष्ठ अधिकारियों से नहीं, वरंच जवानों द्वारा योजना क्रियान्वित होती है। वह सरल, सीधी तथा एकरूप होनी चाहिये। उसका ज्ञान पूर्व से ही होना चाहिये यद्यपि उसमें स्थिति-स्थापन होना चाहिये । यथासम्भव अन्त समय निदेशों को नहीं देना चाहिये क्योंकि सिपाहियों तक की श्रृंखला में चल कर उनका समय पर पहुंचना असम्भव होता है।

(viii) दल की मनोवैज्ञानिक प्रशिक्षा, भावात्मक स्थिरता, व्यंगों तथा अपशब्दों के प्रति सहिष्णुता, व्यक्ति निरपेक्ष रीति एवं हास्य-विनोद का स्वभाव प्रभृति ।

परिचालनों में अधिकतर तीन चरण होते हैं—(क) प्रारम्भिक (ख) कार्यवाही तथा (ग) कार्योपरांत अनुवर्त्ती उपाय ।

इनका क्रमपूर्वक नीचे उल्लेख किया जाता है :

परिचालनों की प्रारम्भिक स्थिति

ज्ञान—प्रत्येक और से भड़कते हुए आन्दोलनों के वर्तमान समय में पुलिस को

निरन्तर प्रारम्भिक स्थिति में रहना चाहिये। गुप्तचर विभाग को संभव्य उत्पात के लगभग पूर्वानुमान देने में समर्थ होना चाहिये। बह सदैव सही नहीं हो सकता क्योंकि स्वयं संगठन-कर्ताओं को सब नहीं नहीं ज्ञात होता कि आगे वे क्या करेंगे। अतः जिसका किसी को ज्ञान नहीं हो, गुप्तचर विभाग को उसकी अबोधता पर लान्छन नहीं लगाना चाहिये। कोई जनघट सदैव सदनों में आग लगाने के उद्देश्य से नहीं चलता है; किन्तु जब वह पुलिस की अनुपस्थिति पाता है अथवा शस्त्रों से उसे असज्जित देखता है या कार्यवाही करने में हिचकता पाता है तब वह विध्वंस-काण्ड प्रारम्भ कर देता है। थाने के अधिकारियों को जानना चाहिये कि गुप्त बातों का संकलन करना ही केवल गुप्तचर शाखा का कर्त्तव्य नहीं है। उनको पुलिस अधीक्षक (सुपरिन्टेन्डेट) पर भी नियमित रूप से भेजना भी उतना ही उनका दायित्व है। इधर उधर की इन छोटी सूचनाओं से ही संग्रथित गुप्त चित्र पूरा उभर कर पाता है।

दल का एकत्रीकरण तथा आरक्षित शक्ति की नियुक्ति—सावधानी के पक्ष में त्रुटि करना तथा आवश्यकता से कुछ अधिक दल रखना अपेक्षाकृत उत्तम है। तथा यह स्मरण रखना है कि प्रसाधन निस्सीम नहीं हैं और जनशक्ति को एक स्थान पर व्यर्थ लगाने से अन्यत्र हमारी तैयारियों में कमी आ सकती है। अतिरिक्त दल की लम्बी चौड़ी मांगे प्रायः दायित्व से कतराने के लिये की जाती हैं। केवल दल के भारी प्रविस्तारण से ही नहीं प्रत्युत्-कानून तोड़ने वालों को बन्दी बनाने तथा अभियोग चलाने से भी शान्ति स्थापित होगी। होम गार्ड जैसे सहायक दल का योगदान लेना भी लाभदायक होगा। ये नियमित पुलिस दल के अधिकांश नैत्यिक सेवाओं का भार उठा सकते हैं जिससे नियत पुलिस दल कानून तथा व्यवस्था की धमकी पर एकाग्रचित्त हो कर कार्य कर सके। राज्यस्तर पर, सरकार तथा महानिरीक्षक को वाह्य सहायता की मात्रा का निर्णय करना चाहिये तथा के० रि० पु० दल तथा सीमा सुरक्षा दल की अभ्यर्थना समय रहते शीघ्रातिशीघ्र करनी चाहिये। स्थिति-परिवर्तन के साथ दल की शक्ति घटायी-बढ़ायी जा सकती है।

सामरिक स्वतन्त्रता

न्यूनतम बल का सिद्धान्त—कानून के अन्तर्गत लिखित निदेश पुलिस को दिये जा सकते हैं, वरंच मौखिक निदेशों ने साधारणतया अस्तव्यस्तता उत्पन्न की है। न्यूनतम बल के प्रयोग का एक ऐसा ही लक्ष्य है किन्तु यह बहुधा विस्मृत कर दिया जाता है कि उतना ही कम से कम बल का प्रयोग होना चाहिये, जितना लक्ष्य की सिद्धि को आवश्यक है। न्यूनतम बल का सिद्धान्त पुनीत अवश्य है; किन्तु उतना ही पुलिस का अनिवार्य कर्त्तव्य यह भी है कि जन-जीवन एवं सम्पत्ति की रक्षा करे। यदि पांच छः गोलियां भीड़ को छिन्न भिन्न कर सकती हैं। तब उनसे अधिक चलाना न्याय-संगत नहीं होगा। केवल एक उच्च प्रशिक्षित दल ही प्रच्छे नेतृत्व में न्यूनतम बल से उद्देश्य प्राप्त कर सकता है। उसके विपरीत, एक अनु पयुक्त रूप से शिक्षित दल निकृष्ट नेतृत्व में स्थिति को इतना बिगड़ने देगा कि महती क्षति ही केवल उसको सुधार सकती है।

21. **जलूस या जलसों पर क्या रोक लगानी चाहिये** : इस प्रश्न का उत्तर कानून के अनुसार ही मुख्यतः दिया जा सकता है। साधारणतया नागरिकों के एकत्र होने तथा शान्तिपूर्वक विरोध करने के अधिकार का आदर प्रशासन को करना चाहिये। इसके विपरीत, यदि संगठनों ने पूर्व ही अवैध कार्य वाहियां करने की घोषणा कर दी है अथवा एतद्विषयक कोई गुप्त सूचना प्राप्त हो चुकी है, तब भीड़ की लूटपाट, अग्निकाण्ड, अन्य नागरिकों पर आक्रमण अथवा प्राधिकारियों से सीधे प्रतिरोध करने हेतु इकत्रित होने देना प्रशासन की बुद्धिमत्ता नहीं होगी। ऐसी मुठभेड़ों से करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति की क्षति के अतिरिक्त कितने ही प्राणों के जाने की सम्भावना हो सकती है।

कानून दण्डाधिकारी (मैजिस्ट्रेट) ऐसे जलसे तथा जलूसों को रोकने की अनुमति देता है। प्रारम्भिक स्थलों पर ही उनको बन्दी बनाने तथा उनको राज्य प्रमुख नगर अथवा सम्मेलन स्थल पर अभिसरण करने देने में भी यह पुलिस को निषेधाज्ञा देता है । इससे क्या जनजीवन तथा क्या सम्पत्ति दोनों की क्षति बच जाती है। 15 अगस्त सन् 1970 को जब भारतीय साम्यवादी दल के अध्यक्ष श्री एस० ए० डांगे ने यह घोषित किया कि उत्तर प्रदेश में लखीमपुर जिले में बिरला फार्म को 50000 साम्यवादी स्वयं-सेवक अभिग्रहण करेगे तब पुलिस ने ऐसा ही किया । दूसरा दृष्टान्त दिसम्बर 1970 का है जब संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के नेतृत्व में छात्रों ने विधान सभा के सत्रारम्भ के प्रथम दिवस 7 दिसम्बर, 1970 को लखनऊ में इकत्रित होने की घोषणा की। कई जिलों से लखनऊ जाकर बड़ी संख्या में प्रचण्ड प्रदर्शन करने के लिये खुल्लमखुल्ला स्वयं सेवक एकत्र हुये। उस समय दण्ड प्रक्रिया संहिता की 144 धारा विधान सभा के सम्मुख क्षेत्र में लगी हुई थी तथैव छात्रों ने कानून भंग करने की स्पष्ट घोषणा की। क्योंकि कानून भंग में संशय ही नहीं था, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षकों (सुपरिन्टेंडेटों) को आदेश दे दिये कि वे छात्रों को सचेत कर दें कि यदि वे कानन भंग करने लखनऊ जायेंगे तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसका स्वस्थ प्रभाव पड़ा, उनकी बहुत ही अल्पसंख्या लखनऊ पहुंची । उनको बन्दी बनाया गया तथा कारागर में भेज दिया गया, यद्यपि बाद में वे छोड़ दिये गये। उत्तर प्रदेश के सब जिलों में पुलिस की प्रत्याशित कार्यवाही ने विधान सभा के सम्मुख बिगड़ने वाली अस्तव्यस्तता को बचा लिया।

फोटोग्राफरों, सिने-कैमरों तथा टेपरिकार्डरों का प्रयोग : किन्हीं दीर्घकालीन कारणों को लेकर जब कुछ दंगों की शंका हो जाये तब दुष्टों के लिये चेतावनी के रूप में प्रत्याशित कार्यवाही की जा सकती है । इस प्रकार का उदाहरण 70 वर्ष से चले आते लखनऊ के चौक में शिया-सुन्नी के उपद्रव है। 1969 में एक भीषण उपद्रव हुआ । इसकी पुनरा वृत्ति की आशंका 1970 तथा 1971 में भी थी। लखनऊ की पुलिस ने फोटोग्राफरों का सिने कैमरों तथा टेप रिकांडरों का प्रबन्ध किया। दोनों गुटों को इस प्रबन्ध की सूचना दे दी गई तया यह भी कह दिया गया कि बन्दीकरण होगा एवं वैज्ञानिक साक्ष्य पर अभियोग चलाये जायेंगे। उसने वांछित प्रभाव दिखाया और 1970

तथा 1971 में कोइ शान्ति भंग नहीं हुइ।

यह उल्लेखनीय है कि मार्च 1974 के प्रारम्भ में एक भयानक उपद्रव भड़क उठा जिसमें 4 व्यक्ति को जीवन-हानि उठानी पड़ी तथा सौ से अधिक गृह तथा दुकानें स्वाहः हो गई। दंगे होने पर फोटोग्राफ, छायाचित्र, सिनेमा चित्र तथा नारे, भाषण आदि को टेप करनेसे निष्पक्ष प्रमाण मिलते हैं जिनका कोई खण्डन नहीं कर सकता। छोटे जिलों तथा बाह्य पुलिस थानों पर केवल एक साधारण कैमरे के अतिरिक्त कुछ भी उपलब्ध नहीं होता। यह भी अपना महत्त्व रखता है। पुलिस अधिकारी को फोटोग्राफर के लिए ऐसे सामरिक स्थल पर खड़े होने का निदेश देने चाहिए जहां से वह उग्र भीड़ का अच्छा छायाचित्र ले सके। उन चित्रों को बड़ा कराने पर दुष्ट सिंह भाई लोग पहचाने जा सकते हैं तथा बन्दी किये जा सकते हैं। कोई न्यायालय अथवा परिपच्छा प्रायोग छाया चित्रों से जनसमुदाय की अभिवृत्ति, उसकी संख्या और लाये हुए अस्त्रों का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं तथा जीवन एवं सम्पत्ति को जो आतंक उससे था, उसको भी आंका जा सकता है।

अतीव महत्त्वशाली व्यक्ति : जिन उपद्रवों में क्या भारतीय अथवा क्या विदेशी किसी अतीव महत्वशाली व्यक्ति की सुरक्षा पर आंच आती है, वे अपना एक अलग वर्ग रखते हैं। एक राष्ट्रीय अतीव महत्वपूर्ण व्यक्ति की क्षति एक राष्ट्र का भाग्य तक परिवर्तित कर सकती है जैसा कि पाकिस्तान में लियाकत अली की हत्या पर अथवा बर्मा में ओगसेन तथा उसके मन्वीमंडलीय सहयोगियों के वध किये जाने पर हुआ था। एक विदेशी अति विशिष्ट व्यक्ति पर होने वाला आक्रमण युद्ध तक प्रारम्भ करा सकता है । इतिहास के प्रत्येक विद्यार्थी को ज्ञात है कि 28 जून 1914 को साराजेवों में आर्क डयूक फर्डीनिन्ड तथा उसकी पत्नी की हत्या मात्र ने प्रथम विश्व युद्ध में चिंगारी लगाई थी। यहां पर साधारण प्रदर्शनों अथवा जलूसों के अन्तर्ग्रस्त सामान्य भयों को सन्निविष्ट नहीं किया जा सकता। यदि एक भीड़ इतना प्रचण्ड रूप धारण कर सकती है कि वह एक अति विशिष्ट व्यक्ति पर पथराव या जुतियाव करे, तब उसमें से कोई मनुष्य अपेक्षाकृत अधिक घातक एक प्रक्षेपास्त्र भी फेंक सकता है। यदि कोई पथराव, जूतियाव अथवा प्रक्षेपास्त्र फेंकने वाला व्यक्ति पकड़ा जाये तब उसे तुरन्त ही बन्दी बनाना तथा उस पर अभियोग चलाना चाहिए । कांस्टेबिल जो भी इसमें अच्छी सतर्कता दिखाये उसको शीघ्र पुरस्कृत करना चाहिए।

गोला, बारूद, दुकानें तथा व्यक्तिगत लाइसेन्स : यदि कोई समुचित शंका हो तब गोले एवं विस्फोटकों का क्रय रोक देना और दुकानें मुहरबन्द करवा देनी चाहिए। साथ ही, लाईसेंस वालों से उनके शस्त्र जमा कराने के निर्णय पर भलीभांति चिन्तन की आवश्यकता है।

अलग दैनिकी लेखक : पुलिस के क्षेत्राधिकारी इतने व्यस्त होते हैं कि उनको घटना के रूप तथा समय लिखने को अवकाश ही नहीं मिलता। तब भी घटना की सही दैनिकी (डायरी) लिखना प्रशासनिक दृष्टिकोण से ही महत्व का नहीं है जबकि एक सम्पूर्ण चित्र बनाना होता है। प्रत्युत् बाद को भी परमावश्यक होता है जब उपद्रवों

के फलस्वरूप कोइ अभियोग न्यायालय में जाता है या पारेपृच्छा आयोग का विषय बन जाता है। अतः तथ्यों की घटना के समय भी लिखना चाहिए न कि कालान्तर में जब अधिकारीगण अधिक से अधिक अनुमान से रिक्त स्थानों की पूर्ति कर सकते हैं। सुतराम् कुछ पुलिस लेखकों को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अवश्य होना चाहिए जिससे प्रारम्भ से ही वे प्रत्येक घटना का समय तया विवरण सच्चाई से लिख सकें। ऐसी दैनकियां (डायरियों) का न्यायालय में बड़ा मान तथा महत्व होता है।

26. **विगुल वादक** : यथासम्भव पुलिस क्षेत्र टुकड़ी के साथ एक बिगुल वादक भी होना चाहिए जिसके द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा मैजिस्ट्रेट इस चेतावनी की ओर भीड़ का ध्यान आकृष्ट कर सकें कि वह सम्मेलन अवैध है और छिन्न-भिन्न होना चाहिए। जब आग्नेयास्त्रों का प्रयोग अवश्यम्भावी हो तब तो भीड़ को चेताबनी देने की यह बिधि सर्वोत्तम है।

शक्तियों की टक्कर : न्यायिक तथा प्रशानात्मक दृष्टिकोण के अतिरिक्त, मनोवैज्ञानिक पक्ष भी उतना ही महत्व का है। इस दृष्टिकोण से, उपद्रव तथा उसका दमन पुलिस तथा मैजिस्ट्रों (दण्डाधिकारी) काम प्रतिनिधित्व करती हुई एक शक्ति तथा न्याय विरोधी दूसरी शक्ति की टक्कर होती है। यह शक्ति विविध रूपों की होती है। प्रत्येक शक्ति के गम्भीर अध्ययन की आवश्यकता है जो चाहे छात्रों की, श्रमिकों की, राजनीतिज्ञों को, धर्मों इत्यादि किसी की हो सकती है। इससे शठता की क्षमता का निर्णय कर सकते हैं। बड़े पैमाने के दंगों में एक ऐसी निरन्तर शक्ति है जो आन्दोलन करने वाली शक्ति से सांठ-गांठ जोड़ लेती है। यह शक्ति समाज विरोधी तत्वों की है जो लूटमार तथा दहन करने को सन्नद्ध रहते हैं। इस शक्ति का बल पुलिस की साधारण क्षमता पर निर्भर होता है। यदि छानबीन तथा चालान करने की पुलिस की दैनिकचर्या उत्तम प्रकार की होगी, तब यह दुश्शक्ति क्षीण हो जायेगी। अतः दैनिक कार्य करते हुए एक सक्षम पुलिस स्वतः ही विराट रूप के उपद्रवों के विरुद्ध गारन्टी है।

शक्ति के अनेक साधनों को कम समझना मूर्खता होगी। उदाहरणार्थ साम्प्रदायिक शक्ति की राज्य शक्ति से टक्कर प्रचण्ड उपद्रवों को उत्पन्न करती है। भाषा सम्बन्धी शक्ति का प्रदर्शन प्रथम बार मद्रास से आंध्र के विलग होने के प्रश्न पर हुआ तथा तदुपरान्त राज्यों के पुनः संगठन पर हुआ और फिर बारम्बार होता रहा है। आसन्नभूतकाल है में सीमा सम्बन्धी विवाद के कारण महाराष्ट्र तथा कर्नाटक दोनों में इसने सिर उठाया। इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि जब जनसंख्या का अधिक प्रतिशत किसी विषय पर उत्तेजित हो जाता है तब वह पुलिस के वश की बात नहीं रहती है तथा राजनीतिक स्तर पर उसका समाधान करना होता है। प्रस्तुः इस बात पर पुनः बल देना होगा कि राजनीतिक समाधान के पश्चात् भी समाज विरोधी तत्व रह जाते हैं और एक बार उनको अलग करते ही उनसे निपटने का दायित्व केवल पुलिस का रह जाता है।

कार्य-परिपालन

व्यापक आदेश : आइये कुछ विशिष्ट मामलों पर दृष्टि डालें जिनमें आन्दोलनों के आयोजक शान्तिपूर्ण इच्छाओं की घोषणा करते हैं और इसका कोई ठोस प्रमाण भी नहीं मिलता कि हिंसा का आयोजन किया है, परन्तु यह भय बना ही रहता है कि समाज विरोधी तत्व भीड़ से मिलकर हिंसात्मक कार्यवाही करेंगे। अत: नियत तिथि से दस दिन पूर्व व्यापक आदेश निकाल देने चाहिए जिनमें विभिन्न स्थानों तथा दिनांकों पर जलसे तथा जलूसों से सुलझने वाले अधिकारियों के नाम एवं पद दिये हों। यह प्रकल्पना की जाती है कि राजपत्रित तथा अराजपत्रित अधिकारियों की पर्याप्त प्रशिक्षित संख्या भीड नियन्त्रण में उपलब्ध होगी। समादेष्टाओं तथा उनके जवानों में पूर्ण सामंजस्य होना चाहिए तथा दोनों को सम्बद्ध क्षेत्रों से परिचित होना चाहिए तथा अपने कर्तव्यों का पूर्वाभ्यास करना चाहिए।

दण्ड प्रक्रिया संहिता को 144 धारा —इस धारा को तब तक लागू नहीं करना चाहिए जब तक उसकी परमावश्यकता नहीं हो; किन्तु एक बार इसकी उद्घोषणा करने पर उसको प्रभावोत्पादक ढंग से प्रतिपालित करना चाहिए। पुलिस अधिकारियों तथा मैजिस्ट्रेटों के सम्मुख तक इस धारा में ढील बरतने से न्याय परिपालन ठिठोली बन कर रह जाता है तथा भीड़ों पर इस बात की छाप डालता है कि प्राधिकारी इस विषय में गम्भीर नहीं हैं। बहुसंख्यक जन कारागार जाने का भय क्रीत नहीं करना चाहते है और यदि उन्हें भय की गम्भीरता का पता चल जाये तब वह सदा दूर रहेंगे। इसके प्रतिकूल । उन्हें यह ज्ञात हो जाये कि प्राधिकारी दुर्बल हैं तथा भय नगण्य है तब भीड़ में सम्मिलित होना उन्हें एक मनोविनोद होता है।

भीड़ का मनोवैज्ञानिक नियंत्रण :एक अनुभवी पुलिस अधिकारी को जनता की उत्तेजना क्षीण करने के कई ढंग ज्ञात होते हैं। ऐसे सच्चे प्रकरणों को संग्रहित करके प्रशिक्षण हेतु एक पुस्तिका का निकालना लाभप्रद होगा। इस विषय में प्रवेश की एक रूपता नहीं हो सकती क्योंकि एक भीड़ दूसरी भीड़ से तथा एक क्षेत्र दूसरे क्षेत्र से भिन्न होता है। श्री ए० के० घोष तत्कालीन निदेशक एन० पी० ए० ने

पैम्फलैट "भीड़ नियंत्रण प्रविधि" के अन्दर इस प्रकार उपायों को संक्षेप में कहा है —

(1) ऐसे तर्कों द्वारा तथा इस प्रकार जनता से अनुरोध किया जाये कि जिससे ज्ञात हो कि पुलिस उसके पक्ष में है।

(2) ऐसे विनोदात्मक तथा नम्रता-पूर्वक अभ्युक्तियां व्यक्त की जायें कि जिनसे मैत्री भावना का प्रादुर्भाव हो तथा तनाव में कमी पाये।

(3) पुलिस को ऐसा मौन तथा शान्त रहना चाहिए कि जिससे भीड़ की आक्रमक अभिवृत्ति मधुरिम रूप ग्रहण करे।

(4) कुछ ऐसे अप्रत्याशित रूप से जनता का ध्यान हटाना चाहिए कि तनाव क्षीण

हो।

ये उपाय उस जनसमुदाय के निमित्त नहीं हो सकते जो मृत्यु तथा विध्वंस पर तुला बैठा हो। जनसमुदाय की मुद्रा की परीक्षा नेताओं के आश्वासनों पर नहीं होकर जनता जनार्दन की गतिविधियों पर होती है। संयोजक अपनी शान्तिपूर्ण आकांक्षाओं में कितने ही निष्ठावन्त क्यों नहीं हों; किन्तु जनसमुदाय उनके वश के बाहर हो जाता है। भीड़ को शान्तिपूर्ण मार्ग ग्रहण करने हेतु फुसलाने के लिए संगठक बहुधा दस पांच मिनट के समय की याचना करते हैं, परन्तु इतना समय भी देना संघातक सिद्ध होता है। क्योंकि एक बार हिंसा का हाट-गर्म करने पर वह बढ़ता ही जाता है।

शान्त जनसमुदाय के विनियम : सुयोजित उपद्रवों तक में समस्त जन समुदाय प्रारम्भ में हिंसा पर उतारू नहीं होता। वस्तुतः उसकी बहुसंख्या प्रारम्भ में शान्त होती है तथा यह पुलिस पर निर्भर होता है कि वह किस प्रकार अपनी व्यवहार-कुशलता से जनसमुदाय को जमघट के रूप में होने से रोकती है। इसका समाधान सिद्धान्तों के विनियम हैं जिनको वर्षों के अनुभव के आधार पर बनाया है। यथासम्भव जनसमुदाय को एक स्थान पर छोटी-छोटी संख्या में विभक्त करके अलग-अलग विभागों में रखना चाहिए। यदि कोई जलूस हो तव पूर्व ही मार्ग का सर्वेक्षण कर लेना चाहिए तथा अनेक नियंत्रक स्थल बना लेना चाहिए। बाढ़ को रोकने के विषय में कभी नहीं सोचना चाहिए, उसे प्रतिवाहित होने दीजिए। मार्ग में ऊंचे भवनों के ऊपर पुलिस की पर्यवेक्षण चौकियां स्थापित करनी चाहिए जिनसे जनसमुदाय की दुराचारिणी अभिवृत्तियों को जान लिया जाये तथा रोक दिया जाये। लक्ष्य बनाये भवनों के लिए, भयानक चौराहों पर, विरोधियों के गढ़ों पर तथा ऐसे उपयुक्त स्थानों पर विशेष प्रबन्ध होने चाहिए जहां से जनता आवश्यकता पड़ने पर सत्वर तितर-बितर हो जाये।

जनश्रुतियें : ऐसा साधारणतया विश्वास किया जाता है कि बिना किसी तथ्य के जन श्रुतियां नहीं उड़तीं। कुछ प्रकरणों में यह सत्य भी हो; किन्तु अगणित बार किंवदन्तियां नितान्त निराधार होती हैं। बाजार में दो बैलों का युद्ध प्रायः साम्प्रदायिक उपद्रव की जनश्रुति का रूप धारण करता है। अनेकों पुरुषों का अब भी यह विश्वास है कि रेल-दुर्घटना के उपरान्त रेल इंजन के बायलर (वाष्पपात्र) में शव झोंक दिये जाते हैं। शवों को नदियों में फेंककर हताहतों की संख्या कम करने का आरोप पुलिस पर बहुधा लगाया जाता है। निर्दोष साधुओं पर प्रायः बालक उठाने का लांछन लगाया जाता है। यह आशा करना मूर्खता है कि किम्वदन्तियां स्वयं ही काल कवलित हो जायेंगी। ऐसा बिरला ही होता है तथा जनश्रुतियां अपने पीछे विभीषक मृत्यु एवं विनाश के चिन्ह छोड़ जाती हैं। अतः प्रशासन को किम्वदन्तियों का दृढ़तापूर्वक तथा प्रभावी रूप से प्रकाशन के सभी साधनों द्वारा खण्डन करना चाहिए। जनश्रुति फैलाने वाले व्यक्ति को बन्दी बना कर चालान करना चाहिए। चाहे वह निरपराध हो परन्तु उसे उस समय ऐसा समझना अनुचित होगा। जन कल्याण के लिए वह आतंक का कारण होगा।

जनसमुदाय का विसर्जन : जन-समुदाय को छिन्न-भिन्न करने का कभी-कभी

निर्णय किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी या मैजिस्ट्रेट को लेना पड़ता है । ऐसे समय अनिवार्यताएं ये हैं :

(क) लक्ष्य की स्पष्टता : इस स्पष्टता को सिपाही तक पर पहुंचाना चाहिए।

(ख) दुर्बल तथा मर्म स्थल : भीड़ कई सहस्र हो सकती है तथा पुलिस दल की संख्या अत्यन्त कम । मुख्य करके किनारों पर क्षीण से क्षीण एवं सर्वाधिक मर्मस्थल चुनिये तथा चेतावनी देने के उपरान्त पर्याप्त बल से भीड़ को छिन्न-भिन्न करिये।

(ग) लौटने का मार्ग : क्योंकि उद्देश्य भीड़ को हताहत नहीं करके तितर-बितर करना है, जन समूह को लौटने का मार्ग खुला छोड़ना चाहिए जिससे भीरु व्यक्ति बच भाग कर निज गृह सकुशल पहुंच सकें।

(घ) भंग होने तक अनुधावन : लौटती हुई भीड़ अत्यन्त आतंक-कारिणी होती है। जैसा कि कई बार हुआ है वह लूटपाट तथा विध्वंस कर सकती है। अतः लौटती भीड़ का अनुधावन करना चाहिए एवं उसे फिर से सम्भलने तथा संगठित होने का कोई अवसर नहीं देना चाहिए । आवश्यकता पड़ने पर कफ्यू लगा देना चाहिए । तथा अनुधावन तब तक चालू रखना चाहिए जब तक मार्ग साफ नहीं हो जाते। छोटे-छोटे जत्थे तक सम्पत्ति जला तथा लूट सकते हैं।

प्रारम्भिक दृढ़ता पर वस्तुतः विनम्रता : नम्रता की गलत भावना अनिर्णय की भयानक नीति की जननी होती है। अन्ततोगत्वा, यह नीति निमर्म होती है। क्योंकि इसके अर्थ उपद्रवों का सप्ताहों तक चलाना होता है जिसके कारण निर्धनों को पारिश्रमिक एवं उदर पूर्ति से वंचित होना पड़ता है। यदि आग तथा लूटपाट से खेलती हुई भीड़ के साथ कठोरता का व्यवहार किया जाये तथा चाहे उसमें हताहतों की संख्या अधिक ही हो तब भी अन्त में यह रीति सस्ती ही पड़ेगी।

स्वतः चालित उपद्रव : आगे चलकर उपद्रव स्वचालित हो पड़ते हैं।

(1) मारे गये व्यक्ति शहीद कहलाते हैं। उनके भावभीने दाह संस्कार करने की चेष्टा होती है। शव यात्रा की अनुमति देने से लूटपाट तथा अग्नि लगाने का भीड़ को पुनः अवसर मिल जाता है।

(2) उन स्थानों पर जहां शहीद हुए। हैं, स्मारक बनाने के प्रयत्न होते हैं तथा एतद् द्वारा फिर उपद्रब भड़कने का निरन्तर भय बना रहता है।

(3) जलूस, बन्ध, 'मार्च' मूल समस्याओं पर संगठित नहीं होकर पुलिस के तथा-कथित अत्याचारों के विरोध में होते हैं। समाजद्रोही तत्व पुलिस थानों, चौकियों, पुलिस के अन्य भवनों पर किम्बहुना व्यक्तिगत जवानों तक पर आक्रमण करने हेतु संगठित होते हैं।

(4) तुरन्त ही एक अराजकता का वातावरण छा जाता है। उत्पादन तथा व्यापार ठप्प हो जाता है, मूल्य चढ़ते हैं, अपराध बढ़ते हैं। साधारण शिष्टाचार अन्तर्धान हो जाता है तथा एक राज्य-विपल्व मच जाता है।

कार्योपरान्त अनुवर्त्ती कार्यवाही

उपद्रव के दमन एवं शान्ति के पुनः स्थापन के अर्थ ये नहीं है कि पुलिस कार्य समाप्त हो गया। अपितु अनेकों अनुवर्त्ती पग उठाने रह जाते हैं।

प्रकरणों का पंजीकरण, छानबीन एवं अभियोजन : उपद्रव में किये गये प्रत्येक हस्तक्षेप्य अपराध को एक अलग प्रकरण के रूप में पंजीकृत करना चाहिए। इसकी छानबीन तथा चालान करने के लिए एक विशेष टुकड़ी का होना कई कारणों से वांछ नीय है :

(1) स्थानीय पुलिस तो कानून एवं व्यवस्था की समस्याओं से अति व्यापृत होती है। वस्तुतः एक कष्ट साध्य छानबीन करने की उसमें समर्थता नहीं होती।

(2) —क्योंकि स्थानीय पुलिस तो स्वयं गवाह भी होती है; अतएव एक निष्पक्ष तथा प्रतितिक जांच-अभिकरण का होना समुपयुक्त रहेगा। इस प्रकार की कोई प्राशंका नहीं होना चाहिए कि जिस किसी व्यक्ति ने स्थानीय पुलिस को अपशब्द कहे हैं अथवा आलोचना की है, उससे प्रतिशोध लिया जा रहा है।

(3) : यह धारणा गलत है कि प्रशासनात्मक कारणों से स्थानीय पुलिस अभियोग चला सकती है जब तक एक कुख्यात दुराचारी तक के विरुद्ध यदि कोई सन्तोषजनक प्रमाण नहीं है तब तक उसका चालान नहीं होना चाहिए।

(4) स्थानीय पुलिस कुछ प्रकरणों को प्रशासनात्मक कारणों से दबा भी सकती है किन्तु एक दीर्घव्यापी दृष्टिकोण से यह सर्वथा अवांछनीय है।

मृत शरीर की देख-रेख : शव-परीक्षण के बाद मृत शरीर की समुचित अन्तिम-क्रिया मानवीय मूल्यों के लिए ही नहीं प्रत्युत् प्रमाण हेतु भी परमावश्यक है। अग्नि के अस्त्रों का मनुष्यों द्वारा प्रयोग निपट साधारण बात हो गई है। शव-परीक्षण के उपरान्त मृत शरीरों को द्विवङ्गत व्यक्ति के उत्तराधिकारियों को सौंपा जा सकता है; किन्तु जब उत्तेजना उग्ररूप धारण किये हो तब पुलिस के निरीक्षण में ही अन्तिम संस्कार कराना चाहिए। किसी की धार्मिक भावनाओं पर ठेस नहीं पहुंचे इसके लिए पूर्ण सावधानी बर्तनी चाहिए। शवों के प्रदर्शन की आज्ञा नहीं देनी चाहिए क्योंकि इससे भावावेश वश के बाहर हो जाते हैं।

आहतों का ध्यान : आहतों को अस्पताल भी भिजवाना मानवीय तथा प्रमाण के दृष्टिकोण से अनिवार्य है। अनेक जवान छूटपुट चोट लग जाने पर अपनी डाक्टरी जांच नहीं कराते हैं। परन्तु ऐसा अवश्य कराना चाहिए जिससे विक्षत जवानों की पूरी सूची बने तथा उसमें उनकी चोटों का विवरण हो। जिन पर गम्भीर चोटें नहीं आयी हैं उनका साक्षात्कार जांच अधिकारियों द्वारा शीघ्र हो जाना चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उन्हें जाकर देखें तथा उनकी चिकित्सा का प्रबन्ध करें।

आग्नेयास्त्रों तथा गोला-बारूद का परीक्षण : घटना के उपरान्त यथाशीघ्र ही पुलिस द्वारा आग्नेयास्त्रो की परीक्षा होनी चाहिए तथा निम्नलिखित तथ्यों के प्रमुख रूप

से उल्लेख के साथ-साथ एक विस्तृत ब्यौरा तैयार करना चाहिए—(क) प्रयुक्त अस्त्रों का निर्माता तथा संख्या (ख) कितनी गोलियां चलाई गईं। (ग) गोली चलाने वालों जवानों के नाम, तथा (घ) गोली चलाने के अवसर

पुलिस वाहनों अथवा अन्य सम्पत्ति की क्षति—पुलिस को वाहनों, भवनों आदि की क्षति का विस्तृत विवरण रखना चाहिये। उपद्रव के दिन तो यह प्रगति स्पष्ट होती है किन्तु मासोपरान्ह न्यायालयों में छानबीन के समय छोटी-छोटी बात विवादास्पद हो जाती है।

भावी उपद्रव रोकने के प्रबन्ध : एक उपद्रव के दमन का अर्थ यह नहीं है कि भविष्य में दंगे होंगे नहीं अतएव अधोलिखित प्रबन्ध करने होंगे :

(1) जब तक कि सामान्य स्थिति नहीं लौट आये, दण्ड प्रक्रिया संहिता की 144 धारा की घोषणा तथा उसको चालू रखना अनिवार्य है।

(2) कर्फ्यू को लगाना अथवा लागू रखने पर स्थिति के अनुसार सावधानी से निर्णय करना चाहिए।

(3) सब आतंक वाले स्थलों पर नियत पुलिस टुकड़ियां रखनी चाहिए।

(4) सब घटनाग्रस्त क्षेत्रों में चलता-फिरता पहरा लगाना चाहिए।

उत्तम कार्य हेतु पुरस्कार : पुलिस कर्मचारी के जीवन की परीक्षा विकट संकट में ही होती है। जिसमें तथ्य निर्विवाद हों, जवानों की विशिष्ट सेवा-निष्ठा को तथा एक समारोह तक के साथ शीघ्र पुरस्कृत करना चाहिए। अन्य उत्तम कार्यों के लिए सत्वर पड़ताल करके पारितोषिक देना चाहिए।

दण्ड : इसके विपरीत जब कोई सिपाही अनुचित बल के प्रयोग, बर्वरता तथा दुराचार का अपराधी पाया जाये तब उसको सेवा से निलम्बित करने तथा अनुशासनात्मक अथवा आपराधिक कार्यवाही करने में आनाकानी नहीं होनी चाहिए। यह बिल्कुल गलत है। कि हम इस कारण से इन अपराधों से दृष्टि चुरावें कि प्रशासन के विरोधी अनुचित लाभ उठायेंगे तथा पुलिस विभाग की प्रतिष्ठा पर आंच आयेगी। विभाग की कीर्ति तो उस समय कलंकित होती है जब प्रशासनिक अधिकारी कोई कार्यवाही तब तक नहीं करते जब तक समाचार पत्र तथा जनता भण्डाफोड़ करके उन्हें ऐसा करने पर बाध्य नहीं करती।

न्यायिक पड़ताल : न्यायिक पड़ताल का प्रश्न विवादस्पद है। इसमें संशय नहीं कि यह समय-लेवा है; किन्तु यदि सरकार इसको करने का निश्चय करती है तब पुलिस को आतंकित नहीं होना चाहिये। यदा कदा तो पूर्व इसके कि कोई कहे इसे करने की घोषणा तत्काल करना वांछनीय होगा। प्रमाण के लिए एक निष्पक्ष, व्यक्ति-निरपेक्ष तथा कष्ट साध्य अध्यवसाय सदैव सहायता देता है। पुलिस की गोली चलाने पर अगणित न्यायिक पड़ताले हुई हैं, परन्तु उनके फलस्वरूप दण्डित जनों की संख्या उन पुरुषों को तुलना में अत्यन्त कम है जो अनुचित आलोचना के वलि हुए हैं।

रिपोर्टों का लिखना : रिपोर्टों का लिखना तथा उनको विभिन्न पुलिस अभिलेखें में प्रविष्टि सावधानी से अविलम्ब करना चाहिए जिसमें कोई महत्वपूर्ण बात लिखने से छूट नहीं जाये तथा घटना एवं पुलिस कार्यवाही के क्रम में कोई संदिग्धता अथवा अस्त ब्यस्तता नहीं आ जाये। अतः गोली चलाने के आदेश देने वाले पुलिस अधिकारी को अन्य बातों के अतिरिक्त निम्नांकित बातों की रिपोर्ट करनी चाहिए :

(क) प्राथमिक सूचना किसने दी तथा किसने जवानों को चालित किया, (ख) घटनास्थल पर पहुंच वहां की स्थिति जैसी उसने देखी। (ग) भीड़ की मुद्रा, उपस्थित मैजिस्ट्रेट अथवा अन्य पुलिस अधिकारीगण से मंत्रणा और सम्यक् चिन्ता तथा सावधानी के पश्चात् सबसे वरिष्ठ मजिस्ट्रेट अथवा पुलिस अधिकारी का समादेशन (द० प्र० संहिता की 52 धारा) (घ) मौखिक या ध्वजद्वारा तथा फलकों (प्लैकार्डों) पर दर्शा कर अथवा लाउड्स्पीकर द्वारा भीड़ को चेतावनी । (ङ) चेतावनी की विफलता —लाठी प्रहार या अश्रुगैस इत्यादि, इन उपायों की असफलता तथा जीवन एवं सम्पत्ति की क्षति की आशंका (च) दूसरी चेतावनी तथा न्यूनतम गोली चालन। (छ) भीड़ का लौटना तथा गोलियों का रुकना; किन्तु भीड़ को निश्चय-पूर्वक तितर-वितर करने के लिए उसके पीछे दौड़ना । (ज) हताहतों की देख-रेख (झ) गोली-बारूद का निरीक्षण एवं पहरे इत्यादि के लिए जवानों को अगले निदेश।

निष्कर्ष : ऐसे उपद्रवों के समाधान के निमित्त महत्त्वपूर्ण बातों की उपरिलिखित यह केवल रूपरेखा है । प्रत्येक घटना दूसरी से भिन्न होती है। अतएव उपायों में रूढ़िवादिता नहीं होनी चाहिए। तदपि उद्देश्य की स्पष्टता अत्यावश्यक है तथा सब पुलिस कार्यवाही प्रधानतया कानून के अनुसार ही होनी चाहिए।

विश्व की विचित्र बातें

(संयोजक ला० ना० लालसिंह भण्डारी, 54 बटा०)

1. टिपी जाति की बिल्ली बड़े अजीब ढंग से दूध पीती है । वह पहले पंजे को दूध के प्याले में डुबोती है, फिर पंजे को चाटती है ।

2. जिराफ की जीभ इतनी लम्बी होती है कि वह उससे चाट कर अपने कान भी साफ कर लेता है।

3. आस्ट्रिया के डयूक फैड्रिक की पत्नी के हाथ इतने मजबूत थे कि मुक्का मार कर कील को मोटे तख्ते में ठोक देती थीं।

मुख्य मंत्री द्वारा प्रशंसा

इस वर्ष के अगस्त मास में श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम पर के० रि० पु० दल के अन्तर बटालियन एथेलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 7 अगस्त 1974 को

समापन समारोह हुना। जम्मू तथा कश्मीर के मुख्य मन्त्री सैयद मीर कासिम विशिष्ट अतिथि थे तथा उन्होंने पारितोषिक वितरित किये। विशिष्ट व्यक्तियों को मिलाकर 7000 जनसमुदाय ने उस प्रतियोगिता का अवलोकन किया।

उस अवसर पर भाषण देते हुए, सैयद मीर कासिम ने अनेकों कानून तथा व्यवस्था की परिस्थितियों के सुलझाने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की टुकड़ियों के अनुशासन, मनोबल कर्त्तव्यनिष्ठा तथा संयम की उत्कृष्ट भावना की प्रशंसा की। के० रि० पु० दल के मानवीय कार्यों तथा क्रीड़ा-कलापों से भी वह अत्यन्त प्रभावित हुए । विशेषतः उन्होंने के० रि० पु० दल के जवानों के निरन्तर सद्व्यवहार की तथा उसके अधिकारियों के उत्कृष्ट नेतृत्व की सराहना की।

मुख्य मंत्री ने भीषण परिस्थितियों का मुख्य करके आवास के विषय में जो कष्ट के० रि० पु० दल की टुकड़ियों को उठामा पड़ता है उसका अधिमूल्यन किया।

पहेलियां

आगे पीछे मोर है,
बाहर भीतर मोर ।
गणना करके तुम कहो,
कितने सारे मोर । 1।
शंख सिंधु में सिर धुने,
अव नहीं उसका मोल ।
जब नारी ने भर लिए,
मुखमें अमृत बोल । 2।
अब्बा बेटे तुम दुकेले,
अब्बा बेटे हम दुकेले।
हम क्या है जो बाग में,
तीनों खाएं यक यक केले । 3।

उत्तर : तीन, 2. कण्ठ 3. दादा, पिता तथा पुत्र ।

सेना द्वारा सराहना

12 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के कमाण्डेंट को एक पत्र में ले0 कर्नल के0 एस0 कोहली जी0 एस0 ओ0 I, हैडक्वार्टर्स, 3 इन्फैन्ट्री डिवीजन लिखा है "मुझे

अपने जनरल अफसर कमांडिंग (समादेशक सेनानी) द्वारा 12 बटालेन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की 'सी' कम्पनी की उत्तम सेवा के प्रति उसकी सराहना व्यक्त करने का प्रादेश हुआ है जो हमारे क्षेत्र में लगभग 10 वर्ष से कार्य भार उठा रही थी। हमारे क्षेत्र में अपनी सेवा अवधि में उक्त कम्पनी ने अनुशासन की उच्च भावना का परिचय दिया तथा अपने कर्त्तव्यों को हमारी पूर्ण सन्तुष्टि से निर्वाहित किया। हमारे क्षेत्र में अनेकों पुलों की रक्षा में उसकी सेवा निष्ठा तथा सद्वृत्ति प्रशंसनीय रही।

आवडी में अभिप्रमाणिक परेड

दिनांक 17 मई 1974 को 5 सब इन्सपैक्टरों, 17 हेड कान्सटेबिलों तथा 14 नायकों ने जो सबके सब सीधे नियुक्त हुए थे 34 सप्ताह का प्रशिक्षण, केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज पावडी में पूर्ण कर सफलता प्राप्त की। मितव्यय,—आन्दोलन के कारण कोई सभारम्भिक परेड नहीं हुई तद्यपि एक साधारण तथा सत्यनिष्ठ अभिप्रमाणिक परेड ने अवसर की शोभा बढ़ाई । ग्रुप केन्द्र पावडी — के नायक वी0 वी0 बालाकृष्णन को सर्वतो-भावेन उत्कृष्ट प्रशिक्षार्थी उद्घोषित किया गया तथा महानिदेशक की "सवोंत्तम प्रशिक्षार्थी ट्राफी" प्रदान की गई।

नायक—सिक्किम में के० रि० पु० दल की नम्बर 5 बटालियन पहले थी, अब नम्बर 25 बटालियन भी पहुंच गई। बोलो अब कितनी बटालियन हैं ?

जवान—तीस श्रीमान।

के० रि० पु० दल के पिछले वर्ष (अक्टूबर 1973 से सितम्बर 1974 तक) का परिदृश्य

लेखक : बि० के० एम० पण्डालेय

पिछले वार्षिकोत्सव के पश्चात् बारह महीनों की अवधि में खाद्य सामग्री का प्रभाव, बढ़ते हुये मूल्य तथा छात्रों में असन्तोष रहा । अनेकों राज्यों में छात्रों का राजनीति में सक्रिय भाग लेना पिछले महीनों की विशेषता रही है। शिक्षित, बुद्धिमान तथा उर्जस्वी होने के नाते, छात्र-संगठनों का आजकल राजनीति में उल्लेखनीय प्रभाव है। इन आन्दोलनों को प्रचण्ड रूप देने के लिये अनिवार्य वस्तुयें के प्रभाव तथा बढ़ते हुए मूल्यों ने प्रमोधास्त्रों का काम किया है। अनेकों राज्यों में इन दिनों आन्दोलनों में छात्र अग्रणी रहे हैं ।

प्रविस्तारण का प्रतिरूप : हमारे प्रविस्तारण के प्रतिरूप में कोई विशेष

परिवर्तन नहीं हुआ है । हमारे दल का बड़ा भाग अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोराम, नागालैंड, त्रिपुरा तथा असम के पूर्वी क्षेत्र में नियुक्त रहा। इन स्थानों से कुछ पुरानी बटालियनों में अवश्य फेर बदल हुई। दुर्भाग्यवश इन बटालियनों को विश्राम तथा नवीकर प्रशिक्षण (जो उनको अत्यावश्यक था) नहीं मिल सका। जब तक देश में कानून तथा व्यवस्था की स्थिति कठिन बनी रहेगी तथा हमारी बटालियनों की निरन्तर मांग रहेगी, उन्हें पर्याप्त विश्राम नहीं मिल पायेगा। अतएव हमें अपनी बटालियनों को प्रशिक्षित करने के लिये प्रत्येक अवसर का उपयोग करना चाहिये । वातावरण एवं सेवा में परिवर्तन लाने के लिये बटालियनों को नियत काल के उपरान्त बदलना होगा तथा जिनको अपने घर से बाहर गये दीर्घ समय हो गया हो, उन्हें गृह के निकट लाना होगा।

छात्र-आन्दोलन : नवम्बर 1973 में जम्मू तथा काश्मीर के विभिन्न भागों में, मुख्य करके श्रीनगर, जम्मू, ऊधमपुर, वारा-मूला तथा सोपोर में तीव्र छात्र-आन्दोलन रहा। जम्मू तथा काश्मीर की हमारी बटालियनों तथा ग्रुप केन्द्र जम्मू से निर्मित तदर्थ कम्पनियां सेवा में लगाई गई। यह सन्तोष का विषय है कि हमारे जवानों ने अपना कार्य समुचित रूप से किया एवं राज्य प्राधिकारियों से प्रशंसायें प्राप्त की।

मेरठ-उपद्रव : दिसम्बर 1973 में मेरठ में उपद्रवों का बोल वाला रहा। हमने एक बटालियन दिल्ली से मेरठ को भेजी तथा उत्तर प्रदेश सरकार ने के० रि० पु० दल की कुछेक कम्पनियां मेरठ, आगरा तथा अलीगढ़ भेजीं। हमारे दल के पहुंचने से पूर्व उपद्रवों ने प्राणों तथा सम्पत्ति को अमित क्षति पहुंचायी। परन्तु वहां हमारे शीघ्र पहुंचने पर, स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया । हमारे अधिकारियों तथा जवानों ने व्यवहार कुशलता, दृढ़ता एवं निष्पक्षता से कार्य किया और स्थानीय प्राधिकारियों से मान तथा जनता जनार्दन से कृतज्ञता प्राप्त की।

केरल-पुलिस द्वारा प्रक्षोभ-प्रदर्शन : केरल में सशस्त्र पुलिस के जवानों ने प्राधिकारियों को एक विकट स्थिति उत्पन्न कर दी। 19 दिसम्बर, 1973 को उन्होंने सामूहिक छुट्टी लेने का निर्णय किया। केरल के पुलिस महानीरीक्षक ने स्थानीय हठीले पुलिस-जवानों से सुलझने को के० रि० पु० दल की सहायता मांगी। हमारे अधिकारीगण तथा जवानों ने प्रशंसनीय स्फति से काम लिया तथा एक नाजुक स्थिति को निबटने में अत्यन्त संयम तथा सूझ-बूझ का परिचय दिया। यह उनकी दृढ़ता तथा चतुरता को ही श्रेय है कि बिना बल-प्रयोग किये स्थिति पर नियंत्रण हो गया।

गुजरात आन्दोलन : जनवरी 1974 में मूल्य अभिवृद्धि तथा अनिवार्य वस्तुओं के प्रभावों के विरुद्ध गुजरात में एक आन्दोलन चला। स्थिति इतनी क्रांतिकारिणी हो गई थी कि राज्य सरकार को सहायतार्थ के० रि० पु० दल तथा सीमा सुरक्षा दल के अतिरिक्त सेना को भी बुलाना पड़ा। राज्य सरकार को हमारे दल ने कानून तथा व्यवस्था बनाये रखने में अत्यन्त सहयोग दिया। सुकुमार स्थितियों से निपटने में हमारे जवानों के संयम ने तथा बिना आनाकानी किये उनकी घंटों की कष्ट-साध्य सेवा ने क्या अधिकारीगण तथा क्या जनसाधारण दोनों से समान सराहना अर्जित की।

साधारण चुनाव : मार्च 1974 में विधान सभा के भंग तथा राष्ट्रपति शासन लागू होने पर गुजरात में स्थिति सामान्य सी प्रतीत हुई। फिर भी नव निर्माण युवक समिति के स्वयं सेवकों ने भ्रष्टाचार तथा मूल्य-वृद्धि के विरुद्ध आन्दोलन चलाया। किन्तु वह साधारण तथा शान्तिपूर्ण ही रहा। उत्तर प्रदेश, मणिपुर, पांडीचेरी, उड़ीसा तथा नागालैण्ड के चुनावों में कानून तथा व्यवस्था बनाये रखने में हमारी बटालियनों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। इन क्षेत्रों में शान्त एवं सरल मतदान का मूल कारण हमारे जवानों का कठोर परिश्रम ही था।



दिल्ली में नित्य प्रति होने वाले प्रदर्शनों का एक दृश्य

नागालैण्ड तथा मणिपुर में हमारा कार्य इसलिये कठिन तथा आतंकमय था कि भूमिगत विद्रोहियों ने निर्वाचन को नष्ट-भ्रष्ट करने को धमकी दी थी एवं मतदाताओं को भयाक्रान्त एवं उत्पीड़ित करने की चेष्टा की थी। उत्तर प्रदेश में अधिशासी व्यक्तियों के साथ साथ हमने एक प्रचुर संख्या में वेतार सेट दिये । महानिदेशक के० रि० पु० दल को एक अर्द्ध-सरकारी पत्र में केन्द्रीय गृह-मंत्री ने उत्तर प्रदेश में भीषण स्थिति से सुलझने हेतु हमारे अधिकारीगण तथा जवानों द्वारा की गई पद्धति की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने के० रि० पु० दल की सेवाओं की स्वयं भी सराहना की थी।

बिहार-उपद्रव : तदुपरान्त बिहार की बारी आयी जब मार्च 1974 को कानून तथा व्यवस्था ने गम्भीर रूप धारण किया। एक बटालियन मुकामेघाट से तथा दूसरी

वाराणसी से के० रि० पु० दल की दो बटालियनें पटना दौड़ाई गईं। राज्यपाल को विधान-सभा के संयुक्त अधिवेशन में भाषण देने से रोकने का विरोधी दलों का यत्न विफल किया गया जिनमें छात्र भी थे। पटना में उत्तेजित भीड़ इधर उधर दौड़ कर आग लगाने तथा लूट पाट करने में लग गईं। फलस्वरूप स्थिति को नियंत्रित करने में सेना बुलानी पड़ी। हमारे जवानों ने पटना की विस्फोटक स्थिति को संयमपूर्वक तथा प्रभावोत्पादक ढंग से सुलझाया। बिहार के महानिरीक्षक पुलिस तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हमारे जवानों की सेवा-निर्वाहन की रीति की सराहना की।


सिक्किम में : अप्रैल 1974 में सिक्किम के पर्वतीय राज्य में निर्वाचन हुए। एतदर्थ, वहां पूर्व से ही स्थित एक बटालियन के साथ साथ, दो और अतिरिक्त कम्पनियां, भेजी गई। सिक्किम प्रशासन को निर्वाचन-काल में दी गई हमारे जवानों की सहायता, उमंग तथा दक्षता का प्रशंसन मुख्य प्रशासन अधिकारी ने उन्मुक्त कण्ठ से किया।

रेल-हड़ताल : हमारी सरकार को इन पिछले वर्षों में कानून तथा व्यवस्था के विरुद्ध नृशंस से नृशंस चुनौतियां जो सम्मुख पायी हैं उनमें से थी रेल कर्मचारियों की एक सार्वजनीन हड़ताल । सफल हड़ताल का परिणाम होता अखिल राष्ट्र की अनगणित क्षति । सुतराम् सरकार ने समस्त रोकथाम के उपाय करने का निश्चय किया जिससे अनिवार्य रेल-संचार तो कम से कम बना रहे । केन्द्रीय तथा राज्य स्तरों पर समन्वयन समितियां स्थापित की गई। रेल, नागरिक प्रशासन तथा कानून एवं व्यवस्था के अधिकरणों के अधिकारियों ने अनिवार्य रेल-संचार चालू रखने का ब्यौरा बनाया जिससे खाद्यान्न पेट्रोल, तेल तथा स्निग्ध पदार्थ, कोयला तथा कच्चे मालों के आवागमन पर दुष्प्रभाव न पड़े। केन्द्र तथा राज्यों के अन्य कानून तथा व्यवस्था के अधिकरणों के साथ साथ के० रि० पु० दल ने अनिवार्य संचार-व्यवथा को बनाये रखने के लिये एवं निष्ठावन्त रेल कर्मचारियों में सुरक्षा भावना को उत्पन्न करने के हेतु रेल अधिकारियों की सहायता करने में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। जहां कहीं भी हमारे अधिकारी तथा जवान सेवारत हुए, उन्होंने उस सेवा को भली भांति निभाया। हमारे काम में क्या सरकार तथा क्या जनता सभी की अतीव सराहना प्राप्त की।

रेल-हड़ताल से सम्बद्ध कार्य ने के० रि० पु० दल की सेवाओं में एक और आयाम जोड़ा तथा दल को अपनी क्षमता तथा बहुमुखी प्रतिभा दर्शाने का अवसर दिया। अपने प्रत्यधिक वैयक्तिक कठिनाइयों नथा असुविधामों को उठाकर हमारे जवानों ने कठिन सेवा में घंटों बिताये, सतर्कता का उच्च स्तर बनाये रखा तथा निष्ठावन्त कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की सुरक्षा की। अनेक स्थानों पर स्थानीय प्राधिकारियों ने हमारी यूनिटों तथा टुकड़ियों के प्रति उल्लेखनीय अधिमान्यता दी। यह ही हमारे दल के प्रति उनके विश्वास का परिचायक है। यद्यपि हड़ताल 8 मई से 28 मई, 1974 तक रही तद्यपि हमारी वटालियनें 4 मई से पूर्व प्रविस्तरित हुई तथा हड़ताल समाप्त होने के पर्याप्त उपरान्त तक राज्यों में उपस्थित रहीं।

माना शरणार्थी शिविर : जून 1974 में, दल को एक नई सेवा सौंपी गई। मध्य प्रदेश में माना शरणार्थी शिविर सम्मिश्र में एक लाख से अधिक शरणार्थी रहे हैं । इन

शरणार्थियों को विविध परियोजनाओं के स्थलों पर इतर-बेतर करने में तथा उनको नौकरी दिलाने में पुनर्निवास मंत्रालय के प्रयास सर्व प्रकारेण विफल रहे। पुर्निवास मंत्रालय की प्रार्थना पर 36 बटालियन के० रि० पु० दल की तीन कम्पनियां माना को भेजी गई। विप्रथन कार्यक्रम के परिपालन में शिविर अधिकारियों के लिए हमारे दल को योगदान देना था। पुनर्निवास मंत्रालय ने अनुभव किया कि हमारे दल की उपस्थितिमात्र ही ने उत्पाती शरणार्थियों पर अपेक्षित प्रभाव डाला। माना पर हमारे दल के पहुंचने के समय से अब तक लगभग 3000 परिववार (15000 व्यक्ति) विभिन्न स्थानों पर भेज दिये गये हैं।



रेल पटरी की तोड़ फोड़ में बुरीभाँति व्यस्त उपद्रवी भीड़

इस प्रकार हमारे अन्तिम वार्षिकोत्सव से अब तक दल ने अनेकों कार्य उमंग, उत्साह तथा दक्षता के साथ सम्पन्न किये हैं। हमारी बटालियनों के निस्तारण तथा सहायता कार्य एवं स्वेच्छापूर्वक मानवीय सेवाओं ने विभेदकारी जनता से सद्भावना प्राप्त की है।

अन्न-प्रभाव, खाद्य की अनिश्चित प्रत्याशा, वेग से बढ़ती मुद्रा स्फीति, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा बिहार के कुछ भागों में नकसलपथियों की निरंतर गतिविधियां; मिजोराम तथा नागालैंण्ड में विद्रोही गतिविधियों का पुनः सिर उठाना; विपक्षी दलों

को सरकार की कठिनाइयों तथा कामेयों से लाभ उठाने की भावना रखते हुए, मुख्यकरके 1976 के साधारण चुनावों पर दृष्टि तथा राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रशासनों का के० रि० पु० दल पर अतिशय निर्भर होना;—ये सब बातें इस तथ्य की परिचायक है कि दल को आगामी मासों में अत्यधिक सेवाभार उठाना पड़ेगा। हमको अपने जवानों से घनिष्ठसम्पर्क रखना है, उन्हें निदेश देना तथा प्रेरित करना है जिससे दल की सर्वोत्कृष्ट परम्पराओं के अनुरूप वे उत्तम कार्य करके दिखायें तथा दल को जनता एवं सरकार द्वारा दिये हुए विश्वास एवं श्रद्धा को समुचित सिद्ध कर सकें। आइये, राष्ट्र के इस संकट के समय हम एक बार "सेवा तथा भक्ति" की प्रतिज्ञा फिर दुहरायें।

महानिदेशक पद ग्रहण करने पर श्री सक्सेना जी के कुछ उद्गार ठोस सेवा पर बल

भारत सारकार ने मुझे आपको चौथे महानिदेशक के रूप में आपकी सेवा करने का महान आदर दिया है। मेरे तीनों पूर्वाधिकारियों के प्रति दल स्नेह तथा श्रद्धा रखता है और उनके प्रति पालित आदर्श ही हमारी मूल्यवान् पैत्रिकता है।

जीवन, ज्वार भाटा, समय तथा के० रि० पु० दल के समान एक महागुल्म कभी स्थिर नहीं रह सकते। विगत 25 वर्षों में रोमांचकारी विकास हुए हैं तथा परिवर्तनों की गति तीव्रतर ही होती जा रही है। प्रत्येक पुरातन उत्तम वस्तु को सम्भाल कर रखते हुए हमें के० रि० पु० दल को वर्तमान एवं निकट भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना है। अपने जवानों की दक्षता के अनुसार हमें परिवर्तनों की गति रखनी होगी, किन्तु उच्चतर स्तर पर हमें अपनी पद्धतियों को आधुनिक बनाना होगा।

इसकी विस्तृत सेवा-सीमा में सैन्य तुल्य कार्यों से लेकर विशुद्ध नागरिक पुलिस की सेवायें तक आती हैं। इन्हीं दिनों रेल हड़ताल में इस दल को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ी है। इस कार्य परिधि को संकुचित नहीं किया जा सकता; क्योंकि भारत सरकार तथा राष्ट्र को सर्वाधिक लाभ तो इसकी बहुमुखी क्षमता से प्राप्त होता है।

कतिपय राष्ट्रीय एव अन्तर्राष्ट्रीय कारणों से हमारे वश के बाहर के एक विकट आर्थिक संकट ने हमें चारों ओर से आ घेरा है। ऐसी स्थिति में अपनी मांगों द्वारा राजकीय साधनों पर हम और भार नहीं डाल सकते। हमें कृपणता की सीमा तक मितव्ययी होना पड़ेगा जिससे विधवाओं, विकलांगों, विक्षतों तथा रोगियों को लाभ, कुशाग्रबुद्धि बालकों तथा बालिकाओं को छात्रवृत्तियां, के० रि० पु० दल के परिवारों में खेल-कूदों की व्यवस्थाओं तथा दल के स्वास्थ्य एवं बौद्धिक सुधार जैसे उत्तम प्रयोजनों के लिए अधिक धन राशि जुटा सकें।

कल्याणकारी क्षेत्र में ठोस सेवा पर बल देना पड़ेगा—उदाहरणार्थ इस वर्तमान

आर्थिक कठिनाइयों के दिनों में जवान परिवारों को अतिरिक्त आय, ग्रुप केन्द्रों के परिसरों में या उसके निकट स्थलों पर बालकों के लिए विद्यालय, दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं तथा शुद्ध खाद्य सामग्रियों का संभरण तथा सर्वोपरि परिवार-नियोजन पर निरंतर नियन्त्रण के लिए बल देना होगा। हमारे निर्माण-कार्य की गति धीमी हो गई है; किन्तु जो कुछ भी धन राशि हमें प्राप्त होती है उसका सदुपयोग करना है। स्वच्छ तथा स्वस्थ जीवन के अर्थ अपव्ययी जीवन के नहीं हैं तथा हमारे 17 ग्रुप केन्द्रों एवं पांचों प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों को इस विषय में स्वयं को दृष्टान्त बनना होगा।

आज भारत में सर्वत्र के० रि० पु० दल विद्यमान है। जबकि कानून को समाज विरोधी तत्वों पर दृढ़तापूर्वक लगाना चाहिए, कानून-भंजकों के प्रति कोई द्वेष, दुर्भावना तथा प्रतिकार की चेष्टा को जन्म देने का हमें कोई कारण नहीं है। अपराधियों पर कम से कम बल का प्रयोग एक पावन सिद्धान्त है।

मुझे यह दुष्कर कार्य मिला है। परन्तु आपकी सहकारिता से इसे सफल बनाने की मुझे आशा है। मेरी प्रभु से प्रार्थना है कि जिन जवानों के प्रति मेरा अनुराग है उनका अधिक से अधिक क्षेम करने की मुझ में शक्ति दे। हमको यह सुनिश्चित करना है कि हम उन्हें सदैव "सेवा तथा भक्ति" का आदर्श मार्ग दिखाते रहें तथा आगामी संकट के दिनों में वे सरकार के शक्ति स्तम्भ बने रहें। मुझे प्रसन्नता है कि एक ऐसे श्रेष्ठ तथा सुपरीक्षित दल की सेवा करने का मुझे अवसर प्राप्त हुआ है। इस दल के अभ्युत्थान में प्रभु-प्रदत्त सभी शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक शक्ति लगाने में मैं सदैव कटिबद्ध रहूंगा।"

<u>कहानी</u>

इज्जत की बेहज्जती

लेखक : श्री जे० एस० शर्म्मा

औरंगजेब के काल में सिन्धु प्रान्त की राजधानी ठट्ठा थी। वहां का सूबेदार इज्जत खां पहले तो औरंगजेब के शत्रुभ्राता दारा का सेवक था, किन्तु उसने पराजित दारा का साथ मुलतान के स्थान पर छोड़ दिया था; जब कन्दरा-कान्तारों में भटकता हुआ बेचारा शाहजादा दारा भक्खर को प्रस्थान कर गया था।

इधर दूसरा भ्राता शाहशुजा भी औरंगजेब पर आंधी-धांधी बढ़ रहा था। अवसर का लाभ उठाकर इज्जत खां औरंगजेब से जा मिला और उसने शाहशुजा के दांत खट्टे किये।

इज्जत खां की वीरता एवं सामयिक साहाय्य से प्रसन्न होकर औरंगजेब ने उसे यह इज्जत दी कि ठट्ठा का सूबेदार बना दिया। इज्जत खां तब तक वृद्ध हो चुका था, परन्तु उसकी विषय वासना तो और भी तरुण हो रही थी। वह इतना इन्द्रिय-लोलुप था कि

प्रान्त की कोइ भी वारांगना उसके काम-पाश से नहीं बच पाइ थी। इसके अतिरेक्त उसे यह पता लगने में देर होती थी कि अमुक की पत्नी या पुत्री सौन्दर्यशालिनी है कि वह पहले ही डोरे डालने लगता था तथा येन-केन प्रकारेण अपने हरम में प्रवेश करा लेता था।

उसी नगर में एक अन्य यवन गजनफर खां था जिसका समाज में अच्छा मान था। उस पर धनधान्य का भी अभाब नहीं था। उसकी एक मात्र पुत्री गुलबदन थी जो 'यथा नाम तथा गुणः' की लोकोक्ति चरितार्थ करती थी। बह वस्तुतः गुलाब के फूल की भांति कोमलांगना थी। जो भी उसे विलोकता निष्पलक निहारता ही रह जाता था।

"क्या कयामत है, क्या तजल्ली हुस्ने नूर है ?"

"अरे मियां हूर है हूर। नूरे सरापा।"

"बिल्कुल परी पैक, अरे पान खाती है तो मियां गला तक लाल हो जाता है।" इत्यादि कामोक्तियां मुख से अनायास निकल जाती थीं और इसमें सन्देह नहीं कि उसके रत्ती रत्ती अंग प्रत्यंग में रति अनुरक्ति दृग्यत होती थी आसक्ति की श्वास दौड़ती थी तथा ऐसा लगता था कि विधाता ने अप्सराओं को लज्जित करने के हेतु उस कोक-कारिका का सृजन किया है।

कस्तूरी को कितना ही बन्द करके रखो, उसकी सुगन्ध फैल ही जाती है; रूप को कितना छुपा कर रखो; उसकी चर्चा उड़ ही जाती है। तिस पर इज्जत खां कैसे अपरिचित रह सकता था जिसका ध्येय ही मदिरा तथा मदिराक्षी था। सौंदर्य का वर्णन सुनते हो उसका मुग्ध मन-मधुप प्रेमराग गुजारने लगा, चित्त वीणा वासना से झंकृत होने लगी तथा लगा होने उसका प्राण शत शत प्राणों से गुलबदन पर न्यौछावर।

फिर क्या था ? दूतियों पर दूती गजनफर खां के घर के चारों और गुप्त रूप से चक्कर लगाने लगी तथा लगी गुलबदन का हृदय सूबेदार के प्रति मोहने। परन्तु गुलबदन भी मोम की गुड़िया नहीं थी जो तनिक सी गर्मी से पिघल जाती। जब शाम दाम से काम नहीं चलता देखा तब इज्जत खां दण्ड पर उतर आया। उसने अपनी उच्च पदवी की धमकी दी; फिर न नुकच करने पर उस रूपसी की बौटी खिंचवाने की घुड़की भेजी।

प्रथम तो गुलबदन ने छिपाये रखा, किन्तु सहनशीलता की भी सीमा होती है। अब उसने निज पिता को घुमा-फिरा कर सब वृत्तान्त बता ही दिया। पिता की दशा अब सांप छछून्दर जैसी थी। कन्या देता है तो एक अर्जर पंजर को और नहीं देता है तो 'मलकुल मौत' सिर पर मुख फाड़े खड़ी है ! अन्ततः इज्जत खां वहां का सूबेदार था ? 'हुक्मे हाकिम मर्गे मफ़ाजात।'

जब गजनफर खां को सर्वत्र आपत्ति के घनघोर बादल मंडराते दृष्टिगत हुए तो उसे अपने मित्रों से मन्त्रणा लेने के अतिरिक्त कोई चारा नहीं रह गया।

"उफ, क्या कहा ? ऊंट के मुह को जीरा।"

“छिः लंगूर के गले में सोने की घंटी।”

“बल्कि यों कहिये रेशम की फरिया में टाट का पेबन्द।”

तभी गजनफर खां ने कहा कि इस प्रकार फूल न पाती देवी स्वाहः करने से काम नहीं चलेगा। इसका कोई उपयुक्त उपाय खोजना होगा। प्रत्यन्त दीर्घकाल तक मन्त्रणा चलती रही। चिन्तन मनन होता रहा। तभी एक बोला, “वह पांच-पांच हम सात-सात।”

“बिल्कुल वह दाल दाल तब हम भात भात।”

फिर सब ने एक दूसरे से काना फूंसी की।”

नवाब इज्जत खां आज फूला नहीं समा रहा था। वह घंटों से निशागम की प्रतीक्षा कर रहा था; किन्तु आज भुवनभास्कर के उच्चैःश्रवा घोड़े भी अपना स्यन्दन च्यूंटी की चाल चलाते लगते थे। इससे पूर्व सूबेदार जाना नहीं चाहते थे। क्योंकि प्रेमिका ने आदेश दिया था कि सूबेदार स्त्री के वेश में आयें जिससे पुत्री की इज्जत इज्जत के साथ पिता के हाथों बच जाये। स्त्री-वेश केवल रात्रि में ही सम्भव हो सकता था; जब उसे अन्य नहीं पहचान सकते थे।

बड़ी कठिनता से अन्धकार आया, बड़ी तत्परता से वृद्ध सूबेदार ने स्त्री वेश बनाया तथा वह चल दिया प्रिया से अभिसार करने। अहा, क्या ही सौभाग्य ! प्रेमिका पूर्व से ही सूबेदार के आतिथ्य को आंखे बिछाये बैठी थी। उसने चुपके से प्रेमी को निज कक्ष में बुला लिया।

परन्तु गुलबदन को जहां आया की कथा स्मृत थी। जब उसका प्रेमी शाहजदी के कक्ष में आया तब सम्राट शाहजहां को पता चल गया और वह पुत्री के कक्ष की ओर चल पड़ा। खटखटाहट सुनते ही जहांआरा के प्राण शुष्क हो गये और उसने शीघ्र ही प्रेमी को देगची में बिठा दिया तथा ऊपर से थाल ढक दिया। जब कपाट खुले तब शाहजहाँ को। कुछ नहीं मिला। परन्तु उसने भारत जैसे विपुल राज्य का शासन किया था; तदुपरि वह स्वयं लम्पट रहा था और इन प्रेम-प्रपंचों में वह स्वतः सिद्धहस्त था। तुरन्त ताड़ गया कि मर्म क्या है ? बोला “शाहजादी इस देगची में क्या है ?”

“पानी है अब्बा जान।”

“तब क्या इसे गरम नहीं कर दोगी। ईंजानिब कुछ गुस्ल करना चाहते हैं।”

शाही हुक्म को कैसे उदूली हो सकती थी। पानी गर्म हुआ, देगची खौली, परवाना शमा पर फना हो गया।

इस दारुण कथा को समझाते हुए गुलबदन ने सूबेदार से अनुरोध किया कि ‘अल्लाह खैर करे। कहीं हम तुम पर ऐसी नहीं गुजरे। अगर इजाजत हो तो देख आऊं। कहीं वालिद साहब जग तो नहीं रहे हैं।’ “दुरुस्त, मेरे लिए एक लोटा पानी भी लेती आना। अगर तुम्हारे वालिद पूछें भी; तो यह अच्छा बहाना हो जायेगा।”

“वल्लाह कुरबान जाऊं, आखेर सूबेदार जो ठहरे। कोई ठट्ठा तो ठट्ठ पर निजाम करना नहीं।” मुस्काते हुए गुलबदन ने कपाट बन्द किये और एक आलमगीरी ताला लगा दिया।

इज्जत खां गुलबदन के रूप पर तो मोहित था ही; परन्तु उससे बढ़ कर उसकी कुशाग्र बुद्धि तथा सावधानी पर मुग्ध थी। ऐसी शतावधानता महिलाओं में उसने कम देखी थी। अतः सोचता था कि अवसर मिलने पर बस उसे पट्टमहिषी बनायेगा—ठीक जहांगीर की नूरजहां के समान। “अहा, एक और नूरजहां दुनिया के पर्दे पर हकूमत करेगी और हम जहांगीर की तरह कहा करेंगे कि मल्का तुम्हारी मुहर से हमारे हुक्मों में चार चांद लग जाते हैं।”

इज्जत खां इन्हीं जागृत-स्वप्नों में पर्याप्त देर तक खोया रहा। वह प्रेम का संसार बना रहा था; उसमें शाहजहांबाद सा राज्य नगर देख रहा था—फिर दीवाने खास जिसे धरती का स्वर्ग कहते हैं ‘गर वर रुये जमीं अस्त। हमीं अस्त, हमीं अस्त, हमीं अस्त।’

तभी उसे शाहजहां की एक गलती दृग्गत हुई, छिः वह कैसा बेवकूफ था कि उसने तख्ते ताऊस दीवाने आम में रखा। हम तो इश्क के दारुल खिलाफत में उसे अपने दीवाने खास में रखेंगे और फिर करेंगे बैठ कर उस पर मुहब्बत की रंगरेलियां—अहा हा—”इसी खुशी की उधेड़ बुन में कई घड़ियां बीत गई तब उसे कुछ सुधि आई। ऐं, यह क्या ? सुबह का तारा निकल आया? फिर पौ फटने लगी—लो पक्षीगण प्रातः राग गाने लगे, बाल-रवि झांक-झांक कर इज्जत की मानो खिल्ली उड़ाने लगे।

अब इज्जत खां का माथा ठनका—उसे क्या विदित था कि ‘मासूम सूरत वाले, होते हैं आफत के परकाले।’ छिः वह परी नहीं पूरी छप्पन छुरी निकली। ऐसा उसने कभी सोचा भी नहीं था। किन्तु समय ने अब सबके साथ विश्वासघात किया था। भाग्य ने धोखा दिया था। कभी वह उस अनङ्गतरंगिणी गुलबदन को सौ सौ अपशब्द सुनाता; तब कभी अपनी बुद्धि को धिक्कारता था। वह कपाटों को पटपटा रहा था। परन्तु परित्राण को दूर तक द्वार नहीं खुला था। निकल भागने का कोई उपाय नहीं था। एक भयावह निस्तब्धता में पटपटाहट गूंज कर रह जाती थी।

तिस पर कोढ़ में खाज यह थी कि उसी दिन उसे जनता को दर्शन देने थे। अतः जनगण लाखों की संख्या में उसके दुर्ग के नीचे नेत्र बिछाये बाट जोह रहे थे। परन्तु एक सूबेदार साहब थे कि जिनका अब था न तब।

उसी समुदाय में गजनफर खां के वे सहयोगी भी थे जिन्होंने वह कानाफूंसी की थी। इन्हें तो अब हल्ला-गुल्ला करने की स्वर्ण बेला मिली थी। “वाह साहब वाह, आखिर मालूम भी तो हो कि सूबेदार साहब कहां गुम हो गये जो पता ही नहीं चलता।”

“खुदा खैर करे। कहीं कुछ हो गया हो तब सल्तनत कैसे चलेगी, अमनो आमान केसे कायम रहेगा।”

"नहीं नहीं, हमें इसी वक्त दिल्ली में शहंशाह को इत्तला देनी होगी। उनसे आगे के लिए फरमान मांगना चाहिए।"

सूबेदार के खोजे अत्यन्त दुखार्त तो पहले ही थे कि सूबेदार का पता ही नहीं चल रहा था। इस मन्त्रणा ने कटे पर नमक का कार्य किया। वे तुरन्त बोल उठे, "नहीं नहीं सब्र से काम लीजिये; सरकार के दुश्मनों की तबियत अलील है।"

तभी गजनफर खां का एक साथी बोला "गर ऐसी बात भी है तब भी सुलताने सुलातीन को तो खबर भेजना ही होगी।"

यह मन्त्रणा सामयिक तथा समुपयुक्त होने के कारण सबके गले उतर गई। उस समय यह ही प्रथा थी कि सूबेदार की रुग्णता की सूचना औरंगजेब को पहुंचाई जाती थी। अतः राज्याभिसूचकों तथा गुप्त प्रेषकों ने यह अभ्यर्थना की कि सूबेदार को देखने की उन्हें अनुमति दी जाये। अब तो अत्यन्त विकट स्थिति उत्पन्न हो गई। संशय मिटाने को जब राज्य-वैद्य से पूछा गया, तब उसने सरल हृदय से स्पष्ट कह दिया कि 'हमें तो कोई बीमारी का इल्म नहीं है, कोई इत्तला नहीं है।'

वस्तुतः उसे आशंका थी कि कहीं खोजें धूर्तता पर तो नहीं उतर आये हैं और उन्होंने सूबेदार का कहीं वध ही नहीं कर दिया हो। अतः यह जनश्रुति समस्त नगर में रूई की भांति धुन गई कि 'सूबेदार इज्जत खां दुनिया फानी से कूच कर गये है; मगर खोजें इसे छिपा रहे हैं।

फिर क्या था? एक विप्लव मच गया, अस्तव्यस्तता फैल गई; कान पड़े कोलाहल श्रवण नहीं पड़ने लगा। तभी जनता ने क्या देखा कि एक संभ्रांत व्यक्ति दुर्ग के परकोटे की ओर चला आ रहा है। खलकत ने हाथ उठा उठा कर "खामोश खामोश" के नारे लगाये। जब वातावरण शान्त हो गया तब प्रजा ने देखा कि वह भव्य व्यक्ति गजनफर खां के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं है और वह उच्च अट्टहास किये जा रहा है। एक तीव्र कुतूहल था, दुरुह विडम्बना थी। अन्त में गजनफर खां ने स्वयं रहस्य उद्घोषित किया।

"हाजरीन भाइयों, आप मुतलक फिक्र नहीं करें। सूबेदार साहब निहायत भले-चंगे हैं। वह हमारे गरीब खाने पर रौनक अफरीन हैं जिनको कुछ शकोशबाह हो वें हमारे साथ चलकर मुलाकात कर सकते हैं।"

फिर क्या था? भीड़ की भीड़ गलनफर खां की पीछे हो ली। गृह पहुंचते ही पिता ने पुत्री से कुंजी मांगी और भीड़ से ताला खोलने का आग्रह किया। एक स्थान पर अनेक खोलने दौड़ पड़े। परन्तु जब कपाट खुले तब सब दांतों तले अंगुली दबा गये। सूबेदार इज्जत खां स्त्री वेष में लज्जा से गड़े जा रहे थे।

तभी गजनफर खां के एक साथी ने सारी प्रणय कथा वर्णन की। इज्जत खां अपनी इस बेइज्जती से इतना लज्जित था कि उसने ओढ़नी से अपना मुख छिपा लिया था। तुरन्त खोजों ने उसे पालकी में बिठाया। परन्तु गुलबदन ने पालकी के पास आकर

कहा, “सुबेदार साहब पानी तो पीते जाइये।” गजनफर खां को हंसी रोके नहीं रुकी। वह बोला, “हजूर क्या पानी पियेंगे वह तो खुद पानी पानी हो रहे हैं।” खोजों ने जल्दी की तथा वहां से नौ दो ग्यारह हुए। फिर भी गजनफर खां का एक साथी व्यंग कसे बिना नहीं रहा—“बड़े बे आबरू होकर तेरे कूंचे से हम निकले।” और फिर क्या था? कह कहों का हंगामा मच गया।

उस दिन के पश्चात् जनता ने इज्जत खां का मुख नहीं देखा। शत्रुओं ने यह समस्त प्रकरण औरंगजेब के पास तक पहुंचा दिया। मौरंगजेब अनेक दुर्गणी होते हुए भी इस विषय में बड़ा कठोर शास्ता था। उसने तुरन्त इज्जत खां को सूवेदारी से हटा दिया और दण्ड स्वरूप उसे नंगे पांव दिल्ली तक बुलाया। वहां पहुंच कर लज्जित इज्जत खां अधिक दिन जीवित नहीं रह सका और मृत्यु पर्यन्त इज्जत इस बेइज्जती को कभी नहीं भूला।

क्रीड़ा क्षेत्रेःअंतररेंज प्रतियोगितायें

दिनांक 16 से 23 अगस्त 1974 तक केन्द्रीय प्रशिक्षण कालिज द्वारा नीमच में अन्तर रेंज जिम्नास्टिक्स टूर्नामेण्ट आयोजित किया गया। श्री जे० के० वालानी उपमहानिरीक्षक के० रि० पु० दल ने उसका उद्घाटन किया। यह प्रतियोगिता अन्तर राष्ट्रीय नियमों के अनुसार खेली गई। 23 अगस्त 1974 को सर्वोत्कृष्ट जिम्नास्टों द्वारा विशष जिमनास्टिक प्रदर्श भी किये गये। तत्पश्चात् पुरस्कार वितरित किये गये तथा श्री बालानी ने समापन समारोह की अध्यक्षता की।

सिगनल प्रशिक्षण रेंज विजयी रही। तथा पूना रेंज द्वितीय। गोहाटी रेंज ने तृतीय स्थान पाया। ला० ना० समीर भट्टाचार्य (नीमच) सर्वोत्तम जिमनास्टिक निर्णीत हुआ। केन्द्रीय जिम्नास्टिक टीमों के लिए निम्नलिखित जिन्मास्ट अनन्तिम रूप से मनोनीत किये गये :

जमा० एल० एम० खन्ना (प्रशिक्षक) के० प्र० कालेज I, बलबीर सिंह (44बटा०) शंकर लाल (3 बटा०) मूल चन्द (15 बटा०) एन० वी० भौंसले (26 बटा०) है० का० वी० के० भौंसले (के० प्र० कालेज I) तथा बी० आर० मोर (17 बटा०) ना० पीतम्बर सिंह (के० प्र० कालेज I) ला० ना० समीर भट्टाचार्य (49 बटा०) आर० के राजू (र० प्र० केन्द्र II) तथा जगन्नाथ सिंह (के० प्र० कालेज I) कां० एस० जी० पठाडे (44 बटा०) हरवंश लाल (49 बटा०) प्रभात कुमार (49 बटा०) मुहम्मद अब्दुल (49 बटा०) जी० गोपालकृष्णन (44 बटा०) तथा ला० ना० देव प्रकाश (के० प्र० कालेज II)।

बास्केट बाल :

दिनांक 22 से 28 जुलाई 1974 तक 9वीं अन्तर रेंज बास्केट बाल टूर्नामेन्ट ग्रुप केन्द्र पूना द्वारा आयोजित किया गया। श्री एस० वी० टंकीवाले, पुलिस आयुक्त पूना ने

इस टूर्नामेन्ट का समारम्भ किया। लीग तथा नाक-आउट के आधार पर सभी दस टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। गोहाटी तथा अजमेर रेंज ने 'क' वर्ग से तथा पूना एवं हैदराबाद रेंज ने 'ख' वर्ग से अर्द्ध-फाइनल अर्हता प्राप्त की में गोहाटी ने हैदराबाद की तथा पूना ने अजमेर को पराजित किया।



अंतर रेंज बास्केटबाल प्रतियोगिता की विजयी टीम

28 जुलाई 1974 को पूना रेन्ज ने फाइनल में गौहाटी को (71-42) पराजित कर विजय-किरीट धारण किया। जमा० करनैल सिंह पूना रेंज टीम का सर्वोत्तम खिलाड़ी था और उसने 71 अंकों में से 26 अंक आये। श्री प्रतिपाल सिंह डी० वाई० एस० पी० तथा ला० ना० के० अपुन्नी दोनों ने 71 अंकों में से 26-26 अंक प्राप्त किये जबकि गौहाटी रेंज से डीवाई० एस० पी० के० सी० शर्मा तथा जमादार भंवर सिंह ने 22 तथा 6 अंक क्रमशः प्राप्त किये। अजमेर रेंज विजयी रही।

श्री वी० जी० कनेतकर भूतपूर्व महानिदेशक के० रि० पु० दल ने समारोह की अध्यक्षता की। श्रीमती बी० जी० कनेतकर ने विजेता तथा द्वितीय स्थान पाने वालों को पारितोषिक वितरित किये।

बालीबाल में रि० पु० दल की शानदार जीत

नवलगढ़ (राजस्थान) में 22 से 25 सितम्बर, 1974 तक खेले जाने वाले श्री महर शेखावत स्मारक अखिल भारतीय वालीबाल टूर्नामेन्ट में के० रि० पु० दल की बालीबाल टीम विजयी हुई।

यह भी खूब रही

रामू "सर, मैंने एक नम्बर के उत्तर दिये हैं इस बार"

शिक्षक "तभी तो एक नम्बर भी पाया है।"

बड़ी देर से स्टाप पर बस नहीं आने पर बालक की दृष्टि सामने परिवार नियोजन के विज्ञापन पर गई और चिल्ला पड़ा "पिताजी अब घर चलिये"

"क्यों बेटा,"

"पढ़िये न 'दो या तीन बस' सो तो इतनी बसें कब की दोपहर तक निकल गई होंगी।"

शिक्षक "कोई बता सकता है कि अलाउद्दीन खिलजी किस प्रकार तख्त पर बैठा।"

एक छात्र "जिस प्रकर एक राजा को शान से बैठना चाहिये।"

झगड़ालू पत्नी की निरंतर टांय टांय से रेडियो के मधुर गाने नहीं सुन पाने पर पति बोला "क्या टांय टांय लगा रखी है जो मधुर स्वर भी नहीं सुन पा रहा हूं"

"अच्छा जी, अब मेरी बातें टांय टांय हो गई"

"नहीं प्राणेश्वरी, मैं तो रेडियो के कर्कश गाने को कह रहा था जो तुम्हारे अमृत बचन नहीं सुनने दे रहा था"।

पुलिस जवान हवलदार से "सर, जब डाक्टर तक मेरी आयु नहीं बता सके तब आपने कैसे जाना कि मैं 40 वर्ष का हूं।"

हवलदार "तुम्हारी बातों से अनुमान लगाया क्योंकि हमारे गांव में एक बिल्कुल पागल की आयु 80 वर्ष की है"।

एक भाषण में आंइसटीन ने कहा, "यदि मेरी सापेक्षिकता का सिद्धान्त सिद्ध हो जाता है तब जर्मनी मुझे जर्मन कहेगी तथा फ्रांस विश्व नागरिक बतायेगा। किन्तु यदि मेरा सिद्धान्त विफल रहा तो फ्रांस मुझे जर्मन नागरिक बतायेगा तथा जर्मनी कहेगी

कि मैं तो यहूदी हूं” ।

विज्ञान के चढ़ते चरण

नित्य-प्रति ट्यूबों से हवा निकलने की कठिनाइयों से बचने के हेतु सिरसा (हरियाणा) के श्री विश्वनाथ कैरेल ने मोटर वाहनों के बिना ट्यूब के फोम भरे टायर बनाये हैं। टायर के अन्दर तथा बाहर के रिम धातु के अरीय स्प्रिंगों से जुड़े हैं और बीच-बीच में पट स्प्रिगें भी लगी हैं । तिरछी तथा पट स्प्रिगों से टायर को पुर्नबल मिलता है तथा चलते समय धक्के भी नहीं लगते । वाहन में बोझ ले जाने के अनुसार स्प्रिंगों की संख्या घटाई-बढ़ाते जा सकती हैं। टूटने पर थोड़े मूल्य में स्प्रिंग बदली जा सकती हैं।

जर्मनी के एक वैज्ञानिक ने धातु के ढांचे पर एक ऐसा तम्बू तैयार किया है। जो सरलता से ले जाया जा सकता है तथा तुरन्त ही ताना जा सकता है। यह शिकारी सैनिक तथा कृषक आदि ऐसे व्यक्तियों की रक्षा खुले मैदान में बिजली गिरने पर करता है। इसके अन्दर भी धातु का घेरा है जो गिरते ही भूमि में बिजली संवाहित कर देता है और अन्दर बैठे जन सुरक्षित रहते हैं।

अमरीकी वैज्ञानिक पैरी ने ऐसी सीने की मशीन का निर्माण किया है जो संश्लिष्ट (नायलोन तथा पाली एस्टर) वस्त्रों को बिना सूई धागे से सी देती है। वस्त्रों के किनारे वैल्डिंग की भांति अल्ट्रासोनिक (कर्ण्णतीत) तरंगों से उष्मा उत्पन्न करके मिला दिये जाते हैं। परन्तु सूती तथा रेशमी वस्त्र इससे नहीं सिले जा सकते ।

मोटर वाहनों पर ऐसी इलैक्ट्रोनिक प्लेट लगाने का आविष्कार हुआ जिस पर लाइसेंस नम्बर इत्यादि चमकते रहते हैं । इससे वाहनों को चोर नहीं चुरा सकते; पुलिस को अपराधी पड़कने में सुगमता होती है। अधिकारियों से बच भागने पर (ड्राईवर) चालक तुरन्त बन्दी बनाये जा सकते हैं।

“सूक्ति सुधा”

धर्म एक है, यद्यपि उसके संस्करण अनेक हैं।

—जार्ज बरनार्ड शा

बड़े होने की अपेक्षा बड़ा नाम होना चाहिए।

-प्रावव्र्स

मनुष्य के सबसे घोर शत्रु हैं-आलस्य और अज्ञान

-गौतम बुद्ध

सुलेख की भांति ही सत्य का बोलना है,
जो केवल अभ्यास से ही आता है।

-सेवन लैम्पसआफ आर्चीटेक्चर

क्रोधानिल मन के दीप बुझा देता है

-इंगर सोल

सब मनुष्य हृदय से चाहते हैं कि सत्य उनके पक्ष में बोले, पर सत्य के पक्ष में बोलने वाले बहुत ही कम होते हैं।

-आर्क विशप हेटले

जीवन का लक्ष्य सुख नहीं, चरित्र है

—बीचर

जो देश राष्ट्रीय तौर पर आत्म बलिदान करने की सामर्थ्य रखता है उसका भविष्य सुरक्षित है।

-अरविन्द

अभिनेता खोजिये

आजकल सैनिक बन्दूक-वीर हैं, धनुर्विद्या का विनोद उन्हें नहीं भाता ॥1॥

श्याम वंशी से गौप-गोपिकाओं के प्राण हरते थे। । 2।

मुझे रह-रह मान मर्यादा का ध्यान आता है वरना मेरी देहरी पै दादा आदि लीपते फिरेंगे । 3।

राजकीय योजनायें सुन्दर तो पढ़ने में अमित होती हैं, परन्तु वास्तविकता का अनिल उन्हें झकझोर देता है ॥4॥

अमीर खुसरो की एक एक मुकरी लाख-लाख रुपये की होती है जो अब भी जन जीवन में प्रसिद्ध है । 5।

उत्तर:

1. कबीर, विनोद (मेहता) 2. श्याम, गोप, प्राण 3. रहमान, दिलीप 4. राज (कपूर), सुन्दर, अमित (बच्चन), अनिल (धवन) 5. मुकरी, जीवन

<u>गौरवगाथा</u>

‘कोहिमा बाला मार्ग’

लेखक : श्री एच० एस० सेठी

जैसे कि इस लेख के शीर्षक से प्रकट होता है यहां जो लिखा जा रहा है वह कोई कपोल-कल्पना नहीं है। यह के० रि० पु० दल की 51 बटालियन के उन वीर पुंगवों की सच्ची गाथा है जिन्होंने कठोर परिश्रम से अपने प्राणों की बाजी लगा दी है, जिससे हर कोई यात्री कोहिमा तक सुरक्षित जा सके । यहां यह बता देना आवश्यक होगा कि दीमापुर तक कोहिमा के मध्य की 85 कि0 मी0 मार्ग खण्ड की यात्रा कितने ही अभागे पुरुषों को क्या अर्थ रखती थी।

संसार का प्रत्येक मार्ग दुर्घटनाओं का दृश्य होता है। किन्तु यहां तो एक दो मील के मध्य में प्रत्येक मोड़ पर दुर्घटनायें ही दुर्घटनायें, भयानक घातें होती रही हैं। जिनमें नागा विद्रोहियों के हाथों प्रायः सुरक्षादल के जवानों तथा अन्य निर्दोष व्यक्तियों के प्राण आहुति होते रहे हैं। नागालैंड के अन्तिम साधारण चुनाव में मील प्रस्तर 6 के निकट ‘झरना-पानी’ पर एक राईफल यूनिट के तीन जवानों को तथा नागालैंड पुलिस के एक जवान को मार डाला गया। मील प्रस्तर 34 के निकट एक सुयोजित घात में सिक्ख लाइट इनफैन्टरी के छः जवान तोप दिये गये। इसी भांति, इसी राजपथ पर पिफेमा तथा फेरिमा के बीच सेना के दो जवान धराशायी किये गये।

पहले चुनावों के एक में एक चुनाव दल पर आक्रमण हुआ जिसमें मील प्रस्तर 22 के निकट कम से कम पांच व्यक्तियों को प्राण गंवाने पड़े।

किन्तु सब से अधिक भयावह धात मील प्रस्तर 43 के निकट पर हुई जिसमें भूतपूर्व मुख्य मंत्री होकिशे सेमा गंभीर रूप से विद्रोहियों द्वारा आहत हुए। यह स्पष्टत: एक राजनैतिक हत्या की चेष्टा थी।

इन बातों के अतिरिक्त, विद्रोहीगण संचार व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने की प्राणपण से चेष्टा कर रहे थे। पहले भी कई बार जुवजा के पास पुल को उड़ा दिया था।

इस मार्ग को भूमिगत विद्रोहियों द्वारा संघातक लक्ष्य बनाने के क्या कारण हैं ? उसके दो ही सम्भवतः प्रयोजन हो सकते हैं। 39 राष्ट्रीय राजपथ कोहिमा की राजधानी तथा शेष भारत से केवल यह सम्पर्क पथ होने के कारण राज्य की जीवन रेखा है। इस भाग में परिवहनों का चलना असम्भव करके विद्रोही अर्थतन्त्र तथा प्रशासन को पंगु करना तथा इस प्रकार उसको कुख्यात करना चाहते हैं। द्वितीय, भूमिगतों द्वारा इस भांति का आन्दोलन विश्व व्यापी ख्याति प्राप्त करना चाहता है। यह इस विषय को अन्तरराष्ट्रीय बनाने के प्रयत्न में सहायता देता है । इस तथ्य को कि विद्रोहीगण अपना नाम प्रकाशन में देखने को कितने प्रेच्छुक हैं इस बात से जाना जा सकता है कि जब कभी भी समाचार-पत्रों में यह छपता है कि राज्य में कानून तथा व्यवस्था की स्थिति

सामान्य सी है तभी इस मार्ग पर एवं कुछ सीमा तक अन्यत्र भी घातों का बाजार गर्म हो जाता है।

जो भी युद्धविद्या को जानते है वे मानते हैं कि सबसे अधिक कठिन लोहा लेना कदाचित् घात से होता है और कोहिमा वाले मार्ग पर तो और भी दुष्कर। यह दोनों ओर घनी वनराजि को चीरता हुआ पर्वतीय मार्ग है। मार्ग के प्रत्येक मोड़ पर ऊपर के स्थान से लक्ष्य संधान कर सहसा आक्रमण द्वारा गोलियों से शत्रु किसी को भी भून सकता है। जब तक संघातित दल प्रतिरक्षा करने को संभल पाता है, क्षति हो चुकी होती है तथा मार और भाग के कौशल में प्रवीण विद्रोही उन सघन वनों में तिरोहित हो जाते हैं जिनके चप्पे-चप्पे को वे जानते हैं।

ऐसी स्थिति में, इस मार्ग के यातायात की सुरक्षा प्रदान करना अत्यन्त ही दुरूह एवं संकट-प्रद कार्य है। अतएव जब यह कार्य सेवा के० रि० पु० दल को हस्तान्तरित करने का निर्णय हुआ तब अनेक संशयालु ब्यक्तियों ने यह सोचा कि यदि यह दल कभी अपने कार्य में सफल हो भी गया तब उसको यह सौदा बहुत मंहगा पड़ेगा। फिर भी के० रि० पु० दल की 51 बटालियन ने यह चुनौती स्वीकार की तथा उससे निबटने का निश्चय किया। यह उसके कामाण्डैन्ट श्री सी० एम० पाण्डेय को अत्यन्त संतोष का विषय होना चाहिये कि 1973 के दिसम्बर से जब उन्होंने इस कार्यभार को अपने हाथ में लिया है, एक भी भीषण दुर्घटना नहीं हुई है। किन्तु कमाण्डैन्ट के शब्दों में "वर्तमान निश्चलता भ्रान्तिजनक भी हो सकती है। सुतराम् सभी अधिकारी तथा जवान इस गलती में फंसने से बचने की पूरी पूरी सावधानी बर्त रहे है।"



एक सामरिक महत्व के पुल पर के० रि० पु० दल का सजग प्रहरी

इस स्थिति में दल के जवानों को अहिर्निशि सतर्क रहना पड़ता है। इस कार्य को दो भागों में मुख्यतः विभक्त किया जा सकता है । अर्थात् "मार्ग चालन" तथा "कानवाय-रक्षण" जो सम्बद्ध समस्याओं की विकरालता देखते हुए कूट शब्द हैं।



मार्ग चालन के लिये, उस मार्ग की समस्त लम्बाई को विभाजित कर दिया तथा 'रोप्स' मार्ग चालन टुकड़ियों को प्रविस्तारित कर रखा है जो विभिन्न कम्पनी कमाण्डरों के अधीन कार्य करती हैं। प्रत्येक टुकड़ी का व्यक्ति पर्वतों के ऊपर नीचे मार्ग के चारों ओर बढ़कर छानबीन करता है। वह प्रत्येक उस सम्भावित स्थल की खोज करता है जहां से उपद्रव हो सकता है तथा एक ऊंचे मंच से मार्ग के एक खण्ड की पूर्णतया चौकसी रखता है । साधारणतः वह रात के साढ़े तीन बजे जगता है, अपना प्रातराश तथा लंच साथ में ले जाता है और एक श्रमसाध्य दिन के उपरान्त 7 बजे लौटकर आता है; तदनन्तर भी वह पूर्णतः मुक्त नहीं होता। दूसरे प्रातः वही दिनचर्या की पुनरावृत्ति होती है । हां, कूटचाल में अवश्य हेर-फेर होती है।

इसी प्रकार की स्थिति कान्वाय-रक्षण की है। उस मार्ग पर चलने वाले सेना तक के कान्वाय के मार्गरक्षण का मान इस दल को प्राप्त है। वस्तुतः चाहे नागरिक हो अथवा सुरक्षा दलों के सभी वाहनों को मार्गरक्षण के० रि० पु० दल प्रदान करता है । यह कार्य भी उसी प्रकार भयावह है। के० रि० पु० दल के जवान तथा कान्वाय- कमान्डर को जो उपाधीक्षक होता है दीमापुर से कोहिमा और वापस दोनों ओर से आना-जाना पड़ता है। क्योंकि सुरक्षा के कारणों से वाहन कभी नहीं ढके जाते, शरीर का ऊपरी भाग शीतल वायु का आघात सहता रहता है जबकि नीचे का भाग ऊष्ण रहता है । फलस्वरूप उनको प्रायः शारीरिक पीड़ा हो जाती है। अस्तु, मौसम की चर-मुद्राओं तथा वेदनाओं को सहन करते हुये, के० रि० पु० दल के जवान विद्रोहियों की घातों तथा विश्वास-घातों के आतंक में रह कर अपनी दुस्साध्य सेवा को निभाते हैं । सदैव चलते रहने पर भी मार्ग चालन दल विरले ही मार्ग पर दृग्गत होते हैं। मनुष्यों के चलने के लिये मार्ग को सुरक्षित रखने में किसी मोड़ पर भी उनका रक्तपात हो सकता है । यदि आप अब कभी नागालैंड की राजधानी तथा दीमापुर के मध्य यात्रा करें तब आप कुछ क्षणों को इन जवानों के प्रति भी सोचें जो कभी दृष्टिगत नहीं होने पर भी मार्ग में आप को सुरक्षित एवं स्वस्थ चलने में सदैव योगदान देते हैं।

स्वास्थ्य-सन्देश

हमारे दांत

लेखक: श्री जे० एस० शर्म्मा

संस्कृत कवि भवभूति ने सीता का सौंदर्य वर्णन करते हुए कहा है "रद कुन्द कली सम, वारी से वेस की, भोरी धरे मुख पर छवि प्यारी।" (पाठक की सुविधा हेतु सत्यनाराण कवि रत्न का हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत किया है।) वस्तुत: दांत जुही की कली के समान सुन्दर होते हैं, मांस में मोती निकलते हैं। तनिक मुस्कायें नहीं कि अनार

खिल पड़े, बिजली चमक गई; उनसे ही टपक कर अधरों पर सुधा की धारा दौड़ती रहती है, अन्ततः उसी सुधा रस पान करने को मनुष्य प्रणय-परिणय के कितने रास रचते हैं, रंगरेलियां मनाते हैं। किन्तु यह क्या ? उनसे सड़ांध आई। सुहाग रात का मजा किरकिरा हो गया। अनेकों उपचार हुए, दवाओं के कुल्ले किये, लोशन लगे, टूथ पेस्ट मले । सब विफल मनोरथ होने पर जुही टूट पड़ी, मोती बिखर गये, बिजलियां विलीन हो गई । अब रह क्या गयी? बाढ़ से उतरने पर लहरदार सिकतालु कीच; पिचपिचे पोपले होंठ, जनाजा निकला जानें पर अरण्य रौदन ! मुख जिसे उर्दू शायर गुंजा कहते हैं बिल्कुल मुरझा कर रह गया। यह कोरी दन्त कथा नहीं होकर, सच्ची दन्त कथा है । दांतों की सुवाने उमरी है।

सौन्दर्य-सौष्ठव के अतिरिक्त स्वास्थ्य के लिए दांत ईश्वर की अमूल्य देन है । स्वास्थ्य के लिए भोजन चाहिए और भोजन को उपयोगी बनाने के लिए पाचन की आवश्यकता है । इस पाचन की यद्यपि क्रियाशाला उदर है, परन्तु उसका मुख्य द्वार तो मुख ही है और मुख के सन्तरी दांत हैं। ये इतने कठोर होते हैं कि शरीर का कोई अंग (अस्थियां तक) इनकी समानता नहीं कर सकता; तभी तो दांतों के तले जो भी आ जाये वे अपने दांतों तले अंगुली दबाकर रह जाते हैं। ये उन्हें कच्चा चबा जाते हैं और चबायें भी क्यों नहीं ? वरंच घुसपैठियों की भांति देह-दुर्ग 'उदर' में विपुल विपल्व, तीव्र वेदना—उत्पन्न कर देंगे तथा उल्टे लेने के देने पड़ जायेंगे। अन्ततः हम स्तन-पायी जीव हैं । कोई उभयचर या सरीसृप नहीं; जिनके दांत भोजन को मुख से बाहर जाने से रोकने हेतु केवल पकड़ लेते हैं जबकि हमारे दांत भोजन को काटने पीसने का काम भी करते हैं तथा पचने योग्य बनाते हैं।

वैसे तो कुछ मनुष्य ऐसा भी दावा करते सुने गये हैं कि उनके दांत तिबारा भी निकल आये; परन्तु साधारणतः मनुष्य के दांत दो बार निकलते हैं इसीलिए संस्कृत में उन्हें द्विज (दो बार जन्म लेने वाला) कहते हैं । दो बार दांत निम्न प्रकारके होते हैं :—

(क) दूध के (अस्थायी) दांत

(ख) प्रौढ़ (स्थायी) दांत

कुछ चिकित्सों की मान्यता है कि गर्भावस्था के चौथे मास से ही दूध के दांतों का विकास प्रारम्भ हो जाता है तथा जन्म लेते समय मसूढ़ों में दूध के दांत पहले ही होते हैं और प्रौढ़ दांत बन रहे होते हैं। तीन वर्ष की आयु तक अस्थाई दांत निकल आते हैं । इनकी कुल संख्या 20 होती है। इनमें 8 (चार जोड़े) कर्त्तनिक या छेदक (इन्साइजर), 4 (दो जोड़े) भेदक (कैनाईन) तथा 8 (चार जोड़े) अग्रचर्वणक (प्रीमोलर) दांत होते हैं। छेदक दांत कुतर कर भोजन के टुकड़े कर देते हैं, भेदक दाँत भोजन को चीर-फार डालते हैं तथा अग्रचर्वणक भोजन को कुचलते हैं।

अनेक माता-पिताओं का विश्वास है कि दांत निकलने पर पीड़ा अवश्य होती है। फिर दूध के दांत तो उखड़ जाने ही हैं । अतः उन पर विशेष ध्यान नहीं देते, किन्तु यह

सरासर उनकी भूल है। दांत बचपन से ही आपके ध्यान तथा देख-रेख की अपेक्षा करते हैं। दूध के दांत जल्दी गिरने से पास के दांत इधर-उधर-नीचे ऊपर हो जाते हैं तथा कहीं भीड़ लगा देते हैं। अतः डाक्टरों को दिखा कर "अन्तराल रक्षक" (स्पेस मेन्टेनर) लगाये जा सकते हैं। जिससे दांत उपयुक्त रूप से निकलें। बच्चों के दांत मुख्य कर सामने वाले रद क्षतिग्रस्त होते हैं और पीड़ा देते हैं। टेड़े-मेढ़े दांतों के अन्य कारण भी होते हैं—छोटा जबड़ा, मुख-दुर्गन्ध, दांत का किटकिटाना, रबड़ की चूसनियों से दूध पीना, नखूनों को दांतों से काटना तथा जीभ का दांतों से बराबर टकराना, तथा अंगूठा चूसना इत्यादि । मुख की दुर्गन्ध नाक में सांस श्वास रोकने के कारण भी हो सकती है। दाँतो को किटकिटाना चिन्ता या पेट के कीड़ों द्वारा हो सकता है तथा अंगूठा चूसना अकेली सन्तान अधिक करती है । इसकी चिकित्सा-हेतु डाक्टरों से परामर्श अवश्य लेना चाहिए क्योंकि दांत निकलते समय मसूढ़ो को सुजा देते हैं। पीड़ा करते हैं; ज्वर लाते हैं; वमनेच्छा उत्पन्न करते हैं; दस्त लगा देते हैं। भूख मिटा देते हैं तथा स्वभाव को चिढ़चिढ़ा बना देते है । अतः अनियमित दांत मसूढ़ों, जबड़े तथा अन्य दांतों को भी हानिप्रद होते हैं एवं गले की गिल्टियां भी बढ़ा देते हैं। अतः बचपन में ही 'ब्रेस' (वलय) द्वारा डाक्टर दांतों को कसकर खड़ा कर देते हैं और दांत उचित प्रकार से निकलते रहते हैं । दांतों का स्वास्थ्य पोषण पर निर्भर रहता है। इसका ध्यान बाल्यकाल से ही किया जाना चाहिए। एक बार दांतों का निर्माण होने पर आप चाहे कितना ही विटामिन 'डी' अथच कैलसियम (चूने) का सेवन करें वे फिर दांतों को दृढ़ नहीं करते और न ही खराब होने से बचाते हैं।

जब स्थायी दांत भीतर ही भीतर अंकुरित होते हैं तब अस्थायी दांत उन्हें स्थान देने को गिर जाते हैं। 12 वर्ष तक 28 स्थायी दांत निकल आते हैं पिछले चार चर्वणक दांत (जिन्हें अक्ल दाढ़ भी कहते हैं) यौवनावस्था की 20-21 वर्ष में निकलते हैं। ये निकलते समय तीव्र वेदना, सूजन तथा मुख खोलने में कष्ट देते हैं। कुल मिलाकर मनुष्य के मुख में 32 दांत होते हैं। इन्हीं सब कारणों से चिकित्सक रोगी क्या मृत व्यक्ति तक की आयु बताने में समर्थ होते हैं। इसी कारण हिन्दी-संस्कृत में 32 का पर्याय "द्विज" हो गया है। इन 32 दाँतों में 20 दांत तो दूध वाले जैसे होते हैं, अन्तर इतना अवश्य हो जाता है कि ये दांत स्थायी रूप ग्रहण करते हैं। शेष 12 दांत (6 जोड़े) चर्वणक (मोलर) के होते हैं। ये भोजन को चबाने कुचलने तथा पीसने का कार्य करते हैं।

दांत ऊपर तथा नीचे के जबड़ों में जकड़ें रहते हैं। कुछ भाग तो इनका मसूढ़ों में होता है तथा शेष भाग बाहर । दांत 'दन्तिन' (Dentine) नामक अत्यन्त मजबूत पदार्थ से निर्मित होते हैं ।

दांतों के तीन भाग होते हैं (1) शिखर (2) ग्रीवा तथा (3) मूल।

शिखर—मसूड़ों के बाहर का चमकीला श्वेत भाग है, **ग्रीवा**—मसूड़ों के अन्दर शिखर तथा मूल के मध्य का भाग है तथा **मूल**— जबड़ों के भीतर स्थित भाग को कहते हैं। प्रत्येक छेदक तथा भेदक दांत में एक ही मूल होता है। परन्तु प्रति अग्रचर्वणक दांत में दो मूल होते हैं तथा हर चर्वणक में तीन ।

समस्त दांत भीतर से खोखले होते हैं उस खोखले स्थान में मज्जा भरी होती है। जो बड़ी सजीव तथा सम्वेदन शील होती है तथा दांत खराब होने पर इसके ही स्नायु जाल पर दुष्प्रभाव पड़ने से वेदना होती है।

दांतों के मूल तथा ग्रीवा में दन्तिन (Dentine) के ऊपर सीमेंट के पीले रंग की मोटी चमकीली तह चढ़ी रहती है जो इन्हें दृढता-पूर्वक जमाये रखती है । दांतों के शिखर पर श्वेत रंग का आवरण चढ़ा रहता है। इसे दन्त बेष्टन (इनेमेल) कहते हैं जो दांतों को नष्ट नहीं होने देता है। परन्तु इसमें दरार आते ही दन्तिन तक दूषित हो जाता है।

मानव-दन्त मेढक की भांति तो हैं नहीं, जो टूटने तथा जीर्ण होने पर फिर नये निकल आवें। **प्रकृति ने हमें इन्हें जीवन भर साथ देने को बनाया है।** तब हमें क्यों नहीं इनकी पूरी-पूरी सावधानी तथा रक्षा करनी चाहिए।

गर्म गर्म भोजन के साथ शीतल जल का पान दांतों को उखाड़ फेंकता है । तथा यौवनावस्था में वृद्धावस्था ला देता है । हमें अत्यधिक गर्म भोजन का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही, एक-एक कौर को खूब, (दांतों की संख्या बत्तीस बार) चबा कर खाने से दांत भी दृढ़ रहते हैं तथा भोजन भी पच जाता है।

मुख से दुर्गन्धित श्वास दन्त-क्षय से भी पाती है। दन्त-क्षय का कारण एक जीवाणु होता है जो कार्बोज (Carbohydrate) को अम्ल (acid) में परिवर्तित करता है तथा दांतों के खनिजों पर दुष्प्रभाव डालता है। यह अम्लता (ऐसिडिटी) चीनी के अधिक उपभोग से होती है । चाकलेट तथा शीतल पेय (कोका कोला, फैन्टा, गोल्डस्पाट आदि) तथा चीनी से भी अधिक दन्त-क्षय होते हैं । यह अम्लता दन्त-वेष्ठन पर आक्रमण करती है तथा खोखला बना देती है। वहां जीवाणु अपना गढ़ बना लेते हैं। फिर तो, वेदना के वाण चलाते हैं और बहुधा मूल में फोड़ा तक बनाते हैं। फ्लोराईड (तरस्वेय) का गाढ़ा-गाढ़ा घोल बाल्यकाल में दांतों में नियमित रूप से लगाने पर दन्तवेष्टन दृढ़ होता है और जीवाणु शीघ्र अपना दुष्चक्र नहीं चला पाते। परन्तु फ्लोराईड का कम मात्रा में प्रयोग करना चाहिए। अन्यथा वह दांतों का रंग पीला या पीताभ लाल कर देता है।

इन जीवाणुओं की संख्या अपनी प्रचुरता में चकित कर देती है। लार के एक मिली मीटर में पांच करोड़ से लेकर 50 खरब तक जीवाणु पाये जाते हैं। जीवाणु दांतों की ग्रीवा में तथा दो दांतों के बीच भाग में अधिकांश होते हैं तथा मसूढ़ों को क्षति पहुंचाते हैं। दांत ढीले कर देते हैं, पीव डालते हैं तथा हड्डी गला कर मुख में दुर्गन्ध पैदा करते हैं। दूषित दांतों के जीवाणु से हृदय रोग तक उत्पन्न हो जाते हैं; नेत्रों, गुर्दों (वृक्क) तथा जोड़ों की व्याधियों की तो बात ही अलग है।

अनेकों की यह धारणा, कि दांतों से रक्त स्राव देह के रक्त-रोग से होता है, नितान्त भ्रमात्मक है। यह तो दांतों पर टारटार (दन्त शर्करा) से, अनियमित दांतों के निकलने से तथा बुरी भांति दन्त धावन से, मसूड़ों के सड़ने इत्यादि स्थानीय रोगों से

हो जाता है। इसकी कोई रामबाण औषधि नहीं है। अन्य रोग निवारक उपचारों के साथ विटामिन 'सी' का सेवन लाभप्रद होता है। नारंगी, चकौतरा, गाजर आदि कुछ फल तथा तरकारी भी उपयोगी होती है। पूर्ण चबाने वाले खाद्य पदार्थ दांतों तथा अन्य तन्तुओं को साफ करते हैं।

महिलाओं में गर्भावस्था में जनन भाग में परिवर्तन होने से दांतों से रक्त प्रायः बहने लगता है तथा दन्त क्षय हो जाता है। उन्हें टेट्रासाइकलीन का सेवन बताया जाता है; किन्तु इससे सन्तान के दांत अभिरंजित हो जाते हैं। अतः गर्भ-धारण के 29 सप्ताह के उपरान्त तो इसका प्रयोग करना ही नहीं चाहिए।

दांतों की रक्षा का सरल उपाय दांतों को स्वच्छ रखना है। अतएव कुछ भी खाने के पश्चात् दांतों को भली-भांति रगड़ कर कुल्ला करना चाहिए। अन्यथा दांतों के बीच वस्तुयें अटकी रह जाती हैं, जो दांत को खराब ही नहीं करती, अपितु अपराधियों की तो इज्जत भी खराब करती हैं। सोने चांदी के कण सुनार की, कोयले के कण टाल बाले, तथा रुई कपड़े मिल के कर्मचारी की दन्त-शर्करा में पायी जाती हैं, इनसे अपराधियों का पता लग जाता है और उन्हें उचित दण्ड दिया जाता है। साथ ही, जिह्वा तथा कण्ठ की सफाई भी आवश्यक है। जीभी से जिह्वा खुरचना चाहिए तथा गुनगुने पानी में नमक-फिटकरी मिलाकर गरारे करना लाभप्रद होगा।

दन्त-शूल में क्रियोजोट, लौंग का तेल, या अमृतधारा प्रारम्भिक चिकित्सा के रूप में लगायी जा सकती है। स्वमूत्र निदान वाले तो अपने मूत्र के सेवन से निश्चय ही इसका निवारण बताते हैं।

यदि किसी भांति भी हिलते सड़े-गले दांत ठीक नहीं होते हैं तब डाक्टर उखड़वाने की मन्त्रणा देते हैं। इस पद्धति में अब चमत्कारी सुधार हो गया है। डाक्टर रोगी के ही दांतों को परिष्कृत कर उसके जबड़ें में पुनः लगा देते हैं।

प्रात: निराहर मुख तथा रात्रि को शयन से पूर्व दांतों को स्वच्छ करना वांछनीय है। इसके लिए नीम तथा कीकर की दातुन सर्वोत्तम मानी गई है। वैसे आजकल टुथपेस्ट की प्रथा तथा प्रतिष्ठा हो गई है; किन्तु इन्हीं दिनों पाश्चात्य डाक्टरों ने यह अभिमत अभिव्यक्त किया है कि इन टूथपेस्टों से तो सादे जल से दांतों को स्वच्छ करना उत्तम है। क्योंकि ये कुछ भी गणकारी नहीं हैं। फिर ब्रुश को बिना धोये या गीला रख दिया जाये तो उसमें रोगाणु उत्पन्न हो जाते हैं।

दन्त मंजन का भी भारत में बड़ा महत्व है। लोकोक्ति है कि "आंख में अंजन, दांत में मंजन नितकर नितकर नितकर।" बाजार में वैसे अनेकों सुगन्धित मंजन बिकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य की दृष्टि से केवल खाने का सोडा और नमक या सरसों का तेल तथा नमक या बादामों की राख एवं नमक अत्युत्तम है। यदि और कुछ नहीं मिले तो केवल नमक को दांतों के अन्दर तथा बाहर रगड़ कर कुल्ला करने से ही दांत शुद्ध, स्वच्छ तथा स्वस्थ्य रहेंगे।

‘कदम रुकने न देंगे हम’

झण्डा कभी इस देश का झुकने न देंगे हम।
तूफान भी आये कदम रुकने न देंगे हम ॥
हम देश के अन्दर रहेंगे यार की तरह।
सीमा पर हम बनेंगे एक दीवार की तरह ।
हम सन्तरी रहें कुतुबमीनार की तरह ।
दुश्मन के लिए हम खड़े तलवार की तरह।
ज़र-ज़मी इस देश की लूटने न देंगे हम ।
तूफान भी आये कदम रुकने न देंगे हम ।
यारों को धोखा देते ऐसे यार हो गये।
अब देखकर यारों को हम होश्यार हो गये ।
इस भारत के अन्दर भी कुछ गद्दार हो गये ।
हर दुश्मन से लड़ने को हम तैयार हो गये।
आजादी, अपने हाथ से छुटने न देंगे हम ।
भाई भी भाई के लिए बेईमान हो गये।
जिनकी वजह से बहुत घर वीरान हो गये।
ये नन्हे नन्हे बाल भी कुर्बान हो गये।
जो स्वर्ग सदृश बाग थे शमशान हो गये।
आंखों के आगे देश को फुकने न देंगे हम ।
तूफान भी आये कदम रुकने न देंगे हम ।
नेता बने जो देश के वे माल भर रहे।
जलसे कहीं जलूस या हड़ताल कर रहे ॥
उत्क्रान्ति कर अब देश को पामाल कर रहे।
हम क्या कहें नीतिज्ञ जब यह हाल कर रहे ।

नामो निशां इस देश का मिटने न देंगे हम ।

तूफान भी आये कदम न रुकने न देंगे हम ॥

रचयिता—सिपाही मुहम्मद उसमान

एक भावपूर्ण विदाई

दिनांक 30 सितम्बर, 1974 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के महानिदेशक पद से निवृत्त होते समय श्री बी० बी० मिश्र आई० पी० को एक भावभीनी विदाई दी गई। दिनांक 1 अक्तूबर, 1974 को ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली में दिये गये विदाई भोज पर श्री एन० एस० सक्सेना आई० पी० ने दल के हेतु श्री मिश्र की सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा, "मैं उन (श्री मिश्र) से 17 वर्ष पूर्व मिला था और तब से मेरे मस्तिष्क में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल एवं श्री मिश्र दोनों अभिन्न रहें हैं।"

श्री मिश्र की दल के प्रति अनुरक्ति का वर्णन करते हुए महानिदेशक महोदय ने कहा कि इस दल से श्री मिश्र को सर्वोपरि तथा एकमात्र लगाव था। जिसके कारण वह दोबारा (एक बार दिल्ली के महानिरीक्षक तथा दूसरी बार उड़ीसा के महानिरीक्षक के) नियत कार्य कर फिर उसमें लौट आये।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल से उनका इन उन्नीस वर्षों का सम्पर्क वास्तव में दल के स्वयं का इतिहास है। 15 ग्रुप केन्द्र के निर्माण का समय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के असाधारण विस्तार का काल था। अतः श्री मिश्र को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का जनक मानना अत्युपयुक्त रहेगा।

महानिदेशक ने श्री मिश्र के विविध कार्यों का उल्लेख किया। महानिरीक्षक के रूप में उन्होंने अपने निर्देशन में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के मैनुएल (नियम पुस्तक) का प्रणयन कराया। इस पुस्तक ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल को एक दृढ़ आधार दिया। श्री मिश्र ने नियमों तथा उपनियमों की एक प्रणाली प्रदान की।

श्री सक्सेना ने बताया कि जहां कठवैद्य भी उपलब्ध नहीं होते हैं ऐसे सुदूर दुर्गम स्थानों पर उनके पूर्वाधिकारी ने जवानों तथा उनके परिवारों की चिकित्सा की सुविधाओं को प्रदान करने में प्ररुचि दिखलाई एवं सेवा निवृत्त होने से कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने भारत सरकार से वेस अस्पतालों के लिए उत्तम सेविवर्ग तथा उपकरणों को आवश्यकता को स्वीकृत करवा लिया।

दल के इतिहास का उपक्रम श्री मिश्र ने कराया और एतद् द्वारा 'केन्द्रीय रिजर्व पुलिस का इतिहास' नामक पुस्तक की रचना हुई। सन् 1964 में उन्होंने उसका संशोधन एवं परिवर्धन किया।

श्री सक्सैना के कथनानुसार "कल्याण का पक्ष श्री मिश्र की अत्यधिक रुचि कर था।

वह कभी अधिकारियों से यह कहते नहीं थकते थे कि जवान उनके लिए एक **पुनीत धरोहर** हैं। इस संदर्भ में उन्होंने श्री मिश्र के ये शब्द उद्धृत किये कि "यदि हम दल में भाई चारे की भावना को बढ़ाने में विफल रहते हैं अथवा आनाकानी करते हैं तब हम देश भर में अगणित सेवायें नहीं कर सकते हैं।"


महानिदेशक महोदय ने बताया कि कदाचित् ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का कोई विषय हो जिसने श्री मिश्र का ध्यान आकृष्ट नहीं किया हो। उन्होंने दल की वह ठोस नींव डाली जिसने उसको निरन्तर बढ़ती हुई चुनौतियों से लोहा लेने योग्य बनाया।


श्री सक्सेना ने श्री मिश्र के स्वास्थ्य, सुख, सौभाग्य तथा सम्पन्नता की कामना की एवं दल के अनुराग के प्रतीक स्वरुप उन्हें 'एक रजत थाली' भेंट की।

उत्तर में श्री मिश्र ने श्री सक्सेना को उनके मधुर शब्दो तथा भावनाओं के लिए धन्यवाद दिया।


श्री सक्सेना को अपना उत्तराधिकारी चुनने में श्री मिश्र ने सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा कि "श्री सक्सेना के स्कन्ध विपुल हैं तथा उनका अनुभव व्यापक है। उनको कोई भी सन्देह नहीं कि श्री सक्सेना के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल अपेक्षाकृत और भी उत्तम सेवा करके दिखायेगा। उन्होंने अधिकारियों से श्री सक्सेना को सम्यक् श्रद्धा तथा सहयोग करने का अनुरोध किया।

के० रि० पु० दल महानिदेशक श्री बी० बी मिश्र की भावभीनी विदाई दिड़्मात्र छायाचित्र













DIRECTORATE GENERAL
CENTRAL RESERVE POLICE FORCE
केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस फोर्स